ज्येष्ठ कृष्ण पक्ष सप्तमी
विक्रम संवत 2081

लखनऊ, बरेली, मुरादाबाद, हल्द्वानी, अयोध्या व कानपुर से प्रकाशित

गुरुवार, 30 मई 2024
वर्ष 5, अंक 65, पृष्ठ 16
2 राज्य, 6 संस्करण
मूल्य 5 रुपये

अमृत विचार

मुरादाबाद

एक सम्पूर्ण अखबार

www.amritvichar.com

लावा उगल रही है खूबसूरत वीनस की सतह 16

पुष्पा 2 के पोस्टर में दिखा रश्मिका का अलग अंदाज 15

लूटपाट-चोरी मामले में आजम खां और बरकत दोषी करार

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

- 2019 के डूंगरपुर बस्ती के लोगों ने लगाए थे आजम समेत कई लोगों पर आरोप

अमृत विचार : डूंगरपुर बस्ती में लूटपाट व चोरी के मामले में कोर्ट ने बुधवार को सपा नेता मोहम्मद आजम खां और ठेकेदार बरकत अली को एमपी-एमएलए सेशन कोर्ट के जज डॉ. विजय कुमार ने दोषी करार दिया है। दोनों को सजा का ऐलान गुरुवार को होगा।

सपा नेता आजम खां के खिलाफ 2019 में डूंगरपुर बस्ती में रहने वालों ने बस्ती खाली कराने के नाम पर लूटपाट, चोरी, मारपीट समेत अन्य आरोपों में गंज थाने में मामले दर्ज कराए थे। डूंगरपुर निवासी अबरार हुसैन ने गंज थाने में 13 अगस्त 2019 को रिपोर्ट दर्ज कराई थी कि तत्कालीन सीओ आले हसन, दरोगा फिरोज खां, ठेकेदार बरकत अली, सीएंडडीएस के जेई परवेज आलम छह दिसंबर 16 की सुबह बस्ती में पहुंचे और उनसे मकान खाली करने को कहा। आरोप है कि दरोगा फिरोज खां ने फायर भी किया। इसके बाद घर का कीमती सामान तथा 5000 रुपये लूटकर ले गए। विवेचना के दौरान सपा नेता आजम खां का भी नाम शामिल किया गया था। आरोप है कि आजम खां के इशारे पर लूटपाट की गई थी। दोनों वीडियो कॉफ्रेंसिंग के जरिए कोर्ट में पेश हुए।

वैश्विक बाजारों में मजबूती से चांदी में रिकॉर्ड तेजी

नई दिल्ली। वैश्विक बाजारों में मजबूती के रुख के अनुरूप राष्ट्रीय राजधानी के सर्राफा बाजार में बुधवार को चांदी की कीमत 97,100 रुपये प्रति किलोग्राम के सर्वकालिक उच्चतम स्तर पर पहुंच गई। वहीं सोना भी 250 रुपये चढ़ गया। एचडीएफसी सिक्योरिटीज के अनुसार, लगातार तीसरे दिन चांदी में मजबूती बनी रही। इसकी कीमत 1,150 रुपये के उछाल के साथ 97,100 रुपये प्रति किग्रा हो गई।

- 1,150 रुपये चढ़कर 97,100 रुपये के सर्वकालिक उच्चस्तर पर

मंगलवार को चांदी 95,950 रुपये प्रति किग्रा के स्तर पर बंद हुई थी। मल्टी कमोडिटी एक्सचेंज (एमसीएक्स) के वायदा कारोबार में बुधवार को चांदी 96,493 रुपये प्रति किलोग्राम के सर्वकालिक उच्चस्तर पर पहुंच गई। इस बीच, राजधानी में सोना 250 रुपये मजबूत होकर 73,200 रुपये प्रति 10 ग्राम हो गया।

कैशलेस इलाज पर एक घंटे में निर्णय लें बीमा कंपनियां

नई दिल्ली दिल्ली, एजेंसी

- इरडा ने स्वास्थ्य बीमा पर मूल परिपत्र किया जारी

बीमा नियामक एवं विकास प्राधिकरण (इरडा) ने बुधवार को स्वास्थ्य बीमा पर एक मूल परिपत्र जारी कर स्पष्ट किया है कि बीमा कंपनी को अनुरोध के एक घंटे के भीतर नकदी-रहित इलाज की अनुमति देने पर निर्णय लेना होगा।

इरडा ने कहा कि स्वास्थ्य बीमा उत्पादों पर परिपत्र ने पहले जारी किए गए 55 परिपत्रों को निरस्त कर दिया है। यह बीमाधारकों के सशक्तीकरण को सुदृढ़ करने और समावेशी स्वास्थ्य बीमा को बढ़ावा देने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। बीमा नियामक ने कहा परिपत्र में बीमाधारक/संभावितों के लिए उपलब्ध स्वास्थ्य बीमा नीति में पात्रताओं को उनके आसान संदर्भ के लिए एक स्थान पर लाया गया है और साथ ही बीमा खरीदने वाले पॉलिसीधारक को निर्बाध, तेज दावा अनुभव प्रदान करने के उपायों पर जोर दिया गया है।

देश में कदम रखते ही गिरफ्तार होगा रेवन्ना

बेंगलुरु, एजेंसी

- म्यूनिख से बेंगलुरु की उड़ान का 30 मई का टिकट बुक कराया
- एसआई बेंगलुरु अड्डे पर गिरफ्तारी के लिए तैनात

जनता दल (सेक्यूलर) के निलंबित नेता प्रज्ज्वल रेवन्ना ने 30 मई को म्यूनिख से बेंगलुरु की वापसी की उड़ान में टिकट बुक कराया है। देश में कदम रखते ही उन्हें गिरफ्तार किया जाएगा। रेवन्ना यौन उत्पीड़न के आरोपों का सामना कर रहे हैं।

एसआईटी के सूत्रों के अनुसार, जद(एस) सुप्रीमो एचडी देवेगौड़ा के 33 वर्षीय पोते रेवन्ना के 31 मई को बेंगलुरु पहुंचने की संभावना है। एसआईटी रेवन्ना के बेंगलुरु पहुंचते ही उन्हें गिरफ्तार करने के लिए यहां केम्पेगौड़ा हवाईअड्डे पर लगातार नजर रख रही है। रेवन्ना यह खबर सामने आने के तुरंत बाद विदेश भाग गए थे कि कर्नाटक राज्य महिला आयोग ने मुख्यमंत्री सिद्दरमैया से उन आपत्तिजनक वीडियो की जांच करने का आदेश दिया है जिसमें रेवन्ना कई महिलाओं का कथित तौर पर यौन शोषण करते हुए दिखायी दे रहे हैं।

एक नजर

कुपवाड़ा में सेना के जवानों ने 4 पुलिसकर्मियों के साथ की मारपीट

श्रीनगर। जम्मू-कश्मीर के कुपवाड़ा जिले में सेना के जवानों ने चार पुलिसकर्मियों की कथित रूप से पिटाई कर दी। पुलिस दल ने एक मामले की जांच के सिलसिले में कुपवाड़ा के बटपोरा इलाके में प्रादेशिक सेना के एक जवान के घर पर कथित रूप से छापा मारा था। पुलिस के इस कदम से सेना की स्थानीय इकाई में कथित रूप से रोष था, जिसके बाद वे थाने में घुसे और पुलिस कर्मियों को पीट दिया। एक रक्षा प्रवक्ता ने कहा कि बाद में पुलिस और सेना के जवानों के बीच मामूली मतभेदों को सौहार्दपूर्ण ढंग से सुलझा लिया गया है। पुलिस ने इस घटना के संबंध में एक मामला दर्ज किया है। घायल पुलिस वालों को सौरा स्थित शेर-ए-कश्मीर इंस्टीट्यूट ऑफ मेडिकल साइंसेज अस्पताल (एसकेआईएमएस) में भर्ती कराया गया था।

रूद्रम- दो मिसाइल का सफल परीक्षण

नई दिल्ली। रक्षा अनुसंधान एवं विकास संगठन (डीआरडीओ) ने हवा से सतह पर मार करने वाली रूद्रम - दो मिसाइल का वायु सेना के लड़ाकू विमान सुखोई से सफल परीक्षण किया है। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने सोशल मीडिया पर एक पोस्ट में मिसाइल के सफल परीक्षण पर डीआरडीओ , वायु सेना और उद्योग जगत को बधाई दी है। उन्होंने कहा कि इस परीक्षण की सफलता से रूद्रम -दो की भूमिका की मजबूती से पुष्टि हुई है और इससे भारतीय सशस्त्र बलों की ताकत कई गुणा बढ़ जाएगी।

परिवार के आठ सदस्यों की हत्या कर की आत्महत्या

छिंदवाड़ा। मध्यप्रदेश के छिंदवाड़ा जिले के माहुलझिर थाना क्षेत्र में एक युवक ने अपने परिवार के आठ सदस्यों की कुल्हाडी से हत्या कर स्वयं को फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली है। जिले के माहुलझिर थाना अंतर्गत बोदल कछार गांव में एक आदिवासी परिवार के एक युवक ने वारदात को अंजाम दिया। घटना की सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची और शवों को अपने कब्जे में ले लिया है। मृतकों के शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेजवा दिया गया है।

देश की राजधानी सबसे गर्म

दिल्ली में पारा 52.3 डिग्री किया गया दर्ज, उप्र में लू से 34 लोगों की मौत

नई दिल्ली, एजेंसी

नौतपा के पांचवें दिन बुधवार को देश की राजधानी में गर्मी ने सारे रिकॉर्ड तोड़ डाले। नई दिल्ली में शाम 4.14 बजे तापमान 52.3 डिग्री दर्ज किया गया। मौसम विभाग ने बताया कि यह तापमान मुंगेशपुर इलाके में बुधवार को दर्ज किया गया, जो राष्ट्रीय राजधानी में अब तक का सर्वाधिक तापमान है। मौसम विभाग ने देश के 7 राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों- पंजाब, हरियाणा, चंडीगढ़, दिल्ली, राजस्थान, उत्तर प्रदेश, मध्य प्रदेश में बुधवार के लिए हीटवेव का रेड अलर्ट जारी किया है। वहीं देर शाम दिल्ली में आसमां से बरसी फुहारों ने लोगों को कुछ राहत दी।

उत्तर प्रदेश में बुधवार को लू और हीटस्ट्रोक की चपेट में आने से अलग-अलग जिलों से 34 लोगों की मरने की खबर सामने आयीं हैं। वहीं राजस्थान का चूरू शहर 50.5 डिग्री तापमान के साथ देश का दूसरा सबसे गर्म शहर रहा। बिहार के भी कई जिलों में पारा 48 डिग्री के करीब पहुंच और 8 जिलों में 80 बच्चे बेहोश हो गए। मौसम विभाग ने बताया कि मानसून अगले 24 घंटे में केरल तट से टकरा सकता है। अगले एक हफ्ते में यह देश के बाकी हिस्सों तक पहुंच सकता है।

कानपुर में गर्मी से राहत के लिए निगम ने बौछार अभियान चलाया। ● मनोज तिवारी

केरल और पूर्वोत्तर राज्यों में आज मानसून दे सकता है दस्तक

नयी दिल्ली। केरल एवं पूर्वोत्तर राज्यों के कुछ हिस्सों में अगले 24 घंटे में मानसून पहुंच सकता है। दक्षिण पश्चिम मानसून पूर्वानुमान से एक दिन पहले बृहस्पतिवार को दस्तक दे सकता है। भारत मौसम विज्ञान विभाग ने बुधवार को कहा दक्षिण-पश्चिम मानसून के आगमन के लिए परिस्थितियां अनुकूल बनी रहेंगी। मौसम वैज्ञानिकों ने कहा कि पश्चिम बंगाल और बांग्लादेश से गुजरे चक्रवात रेमल ने मानसून के प्रवाह को बंगाल की खाड़ी की ओर खींच लिया है, जो पूर्वोत्तर में मानसून के जल्दी आने का एक कारण हो सकता है।

पाइप से कार धोने पर 2 हजार रुपए जुर्माना

दिल्ली में पानी किल्लत को देखते हुए केजरीवाल सरकार ने पाइप से कार धोने पर 2 हजार रुपए जुर्माना लगाने का निर्देश दिया है। 200 लोगों की टीम पानी की बर्बादी की मॉनिटरिंग करेगी। वहीं दिल्ली में कंस्ट्रक्शन साइट पर काम करने वाले मजदूरों को दोपहर 12 बजे से 3 बजे तक पेड लीव दी गई है। दिल्ली के उपराज्यपाल ने निर्देश जारी किए हैं।

उप्र में हमीरपुर व फतेहपुर सबसे गर्म

लखनऊ/ कानपुर। प्रदेश में प्रचंड गर्मी व लू का दौर जारी है। बुधवार को लू और हीटस्ट्रोक की चपेट में आने से बुधवार को अलग-अलग जिलों से 34 लोगों की मरने की खबर सामने आयीं हैं। महोबा में छह हमीरपुर में तीन, बहराइच तीन, कानपुर देहात में तीन, चित्रकूट और बांदा में दो-दो और लखनऊ में दो, प्रयागराज में एक व प्रतापगढ़ चार जान गई। इसके अलावा कानपुर में एक दरोगा सहित आठ लोगों की मौत लू लगने से हो गई। महोबा में अधिकतम तापमान 46.7 डिग्री सेल्सियस रहा। हमीरपुर में 48 डिग्री सेल्सियस रहा। शाम करीब पांच बजे बूंदाबादी के बाद उमस बढ़ गई। जालौन, बांदा व चित्रकूट में अधिकतम तापमान 47 डिग्री, इटावा में 45.4 डिग्री तो फतेहपुर अधिकतम तापमान 48 डिग्री सिल्सियस रहा। झांसी 47.5 डिग्री सेल्सियस रहा। कानपुर में दिन का पारा 46.8 डिग्री से. रहा। लखनऊ में अधिकतम तापमान 43.7 डिग्री सेल्सियस रहा। बहराइच 43 डिग्री से. और प्रतापगढ़ 45.6 डिग्री सेल्सियस रहा।

- कानपुर में दरोगा सहित आठ लोगों ने तोड़ा दम

बृजभूषण के बेटे के काफिले की कार ने दो को रौंदा, मौत

संवाददाता, करनैलगंज(गोंडा)

अमृत विचारः कैसरगंज लोकसभा सीट से भाजपा प्रत्याशी व सांसद बृजभूषण के बेटे करण भूषण सिंह के काफिले में शामिल पुलिस स्कोर्ट लिखी फार्च्यूनर कार ने बुधवार की सुबह बाइक सवार दो युवकों समेत तीन लोगों को रौंद डाला। हादसे में बाइक सवार दोनों युवकों की मौके पर मौत हो गई, जबकि एक महिला गंभीर रूप से घायल हो गई। हादसे से गुस्साए ग्रामीणों ने पथराव कर कार को क्षतिग्रस्त कर दिया। पुलिस ने क्षतिग्रस्त कार को कब्जे में लेकर चालक लवकुश को गिरफ्तार कर लिया है। हादसे के बाद गांव में तनाव है और इस तनाव को देखते हुए कई थानों की पुलिस फोर्स तैनात है।

बुधवार की सुबह बीजेपी प्रत्याशी करण भूषण सिंह अपने लाल लश्कर के साथ कैसरगंज की तरफ जा रहे थे। करनैलगंज हुजूरपुर मार्ग पर छितईपुरवा गांव के समीप काफिले में चल रही पुलिस स्कॉर्ट लिखी फॉर्च्यूनर गाड़ी ने बाइक सवार दो युवकों को रौंद डाला। हादसे में निंदुरा गांव निवासी रेहान (17) व शहजादे (24) की मौत हो गयी। जबकि छितईपुरवा गांव की रहने वाली महिला सीता देवी गंभीर रूप से घायल हो गयी। प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक हादसा उस वक्त हुआ जब करण भूषण के काफिले की पुलिस स्कोर्ट लिखी कार ओवरटेकिंग का प्रयास कर रही थी। इसी दौरान विपरीत दिशा से आ रहे बाइक सवार युवक कर के सामने आ गए। ग्रामीणों का कहना है कि हादसे के शिकार लोगों को अस्पताल ले जाने के बजाय काफिले में शामिल अन्य गाड़ियां फर्राटा भरते हुये निकल गयीं। अपर पुलिस अधीक्षक राधेश्याम राय ने बताया कि परिजनों की तहरीर पर कार चालक लवकुश श्रीवास्तव निवासी नवाबगंज के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर उसे गिरफ्तार कर लिया गया है।

हादसे के बाद खड़ी फार्च्यूनर कार।

रेहान

सहजाद

- ग्रामीणों ने काफिले पर किया पथराव वाहन छोड़कर भागा चालक गिरफ्तार

बाल काटने में देरी पर भेजा हवालात

संवाददाता, बिसौली (बदायूं)

अमृत विचार : देर से बाल काटने पहुंच नाई को सीओ ने हवालात में बंद करा दिया। नाई का आरोप है कि सीओ के बुलाने पर वह देर से पहुंचा इसलिए उसके साथ मारपीट भी की, जबकि सीओ का कहना है कि नाई ने एक युवक के साथ गालीगलौज की थी। उस मामले में रिपोर्ट दर्ज थी।

बिसौली के मालियान निवासी विनोद की दलवीर हेयर ड्रेसर नाम से दुकान है। मंगलवार सुबह साढ़े नौ बजे बिसौली सीओ सुनील कुमार के आवास से फोन पर सेविंग और कटिंग के लिए बुलाया। भीड़ होने की वजह से वह 20 मिनट के बाद वह सीओ आवास पर गया। आरोप है कि सीओ ने उसकी फटकार लगाई। वह दुकान पर लौट आया। कुछ देर के बाद चार सिपाही आए और कहा कि उसके खिलाफ तहरीर है और दुकान बंद करवा दी। और हवालात में बंद कर दिया। उसके परिजन कोतवाली पहुंचे तो पुलिस ने जानकारी नहीं दी। मंगलवार रात को मोहल्ला गदरपुरा निवासी मनी पुत्र रामौतार की तहरीर पर विनोद के खिलाफ धमकाने, गाली-गलौज और एससीएसटी एक्ट के अंतर्गत रिपोर्ट दर्ज की गई। बुधवार सुबह पुलिस ने विनोद को छोड़ दिया। विनोद के भाई शिवकुमार और चाचा धर्मपाल ने आरोप लगाया कि सीओ ने विनोद को हवालात में डलवाया जहां उसकी हालत बिगड़ गई। वह दहशत में है।

नाई पर दिखाया सीओ ने रौब

- सीओ आवास से आया फोन कि साहब बाल कटवाने और शेविंग के लिए बुला रहे हैं
- दुकान पर ग्राहकों की भीड़ के चलते वह सीओ आवास जाने से हो गया था लेट

आरोप निराधार हैं। एक व्यक्ति बाल कटवाने के लिए दुकान पर पर गया था जहां बाल काटने वाले व्यक्ति ने उससे गाली-गलौज की थी। पीड़ित ने तहरीर दी जिसके आधार पर रिपोर्ट दर्ज की गई है। आरोपी पर जिन मामलों में रिपोर्ट दर्ज हुई उसमें सात साल से कम की सजा है। जिसके चलते उसे थाने से छोड़ा गया है। - **सुनील कुमार**, सीओ

सातवें चरण में 13 सीटों के लिए आज थम जाएगा प्रचार

लखनऊ। प्रदेश में सातवें चरण की 13 लोकसभा सीटों व सोनभद्र की दुद्धी (अजजा) विधानसभा सीट पर चुनाव के लिए 30 मई को शाम छह बजे प्रचार थम जाएगा। इन सीटों पर एक जून को मतदान होगा। इस बीच, निर्वाचन आयोग ने भीषण गर्मी में मतदाताओं व मतदान कर्मियों के बचाव के लिए व्यापक प्रबंध करने के निर्देश दिए हैं। मुख्य निर्वाचन अधिकारी नवदीप रिणवा ने बताया कि सातवें चरण के इन सभी लोकसभा निर्वाचन क्षेत्रों के लिए 144 प्रत्याशी चुनाव मैदान में हैं, जिनमें 134 पुरुष व 10 महिला प्रत्याशी हैं। वहीं, दुद्धी विधानसभा उप निर्वाचन के लिए छह प्रत्याशी चुनाव मैदान में हैं।

मोदी के मौन व्रत पर विपक्ष को आपत्ति

नई दिल्ली, एजेंसी

कांग्रेस ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के गुरुवार शाम से कन्याकुमारी में शुरू होने वाले मौन व्रत को लेकर निर्वाचन आयोग में गुहार लगायी है कि या तो यह मौन व्रत सातवें और अंतिम चरण के मतदान के समाप्त होने के बाद शुरू होना चाहिए या फिर इसके मीडिया में प्रसारण और प्रचार पर प्रतिबंध लगना चाहिए।

कांग्रेस के एक शिष्टमंडल ने बुधवार को निर्वाचन आयोग को शिकायत दी। प्रतिनिधिमंडल में कांग्रेस नेता अभिषेक मनु सिंघवी, रणदीप सुरजेवाला और सैयद नासिर हुसैन शामिल थे। बाद में सिंघवी ने पत्रकारों से बात करते हुए कहा कि कांग्रेस को प्रधानमंत्री के ध्यान से नहीं, बल्कि इसके चुनाव की शांत अवधि में होने पर आपत्ति है। साइलेंस पीरियड में कोई भी नेता प्रत्यक्ष अथवा परोक्ष तौर पर प्रचार नहीं कर सकता। उनका कहना है, साइलेंस पीरियड में प्रधानमंत्री ने घोषणा की है जो आदर्श आचार संहिता का उल्लंघन है। इसी बीच पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने कहा कि यदि कन्याकुमारी में प्रधानमंत्री के ध्यान का प्रसारण किया जाता है तो टीएमसी निर्वाचन आयोग से शिकायत करेगी। तमिलनाडु में सत्तारूढ़ द्रविड़ मुनेत्र कषगम ने इस मामले में जिलाधिकारी के समक्ष याचिका दायर की।

निर्वाचन आयोग पहुंचे नेता

- कहा- मोदी एक जून की शाम को हर तरह का व्रत कर सकते हैं
- ममता ने भी कहा-टीवी पर प्रसारण हुआ तो आयोग जाएंगे

कन्याकुमारी में 2,000 पुलिसकर्मी तैनात रहेंगे

कन्याकुमारी। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के विवेकानंद रॉक मेमोरियल पर 45 घंटे के प्रवास के लिए सुरक्षा के कड़े बंदोबस्त किए गए हैं। देश के दक्षिणी छोर पर स्थित इस जिले में 2,000 पुलिसकर्मी तैनात रहेंगे। ऐसा माना जाता है कि इसी स्थान पर आध्यात्मिक विभूति विवेकानंद को 'भारत माता' के बारे में दिव्य दृष्टि प्राप्त हुई थी।

केजरीवाल की अंतरिम जमानत याचिका नामंजूर

नई दिल्ली, एजेंसी

- दिल्ली के मुख्यमंत्री को अब 2 जून को जाना ही होगा जेल

सुप्रीम कोर्ट के रजिस्ट्रार ने दिल्ली आबकारी नीति से संबंधित धनशोधन के एक मामले के आरोपी मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल की एक जून को समाप्त होने वाली अंतरिम जमानत अवधि सात दिन बढ़ाने के लिए दायर उनकी याचिका सूचीबद्ध करने से इनकार कर दिया है।

अब उन्हें हर हाल में 2 जून को जेल जाना ही होगा। रजिस्ट्रार ने कहा कि न्यायमूर्ति संजीव खन्ना और दिपांकर दत्ता की पीठ ने मुख्यमंत्री केजरीवाल को अंतरिम जमानत देने के साथ ही नियमित जमानत के लिए निचली अदालत में जाने की भी छूट दी थी, इसलिए उनकी यह याचिका (अंतरिम जमानत बढ़ाने की याचिका) विचार करने के योग्य नहीं है। शीर्ष अदालत के एक अधिकारी ने यह भी कहा कि गिरफ्तारी के खिलाफ उनकी याचिका पर फैसला पहले ही सुरक्षित रखने के कारण उनकी वर्तमान याचिका का अदालत के समक्ष विचाराधीन मामले से कोई संबंध नहीं है।

इंडिगो ने महिलाओं के लिए सीट चयन की शुरू की सुविधा

नई दिल्ली। एयरलाइन कंपनी इंडिगो ने बाजार अनुसंधान के बाद महिला यात्रियों के लिए विशेष सुविधा की पेशकश की है। इसके तहत सीट बुक करने वाली महिलाएं अब वेब चेक-इन के समय अन्य महिला यात्रियों द्वारा बुक की गई सीटों के बारे में जान सकती हैं। आधिकारिक आंकड़ों के अनुसार, इंडिगो देश की सबसे बड़ी घरेलू एयरलाइन है। इसकी बाजार हिस्सेदारी 60 प्रतिशत से अधिक है।

अप्रैल में 80 लाख यात्रियों ने इंडिगो की सेवाएं लीं। एयरलाइन ने बुधवार को जारी बयान में कहा कि उसने एक नई सुविधा शुरू की है जिसका उद्देश्य महिला यात्रियों के लिए यात्रा अनुभव को और सुगम बनाना है।

मोदी ने पूछा, नवीन बाबू की तबियत खराब होने के पीछे षड्यंत्र तो नहीं

बारीपदा/बालासोर (ओडिशा), एजेंसी।

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने ओडिशा के मुख्यमंत्री नवीन पटनायक के स्वास्थ्य में अचानक आई गिरावट के पीछे साजिश की आशंका जताते हुए बुधवार को वादा किया कि राज्य में भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) की सरकार बनी तो वह इस मामले की जांच के लिए एक समिति गठित करेगी।

मयूरभंज और बालासोर लोकसभा सीट पर चुनावी रैलियों को संबोधित करते हुए मोदी ने दावा किया कि पांच दशक के अंतराल के बाद केंद्र में लगातार तीसरी बार पूर्ण बहुमत की सरकार बनेगी। उन्होंने कहा, सवाल ये है कि नवीन बाबू की तबियत खराब होने के पीछे कोई षड्यंत्र है क्या? ये ओडिशा के लोगों को जानने का अधिकार है। कहीं इसमें उस लॉबी का तो हाथ नहीं है न जो नवीन बाबू के नाम पर पर्दे के पीछे ओडिशा में सत्ता भोग रहे हैं। प्रधानमंत्री ने कहा इस रहस्य से पर्दा उठना जरूरी है। इसलिए 10 जून के बाद ओडिशा में भाजपा सरकार बनने के बाद हमारी सरकार एक स्पेशल कमेटी का गठन करेगी और ये जांच करेगी कि अचानक नवीन बाबू की तबियत क्यों गिरती जा रही है। उन्होंने कहा नवीन बाबू की बिगड़ती स्वास्थ्य स्थिति के पीछे के रहस्य को सामने लाया जाना चाहिए, क्योंकि राज्य के लोगों को इसका कारण जानने का अधिकार है। तमिलनाडु से ताल्लुक रखने वाले और पटनायक के करीबी माने जाने वाले बीजू जनता दल (बीजद) के नेता वी के पांडियन का परोक्ष रूप से उल्लेख करते हुए मोदी ने कहा कि पूरा ओडिशा चाहता है कि कोई उड़िया राज्य का मुख्यमंत्री बने। उन्होंने कहा ओडिशा के लोगों ने राज्य में बीजद के 25 साल के शासन पर पूर्ण विराम लगाने का फैसला किया है।

- कहा- 10 जून को ओडिशा में भाजपा की सरकार बनी तो विशेष समिति का गठन कर कराएंगे जांच

पटनायक का जवाब, मेरी सेहत ठीक, कर रहा हूं चुनाव प्रचार

भुवनेश्वर। ओडिशा के मुख्यमंत्री नवीन पटनायक ने बुधवार को कहा कि उनकी सेहत ठीक है और वह लोकसभा और राज्य विधानसभा चुनाव के लिए गत एक महीने से प्रचार कर रहे हैं। मुख्यमंत्री ने कहा उन्होंने (प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी) पूर्व में सार्वजनिक रूप से कहा कि मैं उनका अच्छा मित्र हूं। उन्हें मात्र मुझे फोन करके मेरी सेहत की जानकारी लेनी थी लेकिन ओडिशा एवं दिल्ली में भाजपा के कुछ लोग मेरी सेहत को लेकर अफवाह फैला रहे हैं। उन्होंने कहा मैं प्रधानमंत्री को आश्वस्त करना चाहता हूं कि मेरी सेहत ठीक है और मैं राज्य में विगत एक महीने से चुनाव प्रचार कर रहा हूं। मोदी के बयान के कुछ घंटों के बाद ही पटनायक की यह प्रतिक्रिया आई है।

'अमृत विचार' आपके साथ

आप हमें भेजना चाहते हैं कोई जानकारी या प्रकाशित कराना चाहते हैं कोई समस्या तो व्हाट्सएप करें 9450434176 या amritvichar.rampur@gmail.com पर हमें ई-मेल करें। हम आपकी बात को आपके नाम के साथ प्रकाशित करेंगे। कार्यक्रमों की सूचना भी भेज सकते हैं। अमृत विचार कार्यालय, जिला पंचायत भवन प्रथम तल रामपुर उ.प्र.।

शहर में आज

- कृष्णा विहार स्थित मनोकामना मंदिर में साईं बाबा की पूजा अर्चना सुबह 6:30 बजे।
- रोडवेज बस अड्डा परिसर में निशुल्क जल शिविर का आयोजन सुबह 10:30 बजे।

एक नजर

कचरा प्रबंधन की जानकारी देते अधिकारी।

शिविर में बताए ठोस कचरा प्रबंधन के तरीके

शाहबाद, अमृत विचार : तहसील सभागार में बुधवार को विधिक साक्षरता शिविर का आयोजन हुआ। इसमें जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के सचिव कुलदीप सिंह, ग्राम न्यायालय के न्यायाधीश अरविंद कुमार और शाहबाद तहसीलदार शिवकुमार शर्मा शामिल रहे। ठोस कचरा के प्रबंधन निस्तारण व दोबारा उपयोग के विषय पर चर्चा की गई। वरिष्ठ अधिवक्ता आनंद पाल सिंह व रेखा रानी शर्मा ने कई बिंदुओं पर विचार साझा किए। तहसीलदार ने बताया कि पर्यावरण को शुद्ध रखने के लिए कचरा प्रबंधन जरूरी है।

तंबाकू सेवन न करने की दिलाई शपथ

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

अमृत विचार : तंबाकू नियंत्रक प्रकोष्ठ रामपुर द्वारा तंबाकू निषेध दिवस के अवसर पर विशेष पखवाड़े का आयोजन हुआ। जिला सलाहकार डॉ. शहजाद हसन खान की ओर से फॉक्स ग्रुप डिस्कशन कार्यक्रम का आयोजन पंजाब नगर में आयोजित किया गया। इसमें काउंसलर तैयबा खान एवं सोशल वर्कर रिजवान मोहम्मद खान ने युवाओं को तंबाकू जनित रोगों के बारे में जागरूक किया। लोगों को तंबाकू का सेवन नहीं करने की शपथ दिलाई गई।

पंजाब नगर में बुधवार को आयोजित कार्यक्रम में डॉ. शहजाद हसन ने धूम्रपान एवं तंबाकू से बचाव के उपाय बताए। इस क्रम में जिला चिकित्सालय रामपुर में मुख्य चिकित्सा अधीक्षक डॉ. एचके मित्रा के नेतृत्व में हस्ताक्षर अभियान का आयोजन किया गया।

जिला अस्पताल में हस्ताक्षर अभियान की शुरूआत करने के बाद मुख्य चिकित्सा अधीक्षक और चिकित्सक। ● अमृत विचार

पखवाड़ा

- जिला अस्पताल में चला गया हस्ताक्षर अभियान
- पंजाबनगर में तंबाकू का सेवन नहीं करने के लिए किया जागरूक

इसमें जिला अस्पताल के सभी चिकित्सक, नर्सिंग स्टाफ, पैरामेडिकल स्टाफ अन्य कर्मचारी एवं चिकित्सालय आने वाले मरीजों ने हस्ताक्षर किए एवं भविष्य में कभी तंबाकू का सेवन न करने की शपथ ली। लोगों को प्रेरित करने का आह्वान किया।

जनपद में 212 सीएचओ रोगियों को दे रहे उपचार, 14 प्रकार की होती हैं जांचें

ऑनलाइन टेलीमेडिसिन में प्रदेश में रामपुर प्रथम

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

अमृत विचार : ऑनलाइन टेलीमेडिसिन प्रणाली से लोगों को उपचार देने में प्रदेश में रामपुर को प्रथम स्थान मिला है। गौतमबुद्धनगर द्वितीय और तीसरे स्थान पर जनपद महोबा है। स्वास्थ्य विभाग के आंकड़ों के मुताबिक, रोजाना 9.7 रोगियों को औसतन टेली कंसलटेंसी से उपचार मिला है।

सरकार की मंशा है कि जिला अस्पताल, सामुदायिक और प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र व ग्रामीण क्षेत्रों में लोगों को बेहतर उपचार दिलाया जा सके। इसके लिए स्वास्थ्य विभाग की ऑनलाइन टेलीमेडिसिन सेवा लोगों के लिए संजीवनी साबित हुई है। इसके लिए आयुष्मान आरोग्य केंद्र बनवाए गए हैं। इनमें आने वाले रोगियों को उपचार दिलाने के लिए प्रत्येक केंद्र पर हेल्थ कम्युनिटी अधिकारी की तैनाती की गई है। ये अधिकारी 14 प्रकार की जांच करते हैं। कुछ ऐसे भी रोगी होते हैं जो आने में असमर्थ हैं। वे लेपटॉप, वीडियो कांफ्रेसिंग के माध्यम से चिकित्सक से संपर्क कर परामर्श ले रहे हैं। इसके लिए जनपद में 212 हेल्थ कम्युनिटी ऑफिसर तैनात हैं। कुछ ऐसे भी केंद्र हैं, जो दो से तीन माह में बनकर तैयार हो जाएंगे। ये केंद्र बनने के बाद हेल्थ कम्युनिटी ऑफिसर की तैनाती की जाएगी। इन आयुष्मान आरोग्य केंद्रों पर ज्यादातर 30 साल से अधिक लोग ऐसे आते हैं, जिन्हें ब्लड प्रेशर, हाइपरटेंशन और शुगर की दिक्कत होती है। स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों का कहना है कि अगर समय रहते हुए उपचार व जांच नहीं हुई तो ये बीमारियां गंभीर रूप ले लेती हैं। इससे किड़नी, गुर्दे, हार्ट, ब्रेन हेमरेज का खतरा बना रहता है। ऐसे में आयुष्मान आरोग्य मंदिर में जो हेल्थ कम्युनिटी ऑफिसर तैनात है। वे केंद्र में रोगियों को स्क्रीनिंग कराते हैं। स्क्रीनिंग में अगर कोई संक्रमित मिलता है तो उसके दवा दिलाई जाती है। यही नहीं बल्कि उन रोगियों पर नजर रखते है और वह फीडबैक भी लेते हैं।

लगातार टॉप-5 की श्रेणी में रहा जिला

स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों का दावा है कि जनपद लगातार टॉप फाइव की श्रेणी में रहा है। जिला अस्पताल में ऑनलाइन टेलीमेडिसिन प्रणाली के लिए डॉ. गुलफ्शा, डॉ. अमान अमीन को तैनात किया गया है। ये सुबह 10 से दोपहर 12 तक लेपटॉप, वीडियो कांफ्रेसिंग के माध्यम से रोगियों को उपचार दे रहे हैं। यह सेवा वर्ष 2019 में शुरू हुई थी।

> ऑनलाइन टेलीमेडिसिन प्रणाली में प्रदेश में जनपद पहले पायदान पर है। इसकी हर माह शासन स्तर से समीक्षा की जा रही है। 21 मई को शासन से आई रिपोर्ट में जनपद को प्रथम स्थान मिला है। रोजाना 9.7 रोगियों को औसतन ऑनलाइन टेलीमेडिसिन प्रणाली से उपचार मिला है।
>
> – डॉ. एसपी सिंह, मुख्य चिकित्सा अधिकारी

ट्रांसफार्मर की लीड में लगी आग, आपूर्ति ठप

बिजली न मिलने से राधा रोड और राम-रहीम पुल क्षेत्र के लोग गर्मी में हुए बेहाल, दो घंटे बाद मिली राहत

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

अमृत विचार : राधा रोड किनारे रखे 400 केवीए के ट्रांसफार्मर की लीड जलने से बिजली ठप हो गई। दमकल कर्मचारियों ने आग पर काबू पाया। इस दौरान बुधवार को राधा रोड, राम-रहीम पुल के क्षेत्र में दो घंटे तक बिजली आपूर्ति ठप रही। इससे गर्मी में लोग बेहाल हो गए।

गर्मी में विद्युत निगम के उपकरण जवाब देने लगे हैं। अत्याधिक लोड के कारण ट्रांसफार्मर फुंक रहे हैं। ट्रांसफार्मर की लीड पिघलने लगी हैं। बुधवार दोपहर 2:30 बजे राधा रोड के चौराहे पर रखे 400 केवीए ट्रांसफार्मर की लीड जल गईं। आग लगने से ट्रांसफार्मर से शोले उठने लगे। आग की पलटों से अफरा तफरी मच गई। रास्ते से गुजर रहे लोग भी रुक गए। लीडों में आग लगने और ट्रांसफार्मरों से धुआं उठने की सूचना आसपास के लोगों ने बिजली विभाग के अधिकारियों को दी। इस बीच दमकल कर्मी भी मौके पर पहुंच गए। उन्होंने विद्युतापूर्ति को बंद कराया। कर्मचारियों, दमकल कर्मियों ने लीडों में लगी आग बुझाई। इस बाद विद्युतापूर्ति पांच बजे के बाद सुचारू हुई। लेकिन भीषण गर्मी में लोग बेहाल हो गए। उधर, विद्युत निगम के अधिकारियों के अनुसार, पारा अधिक होने की वजह से ट्रांसफार्मर की लीड पिघल गईं। इसी बीच ट्रांसफार्मर से चिंगारी निकली, चिंगारी प्लास्टिक पर गिर गई। इससे लीडों में भीषण आग लग गई। अवर अभियंता बीपी सिंह ने बताया कि अधिक तापमान होने की वजह से लीडें जल गईं थीं। अब बिजली आपूर्ति सुचारू कर दी है। उधर, सिविल लाइंस एसडीओ सचिन रस्तोगी ने बताया कि राधा रोड के चौराहे पर 400 केवीए के ट्रांसफार्मर की लीडों में आग लग गई थी। मौके पर पहुंचकर उपकेंद्र से विद्युतापूर्ति को बंद करवाया। इसके बाद कर्मचारियों व दमकलकर्मियों ने आग बुझाई।

राधा चौराहा पर रखे ट्रांसफार्मर के केबल में लगती आग। ● अमृत विचार

बिजली की ट्रिपिंग से उपभोक्ताओं में रोष

रामपुर, अमृत विचार : बिजली की ट्रिपिंग फिर बढ़ गई है। इसके चलते उपभोक्ताओं में रोष व्याप्त है। उपभोक्ताओं को बिजली की ट्रिपिंग से काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। बिजली गायब होते ही घरों, प्रतिष्ठानों पर लोगों को पसीना छूट रहा है। सिविल लाइंस और शहर में बिजली की ट्रिपिंग से लोग परेशान हैं। पिछले दिनों आपूर्ति पूरे दिन बाधित रहने लगी थी। शहरी क्षेत्र में बिजली के तार बदलने समेत विभिन्न योजनाओं के कार्य को कराया जा रहा था। निगम के अधिकारी उपकेंद्र स्तर से चार घंटे का शटडाउन देकर पूरे आठ से 12 घंटे तक आपूर्ति बंद करके बैठ जाते थे। इसकी शिकायत व्यापारी नेताओं और अन्य संगठनों की ओर से निगम के अधिकारियों से की गई तो एसई ने गर्मी को देखते हुए उस पर रोक लगाई। लेकिन ट्रिपिंग की समस्या दूर नहीं हो रही है। शहर में ट्रिपिंग लगातार हो रही है। इस ट्रिपिंग से लोगों का हाल बेहाल है। पक्का बाग, पीला तालाब, घेर बाज खां, किला, नवाबगेट, रजा इंटर कालेज, डूंगरपुर क्षेत्र में कटौती लगातार हो रही है। एक्सईएन प्रथम इमरान खां ने बताया कि आपूर्ति शेडयूल के हिसाब से दी जा रही है, ट्रिपिंग की शिकायत आने पर उसे दूर कराया जाएगा।

सिविल लाइंस बिजलीघर में अधीक्षण अभियंता से बातचीत करते मुख्य अभियंता।

गर्मी में उपभोक्ताओं को दें भरपूर बिजली : बंसल

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

अमृत विचार: बिजली निगम के मुरादाबाद मंडल के मुख्य अभियंता आरके बंसल बुधवार शाम एसई कार्यालय पहुंचे। जहां एसई, जनपद के चारों एक्सईएन को निर्देशित किया कि मई का जो लक्ष्य निर्धारित है उसे तीन दिन में पूरा करें। उन्होंने कहा कि भीषण गर्मी में उपभोक्ताओं को निर्बाध रूप से विद्युत आपूर्ति मुहैया कराई जाए। उपभोक्ताओं को किसी प्रकार की असुविधा का सामना नहीं करना पड़े।

बुधवार रात नौ बजे मुख्य अभियंता आरके बंसल 33/11 केवीए सिविल लाइंस, आंबेडकर पार्क भी पहुंचे। जहां उन्होंने ड्यूटी पर तैनात कर्मचारियों के रजिस्टर को चेक किया। मुख्य अभियंता ने उपभोक्ताओं से अपील की है कि बिजली निगम का सहयोग करें। आपूर्ति को खर्च जरुरत के अनुसार ही करें। कहा कि जनपद के उपभोक्ताओं को भीषण गर्मी में भरपूर सप्लाई दिलाई जाए। इस दौरान एसई वीके आर्य, एक्सईएन प्रथम इमरान खां, एसडीओ प्रथम सचिन रस्तोगी, अवर अभियंता बीपी सिंह आदि मौजूद रहे।

भीषण गर्मी में वकील का मुंशी बेहोश, चलती रिक्शा से गिरा

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

अमृत विचार : बुधवार सुबह 10 बजे अधिक्ता सैयद साजिद मियां के मुंशी 65 वर्षीय प्रभात कुमार गुप्ता रिक्शा में बैठकर कचहरी जा रहे थे। शहर के मोहल्ला बेरियान में रिक्शा में बैठे मुंशी भीषण गर्मी में चक्कर आने से जमीन पर गिर गए। बेहोशी की हालत में आसपास के दुकानदारों ने उन्हें सड़क से उठाकर एक स्टूल पर बैठाया लेकिन, मुंशी बेहोश ही रहे।

लोगों ने उनकी जेब से कार्यालय मुख्य प्रशासनिक अधिकारी जनपद न्यायालय रामपुर का परिचय पत्र पर दर्ज पंजीकरण संख्या 0508 देखा और प्रभात कुमार गुप्ता की पहचान अधिवक्ता सैयद साजिद मियां के मुंशी के रूप में की। वह शहर के मोहल्ला महल कुमेदान निवासी हैं। दुकानदारों ने मोहल्ला बेरियान निवासी सैयद साजिद मियां एडवोकेट को सूचना दी। दुकानदारों ने उन्हें पास में ही निजी चिकित्सक को दिखाया। चिकित्सक ने बताया कि तेज गर्मी के कारण प्रभात कुमार बेहोश हो गए। उनकी तबीयत कुछ देर में ठीक हो जाएगी। इसके बाद प्रभात गुप्ता को कचहरी के लिए रवाना कर दिया गया। मोहम्मद अहमद ने प्रभात कुमार गुप्ता से कहा कि वह घर चले जाएं। घर के लिए रिक्शा कराए देते हैं। लेकिन, उन्होंने कहा कि कचहरी में जरूरी काम है, इसलिए उनका कचहरी जाना जरूरी और वह जिद करके कचहरी चले गए। बुधवार की सुबह अधिकतम तापमान 44 डिग्री सेल्सियस रहने से लोग गर्मी से व्याकुल रहे।

भीषण गर्मी में रिक्शा से गिरे वकील के मुंशी को उठाकर स्टूल पर बैठाते दुकानदार।

- लोगों ने संभाला और पिलाया ठंडा पानी, कुछ देर बाद मिली राहत
- शहर के मोहल्ला महल कुमेदान निवासी हैं 65 वर्षीय प्रभात कुमार

फाटक संख्या 46बी पर 15 जून तक यातायात रहेगा बाधित

बिलासपुर, अमृत विचार : क्षेत्र के गांव धावनी हसनपुर के पास रेलवे फाटक संख्या 46बी पर एलएचएस बॉक्स की लाचिंग एवं रोड डायवर्जन के लिए 29 मई से 15 जून तक यातायात बाधित रहेगा। वैकल्पिक यातायात मार्ग के लिए लोग गांव रम्मनपुर मार्ग से होते हुए फाटक संख्या 49 ए का उपयोग करेंगे।

सहायक मंडल इंजीनियर पूर्वोत्तर रेलवे, काशीपुर संजय कुमार पांडेय ने बताया कि 29 मई से 15 जून तक गांव धावनी हसनपुर के पास फाटक संख्या 46बी पर डायवर्जन किया जाएगा। इसके चलते 18 दिनों तक मार्ग पर यातायात बाधित रहेगा। इस दौरान ग्रामीण और वाहन चालक आवाजाही के लिए वैकल्पिक यातायात के लिए गांव रम्मनपुर मार्ग से होते हुए रेलवे फाटक संख्या 49 ए उपयोग करें।

रक्तदान करना बड़ा मानवीय कार्य : शाहिद

कार्यालय संवाददाता,रामपुर

अमृत विचार : ग्रीनवुड स्कूल के डायरेक्टर शाहिद खान ने कहा कि रक्तदान जैसा मानवीय कार्य इस संसार में कोई और नहीं है। इस महादान से हम किसी व्यक्ति का जीवन बचा सकते हैं। स्कूल में लगे रक्तदान शिविर में 30 लोगों ने रक्तदान किया।

ग्रीनवुड स्कूल की स्थापना के 50 वर्ष पूरे होने पर बुधवार को स्वैच्छिक रक्तदान शिविर लगाया गया। स्वर्ण जयंती के अवसर पर इन दिनों स्कूल में रंगा रंग, ज्ञानवर्धक व समाज सेवा के विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। इसके चलते वर्धमान चैरिटेबल ब्लड सेंटर की ओर से स्कूल में स्वैच्छिक रक्तदान शिविर लगा। इसमें बड़ी संख्या में विद्यालय के शिक्षक-शिक्षिकाओं ने रक्तदान किया। इस शिविर में डॉ. प्रदीप कुमार (एमबीबीएस) डॉ. मोहम्मद रेहान, निदेशक ब्लड बैंक, इमरान अली, तकनीकी प्रभारी, मनोज कुमार, तकनीकी पर्यवेक्षक ने रक्तदाताओं को संबोधित किया। उन्होंने रक्तदाताओं की जिज्ञासाओं का समाधान किया। उनके इस मानवीय कार्य की प्रशंसा की। इसके पश्चात स्कूल के डायरेक्टर शाहिद खान, प्रधानाचार्य एनके तिवारी के नेतृत्व में स्कूल के टीचर्स और स्टाफ ने रक्तदान किया। स्कूल के प्रधानाचार्य एनके तिवारी ने कहा कि इससे बड़ा मानवीय कार्य और कुछ हो ही नहीं सकता। ब्लड सेंटर के सदस्यों ने रक्तदाताओं को डोनर कार्ड और प्रमाण पत्र दिए। अंत में स्कूल की ओर से वर्धमान चैरिटेबल ब्लड सेंटर के सभी सदस्यों और डॉ. प्रदीप कुमार को स्मृति चिह्न देकर सम्मानित किया गया।

इस दौरान उप प्रधानाचार्य शकील अहमद, मंदीप सिंह, फिरोज हैदर, विक्रांत गुप्ता सहित समस्त स्टाफ उपस्थित था। रक्तदान करने वालों में शाहिद खान, एनके तिवारी, शकील अहमद, मनदीप सिंह, सादिक हसन, शादाब खान, अमान अली, मोहिसन खान, विनय केवात, मनदीप सिंह, आदिल बेग, आसिम उर रहमान, अथरम अली खान, सना, नयना खत्री, अंजलि, रेखा अरोरा, हफ्शा, समन खान, ममता चौरसिया, साबिया बी, अरीब अहमद, फैजान खां, अंजलि गुप्ता आदि शामिल रहे।

शिविर में रक्तदान करते प्रधानाचार्य एनके तिवारी व अन्य। ● अमृत विचार

- ग्रीनवुड स्कूल में हुआ रक्तदान शिविर का आयोजन

गर्मी का प्रकोप | चिलचिलाती धूप में टिनशेड के नीचे गोवंश काट रहे दोपहरी, टाट के बोरों के लगाए गए पर्दों पर डाल दिया जाता है पानी

गोशालाओं में गोवंश को इंसानों की मेहरबानी की जरूरत

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

अमृत विचार : भीषण गर्मी में गोवंश टिनशेड के नीचे तप रहे हैं। अधिकतम तापमान 44 और 45 डिग्री सेल्सियस तक पहुंच रहा है लेकिन, गोवंश के लिए गोशालाओं में कूलर और पंखों का इंतजाम नहीं है। जिम्मेदार बताते हैं कि टाट के बोरों के पर्दे लगवाकर उन पर पानी डाल दिया जाता है। इसके अलावा टिनशेड पर भी टाट के बोरे डलवा दिए गए हैं। गोवंश को ताजा पानी पिलाया जा रहा है। अधिकतर गोशालाओं में क्षमता से अधिक गोवंश को रखा गया है।

मई में चिलचिलाती धूप के बीच टिनशेड के नीचे गोवंश बेहाल हैं। इसके अलावा अधिकांश गोशालाओं में क्षमता से अधिक गोवंश हैं। गर्मी में गोवंश हांफ रहे हैं। लू और गर्मी से बचाव को गोवंश के लिए बनाए गए टिनशेड वाले हॉल के दरवाजों पर टाट के बोरे डाले गए हैं और उनपर पानी का छिड़काव कराया जाता है। जिला मुख्य पशु चिकित्सा अधिकारी बताते हैं कि गोवंश को गर्मी से बचाने के लिए गुड़ और मिनरल मिक्सचर भी खिलाया जा रहा है। उन्हें ताजा और ठंडा पानी पिलाया जाता है ताकि गोवंश के शरीर के तापमान को नियंत्रित रखा जा सके। बेजुबान अपनी बेबसी अपनी आंखों से बयां करते हैं। गोशालाओं से बाहर आजाद घूमते गोवंश गर्मी से बचने के लिए किसी पेड़ की छांव, तालाब या कीचड़ में बैठकर अपने शरीर को गर्मी से राहत पहुंचे हैं। लेकिन, गोशालाओं में कैद गोवंश इंसानों की मेहरबानी पर ही निर्भर हैं। फिलहाल, कान्हा गोशाला मसवासी में सीलिंग फेन लगे हैं। इस गोशाला की देखरेख नगर पंचायत मसवासी करती है।

टिनशेड के नीचे गोशाला में बंधे गोवंश। ● अमृत विचार

जिले की गोशालाओं में गोवंश

गोशाला	क्षमता	गोवंश की संख्या
किरा गोशाला शाहबाद	750	863
ऊंचा गांव शाहबाद	200	208
ढकिया शाहबाद	200	200
नसीराबाद मिलक	400	485
परम मिलक	200	206
खजुरिया खुर्द बिलासपुर	60	63
चौकोनी बिलासपुर	36	36
कान्हा मसवासी	400	265

> टिनशेड पर पाल डलवा दिया है। टाट के पर्दे और उनपर पानी का छिड़काव करा दिया जाता है। गोवंश को गुड़ और मिनरल मिक्सचर भी दिया जा रहा है। कान्हा गोशाला में सीलिंग फेन लग गए हैं। अन्य गोशालाओं में भी सीलिंग फेन और कूलर लगवाए जाने का प्रयास किया जा रहा है।
>
> – डॉ. महेश कुमार कौशिक, जिला मुख्य पशु चिकित्सा अधिकारी

समूह से जुड़कर तरक्की की राहों पर तेजी से बढ़ें महिलाएं : मंशाराम

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

अमृत विचार : उत्तर प्रदेश राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन के अंतर्गत ग्राम रठौंडा के शिव मंदिर के मैदान में एकता प्रेरणा संकुल स्तरीय समिति की वर्षगांठ का आयोजन हुआ। इसमें कलस्टर रठौंडा के आसपास के 36 ग्राम पंचायत की समूह की महिलाएं एकत्रित होकर कार्यक्रम में शामिल हुईं। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि उपायुक्त स्वतः रोजगार मंशाराम यादव ने कहा कि महिलाएं समूह से जुड़कर तरक्की की राहों पर तेजी से आगे बढ़ सकती हैं।

एकता प्रेरणा संकुल स्तरीय समिति के वार्षिकोत्सव पर आयोजित कार्यक्रम में मुख्य अतिथि उपायुक्त स्वतः रोजगार मंशाराम यादव ने कहा कि महिलाएं समूह से जुड़ें और और आर्थिक रूप से मजबूत बनें। मुख्य अतिथि ने सभी महिलाओं का मार्गदर्शन एवं उत्तर प्रदेश राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन में चल रही योजनाओं की जानकारी दी। इस मौके पर खंड विकास अधिकारी धीरेंद्र पाल सिंह आईएसबी राजेंद्र सिंह एवम् अनुज राणा ब्लॉक मिशन मैनेजर नीरज कुमार ब्लॉक मिशन मैनेजर हरपाल सिंह ब्लॉक मिशन मैनेजर मोहम्मद दानिश ब्लॉक मिशन मैनेजर हेमेंद्र सिंह सीएलएफ अध्यक्ष मोरकली, मीनाक्षी, लतेश, कमलेश, एवं अन्य पदाधिकारी और समूह की महिलाएं उपास्थित रहीं। संचालन समूह सखी शाजिया ने किया।

कार्यक्रम में मौजूद अधिकारी व महिलाएं। ● अमृत विचार

एक नजर

ट्रैक्टर-ट्रॉली की टक्कर से बाइक सवार घायल

सैफनी, अमृत विचार : गांव मझरा घाट निवासी शराफत उर्फ बाबू बुधवार को किसी काम से सैफनी आ रहा था। जैसे ही वह रामगंगा पुल के पास पहुंचा, तभी सामने से ईंटों से भरी ट्रैक्टर- ट्रॉली ने उसे टक्कर मार दी। इससे बाइक सवार घायल हो गया। परिजन उसे स्थानीय अस्पताल ले गए। जहां से उसकी हालत गंभीर होने पर मुरादाबाद हायर सेंटर रेफर कर दिया गया है। घायल के पिता इस्माईल ने ट्रैक्टर चालक के खिलाफ पुलिस को तहरीर दी है।

शांतिभंग में पूर्व प्रधान सहित दो का चालान

सैफनी, अमृत विचार : गाड़ी में भैंस ले जाने के भाड़े और थाने में रिपोर्ट लिखाने को लेकर हुए विवाद में पुलिस ने शांतिभंग करने में दो भाइयों का चालान किया है। क्षेत्र के सागरपुर गांव निवासी आसिफ पुत्र उस्मान ने दी तहरीर में आरोप लगाया है। उसके गांव निवासी पूर्व प्रधान शकील अहमद पुत्र छिद्दन व उनके भाई जुल्फिकार आलम ने उसके साथ गाड़ी के भाड़े और थाने में रिपोर्ट लिखाने की बात को लेकर उसके साथ झगड़ा किया। पुलिस ने शकील अहमद और जुल्फिकार आलम का शांतिभंग करने की आशंका के चलते चालान किया है।

जिलाधिकारी से की राशन डीलर की शिकायत

टांडा, अमृत विचार : अंत्योदय राशनकार्ड धारक को डिपो होल्डर राशन नहीं दे रहा है। कई बार दुकान के चक्कर लगाने के बाद राशन नहीं दिया और साफ इंकार कर दिया। कार्ड धारक ने परेशान होकर जिलाधिकारी से शिकायत की है। नगर के मोहल्ला मस्जिद खाम निवासी महिला महनाज का कहना है कि उसके नाम अंत्योदय राशन कार्ड है। जब वह राशन लेने डीलर रिजवान की दुकान पर गयी तो उसने राशन देने से साफ इंकार कर दिया।आरोप है कि कई बार चक्कर लगाने के बाद भी राशन नहीं दिया।कार्ड धारक ने राशन डीलर की शिकायत जिलाधिकारी जोगिन्दर सिंह से की है।

चाकू दिखाकर लूट करने वाला आरोपी गिरफ्तार

रामपुर,अमृत विचार : थाना गंज पुलिस ने आरोपी फैसल निवासी ग्राम कुम्हरिया थाना अजीमनगर को चाकू चौराहा से शहजादनगर रोड को जाने वाले रास्ते से ट्रक चालकों को चाकू दिखाकर अवैध पैसा वसूली करते हुए गिरफ्तार किया है।

सात माह 11 दिन बाद जमानत पर रिहा हुईं पूर्व सांसद डॉ. तजीन फात्मा

18 अक्टूबर 2023 को दो जन्मप्रमाण पत्र मामले में सुनाई गई थी सात साल की सजा, डॉ. तजीन जेल से आईं बाहर

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

अमृत विचार : अब्दुल्ला आजम के दो जन्म प्रमाणपत्र मामले में हाईकोर्ट से जमानत मिलने के बाद सपा नेता आजम खां की पत्नी डॉ. तजीन फात्मा की बुधवार को रिहाई हो गई। दोपहर चार बजे वह जिला कारागार से बाहर आ गईं। उनका सपा कार्यकर्ताओं ने स्वागत किया। सात माह 11 दिन के बाद वह खुले में सांस लेंगी।

बताया गया कि उनके पुत्र अब्दुल्ला आजम के दो फर्जी जन्म प्रमाण पत्र मामले में भाजपा नेता आकाश सक्सेना ने आजम खां, उनकी पत्नी डॉ. तजीन फात्मा और बेटे अब्दुल्ला आजम को आरोपी बनाया गया था। पुलिस ने विवेचना के बाद मामले में चार्जशीट कोर्ट में दाखिल की थी। इस मामला की सुनवाई एमपी-एमएलए मजिस्ट्रेट ट्रायल कोर्ट में हुई। 18 अक्टूबर 2023 को कोर्ट ने सपा नेता मोहम्मद आजम खां, डॉ. तजीन फात्मा और अब्दुल्ला आजम को सात-सात साल की सजा सुनाई थी। इसके बाद तीनों अलग-अलग जेल में शिफ्ट कर दिए गए थे। आजम खां को सीतापुर जेल, अब्दुल्ला आजम को हरदोई जेल और डॉ. तजीन फात्मा को रामपुर जिला कारागार में भेज दिया गया था। इस मामले में आजम खां के अधिवक्ता ने हाईकोर्ट में जमानत के लिए प्रार्थना पत्र दिया था। इसके बाद हाईकोर्ट ने तीनों को जमानत दे दी थी। सोमवार को हाईकोर्ट के आदेश को जिला अदालत में दे दिया था। जमानती तस्दीक कराए गए थे। पूरी प्रकिया होने के बाद मंगलवार को परवाने जिला कारागार पहुंच गए थे। जिला कारागार में परवानों की जांच करने पर पता चला कि कुछ परवानों में नाम और धाराएं गलत हैं। इसके बाद उनकी रिहाई रुक गई थी। बुधवार को फिर से कोर्ट से परवानों में नाम सही होकर आए। जिला कारागार में परवानों की जांच की गई। बुधवार को परवाने सही होने पर करीब चार बजे पूर्व सांसद डॉ. तजीन फात्मा को जेल से छोड़ दिया गया। जेल के बाहर चमरौआ विधायक नसीर अहमद खां, पूर्व जिलाध्यक्ष वीरेंद्र गोयल, ओमेंद्र चौहान, आसिम खां, आसिम राजा, फरहान खां, साजिद खां, अब्दुल्ला शम्सी, मोहम्मद फैज, फसाहत अली, अखिलेश कुमार, सरदार अमरजीत सिंह, सतनाम सिंह मट्टू, अनुराधा चौहान, अनिता यादव, वसीम खां, फैजान खां के अलावा बड़ा बेटा अदीब आजम भी मौजूद रहे।



जेल से बाहर आतीं पूर्व सांसद डॉ. तजीन फात्मा, गेट पर मौजूद बेटा अदीब आजम।

जेल से बाहर आने का इंतजार करते चमरौआ विधायक नसीर अहमद खां व अन्य।

> डॉ. तजीन फात्मा के परवानों में सब कुछ ठीक पाया गया है। इसके बाद उनको छोड़ दिया गया है।
>
> –प्रशांत मौर्य, जेल अधीक्षक

पहले भी 298 दिन जेल में रही थीं डॉ. तजीन

सपा नेता आजम खां, उनकी विधायक पत्नी डॉ. तजीन फात्मा और बेटे अब्दुल्ला आजम ने 26 फरवरी 2020 को कोर्ट में सरेंडर कर दिया था। उसके बाद काफी समय तक जेल में रहे थे। हालांकि करीब 298 दिन डॉ. तजीन फात्मा भी जेल में रही थीं। बाद में उन्हें जमानत मिल गई थी। फिर अब्दुल्ला को जमानत मिल गई थी। 17 माह में आजम खां जेल से आए थे, लेकिन 18 अक्टूबर 2023 को अदालत ने आजम खां के बेटे अब्दुल्ला आजम के दो जन्म प्रमाण पत्र बनवाने के मामले में तीनों को सात सात साल की सजा सुनाई थी। हाईकोर्ट से जमानत के बाद डॉ. तजीन फात्मा बुधवार को जेल से बाहर आ गईं। वह सीधे अपने घर के लिए रवाना हो गई।

चेहरे पर मुस्कुराहट के साथ जेल से बाहर डॉ. तजीन ने रखा कदम

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

अमृत विचार : पूर्व सांसद (राज्यसभा) डॉ. तजीन फात्मा ने बुधवार शाम चार बजकर 10 मिनट पर चेहरे पर हल्की मुस्कुराहट के साथ जिला कारागार के बड़े दरवाजे में लगे छोटे दरवाजे से पहला कदम बाहर रखा। जेल के गेट पर काला चश्मा लगाए उनके बड़े बेटे अदीब आजम खां इंतजार में खड़े थे। मां को जेल से बाहर आता देखकर उन्होंने अपना सीधा हाथ चेहरे पर रख लिया। डॉ. तजीन की निगाहें भीड़ में कुछ खोजती रहीं। हर चेहरे को उन्होंने बिना कुछ बोले बहुत गौर से पढ़ा।

एमपी-एमएलए मजिस्ट्रेट कोर्ट ने 18 अक्तूबर 23 को अब्दुल्ला आजम, डॉ. तजीन फात्मा, सपा नेता आजम खां को उनके बेटे अब्दुल्ला आजम खां के दो जन्म प्रमाण पत्र के मामले में सात साल की सजा व 50 हजार रुपये जुर्माना अदा करने की सजा सुनाई थी। इस मामले में 24 मई को हाईकोर्ट से तीनों को राहत मिल गई। बुधवार को डॉ. तजीन फात्मा की रिहाई का परवाना जेल पहुंच गया। इसकी सूचना के बाद पुलिस बल अलर्ट हो गया। डॉ. तजीन फात्मा के समर्थक भी जेल के बाहर पहुंच गए। इस बीच डॉ. तजीन फात्मा को जेल से छोड़ दिया गया।

सच की जीत हुई : तजीन

जेल से छूटने के बाद पूर्व सांसद ने बुधवार शाम मीडियाकर्मियों से अनौपचारिक बातचीत में कहा कि सच की जीत हुई है और हमेशा सच की जीत होती है। उन्होंने डूंगरपुर जमीन मामले में कहा कि सरकारी जमीन पर सरकारी पैसे से सरकारी मकान बने हैं, उसमें मेरा और आजम साहब का कोई लेना-देना नहीं है। उन्होंने मीडियाकर्मियों से शिकायती भरे लहजे में कहा कि उन्हें मीडिया से भी शिकायत है कि सच को सामने नहीं लाया गया। कहा कि हम लोगों को प्लान के तहत सजाएं दी गई हैं। इसमें पुलिस, प्रशासन और सरकार शामिल है। कहा कि इंसाफ की शुरूआत हो गई है।

बस्ती में लूटपाट-चोरी के लगे थे आरोप

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

अमृत विचार : डूंगरपुर बस्ती में लूटपाट और चोरी के मामले में सपा नेता आजम खां का नाम बाद में शामिल किया गया था। हालाकि इस मामले में रिटायर्ड सीओ आलेहसन, बरकत अली, परवेज आलम और फिरोज खां को आरोपी बनाया था। इनकी तीनों आरोपियों की पत्रवालियां अलग चल रही हैं। इसमें अभी सुनवाई चल रही है।

सपा नेता आजम खां के खिलाफ वर्ष 2019 में डूंगरपुर बस्ती में रहने वाले लोगों ने बस्ती खाली कराने के नाम पर लूटपाट,चोरी, मारपीट समेत अन्य धाराओं में गंज थाने में काफी मुकदमे दर्ज कराए थे। इस मामले में पुलिस ने आरोपी रिटायर्ड सीओ आले हसन, ठेकेदार बरकत अली,परवेज आलम और दरोगा फिरोज खान को आरोपी बनाया गया था ,जबकि सपा नेता आजम खां का नाम बाद में खोला गया था। मोहम्मद आजम खान के विरुद्ध चार्जशीट 12 मार्च 2021 को आई थी। जबकि आले हसन, बरकत अली, परवेज आलम और फिरोज खान के विरुद्ध चार्जशीट 19 दिसंबर 2021 को आई थी।

न्यायालय में 25 जुलाई 2022 को मोहम्मद आजम खान, आले हसन एवं बरकत अली के विरुद्ध आरोप तय कर दिए थे। लेकिन बीच में आलेसहन, परवेज आलम और फिरोज खान दरोगा की पत्रावलियों को अलग कर दिया गया। फिलहाल आजम खां अभी जेल में ही हैं।

आजम खां को एक मामले में सजा, दो मामलों में बरी

अब तक डूंगरपुर से जुड़े चार मामलों में फैसला आ चुका है। दो मामलों में आजम खां बरी हो चुके हैं। एक मामले में उनको सजा हो चुकी है, जबकि बुधवार को एक मामले में दोषी करार दिया गया। सपा नेता आजम खां की मुसीबतें बढ़ती जा रही हैं। 24 मई 2024 को आजम खां को हाईकोर्ट से दो जन्मप्रमाण पत्र मामले में जमानत मिली है तो बुधवार को उनको डूंगरपुर से जुड़े एक और मामले में दोषी करार दिया गया है। हालांकि दो मामलों में बरी हो चुके हैं।

> इस मामले में चार लोगों को आरोपी बनाया गया था। आजम खां का नाम बाद में शामिल किया गया था। परवेज आलम, रिटायर्ड सीओ आले हसन और फिरोज खान की पत्रवालियां अलग चल रही हैं। उसमें अभी सुनवाई चल रही है।
>
> – कुमार सौरभ, एडीजीसी

युवती का अश्लील वीडियो वायरल, आरोपी पर कार्रवाई की मांग की

सैदनगर, अमृत विचार: अजीमनगर थाना क्षेत्र में युवती का अश्लील वीडियो वायरल होने से हड़कंप मच गया।

परिजनों ने पुलिस अधीक्षक राजेश द्विवेदी से शिकायत कर आरोपी पर कार्रवाई की मांग की है। क्षेत्र के एक गांव की युवती का रिश्ता पड़ोस के ही युवक के साथ हुआ था। युवक का व्यवहार ठीक न होने के कारण युवती के परिजनों ने रिश्ता तोड़ दिया। इसके बाद आरोपी युवक ने युवती का दूसरी जगह रिश्ता न होने देने की ठान ली। इस दौरान आरोपी युवक ने युवती के अश्लील वीडियो वायरल कर दिए। आरोपी ने वीडियो युवती के परिजनों को भी भेजा। पुलिस क्षेत्र अधिकारी टांडा ने मामले की जांच शुरू कर दी है।

आग लगने से कार में उठतीं लपटें और पास में रखा जेनरेटर। ● अमृत विचार

खड़ी कार में आग लगने से मची अफरा तफरी

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

अमृत विचार: गंज थाना क्षेत्र में खड़ी पुरानी कार में आग लग गई। इससे लोगों में अफरा-तफरी मच गई। दमकलकर्मियों ने आग पर काबू पाया।

गंज थाना क्षेत्र के मोहल्ला जेल रोड टंकी नंबर पांच में सपा नेता आजम खां के घर के पास काफी समय से कार खड़ी हुई थी। बुधवार शाम इस कार से आग की लपटें उठनी शुरू हो गईं। यह देख आसपास के लोग मौके पर आ गए। किसी ने कार में आग लगने की जानकारी फायर ब्रिगेड को दी। दमकल की गाड़ियां मौके पर आ गईं। उसने आग को बुझाया गया, लेकिन उसके पास में एक जेनरेटर रखा हुआ था। लोगों को डर लग रहा था कि जेनरेटर आग नही पकड़ ले।

पुलिस ने तीन वारंटियों को किया गिरफ्तार

टांडा, अमृत विचार : कोतवाली पुलिस ने बुधवार को अभियान चलाकर न्यायालय से जारी गैर जमानती वारंट के आधार पर क्षेत्र के तीन वारंटियों को गिरफ्तार किया। आरोपियों को न्यायालय में पेश किया।

बुधवार को कोतवाली पुलिस ने क्षेत्र में विभिन्न स्थानों पर दबिश देकर अलग-अलग मामलों में वांछित चल रहे तीन वारंटियों को गिरफ्तार कर न्यायालय के समक्ष पेश किया। पुलिस ने बुधवार को आरोपी मोहम्मद रफी निवासी ग्राम सिठला थाना टांडा व राजेश निवासी ग्राम तार का मझरा, मोहम्मद आलिम तुर्क निवासी रहमतपुर शिकारपुर थाना टांडा को न्यायालय से जारी वारंट के आधार पर उनके घर से गिरफ्तार कर लिया। सभी वारंटियों को न्यायालय के समक्ष पेश किया। प्रभारी निरीक्षक ने बताया कि आरोपियों के खिलाफ अलग-अलग न्यायालयों में मामले विचाराधीन हैं।

सभासद, उसके भाई व महिलाओं को पीटा

संवाददाता, टांडा

अमृत विचार : कस्बा दढ़ियाल में रंजिश के चलते कुछ लोगों ने घर में घुसकर सभासद व उसके भाई की पिटाई कर दी। महिलाओं ने बचाने का प्रयास किया तो आरोपियों ने उन्हें भी मारा पीटा। आरोपियों ने सभासद व उसके भाई को घर के बाहर भी दौड़ा-दौड़ाकर पीटा। घटना का वीडियो वायरल हुआ है। घटना रविवार दोपहर की है। पुलिस ने पीड़ित सभासद की तहरीर के आधार पर पहले दो आरोपियों का शांति भंग में चालान किया। बाद में मंगलवार शाम सात लोगों को नामजद कर कुछ अज्ञात के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की है।

कस्बा दढ़ियाल निवासी शादाब अली वार्ड नंबर 12 से निर्वाचित सभासद हैं। उन्होंने बताया कि वार्ड के ही कुछ व्यक्ति उनसे रंजिश रखते हैं। 26 मई की दोपहर दो बजे सभासद अपनी दुकान से घर खाना खाने आए थे। तभी सलीम, नफीस, अतीक, अय्यूब, महमूद, महबूब, मोहम्मद अहमद व कुछ अन्य व्यक्ति उनके घर में घुस आए। आरोप है कि सभासद व उसके भाई जावेद को लाठी-डंडों व धारदार हथियारों से मारा-पीटा। सभासद के घर की महिलाओं ने बचाने का प्रयास किया तो उनके साथ भी मारपीट की। सभासद ने बताया कि वह दिव्यांग एवं कमजोर हैं। पुलिस ने नफीस व फहीम को रविवार शाम हिरासत में लेकर सोमवार को शांति भंग में दोनों का चालान कर दिया। मारपीट का वीडियो क्षेत्र में जमकर वायरल हुआ था। इकसे बाद पुलिस ने मंगलवार शाम सात आरोपियों को नामजद कर कुछ अज्ञात के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरु कर दी है।

सभासद पर लाठी-डंडों से हमला करते आरोपी।

तीन माह पूर्व लापता युवक दिल्ली में मिला, अपहरण का आरोप

संवाददाता, बिलासपुर

● परिजन बोले- नशा सुंघाकर लूट लिए गए 80 हजार रुपये

अमृत विचार : तीन माह पहले 80 हजार रुपये लेकर लापता हुए युवक को परिजनों ने बरामद कर लिया है। युवक का मानसिक संतुलन बिगड़ा हुआ बताया जा रहा है। वह होश में नहीं है।

गांव भटपुरा तारन निवासी अकील अहमद का पुत्र उस्मान अली (22) वर्षीय कारपेंटर है। तीन माह पहले वह घर से 80 हजार रुपये लेकर सामान लेने के लिए रामपुर गया था। मगर, वहां से वह गायब हो गया था। उसका मोबाइल स्विच ऑफ हो गया था। परिजनों ने केमरी थाने में पुलिस को घटना की जानकारी दी थी। पुत्र का अपहरण करने की आशंका जताई थी। पुलिस ने भी उनकी तहरीर को ठंडे बस्ते में डाल दिया था। पुलिस कार्रवाई से मायूस परिजनों ने युवक को ढूंढने में कोई कसर नहीं छोड़ी थी। इस बीच मंगलवार को दिल्ली निवासी किसी अज्ञात व्यक्ति ने परिजनों को फोन से संपर्क किया। उसने बताया कि तुम्हारा पुत्र दिल्ली में मौजूद है। परिजनों ने बताया कि युवक को रामपुर में नशा सुंघाकर उसका अपहरण किया गया था। अपहर्ता उससे 80 हजार रुपये लूटकर रामपुर से उसे दिल्ली ले गए थे। वहां उसे रोजाना जबरन नशा देकर मजदूरी करवाई गई। बताया कि अभी युवक की दिमागी हालत ठीक नहीं है। उसे इलाज के लिए एक निजी अस्पताल में भर्ती करवाया गया है।

काम के समय लाइन से टकराया सरिया, करंट से मजदूर की मौत

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

अमृत विचार : गंज थाना क्षेत्र में बिजली की लाइन से सरिया टकरने से करंट की चपेट में आए मजदूर की मौत हो गई। परिजनों ने विद्युत निगम के अधिकारियों पर लापरवाही का आरोप लगाते हुए जिला अस्पताल में हंगामा किया। बाद में वे बिना पोस्टमार्टम कराए ही शव घर ले गए।

पहाड़ी गेट स्थित नवाज कॉलोनी में नईम बैकरी बनवा रहे हैं। तीतर वाली पाखड़ निवासी मजदूर सऊद (30) बुधवार सुबह वहां कार्य कर रहा था। यहां भूखंड के ऊपर से गुजर रही 11 हजार की लाइन से सरिया टकरा गया। इससे सऊद बुरी तरह से झुलस गया। लोग उसे उपचार के लिए जिला अस्पताल लेकर पहुंचे। जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। घटना की सूचना के बाद परिजन भी मौके पर पहुंच गए।

● नवाज कॉलोनी में निर्माण के दौरान हुई घटना, परिजनों का हंगामा

उन्होंने विद्युत निगम और मकान मालिक पर लापरवाही का आरोप लगाते हुए हंगामा किया। लोगों ने दोनों पक्षों को समझा बुझाकर शांत कराया। इसके बाद परिजनों ने पुलिस से कार्रवाई कराने से मना कर दिया। बाद में वे उसका शव अपने साथ घर ले गए।

सरिया टकराने से पहले भी कई की हो चुकी हैं मौतें

विद्युत निगम के अधिकारियों की अनदेखी के चलते पहले भी कई लोगों की मौत हो चुकी है। एक साल पहले दोमहला रोड स्थित बिजली का जर्जर खंभा सड़क पर गिर गया था। इस दौरान यहां गुजर रहे एक युवक की करंट की चपेट में आने से मौत हो गई थी। बिजली निगम के उच्च अधिकारियों की ओर से जर्जर तारों की मरम्मत कराने के नाम पर सिर्फ खानापूर्ति की जा रही है। शहर के अधिकतर क्षेत्रों में जर्जर खंभों और आबादी के ऊपर से गुजरते 11 हजार लाइन के तारों से हादसों का अंदेशा रहता है।

> पहाड़ी गेट स्थित नवाज कॉलोनी में बिजली के करंटे से मजदूर की मौत होने की कोई जानकारी नहीं है। इस मामले में कोई व्यक्ति बिजली घर भी नहीं आया है।
>
> – संजीव चौरसिया, जेई पहाड़ी गेट बिजलीघर

तैयारी लोकसभा चुनाव में चार जून को होगी मतगणना, प्रत्येक गणना चक्र के बाद प्रत्याशियों को प्राप्त मतों की दी जाएगी जानकारी

मतों के आकड़े अंकित करने के लिए लेखा टीमें रहेंगी तैनात

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

अमृत विचार : जिला निर्वाचन अधिकारी जोगिन्दर सिंह ने बताया कि लोकसभा चुनाव में चार जून को मतगणना होगी। प्रपत्रों में मतगणना के आकड़े अंकित कर टेबूलेशन करने के लिए लेखा टीम की तैनाती की गई है।

बताया कि मतगणना चार जून की सुबह आठ बजे से नवीन कृषि उत्पादन मंडी समिति में शुरू होगी। प्रत्येक गणना चक्र के बाद प्रत्याशियों को प्राप्त मतों को संबंधित प्रपत्रों में अंकित कर आकड़ों की टेबूलेशन की जाएगी। सही आकड़ों को एनकॉर पर अपलोड किया जाएगा। विधानसभा क्षेत्र वार टेबूलेशन के लिए सहायक रिटर्निंग अधिकारी के साथ नियुक्त लेखाकारों में, 34-स्वार के लिए लेखाकार जिला कृषि अधिकारी कार्यालय निर्मल सिंह, लोक निर्माण विभाग के अनूप कुमार राजपूत, 35-चमरौआ के लिए कार्यालय वरिष्ठ कोषाधिकरी लेखाकार नत्थू सिंह मौजूद रहेंगे। इनके अलावा जिला विद्यालय निरीक्षक कार्यालय के सुधीर कुमार, 36-बिलासपुर के लिए कार्यालय वरिष्ठ कोषाधिकारी सहायक लेखाकार विजय सिंह, अधीक्षक उद्यान विभाग के लेखाकार बब्बीलाल को लगाया गया है। 37 के लिए खंडीय लेखाकार अमित जैन लोक निर्माण विभाग प्रान्तीय खंड, कोषाधिकारी कार्यालय के लेखाकर ब्रजेश सक्सेना, 38-मिलक के लिए उप कृषि निदेशक कार्यालय के लेखाकार संजय गौड़, नगर खंड के लेखाकार श्रीकान्त सैनी को नियुक्त किया गया है। इसके अतिरिक्त आरक्षित में समाज कल्याण विभाग के लेखाकार वेदपाल सिंह, जिला कृषि अधिकारी कार्यालय के लेखाकार चन्द्रमोहन नेगी को रखा गया है। उधर, रिटर्निंग अधिकारी के लिए नियुक्त लेखाकारों में 34-स्वार के लिए वरिष्ठ कोषाधिकारी कार्यालय के सहायक लेखाकार रमेश चन्द्र चौधरी हैं। 35 चमरौआ के लिए समाज कल्याण विभाग के सहायक लेखाकार संजीव कुमार बनाए गए। 36 बिलासपुर के लिए जिला पंचायती राज विभाग के लेखाकार अंगनलाल, 37 रामपुर के लिए जिला विकास अधिकारी कार्यालय सैदनगर के लेखाकार दिनेश कुमार को बनाया। 38-मिलक के लिए वरिष्ठ कोषाधिकारी कार्यालय के लेखाकार हिमांशु कुमार रामानन्दी को नियुक्त किया गया है। इसके अतिरिक्त आरक्षित श्रेणी में वरिष्ठ कोषाधिकारी कार्यालय के लेखाकार राजवीर सिंह को रखा गया है।

मतगणना की तैयारियों का जिलाधिकारी ने लिया जायजा

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

अमृत विचार : जिला निर्वाचन अधिकारी जोगिंदर सिंह ने लोकसभा सामान्य निर्वाचन के तहत चार जून को होने वाली मतगणना की तैयारी के संबंध में नवीन मंडी परिसर का निरीक्षण किया।

निरीक्षण के दौरान उन्होंने विधानसभावार बनाए गए मतगणना स्थलों को परखा। उन्होंने जगह-जगह बैरिकेडिंग एवं सुरक्षा के पर्याप्त प्रबंध करने के संबंध में अधिकारियों को निर्देश दिए। मंडी परिसर के प्रत्येक गेट से प्रवेश करने वाले विधानसभावार मतगणना एजेंट एवं मतगणना कार्मिकों के बारे में भी उन्होंने जानकारी प्राप्त की। कहा कि जगह-जगह साइनेज भी लगाए जाएं ताकि मतगणना कार्मिकों और मतगणना एजेंटों को निर्धारित स्थल पर पहुंचने के दौरान किसी भी प्रकार की समस्या का सामना न करना पड़े। गर्मी के दृष्टिगत भी जिला निर्वाचन अधिकारी ने पर्याप्त प्रबंध करने के लिए निर्देशित किया है। निरीक्षण के दौरान उप जिला निर्वाचन अधिकारी हेम सिंह और नगर मजिस्ट्रेट संदीप कुमार वर्मा सहित सभी उपजिलाधिकारी एवं अन्य संबंधित अधिकारी मौजूद रहे।

मतगणना स्थल पर सिटी मजिस्ट्रेट से बातचीत करते जिलाधिकारी जोगिंदर सिंह।

बेटी पर लगाया धोखाधड़ी व जान से मारने का आरोप

संवाददाता, मिलक

● भैंसोड़ी की महिला ने सीओ को डाक से भेजा शिकायती पत्र

अमृत विचार : क्षेत्र के गांव भैंसोड़ी निवासी वृद्धा नरगिस ने बेटी पर धोखाधड़ी कर जमीन अपने नाम कराने और जान से मारने की कोशिश का आरोप लगाया है। इस मामले में पुलिस क्षेत्र अधिकारी को डाक से शिकायती पत्र भेजा है।

सीओ को भेजे पत्र में नरगिस ने लिखा है कि उसके दो पुत्र और एक पुत्री हैं। उसके पति की मृत्यु के बाद जनवरी में उसकी पुत्री उसे बहला-फुसला कर अपने साथ हल्द्वानी ले गई। उसका मोबाइल छीन लिया और किसी रिश्तेदार व दोनों पुत्रों से बातचीत नहीं करनी दी। दोनों पुत्रों को लेकर एक अखबार में संबंध विच्छेद का विज्ञापन प्रकाशित कर दिया। दोनों पुत्रों के खिलाफ झूठा शिकायती पत्र भी दिलवा दिया। पुत्री ने सोने के कुंडल, हार, अंगूठी और एक लाख की नकद राशि भी उससे छीन ली। पुत्री ने 29 जनवरी को उससे जिला बरेली स्थित थाना मीरगंज के ग्राम मंडनपुर परगना में उसकी भूमि का कुछ हिस्सा अपने नाम दान पात्र करवा लिया। आरोप है कि उसकी पुत्री उसे धीरे-धीरे धीमा जहर देने लगी। इससे उसकी आवाज चली गई और उसकी हालत बिगड़ गई। जब उसने बेटी से डॉक्टर को दिखाने के लिए कहा तो वह टाल-मटोल करने लगी। आरोप है कि पुत्री और धेवते ने रात को सोते समय गला दबाकर उसे जान से मारने की कोशिश की। किसी तरह जान बचाकर वह वहां से भाग कर अपने गांव आ गई। वृद्धा ने पुत्री के खिलाफ कानूनी कार्रवाई व दान पत्र द्वारा लिखाई गई जमीन को वापस कराने की मांग की है।

एक नजर

मारपीट के मामले में पांच लोग पकड़े गए

बिलासपुर, अमृत विचार : पुलिस ने मारपीट के मामले में पांच व्यक्तियों को गिरफ्तार किया। बुधवार को प्रभारी निरीक्षक बलवान सिंह ने बताया कि नैनीताल हाईवे पर शराब के ठेके के पास दो पक्षों में मारपीट हो गई। इस दौरान एक पक्ष की ओर से राहुल कुमार, सुमित, विकास निवासीगण मोहल्ला टांडा हुरमतनगर जबकि दूसरे पक्ष की ओर से अरुण सागर निवासी मोहल्ला डाम कालोनी, रिंकू निवासी मुहल्ला कुढ़ फतेहगढ़ थाना छाबड़ा संभल पांच व्यक्तियों को गिरफ्तार कर चालान किया है।

नहर की जमीन पर अवैध कब्जे की शिकायत

मिलक, अमृत विचार : क्षेत्र के ग्राम मोहम्मद नगर खुटिया निवासी पूनम ने जिलेदार नहर खंड को पत्र लिखकर कहा है कि उनके गांव के दो व्यक्तियों अहमदनगर कुंदनपुर और मोहम्मद नगर के बॉर्डर पर स्थित नहर की जमीन को अपने खेत में मिल लिया है। नहर की जमीन में खड़े दो जामुन के पेड़ों को भी अपने खेत में मिल लिया है। यह लोग दोनों जामुन के पेड़ों को कभी भी काट कर बेच सकते हैं।

जगन्नाथ कथा से पहले बरस रहा हरि नाम रस

आस्था के साथ पीपल टोला, चौकी हजियानी, लक्ष्मण दास की समाधि तक निकाली प्रभात फेरी, भजनों पर थिरके भक्त

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

अमृत विचार : जगन्नाथ रस कथा महोत्सव से पहले पूरे जोर शोर से शहर की हर गली में प्रभात फेरी निकाली जा रही है। बुधवार को चौकी हजियानी, पीपल टोला, बाबा लक्ष्मण दास की समाधि आदि जगहरों पर प्रभात फेरी निकाली गई। इस दौरान प्रभात फेरी का भक्तों का स्वागत किया।

कोसी मंदिर स्थित उत्सव पैलेस में सात से नौ जुलाई तक जगन्नाथ की कथा होगी। लेकिन उससे पहले भक्त प्रभात फेरी निकाल रहे हैं। बुधवार को भी प्रभात फेरी निकाली गई, जो ज्वाला मंदिर से पीपल टोला, चौकी हाजियानी, लक्ष्मण दास की समाधि, भैंस खाना आदि होते हुए मिस्टन गंज पर समाप्त हुई। भक्ति में सराबोर जगन्नाथ के भक्तों का टोला जहां से भी गुजर रहा है। भक्ति की अविरल गंगा में लोग डुबकी लगाने के लिए घर से बाहर निकल आते हैं। महिला शक्ति ने कथा के निमंत्रण की कमान अपने हाथ में ले ली है। महिलाएं पूरे जोर शोर से शहर की हर गली में प्रभात फेरी निकाल रही है। कथा करने गोवत्स श्री राधा कृष्ण जी महाराज जोधपुर से आ रहे हैं। उनके साथ ही कुछ और विशेष संतों का सानिध्य भी इस कथा में रहेगा। जगन्नाथ रस कथा महोत्सव जगन्नाथ जी के भक्तों पर आधारित है और जब उन्हें ऐसे सेवक मिल जाएंगे, जो घर-घर जाकर निमंत्रण सेवा दे रहे हैं तो कुछ अनूठा संगम ही होगा। कथा प्रांगण में अनूठा माहौल बन जाएगा। भगवान और भक्तों के इस प्रगाढ़ प्रेम को देखने का सौभाग्य जिन्हें भी मिलेगा वो कृतार्थ हो जाएंगे। इस दौरान रचित मांगलिक, दीपक गुप्ता, पल्लवी, अनिता तुरैहा, बुलबुल, रेणु चौरसिया, प्रतिभा अग्रवाल, पारुल अग्रवाल, अचल अग्रवाल, नीना रस्तोगी, राधिका अग्रवाल, टापस गुप्ता, देवांश, अभिषेक, पंकज रस्तोगी, कोमल, राघव, बीना अग्रवाल, विवेक गुप्ता, सिद्धार्थ शर्मा, हर्षित, पुष्कर, प्रांजल, विपिन आदि शामिल रहे।

भजनों पर थिरकते भक्त। ● अमृत विचार

श्री गुरुद्वारे में शबद कीर्तन करता रागी-जत्था। ● अमृत विचार

गुरुद्वारा में शबद-कीर्तन से संगत हुई निहाल

धमोरा, अमृत विचार : धमोरा बाईपास पर स्थित श्री गुरुद्वारे में बुधवार को श्री गुरु अमरदास जी के प्रकाश पर्व पर रागी जत्थों ने शबद-कीर्तन से संगत को निहाल किया। बुधवार को पंजाब के अमृतसर से आए अकाल तख्त जत्थेदार ज्ञानी रघुवीर सिंह और भाई अमनदीप सिंह ने गुरमत समागम को शुरू किया। उन्होंने कहा कि हमें गुरु के बताए गए रास्ते पर चलना चाहिए। संसार में गुरुजी के प्रकाश को फैलाना चाहिए। संसार में हमें प्रेम भाव को फैलाकर इंसान को इंसानियत पर चलने के लिए प्रेरित करना चाहिए। इस बीच स्वागत-सत्कार भी किया गया। कार्यक्रम में विक्की बाजवा, सिनदर सिंह, रंजीत सिंह, गुरमीत सिंह, गुरजीत सिंह आदि लोग शामिल रहे।

मोहब्बत और एकता का पैगाम देती है ईद : मुकर्रम

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

अमृत विचार : जामा मस्जिद इंतजामिया कमेटी के सचिव हाजी मुकर्रम रजा इनायती ने ईद-उल-अजहा पर चर्चा की। कहा कि हर वर्ष की तरह जनपद में हर्षोल्लास के साथ ईद उल अजहा मनाई जाए। ईद आपसी मोहब्बत और एकता का पैगाम देती है।

मगरिब की नमाज के बाद जामा मस्जिद के हॉल में बैठक हुई। इसमें कमेटी के सदस्यों ने ईद उल अजहा शांतिपूर्वक मनाने की लोगों से अपील की। बैठक में सचिव हाजी मुकर्रम रजा इनायती ने दो माह पहले हुई बैठक का हवाला देते हुए नई बैठक का एजेंडा पढ़कर सुनाया। कहा कि जामा मस्जिद परिसर में दुकानों का निर्माण हो रहा है। उसके बाद जामा मस्जिद के अंदर रंगाई पुताई कराई जाएगी। इसके अलावा कई मुद्दों पर चर्चा होकर एक राय से कमेटी सदस्य सहमत हुए। बैठक में कमेटी अध्यक्ष सैयद शुऐब मियां, सचिव हाजी मुकर्रम रजा इनायती, अब्दुल अजीम खां हाजी फहीम कुरैशी, खालिद हसन सैफी, मौलाना शाहिद अली खां, मोहम्मद आसिफ खां, शकील अहमद आदि रहे।

जामा मस्जिद इंतजामिया कमेटी की बैठक में मौजूद पदाधिकारी। ● अमृत विचार

चौधरी चरण सिंह के चित्र पर पुष्प अर्पित करते प्रदेश महासचिव हसीब अहमद।

चौधरी चरण सिंह ने किसानों के लिए किया काम : हसीब

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

अमृत विचार : भारतीय किसान यूनियन टिकैत के पदाधिकारियों ने बुधवार को पूर्व प्रधानमंत्री चौधरी चरण सिंह की पुण्यतिथि पर उन्हें याद किया। दो मिनट का मौन धारण कर श्रद्धांजलि दी।

प्रदेश महासचिव हसीब अहमद ने कहा कि चौधरी चरण सिंह ने किसानों की सेवा में अपना पूरा जीवन बिता दिया। भाकियू के प्रदेश कैंप कार्यालय में बुधवार दोपहर प्रदेश महासचिव हसीब अहमद व किसान एकत्र हुए। इस मौके पर राहत खां, जुबैद आलम, रामधुन सिंह, प्रदीप कुमार, नीरज सागर, फिदा हुसैन, मुस्तकीम, गुलाम मोहम्मद, सुबहान अली अली मौजूद रहे। उधर, आंबेडकर पार्क में चौधरी चरण सिंह की पुण्यतिथि पर अल्पसंख्यक प्रकोष्ठ के प्रदेश महासचिव मोहम्मद उस्मान बब्लू ने कहा कि चरण सिंह ने गरीब, मजदूरों, किसानों का पूरा ध्यान रखा।

किसानों ने चौधरी चरण सिंह को दी श्रद्धांजलि

रामपुर, अमृत विचार: भारतीय किसान यूनियन भानू के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष मोहम्मद हनीफ वारसी ने कहा कि किसान मजदूर को पहचान और सम्मान दिलाने वाला कोई व्यक्ति अगर था तो वह चौधरी चरण सिंह थे। आज दुनिया में जो किसान मजदूर की पहचान है।

पूर्व प्रधानमंत्री चौधरी चरण सिंह की पुण्यतिथि भारतीय किसान यूनियन भानू के पदाधिकारियों ने मनाई। चित्र पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि अर्पित की। मोहम्मद हनीफ वारसी ने कहा कि किसान मजदूर एकजुट होकर शासन प्रशासन से अपना अधिकार लेने की ताकत में आए। जाति बिरादरी में नहीं बंटे। न ही राजनीतिक पार्टियों के बहकावे में आएं। पंचायत में मुराद खान, इमरान खान, अमन खान, गुड्डू खान, फैजान खान, गुफरान अली, नादिर मियां, चोखेलाल, नाथू सिंह, अब्दुल्ला खान, सैयद जेब मियां आदि रहे।

स्काउट गाइड के साथ टीम लीडर्स। ● अमृत विचार

प्रकृति अध्ययन पर बच्चों को दिए टिप्स

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

अमृत विचार : हिमाचल प्रदेश के शिमला में चल रहे नेचर स्टडी कम ट्रेकिंग कार्यक्रम में बच्चों को जैव विविधता की खोज और प्रकृति अध्ययन पर टिप्स दिए गए। इसमें कार्यक्रम में रामपुर के लीडर भी शामिल हुए।

मास्टर सचिन पाल ने बताया कि इसमें रामपुर से 13 यूनिट लीडर ने सभी 138 प्रतिभागियों के साथ तीसरे दिन बुधवार को सनसेट प्वाइंट पर ले जाया गया। जहां सभी स्काउट गाइड और टीम लीडर्स ने ट्रेकिंग किया। उत्तर प्रदेश की टीम का नाम कालका, अन्य तीन टीम के नाम जाबली, तारा देवी, सलोगड़ा है। जैव विविधता की खोज, प्रकृति अध्ययन पर विचार, प्रकृति के लिए जागरुकता, स्वास्थ्य को सुरक्षित रखने पर अध्ययन किया गया। कार्यक्रम में जिले से प्रतिभागी निदा खुशनुद, भुजवीर सिंह, नितिन राजपूत, सैयद आफाक हुसैन, प्रणव कुमार, आरपी सिंह, फखरुद्दीन, गिरिराज सिंह, श्वेता, करिश्मा, बुशरा खुशनुद, सचिन पाल शामिल रहे।

तहसीलदार ने किरा गोशाला में देखी व्यवस्था

शाहबाद, अमृत विचार : बुधवार को तहसीलदार शिव कुमार शर्मा ने किरा गांव स्थित वृहद गोशाला का निरीक्षण किया। तहसीलदार ने बताया कि गर्मी में वहां गोवंश का रखरखाव कैसा है, इस बाबत औचक निरीक्षण किया गया। उन्होंने बताया कि व्यवस्थाएं संतोषजनक मिलीं। गोवंश का अच्छे से ख्याल रखा जा रहा है। कुछ मामूली खामियां थीं। सुधार के लिए जिम्मेदारों को निर्देशित किया गया है।

वृहद गोशाला का निरीक्षण करते तहसीलदार।

तालाब निर्माण कराने को पोर्टल पर कराएं पंजीयन

रामपुर, अमृत विचार : जिला कृषि अधिकारी नरेंद्र पाल ने बताया कि प्रधानमंत्री कृषि सिंचाई योजना के उप घटक पर ड्राप मोर क्राप के तहत वर्षा जल संचयन के लिए खेत तालाब योजना में लाभार्थी किसानों का चयन प्रथम आवक प्रथम पावक के आधार पर दर्शन पोर्टल पर हो रहा है। योजना के तहत 1320 मीटर तालाब के निर्माण पर 50 प्रतिशत अनुदान, जिसकी अधिकतम सीमा 52500 का भुगतान लाभार्थी को डीबीटी के माध्यम से किया जाएगा। योजना का लक्ष्य पूरा करने के लिए 40 प्रतिशत ऐसे कृषक पात्र होंगे, जिन्होंने आवेदन तिथि तक पिछले सात वर्ष में उद्यान या कृषि विभाग के माध्यम से अपने खेत पर पर ऐसे कृषक पात्रता की श्रेणी में आएंगे।

किशोरियों को सैनेटरी पैड का वितरण

संवाददाता, स्वार

अमृत विचारः सीएचसी चिकित्साधीक्षक डॉ. देवेश चौधरी ने किशोरियों को स्वास्थ्य व माहवारी के दौरान होने वाली समस्याओं के बारे में जागरूक किया। कहा कि यह एक प्राकृतिक क्रिया है, इससे घबराने की जरूरत नहीं है। इस दौरान हरी सब्जियां खाएं। किशोरियों को सैनेटरी पैड का वितरण किया गया।

नगर पंचायत नरपतनगर दूंदावाला, गांव पसियापुरा, समोदिया, मिलकखानम, मसवासी, नानकार रानी, माटखेड़ा, पट्टीकलां समेत हर केंद्र में बुधवार को अंतर्राष्ट्रीय माहवारी स्वच्छता दिवस मनाया गया। चिकित्साधीक्षक ने किशोरियों एवं महिलाओं को माहवारी के बारे में जानकारी दी। बताया कि जीवनशैली में सुधार करने के साथ ही व्यायाम करना चाहिए। इससे शरीर में हार्मोन का प्रवाह सही तरीके से होता है। अधिकतर किशोरियां माहवारी में पीसीओडी व फाइब्रॉयड जैसी बीमारियों से जूझती हैं। इसका कारण जीवनशैली का बिगड़ना व फास्टफूड का सेवन करना है।

खानपान, जीवनशैली और सफाई का ध्यान रखेंगे तो गंभीर बीमारियों से बचा जा सकता है। माहवारी के दौरान शरीर से खून प्रवाह होता है। इससे खून की कमी हो जाती है। खून को पूरा करने के लिए हरी सब्जी, पौष्टिक आहार, नींबू आदि का सेवन करना चाहिए। सैनेटरी पैड का इस्तेमाल सही तरह से करने के साथ ही साफ-सफाई का विशेष ध्यान रखना चाहिए। इस दौरान एएनएम गीता विष्ट, रुखसार, रहनुमा, शहनाज, सुधा, कमलेश, सीमा कंबोज, शीला देवी समेत समस्त एएनएम सेंटरों पर मौजूद रहीं।

महिलाओं को सैनेटरी पैड बांटती एएनएम। ● अमृत विचार

अल्ट्रासाउंड, एक्सरे का बढ़ाया जाए समय

रामपुर, अमृत विचार: उत्तर प्रदेश कांग्रेस सेवा दल के प्रदेश सचिव सैयद विक्की मियां ने मुख्य चिकित्सा अधिकारी से मुलाकात कर कहा कि अस्पताल में अल्ट्रासाउंड, ब्लड, एक्स-रे आदि की जांच का समय बढ़ाया जाए। जांच का समय 12 से बढ़ाकर 2 बजे तक किया जाए। इस अवसर पर जहीर खां, विनोद कुमार, सुहेल आदि मौजूद रहे।

एसपी को दिया पत्र

रामपुर, अमृत विचार : थाना टांडा के एक गांव निवासी एक व्यक्ति ने पुलिस अधीक्षक को पत्र दिया है। पत्र में कहा गया है कि 27 मई को मजदूरी करने के लिए भट्ठे पर गया था। उसकी नाबालिग बेटी भट्ठे पर उसे खाना देने गई थी। जब वह खाना देकर घर जा रही थी। तो गांव के ही कुछ लोगों ने गंदी नियम से जबरदस्ती दबोच लिया। इस मामले की शिकायत कोतवाली पुलिस से की गई। लेकिन अभी तक पुलिस द्वारा आरोपियों द्वारा रिपोर्ट दर्ज नहीं की गई है। पत्र में किशोरी से दुष्कर्म करने का आरोप लगाया है।

छात्राओं को सैनेटी नैपकिन वितरित करतीं डॉ. रूमा। ● अमृत विचार

कस्तूरबा गांधी विद्यालय में छात्राओं को किया जागरूक

संवाददाता, शाहबाद

अमृत विचार : कस्तूरबा गांधी आवासीय विद्यालय में बुधवार को माहवारी स्वच्छता जागरूकता दिवस मनाया गया। इसमें किशोरियों को जागरूक किया गया।

बताया कि किशोरियों को माहवारी के दौरान कई तरह की चुनौतियों का सामना करना पड़ता है। हर वर्ष मई में विश्व मासिक धर्म स्वच्छता दिवस मनाया जाता है। इससे उन्हें झिझक छोड़ने और इस बारे में खुलकर बात रखने का मौका मिलता है। शोरियों को आयरन की गोली व सैनेट्री नैपकिन का वितरण भी किया गया। इस दौरान डॉ. रूमा एवं ब्लॉक कोर्डिनेटर अर्चना सक्सेना मौजूद रहीं।

मौसम का असर भारत स्काउट और गाइड की ओर से रोडवेज बस अड्डा परिसर में लगाया गया शीतल जल शिविर

यात्रियों ने शीतल जल पीकर गर्मी से पाई राहत

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

अमृत विचार : भारत स्काउट और गाइड ने रोडवेज बस अड्डा परिसर में आयोजित निशुल्क शीतल जल सेवा शिविर के छठे दिन बुधवार को यात्रियों को ठंडा पानी पिलाया। जिला सहकारी बैंक के अध्यक्ष मोहन लाल सैनी ने कहा कि स्काउट गाइड की सेवा व्यर्थ नहीं जाएगी। कहा कि यह बच्चे देश का नाम रोशन करेंगे। जिस सेवाभाव से बच्चे कार्य कर रहे हैं। इसके लिए वह बधाई के पात्र हैं।

बुधवार को भारत स्काउट और गाइड की ओर से रोडवेज बस अड्डे पर जलसेवा शिविर लगाया गया। इस मौके पर पहुंचे जिला सहकारी बैंक के अध्यक्ष मोहन लाल सैनी ने भी यात्रियों को रोक-रोककर शीतल जल पिलाया। कन्या इंटर कॉलेज के प्रबंधक प्रमोद कुमार जैन ने कहा कि भीषण गर्मी में भारत स्काउट और गाइड की सेवा तारीफ लायक है। इस अवसर पर मुख्य आयुक्त बलराम सिंह, कपिल आर्य, कोषाध्यक्ष अनिल कुमार शर्मा, जिला सचिव ओम प्रकाश सैनी, कमल कुमार आर्य, अलका जैन, अंजू जैन, एआरएम, दीपचंद जैन ने यात्रियों को शीतल जल पिलाकर सेवा कार्य किया। इस अवसर पर रागिनी सक्सेना, लीना जैन, डा. सिद्धांत जैन, जिला संगठन आयुक्त नरवन्त कौर, जीतू कुमार, सुभाष चन्द्र, लक्ष्मी यादव, डॉ. रुपा अग्रवाल, शिव शंकर, प्रेमशंकर, जमाल फात्मा, अलका जैन, प्रमोद कुमार जैन आदि मौजूद रहे।

रोडवेज बस अड्डे पर यात्रियों को जल पिलाते मोहन लाल सैनी। ● अमृत विचार

राहगीरों को शरबत बांटते लोग। ● अमृत विचार

छबील लगाकर लोगों को पिलाया शरबत

मसवासी, अमृत विचार : नगर में स्वार-काशीपुर मुख्य मार्ग पर छबील लगाकर भीषण गर्मी में लोगों ने राहगीरों को राहत दिलाने के उद्देश्य से शरबत वितरित किया। लोगों ने शरबत पीकर भीषण गर्मी में राहत महसूस की। इस मौके पर समाजसेवी विनोद पाल, राकेश मौर्य, प्रेम दिवाकर, अली राज, नफीस सैफी, प्रमोद, शकील, प्रेम मौर्य, पप्पू, रिफाकत, नन्हें, इंद्र कुमार आदि मौजूद रहे।

लोगों ने शरबत पीकर बुझाई प्यास

बिलासपुर, अमृत विचार : भीषण गर्मी के दौरान क्षेत्र में जगह-जगह सामूहिक रूप से शरबत की छबील लगाकर राहगीरों का गला तर कराया जा रहा है।

बुधवार सुबह नैनीताल हाईवे पर विवेक कुमार अग्रवाल व अन्य लोगों ने शरबत की ढबील लगाई। इस दौरान लोगों ने हाईवे से गुजर रहे वाहनों को रोक-रोककर यात्रियों को शरबत पिलाया। भीषण गर्मी में यात्रा कर रहे बच्चों सहित अन्य यात्रियों ने शरबत पीकर राहत की सांस ली। लोगों को स्वादिष्ट चने का प्रसाद भी वितरण किया गया। व्यवस्था में मनी अग्रवाल, नितिन अग्रवाल, कैलाश यादव, लखन यादव, विसंबर यादव, अनिल यादव, रमेश यादव, कमल यादव, अंगन लाल सहित आदि लोग रहे। उल्लेखनीय है कि इस समय गर्मी का प्रकोप बहुत अधिक है।

प्रवेश प्रारम्भ

बरेली इंटरनेशनल यूनिवर्सिटी, बरेली

बी.आई.यू. कॉलेज ऑफ फार्मेसी
फार्मेसी काउंसिल ऑफ इंडिया (PCI), न्यू दिल्ली द्वारा मान्यता प्राप्त
- डी. फार्मा (2 वर्षीय)
- एम. फार्मा (फार्मास्यूटिक्स) (2 वर्षीय)
- बी. फार्मा (4 वर्षीय)
- एम. फार्मा (फार्माकोलॉजी) (2 वर्षीय)

रोहिलखंड कॉलेज ऑफ फार्मेसी
फार्मेसी काउंसिल ऑफ इंडिया (PCI), न्यू दिल्ली द्वारा मान्यता प्राप्त
- डी. फार्मा (2 वर्षीय)
- बी. फार्मा (4 वर्षीय)

रोहिलखंड मेडिकल कॉलेज एंड हॉस्पिटल कैंपस, पीलीभीत बाईपास रोड, बरेली (उत्तर प्रदेश)

केशलता कॉलेज ऑफ फार्मेसी
फार्मेसी काउंसिल ऑफ इंडिया (PCI), न्यू दिल्ली द्वारा मान्यता प्राप्त
- डी. फार्मा (2 वर्षीय)

मो. 9457672942
केशलता हॉस्पिटल कैंपस, डेलापीर रोड, बरेली (उत्तर प्रदेश)

बी.आई.यू. कॉलेज ऑफ मैनेजमेंट
- एम.एच.ए. (2 वर्षीय)
- एम.पी.एच. (2 वर्षीय)

रोहिलखंड मेडिकल कॉलेज एंड हॉस्पिटल कैंपस, पीलीभीत बाईपास रोड, बरेली
For Registration : Online - www.biu.edu.in, offline - Admission Cell Administrative Block, BIU (9105500202),
E-mail : repsbareilly@gmail.com, bareillyrcps@gmail.com

प्रवेश हेतु संपर्क करें :-
डॉ. आशीष शर्मा (9105500202) श्रीमती रिचा गुप्ता (9105500404) योगेन्द्र सिंह (9760578366)

प्रवेश प्रारम्भ

बरेली इंटरनेशनल यूनिवर्सिटी, बरेली

फैकल्टी ऑफ पैरामेडिकल साइंसेज
उत्तर प्रदेश स्टेट मेडिकल फैकल्टी, लखनऊ द्वारा मान्यता प्राप्त
- बैचलर इन मेडिकल लेबोरेटरी साइंस (बी.एम.एल.एस.) (3 वर्षीय)
- बैचलर इन फिजियोथिरेपी (बी.पी.टी.) (4 वर्षीय)
- बैचलर ऑफ आप्टोमेट्री (बी. आप्टम) (3 वर्षीय)
- बैचलर इन मेडिकल रेडियोलॉजिक इमेजिंग टेक्नॉलॉजी (बी.एम.आर.आई.) (3 वर्षीय)
- बैचलर इन ऑपरेशन थियेटर टेक्नोलॉजी (बी.ओ.टी.टी) (अगामी पाठ्यक्रम) (3 वर्षीय)
- एम.एस.सी. क्लीनिकल एंब्रियोलॉजी (अगामी पाठ्यक्रम) (2 वर्षीय)
- मास्टर इन मेडिकल लेबोरेटरी साइंस (एम.एम.एल.एस. (अगामी पाठ्यक्रम) (2 वर्षीय)
- मास्टर ऑफ फिजियोथिरेपी (एम.पी.टी.) (अगामी पाठ्यक्रम) (2 वर्षीय)

फैकल्टी ऑफ फॉरेंसिक साइंसेज
- बी.एस.सी. फॉरेंसिक साइंस (3 वर्षीय) (डिग्री कोर्स)

रोहिलखंड मेडिकल कॉलेज एंड हॉस्पिटल
उत्तर प्रदेश स्टेट मेडिकल फैकल्टी, लखनऊ द्वारा मान्यता प्राप्त
- डिप्लोमा इन एक्स-रे टेक्नीशियन (2 वर्षीय)
- डिप्लोमा इन लैब टेक्नीशियन (2 वर्षीय)
- डिप्लोमा इन रेडियोथिरेपी टेक्नीशियन (आगामी पाठ्यक्रम) (2 वर्षीय)

रोहिलखंड कॉलेज ऑफ पैरामेडिकल साइंसेज
उत्तर प्रदेश स्टेट मेडिकल फैकल्टी, लखनऊ द्वारा मान्यता प्राप्त
- डिप्लोमा इन डायलेसिस टेक्नीशियन (2 वर्षीय)
- डिप्लोमा इन एम.आर.आई. टेक्नीक्स (2 वर्षीय)
- डिप्लोमा इन इमरजेन्सी एण्ड ट्रामा केयर टेक्नीशियन (2 वर्षीय)
- सर्टिफिकेट इन सेनीटेशन (1 वर्षीय)

For Registration : Online - www.biu.edu.in, offline - Admission Cell Administrative Block, BIU (9105500202),
E-mail : repsbareilly@gmail.com, bareillyrcps@gmail.com

प्रवेश हेतु संपर्क करें :-
डॉ. आशीष शर्मा (9105500202) श्रीमती रिचा गुप्ता (9105500404) डॉ. प्रशांत गुप्ता (8445508214)

एक नजर

युवक को जख्मी करने में डंपर चालक पर रिपोर्ट

शाहबाद, अमृत विचार : ठेली में टक्कर मारकर युवक को जख्मी करने में डंपर चालक पर पुलिस ने केस दर्ज कर लिया है। मोहलिया गांव निवासी सतीश के अनुसार उसका भतीजा विनोद कुमार मंगलवार सुबह पड़ोसी गांव रम्पुरा में ठेली से सामान लेने गया था।आरोप है कि रास्ते में डंपर ने उसकी ठेली को टक्कर मार दी। हादसे में वह बुरी तरह जख्मी हो गया। उसे भर्ती कराया गया है। इस मामले में रिपोर्ट दर्ज कर ली गई है।

चोरी की बाइक के साथ आरोपी गिरफ्तार

रामपुर, अमृत विचार : मिलकखानम पुलिस ने चोरी की बाइक और एक तमंचे के साथ एक आरोपी को गिरफ्तार कर लिया। उसके बाद कोर्ट में पेश किया। वहां से उसको जेल भेज दिया गया। सड़क पर चेकिंग के दौरान बुधवार को थाना मिलकखानम पुलिस ने आरोपी जसंवत उर्फ जस्सी पुत्र दीवान सिंह निवासी ग्राम कंगन गढ़ी को शक होने पर रोक लिया।वाहन के कागजात मांगने पर वह नहीं दिखा सका। जिसके बाद पुलिस उसको थाने ले आई। जहां उसने सख्ती से पूछताछ करने पर बताया कि यह चोरी की बाइक है। उसके पास तमंचा मिला।

तापमान पहुंचा 44 डिग्री सेल्सियस तपिश व तेज धूप ने झुलसाया शरीर

सड़कों पर आवाजाही रही कम, गर्मी से राहत की अभी उम्मीद नहीं

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

अमृत विचार : जिले में बुधवार को पारा 44 डिग्री सेल्सियस पहुंच गया। दिनभर लू ने सताया। तापमान बढ़ने पर लोग पूरे दिन पसीने से तरतबर हो गए। लोगों ने नहरों और तालाबों में डुबकी लगाकर गर्मी से राहत पाई। दोपहर को सड़कों पर सन्नाटा पसरा रहा। लोगों जरूरी कार्यों से सिर पर गमछा या स्कार्फ बांधकर निकले।

पूरे दिन आसमान से सूरज तपिश बरसाता रहा। सुबह 10 बजे से सूरज की तपिश से लोग बेचैन रहे। सुबह से ही लू चलना शुरू हो गई। मौसम वैज्ञानिक, अभी और गर्मी बढ़ने के आसार जता रहे हैं। दोपहर तक तापमान 44 डिग्री सेल्सियस तक पहुंच गया। न्यूनतम तापमान- 29 डिग्री सेल्सियस रहा। जबकि, आर्द्रता 34 प्रतिशत रहने से उमस का एहसास नहीं हुआ। हालांकि, घर और दफ्तर से बाहर निकलते ही लू के थपेड़े लगे। मौसम वैज्ञानिकों की मानें तो अगले पांच दिन मौसम शुष्क रहने का अनुमान है। दिनों-दिन गर्मी बढ़ती जा रही है और पूरा दिन सूर्य देव आग बरसा रहे हैं। चिलचिलाती धूप और लू चलने के कारण गर्मी से बचने के लिए लोग बेल, गन्ने और अन्नास का शरबत पीते रहे। 16 किमी. प्रति घंटे की रफ्तार से चली गर्म हवा से बचने को लोग अंगोछा और स्कार्फ से चेहरे को ढकते रहे। कृषि विश्वविद्यालय मेरठ में मौसम वैज्ञानिक डॉ. उदय प्रताप शाही ने बताया कि अगले दो दिन तापमान बढ़ने से मौसम गर्म रहेगा। तापमान 45 डिग्री सेल्सियस तक पहुंचने का अनुमान है। इसके अलाव मौसम शुष्क रहेगा।


गर्मी से बचने के लिए कपड़ा लपेटकर जातीं स्कूटी सवार महिलाएं। ● अमृत विचार

शरबत पिलाकर राहगीरों का गला तर कराया

रामपुर, अमृत विचार : भीषण गर्मी को देखते हुए प्रतीक मेडिकल स्टोर निकट जिला चिकित्सालय पर राहगीरों को शरबत पिलाया गया। गर्मी में शरबत पीकर राहगीरों ने खुशी जताई। मेडिकल के स्वामी आनन्द प्रकाश शर्मा ने राहगीरों से इस भीषण गर्मी में बचने के लिए अनुरोध किया। इस मौके पर प्रतीक शर्मा, विक्की सैनी, हसन खान, जीशान खान, मोहम्मद शान, सचिन सैनी, अरुण प्रेम आदि लोग मौजूद रहे।

बाहर बिकने वाले पदार्थों के सेवन से बच्चों को रखें दूर : सीएमएस

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

अमृत विचार : घर से बाहर बिक रहे खाद्य पदार्थों का सेवन करने से लोग बीमार हो रहे हैं। जिला अस्पताल में रोगियों की संख्या बढ़ रही है। ऐसे में चिकित्सक लोगों से गर्मी के मौसम में लोगों से एहतियात बरतने की सलाह दे रहे हैं। सीएमएस डॉ. एचके मित्रा ने कहा कि बच्चों को बाहर बिकने वाले खाद्य पदार्थ नहीं खाने दें।

खाद्य पदार्थों का सेवन करने पर स्वास्थ्य पर असर पड़ रहा है, इससे उलटी, दस्त बुखार की शिकायत हो रही है। इसी के चलते शरीर में पानी की कमी भी हो रही है। बाल रोग विशेषज्ञ डा.पल्लव सिंघल ने बताया कि भीषण गर्मी में बच्चों को घर से बाहर न निकलने दें। पानी ज्यादा पिलाएं। घर में बने खाद्य पदार्थों का ही प्रयोग करें। बुधवार को जिला अस्पताल में 1095 रोगियों की ओपीडी हुई। पुरानी बिल्डिंग में बना डायरिया वार्ड में रात 12 से दोपहर दो बजे 50 रोगी। दूसरी मंजिल पर बना बच्चा वार्ड में 20 नए रोगी भर्ती हुए। कुल मिलाकर दोनों वार्डों में 70 रोगी भर्ती हुई। इसके अलावा हड्डी रोग, जुकाम, बुखार के मरीजों ने चिकित्सकों ने परामर्श लिया। सुबह दस से दोपहर 2 बजे तक चिकित्सकों के कक्ष के बाहर रोगियों की भीड़ लगी रही। जनरल फिजिशियन डॉ. दशरथ सिंह, डॉ. डीके वर्मा और डॉ. शंशाक झा ने रोगियों को परामर्श दिया।

कहा कि घर से बाहर निकलते समय काफी एहतियात बरतने की जरुरत है, ज्यादा जरुरी हो तो घर से बाहर निकलें अन्यथा घर से बाहर नहीं निकलें। इसके अलावा घर के बाहर बिक रहे पदार्थों का सेवन नहीं करें। इससे स्वास्थ्य पर काफी असर पड़ रहा है।

जिला अस्पताल में मौजूद रोगियों की भीड़। ● अमृत विचार

- **जिला अस्पताल के डायरिया बच्चा वार्ड में रोगियों की भीड़ रोजाना भर्ती हो रहे 50 रोगी**

ओवरलोडिंग में पकड़े छह वाहन

संवाददाता, मसवासी

अमृत विचार : खनन अधिकारी ने बिना प्रपत्र ओवरलोडिंग में खनन लदे छह वाहनों को पकड़ कर सीज किया है। पकड़े गए सभी वाहन पुलिस को दे दिए हैं। कार्रवाई से खनन के धंधेबाजों में हड़कंप मचा हुआ है।

पुलिस-प्रशासन की कोशिशों के बाद भी अवैध खनन और ओवरलोडिंग पर अंकुश नहीं लग पा रहा है। गंगा एक्सप्रेस-वे की आड़ में धड़ल्ले से खनन लदे ओवरलोड वाहन दौड़ रहे हैं। एसडीएम अवनीश कुमार छापेमारी कर कार्रवाई भी कर रहे हैं। इसके बावजूद खनन धंधेबाज हरकतों से बाज नहीं आ रहे हैं। मंगलवार देर रात खनन अधिकारी अमित रंजन और खान निरीक्षक अजय कुमार ने पट्टीकलां की ओर से आ रहे कई ओवरलोड खनन से लदे वाहनों को मसवासी चौराहे पर खनन चेकपोस्ट के पास रोक लिया। चालकों से खनन संबंधित कागजात अथवा रायल्टी तलब की गई, लेकिन उनके पास कोई प्रपत्र नहीं मिले। खनन अधिकारी ने बताया कि बिना प्रपत्र ओवरलोडिंग में खनन लदे छह वाहनों को पकड़ कर सीज किए गए हैं। उन्होंने बताया कि सीज किए गए पांच वाहन स्वार एवं एक वाहन टांडा पुलिस की सुपुर्दगी में दिया गया है। कार्रवाई से खनन धंधेबाजों में हड़कंप मचा हुआ है।

पकड़े गए खनन वाहनों के खिलाफ कार्रवाई करते खनन अधिकारी। ● अमृत विचार

सख्ती

- **गंगा एक्सप्रेस-वे निर्माण की आड़ में दौड़ रहे ओवरलोड वाहन**
- **चालकों से खनन संबंधित कागजात मांगे तो नहीं दिखाए**

पेट्रोल डालने को लेकर पंपकर्मी से मारपीट

मसवासी, अमृत विचार : बाइक में पेट्रोल डालने को लेकर युवक की पंपकर्मी से कहासुनी हो गई। दोनों में मारपीट भी हुई। पंपकर्मी ने नामजद तहरीर पुलिस को देकर कार्रवाई की मांग की है।

नगर के चौराहे के नजदीक बाजपुर मार्ग स्थित पेट्रोल पंप पर मंगलवार देर रात बाइक में पेट्रोल डालने को लेकर क्षेत्र के गांव बिजारखाता निवासी एक युवक की पंपकर्मी से कहासुनी हो गई। आरोप है कि युवक ने पंपकर्मी से गाली-गलौज शुरू कर दी। पंपकर्मी ने विरोध किया तो मारपीट हो गई। इससे पेट्रोल पंप पर अफरा-तफरी मच गई। पेट्रोल पंप पर काफी देर तक हाईवोल्टेज ड्रामा चला। मामले की सूचना मिलने पर पुलिस भी मौके पर पहुंच गई। मामले की नामजद तहरीर पंपकर्मी चमन की ओर से पुलिस को दी गई है। चौकी इंचार्ज रोहित कुमार ने बताया कि मामले में बिजारखाता गांव निवासी जावेद को हिरासत में लेकर स्वार कोतवाली भेज दिया।

स्थान बदलने के बाद भी मार्ग पर लगा बाजार

संवाददाता, मसवासी

अमृत विचार : जाम की समस्या से निजात दिलाने के लिए नगर पंचायत प्रशासन ने साप्ताहिक बाजार का स्थान परिवर्तित कर दिया गया था। इससे फड़ विक्रेताओं में खलबली मच गई थी। साप्ताहिक बाजार स्थल के गेट पर ताला भी डाल दिया गया था। इसके बाद फल विक्रेता अपना सामान नए स्थल पर लेजाकर बाजार लगाई थी। लहसुन और मिर्च का बाजार अभी भी मुख्य मार्ग के किनारे ही लग रहा है। इसके चलते जाम लगा रहा है।

नगर में शुक्रवार को सब्जी का बाजार जबकि, बुधवार और रविवार को लहसुन और मिर्च का साप्ताहिक बाजार लगता था। साप्ताहिक बाजार मुख्य मार्ग के किनारे लगने के कारण जाम की समस्या बनी रहती थी। 17 मई को नगर के सर्वहितकारी इंटर कॉलेज के सामने लगने वाले साप्ताहिक बाजार का स्थान परिवर्तन करने के लिए नगर पंचायत प्रशासन के द्वारा साप्ताहिक बाजार स्थल के गेट में ताला डाल दिया गया था। फड़ विक्रेता जब बाजार में अपना सामान लेकर पहुंचे और उन्होंने बाजार स्थल के गेट पर ताला लगा देखा तब उनमें खलबली मच गई थी। 24 मई शुक्रवार फल विक्रेता फिर से अपना सामान लेकर नगर पंचायत के साप्ताहिक बाजार स्थल पर पहुंच गए। बाजार लगाने की जानकारी नगर पंचायत प्रशासन को हुई तो कर्मचारियों ने फिर से साप्ताहिक बाजार स्थल के गेट में ताला डाल दिया। शुक्रवार को लगने वाले सब्जी के साप्ताहिक बाजार के स्थान को तो परिवर्तित कर दिया गया, लेकिन रविवार और बुधवार को सुल्तानपुर पट्टी मुख्य मार्ग के किनारे लगने वाले लहसुन और मिर्च के स्थान को परिवर्तित नहीं किया गया है। लहसुन और मिर्च का बाजार सुल्तानपुर पट्टी मुख्य मार्ग के किनारे ही लगाया गया था और बुधवार को भी तमाम लहसुन और मिर्च विक्रेताओं ने सड़क के किनारे कट्टे रखकर बाजार लगाया। जिसको लेकर नगर पंचायत प्रशासन के द्वारा मामले में कोई संज्ञान नहीं लिया गया है। नगर पंचायत के इस कार्यशैली के चलते सब्जी फड़ विक्रेताओं में नगर पंचायत प्रशासन के प्रति रोष व्याप्त है।

सुल्तानपुर पट्टी मुख्य मार्ग किनारे दुकानें लगाए कारोबारी। ● अमृत विचार

मनमानी

- **सब्जी विक्रेताओं में नगर पंचायत प्रशासन के खिलाफ रोष**
- **मार्ग किनारे बाजार लगने से जाम में फंसते हैं वाहन सवार**

ठाकुर जी को फूलों का अभिषेक व 56 भोग लगा

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

अमृत विचार : श्री हरिनाम प्रचार समिति की ओर से उत्सव पैलेस में बुधवार को 14वां गीताज्ञान महोत्सव एवं कृष्णमय भव्य संकीर्तन का आयोजन किया गया। इसमें कुरूक्षेत्र इस्कॉन के अध्यक्ष साक्षी गोपाल दास ने प्रवचन सुनाकर आध्यात्मिक चेतना का प्रवाह किया। भजन कीर्तन और पुष्प वर्षा से वातावरण कृष्ण भक्ति में डूबा रहा। ठाकुर और राधा-रानी के समक्ष दीप प्रज्ज्वलन करके कार्यक्रम का आरंभ हुआ।

कोसी मंदिर रोड स्थित उत्सव पैलेस में बुधवार को मुख्य आयोजक नरेश चंद्र गुप्ता, विनोद कुमार अग्रवाल, योगेश कुमार गुप्ता, डॉ. केके अग्रवाल, प्रमोद अग्रवाल आदि ने पूजन किया। ठाकुर जी को सवामन फूलों का भव्य अभिषेक और छप्पन भोग लगाया गया। साक्षी गोपाल दास ने कहा कि इस्कान में भागवत गीता के संदेश का मुख्य उद्देश्य भक्ति और ध्यान के माध्यम से आत्मिक विकास और जीवन के सार्थकता की ओर ले जाना है। धर्म कर्म और योग भगवद्गीता में सही अर्थ सिखाया गया है। कर्म करते समय आत्मा को इश्वर के प्रति समर्पित करना चाहिए। सही जीवन का उद्देश्य है आत्मा के मोक्ष की प्राप्ति है। बताया कि भगवान श्री कृष्ण एक परमात्मा हैं, जो सभी जीवों का परम मित्र, परम गुरु और परम प्रेमी हैं। उनके भक्ति में लीन होने से व्यक्ति की आत्मा का परमात्मा के साथ एकता होती है और उसे आत्मिक शांति और सुख का अनुभव होता है।इस भक्ति मार्ग में प्रेम, सेवा, और समर्पण के माध्यम से व्यक्ति अपने जीवन को दिव्यता की ओर अग्रसर करता है। वहीं भजनों की रसवर्षा में लोग खूब झमे। बाद में आरती और महाप्रसाद का कार्यक्रम हुआ। इस मौके पर सचिन अग्रवाल, अशोक अग्रवाल, सागर अग्रवाल, डा. पीके पुरोहित, डा. आरके सिंह, नीरज अग्रवाल, सूर्य प्रकाश, वीरेन्द्र गर्ग, पंडित रामबाबू शर्मा, डा. अजय सिंघल, संजय गुप्ता, पंकज अग्रवाल, हरिओम गुप्ता, हरिओम सक्सेना, ममता अग्रवाल, चित्रा अग्रवाल, आशीष रस्तोगी आदि रहे।

उत्सव पैलेस में राधा-कृष्ण की सजी झांकी। ● अमृत विचार

- **कृष्ण भक्ति में समाहित है प्रेम सेवा और समर्पण : साक्षी**

हर विभाग में हो रहा है किसानों का उत्पीड़न

रामपुर, अमृत विचार : भारतीय किसान यूनियन तोमर के प्रदेश उपाध्यक्ष संजोर अली पाशा तहसील स्वार पहुंचे। पंचायत में सभी किसानों की समस्याओं को सुना।

बुधवार की दोपहर हुई पंचायत में प्रदेश उपाध्यक्ष ने कहा कि जिले में किसानों का उत्पीड़न हर विभाग में हो रहा है, जो बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। जिला स्वास्थ्य विभाग और जो तहसीलों में विभाग हैं। उनमें किसानों का उत्पीड़न बंद किया जाए। चेतावनी देते हुए कहा कि किसी भी विभाग में किसानों का उत्पीड़न होता है तो चार जून के बाद धरने प्रदर्शन किए जाएंगे। जिस विभाग में किसानों का उत्पीड़न होगा। उस विभाग के अधिकारियों के पुतले जलाए जाएंगे। उनकी शिकायत नाम सहित जिला अधिकारी को दी जाएगी। पंचायत में जिला अध्यक्ष शारिक इकबाल, राशिद, गुड्डू खान, राजा अली, जुनैद खान, लियाकत हुसैन, सगीर अहमद, सुहैल पाशा, हाजी रहमान आदि रहे।

क्रिकेट टूर्नामेंट के फाइनल में टांडा की टीम ने बिसनपुरी को हराया

संवाददाता, शाहबाद

अमृत विचार : गांव अनवा में हुए क्रिकेट टूर्नामेंट में बुधवार को टांडा की टीम ने फाइनल मैच में बिसनपुरी को तीन विकेट से हराकर फाइनल जीत लिया। क्रिकेट टूर्नामेंट के फाइनल मैच को देखने के लिए काफी संख्या में क्रिकेट प्रेमी पहुंचे और खिलाड़ियों की हौसला अफजाई की।

गांव अनवा में अनवा क्रिकेट क्लब की ओर से आयोजित टूर्नामेंट का फाइनल मुकाबला बुधवार को टांडा और बिसनपुरी की टीमों के बीच खेला गया। टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए बिसनपुरी की टीम ने 14 ओवर में 72 रन बनाए। लक्ष्य का पीछा करने उतरी टांडा की टीम ने सात विकेट खोकर 12वें ओवर में लक्ष्य हासिल कर लिया। फाइनल और पूरे टूर्नामेंट में गेंदबाजी से शानदार प्रदर्शन के लिए नजरुल सलमानी को मैन ऑफ द मैच और मैन ऑफ द सीरीज दी गई। टांडा टीम की कप्तानी पुष्पेंद्र सिंह ने की और टीम में उमेश गौतम, अनेक पाल, आमिर सलमानी, दिलदार सिंह, पुष्पेंद्र तिवारी, संजीब कुमार, उदय रतन, नहीम सलमानी, नजरुल सलमानी, सानू सलमानी खिलाड़ी शामिल रहे।

विजय मुद्रा में टांडा की टीम के खिलाड़ी। ● अमृत विचार

- **गेंदबाज नजरुल को मिला मैन ऑफ द मैच और मैन ऑफ द सीरीज**

बैठक में निर्देश देते एएसपी अतुल कुमार श्रीवास्तव।

एएसपी ने पुलिसकर्मियों को दिए सख्ती से ड्यूटी करने के निर्देश

रामपुर, अमृत विचार : पुलिस अधीक्षक ने बुधवार को क्षेत्र में पैदल गश्त की। इस दौरान लोगों से शांति बनाए रखने की अपील ली। एएसपी ने गंज थाने में पुलिसकर्मियों के साथ बैठक कर सख्ती से ड्यूटी करने के निर्देश दिए।

अपर पुलिस अधीक्षक अतुल कुमार श्रीवास्तव ने थाना गंज पर अर्दली रुम में प्रभारी निरीक्षक, विवेचकों थाना गंज को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। अर्दली रुम के पश्चात अपराध नियन्त्रण, कानून,शान्ति व्यवस्था तथा जनमानस में सुरक्षा की भावना जागृत करने के दृष्टिगत थाना गंज क्षेत्रान्तर्गत महत्वपूर्ण, भीड़ वाले स्थानों पर पुलिस बल के साथ पैदल गश्त की। पुलिस अधीक्षक राजेश द्विवेदी ने अपराध नियंत्रण, कानून, शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए कई स्थानों पर मय पुलिस बल पैदल गश्त की।

जरूरत मनमाने दामों पर पानी की बोतल बेच रहे दुकानदार, गरीब की पहुंच से बाहर

बस स्टैंड पर प्याऊ नहीं, पानी के लिए तरस रहे यात्री

संवाददाता, सैफनी

अमृत विचार : क्षेत्र में बस स्टैंड के पास प्याऊ नहीं होने से यात्री पानी के लिए इधर-उधर भटकते हैं। गर्मी में बच्चे पानी के लिए रोते-बिलखते हैं। लोगों की मांग है कि बस अड्डे पर एक प्याऊ लगाया जाए।

क्षेत्र के लोगों का कहना है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी हर घर नल की बात कर रहे हैं। लेकिन, जिम्मेदार उनके मंसूबे को पलीता लगा रहे हैं। हर घर नल और जल तो दूर की बात है सार्वजनिक स्थलों पर शुद्ध पेयजल की व्यवस्था नहीं है। चौराहे पर दुकानदार मनमाने दामों पर पानी बेचते हैं। मध्यम और गरीब वर्ग के लोगों को पानी खरीदकर पीना संभव नहीं है। मई की गर्मी में लोग पानी की तलाश में इधर-उधर दौड़ते हैं लेकिन, दूर-दूर तक पानी का कोई साधन दिखाई नहीं है। वे मजबूरी पानी की बोतल खरीदते हैं। हालांकि गर्मी में छबील लगाकर शरबत से लोगों की प्यास बुझाई जा रही है। लेकिन नगर में ठंडे पानी की व्यवस्था नहीं होना चिंता का विषय है। नगर के लोगों ने गर्मी के चलते बस स्टैंड व चौराहों पर ठंडे पानी के प्याऊ लगाने की मांग जिलाधिकारी जोगिन्दर सिंह से की है। लोगों का कहना है कि प्याऊ लगाने से यात्रियों को ठंडा पानी मिल सकेगा। हालांकि क्षेत्र के लोग बस अड्डे पर पानी की व्यवस्था कराने के लिए अब से पहले भी मांग कर चुके हैं। लेकिन अभी तक व्यवस्था नहीं कराई गई है।

> आचार संहिता लागू है। इसके हटते ही सैफनी बस स्टैंड पर प्याऊ लगवा दिया जाएगा। फिलहाल सरकारी हैंड पंप लगाने के लिए उच्च अधिकारियों से बात करता हूं। बहुत जल्द समस्या दूर कर दी जाएगी।
> – विवेक कुमार गौड़, ईओ

> नगर के बस स्टैंड पर ठंडे पानी का प्याऊ लगाने की कई बार मांग की गई है, लेकिन कोई सुनने वाला नहीं है। हालात ये हैं कि बस स्टैंड के आसपास एक सरकारी नल तक नहीं है। – वसीम अहमद अंसारी

> प्याऊ लगेगा तो यात्री गर्मी में अपना गला तर कर सकेंगे। सैफनी आदर्श नगर पंचायत है,य हां प्याऊ का लगना जरूरी है,जिससे लोगों को गर्मी से राहत मिल सके। – फौजी सुशील जोशी

> गर्मी का मौसम है, इसमें लोग बेहाल हो रहे हैं। नगर में ठंडे पानी का प्याऊ नहीं है। प्याऊ लगने से राहगीरों को काफी राहत मिलेगी। अधिकारियों को जानकारी दी चुकी है। – जितेंद्र जोशी

> नगर के बस स्टैंड और भीड़ वाले चौराहों पर प्याऊ लगेगा तो उमस भरी गर्मी में लोग गला तर कर सकेंगे। नगर में एक भी प्याऊ नहीं है,इस लिए यहां प्याऊ की व्यवस्था होना जरूरी है। – आकाश सक्सेना

जानेलवा हमले में फरार चल रहा आरोपी पकड़ा

रामपुर, अमृत विचार : घर में घुसकर जानलेवा हमला करने वाले आरोपी को सिविल लाइन पुलिस ने पकड़ लिया। उसके बाद कोर्ट में पेश किया। वहां से उसको जेल भेज दिया गया। 21 मई को आरोपी नेपाल पुत्र ख्यालीराम निवासी पंडित नंगला थाना कटघर सिविल लाइन निवासी एक रंजिश के चलते घर में घुस गया था। जहां उस पर जानलेवा हमला कर दिया था। उसके बाद आरोपी फरार हो गया था। सिविल लाइन पुलिस ने बुधवार को उसको पकड़ लिया। उसके बाद कोर्ट में पेश किया।

आवश्यकता है
अमृत विचार, मुरादाबाद को
रिपोर्टर, सीनियर रिपोर्टर, उप संपादक व वरिष्ठ उप संपादक की
न्यूनतम योग्यता :- स्नातक
मुख्यधारा के अखबार में कम से कम 3 से 5 वर्ष काम करने का अनुभव
प्रसार विभाग में कार्य करने हेतु :- एक्जीक्यूटिव व सीनियर एक्जीक्यूटिव की (अनुभव :- न्यूनतम 2 से 4 वर्ष का)
वेतन :- योग्यता अनुसार
इच्छुक उम्मीदवार अपना बायोडाटा भेजें:-
hr@amritvichar.com
9838333303, 9450434176, 8476006584
ऑफिस : एलआईजी 23, प्रथम तल, आशियाना फेस-1, कांठ रोड मुरादाबाद (उ0प्र0)

एक नजर

छात्रा सजल राघव को पुरस्कृत करते प्रधानाचार्य शीतल प्रताप सिंह।

सजल को स्मृति चिह्न प्रदान कर किया सम्मानित

बिलारी, अमृत विचार : डॉ. देवेंद्र पाल इंटर कॉलेज की छात्रा सजल राघव ने राजस्थान के माउंट आबू स्थित ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय में किड्स समर कार्निवल में चार पुरस्कार जीते। जिससे विद्यालय में खुशी है। सजल को प्रधानाचार्य ने स्मृति चिह्न देकर प्रोत्साहित किया। बुधवार को डॉ. देवेंद्र पाल इंटर कॉलेज के प्रधानाचार्य शीतल प्रताप सिंह ने छात्रा बहन सजल राघव को विद्यालय की ओर से स्मृति चिह्न प्रदान कर आशीर्वाद व शुभकामनाएं दी। उन्होंने बताया कि किड्स समर कार्निवल प्रतियोगिता में 100 में से 100 अंक प्राप्त कर प्रथम स्थान प्राप्त कर विद्यालय का गौरव बढ़ाया है।

सीने में दर्द होने से युवक की मौत, मचा कोहराम

डिलारी, अमृत विचार : प्रचंड गर्मी में कार्यक्रम में गए युवक की मृत्यु हो गई। गांव गजरौला सैद मिलक मेवाती निवासी 35 वर्षीय युवक इकबाल अपनी भतीजी की मंगनी में जनपद रामपुर के स्वार गया हुआ था। खाना खाते समय सिर और सीने में दर्द होने लगा। कुछ ही क्षणों में उसकी हालत बिगड़ गई। आनन-फानन में परिजन उसे अस्पताल को लेकर गए जहां इकबाल को डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया। अचानक हुई मौत से परिवार में कोहराम मच गया। मृतक के चार बच्चे हैं।

युवक ने खाया जहरीला पदार्थ, अस्पताल में भर्ती

ठाकुरद्वारा, अमृत विचार : कोतवाली क्षेत्र के शरीफ नगर मार्ग पर स्थित एक गांव निवासी युवक ने संदिग्ध परिस्थितियों में जहरीला पदार्थ खा लिया। हालत बिगड़ने पर उसे नगर के सरकारी अस्पताल लाया गया। जहां चिकित्सकों ने हालात नाजुक देखते हुए हायर सेंटर रेफर कर दिया। वही परिजनों द्वारा उसको निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया है। जहां पर उसका उपचार चल रहा है।

पुण्यतिथि पर चौधरी चरण सिंह को दी श्रद्धांजलि

51 फीट ऊंची प्रतिमा पर उत्तर प्रदेश जाट महासभा के पदाधिकारियों ने अर्पित की पुष्पांजलि

संवाददाता, बिलारी

अमृत विचार : भारत रत्न पूर्व प्रधानमंत्री स्वर्गीय चौधरी चरण की पुण्यतिथि पर नगर के संभल-सिरसी मार्ग पर ढकिया नरु में स्थित उनकी 51 फीट ऊंची प्रतिमा पर पुष्पांजलि अर्पित कर श्रद्धांजलि दी गई।

बुधवार को चौधरी चरण सिंह की पुण्यतिथि पर उत्तर प्रदेश जाट महासभा द्वारा प्रतिमा पर माल्यार्पण कर नमन किया गया। इससे पूर्व महासभा के कार्यकर्ताओं द्वारा पार्क में हवन किया गया। जिसमें आहुति देकर देश में खुशहाली व किसानों की प्रगति की कामना की गई। इस दौरान महासभा के प्रदेश अध्यक्ष जितेंद्र सिंह ने बताया कि 9 जुलाई को इस स्मारक की नींव रखे एक वर्ष पूरा हो जाएगा। इस 1 वर्ष में यहां पर सभी के सहयोग से चौधरी साहब की 51 फीट ऊंची प्रतिमा का निर्माण पूर्ण हुआ। वहीं पांच मंजिल भवन बनकर तैयार हो गया है। बाकी बचा हुआ कार्य चल रहा है। इस दौरान तहसील अध्यक्ष सुनील लाठर ने बताया कि चौधरी साहब की प्रतिमा का अनावरण प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ द्वारा किया जाना महत्वपूर्ण रहा है। कहा कि आने वाले समय में यह स्मारक पर्यटन स्थल बनेगा। इस दौरान सरजू सिंह, राज बहादुर सिंह, नरेंद्र सिंह, चंद्र विजय सिंह, आनंद वीर सिंह, भूरे सिंह फौजी, पुष्पेंद्र सिंह, जयपाल सिंह भगत, जसवीर सिंह, महावीर सिंह, प्रदीप कुमार, सुखबीर सिंह, हुकम सिंह, जयवीर सिंह, मोनू सिंह, आदि मौजूद रहे। वहीं बिलारी में नगर के शाहाबाद रोड स्थित चौधरी चरण सिंह पार्क में उत्तर प्रदेश जाट महासभा के पदाधिकारियों ने उनकी प्रतिमा पर माल्यार्पण कर पुष्प अर्पित किए। इस दौरान चौधरी सरजू सिंह, राजबहादुर सिंह, नरेंद्र सिंह, चंद्र विजय सिंह, आनंद वीर सिंह, भूर सिंह फौजी, पुष्पेंद्र सिंह, जयपाल भगत, यशवीर सिंह, महावीर सिंह, प्रदीप कुमार, सुखबीर सिंह, हुकम सिंह, जयवीर सिंह, मोनू सिंह, सुनील लाठर आदि मौजूद रहे।

स्व. चौधरी चरण सिंह की पुण्यतिथि पर यज्ञ करते जाट महासभा के पदाधिकारी।

कांठ में चौधरी चरण सिंह के चित्र पर पुष्प अर्पित करते भाकियू कार्यकर्ता।

भारत रत्न चौ. चरण सिंह को अर्पित किए श्रद्धासुमन

छजलैट, अमृत विचार : पूर्व प्रधानमंत्री भारत रत्न से सम्मानित चौधरी चरण सिंह की पुण्यतिथि पर भारतीय किसान यूनियन ने उनकी प्रतिमा पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दी। भारतीय किसान यूनियन टिकैत के पदाधिकारियों ने चौधरी चरण सिंह की पुण्यतिथि पर उनकी प्रतिमा पर फूल अर्पित कर श्रद्धांजलि दी। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रदेश उपाध्यक्ष चौधरी ऋषिपाल सिंह ने की। इस अवसर पर हरदीप सिंह, नवनीत सिंह, दर्शन सिंह, जॉनी कुमार, हैप्पी विश्नोई, पीयूष चौधरी, मो. साजिद, लक्की विश्नोई, मानी चौधरी, अमन कुमार, मो. उवैस, दीपक कुमार, पंकज कुमार, कुलदीप विश्नोई, दिलवर, सलमान आदि मौजूद रहे।

सदरपुर में चौधरी चरण सिंह की पुण्यतिथि मनाई

छजलैट, अमृत विचार : किसानों के मसीहा चौधरी चरण सिंह की पुण्यतिथि पर यज्ञ का आयोजन किया गया। इस दौरान उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की गई। किसानों के मसीहा चौधरी चरण सिंह के पुण्यतिथि पर जाट महासभा द्वारा ग्राम सदरपुर में यज्ञ का आयोजन किया गया। इस अवसर पर चौ. चरण सिंह द्वारा किए कार्यों को याद करते हुए उन्हें श्रद्धासुमन अर्पित किए। जाट महासभा के प्रदेश अध्यक्ष चौधरी अनिल कुमार, जिला अध्यक्ष डॉ. बीपी लोचन, लोकदल के पूर्व जिला अध्यक्ष चौधरी किरण पाल, डॉ. नौसिंह, नवीन चौधरी, हरी सुदन, प्रमोद सिंह, आदेश चौधरी आदि मौजूद रहे। हवन का राजवर्धन आर्य, सदरपुर रमेश आर्य मालपुर एवं उत्तम सिंह आर्य द्वारा संपन्न किया गया।

सार-संक्षेप

वैज्ञानिकों ने भ्रमण कर किसानों को किया जागरूक

ठाकुरद्वारा, अमृत विचार : कृषि विज्ञान केंद्र के तत्वाधान में ग्राम पिपली अहीर, सुरजननगर एवं पिपली घनश्याम में कृषि वैज्ञानिकों द्वारा भ्रमण किया गया। साथ ही किसानों को जागरूक किया गया। पिपली अहीर में कृषक रामनाथ सिंह यादव के आम के बाग में पूर्व में वृक्षों के सूखने की समस्या का समाधान कृषि वैज्ञानिक डॉ. हसन तनवीर द्वारा बताया गया था। जिससे बाग में वृक्षों की सूखने की समस्या लगभग समाप्त हो गई। साथ ही सुरजननगर में स्थित मशरूम उत्पादन यूनिट का भी भ्रमण डॉ. हसन तनवीर एवं कृषि वैज्ञानिक दीपक कुमार द्वारा किया गया। इस यूनिट को अनुज चौहान एवं विनीत चौहान संचालित कर रहे हैं। मशरूम उत्पादन किसानों के लिए एक अतिरिक्त आय का उत्तम स्रोत है। बेरोजगार युवक भी मशरूम उत्पादन कर सकते हैं। साथ ही ग्राम पिपली घनश्याम में कृषक कृषक रजनीश बिश्नोई के गन्ने के खेत का भी भ्रमण किया। जिसमें तना छेदक एवं छोटी भेदक कीट की समस्या का समाधान कृषि वैज्ञानिक दीपक कुमार द्वारा बताया गया।

ग्राम प्रधान रोजगार सेवक सहित तीन पर रिपोर्ट दर्ज

कुंदरकी, अमृत विचार : ग्राम हुसैनपुर छिरावली निवासी जयपाल सिंह, मुनेश पाल, सुशील कुमार, अनेक पाल, सोमपाल और ऋषभ चौधरी ने थाना कुंदरकी में तहरीर देते हुए मौजूदा ग्राम प्रधान अनीस अहमद, रोजगार सेवक इब्राहिम और ट्रैक्टर चालक बबलू पर आरोप लगाते हुए प्रार्थना पत्र दिया था। जिस पर पुलिस ने आरोपियों पर रिपोर्ट दर्ज कर ली है। किसानों का आरोप है कि ग्राम प्रधान अनीस अहमद, रोजगार सेवक इब्राहिम दबंग हैं। उनके इस काम में ट्रैक्टर चालक बब्लू भी शामिल रहता है। आरोप लगाया गया है कि 25 मई को ग्राम प्रधान अनीस अहमद और रोजगार सेवक इब्राहिम ने बिना सूचना दिए बब्लू के ट्रैक्टर से उनके खेत की खड़ी फसल को जुतवा दिया। जब उन्होंने रोकने का प्रयास किया तो आरोपी धमकी देने लगे। बुधवार को पीड़ित किसानों के साथ थाने पर भाकियू किसान यूनियन टिकैट के लोग भी मौजूद रहे। पीड़ित किसानों की शिकायत पर पुलिस ने आरोपियों पर रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

तेंदुए ने किसान की बकरी को बनाया निवाला

ठाकुरद्वारा, अमृत विचार : न बीती रात तेंदुए ने दो किसानों के घरों में घुसकर बकरी को अपना निवाला बनाने का प्रयास किया। जाग होने पर वह बकरी के बच्चों का निवाला तो नहीं बन सका, लेकिन कुछ घंटे बाद फिर उसने दूसरे घर में छलांग लगाकर बकरी को उठाकर जंगल में ले जाकर अपना निवाला बना डाला। जाग होने पर ग्रामीण लाठी-डंडे लेकर मौके पर पहुंचे, लेकिन तेंदुआ तब तक जंगलों में भाग चुका था। मंगलवार की देर रात्रि तेंदुआ पाडले से सटे गांव मधुपुरी निवासी विशेष कुमार पुत्र चरन सिंह के घर में घुस बंधी बकरी को मुंह में दबाकर छलांग लगता हुआ जंगलों में फरार हो गया। तेंदुए की दहाड़ से परिवार के लोग घबरा गए। शोर मचाने पर ग्रामीणों ने लाठी-डंडे लेकर तेंदुए का पीछा किया। लेकिन तेंदुआ बकरी सहित जंगलों में छिप गया। पता चला कि घटना से 1 घंटे पूर्व पड़ोसी के घर में भी तेंदुए ने हमला कर बकरी के बच्चों को अपनाना लेने वाला बनाने का प्रयास किया था लेकिन जाग होने पर वह बकरी के एक बच्चे को घायल कर शोर मचाने पर भाग गया था। बुधवार को गांव से कुछ दूरी पर बकरी का शव पड़ा मिला। ग्राम प्रधान कुलदीप सिंह नेबताया कि इस संबंध में कई बार वन विभाग को सूचित कर क्षेत्र में तेंदुआ पकड़ने के लिए पिंजरा लगाई जाने की मांग की, लेकिन वन विभाग ने अभी तक इस ओर ध्यान नहीं दिया। वहीं ग्रामीणों में एक ओर जहां तेंदुए को लेकर दहशत है, वहीं दूसरी ओर वन विभाग के अधिकारियों की कार्यशैली को लेकर भी रोष व्याप्त है। ग्रामीणों का कहना है कि वह कई बार तेंदुए को पकड़ने के लिए पिंजरा लगाने आदि की मांग कर चुके हैं। साथ पकड़े गए तेंदुए को भी कहीं दूर जंगल में छोड़ने की मांग की जा चुकी है।

समाजसेविका के निधन पर व्यक्त की शोक संवेदना

कांठ, अमृत विचार : अखिल भारतीय ब्राह्मण महासभा के क्षेत्रीय संगठन मंत्री संजय शर्मा की माताजी के निधन पर गणमान्य व्यक्तियों ने शोक संवेदना व्यक्त की है। नगर के मोहल्ला फकीरगंज निवासी अखिल भारतीय ब्राह्मण महासभा के क्षेत्रीय संगठन मंत्री संजय शर्मा की माता विमला देवी पत्नी स्वर्गीय किशोरी लाल शर्मा का बुधवार को निधन हो गया। वह लगभग 90 वर्ष की थीं और काफी समय से बीमार चल रही थीं। उनके निधन पर अखिल भारतीय ब्राह्मण महासभा के जिला अध्यक्ष भावेश शर्मा, पूर्व सभासद अभय विश्नोई, कुलदीप कौशिक, यतेंद्र शर्मा, अशोक यादव, रतेश शर्मा, अचल कुमार बिश्नोई, विपेंद्र राणा, मुकेश शर्मा, चंद्रपाल सिंह, कुलदीप शर्मा, बिश्नोई, आलोक वर्मा, राजीव शर्मा, सचिन राजपूत, चन्द्र पाल सिंह बिश्नोई, मुकेश शर्मा आदि ने शोक संवेदना व्यक्त की।

कार्रवाई की मांग को लेकर ज्ञापन सौंपते आंबेडकर युवक संघ के पदाधिकारी।

विवादित पोस्ट डालने पर रोष आरोपी पर कार्रवाई की मांग

संवाददाता, बिलारी

अमृत विचार : नगर के एक सर्राफा कारोबारी ने बाबा साहब व दलित समाज के खिलाफ फेसबुक पर पोस्ट डाल दी। जिससे अखिल भारतीय आंबेडकर युवक संघ के पदाधिकारी कोतवाली पहुंचे। मामले में रिपोर्ट दर्ज करने को तहरीर दी।

नगर के मोहल्ला शांतिपूरम के रहने वाले सर्राफा कारोबारी राजीव सक्सेना ने फेसबुक पर दलित समाज को लेकर एक पोस्ट डाल दी। पोस्ट को लेकर आंबेडकर युवक संघ के पदाधिकारी भड़क गए। बाद में पदाधिकारी ने मामले में रिपोर्ट दर्ज करने की मांग को लेकर कोतवाली प्रभारी से मिलकर कार्रवाई की मांग उठाई। कोतवाली प्रभारी रविंद्र प्रताप सिंह ने बताया कि सर्राफा कारोबारी की तलाश की जा रही है। ज्ञापन देने वालों में डॉ. जगत सिंह, केके नवल, मनवीर सिंह, डॉ. चरन सिंह, विनीत कुमार, देवेंद्र सिंह, वीर सिंह आदि थे।

31 मई तक होगा निशुल्क राशन का वितरण

कांठ, अमृत विचार : राशन डीलर की दुकान पर 31 मई तक निशुल्क खाद्यान्न का वितरण होगा।

खाद्य एवं रसद विभाग के आयुक्त के निर्देश पर 14 मई से 29 मई तक निशुल्क खाद्यान्न का वितरण राशन डीलरों को ई पॉश मशीन के माध्यम से राशन कार्ड धारकों को करने के निर्देश दिए थे। जिसमें 29 मई तक कई जिलों में राशन कार्ड धारक अपना खाद्यान्न प्राप्त नहीं कर पाए हैं। जिसपर जिला स्तरीय अधिकारियों ने प्रदेश मुख्यालय को इस संबंध में सूचित किया था। मामले पर खाद्य एवं रसद आयुक्त ने 31 मई तक खाद्यान्न का वितरण करने की तिथि बढ़ा दी है। जिला पूर्ति अधिकारी अजय प्रताप सिंह, क्षेत्रीय खाद्य अधिकारी कांठ सरदार जितेंद्र सिंह ने सभी राशन डीलर को निर्देश दिए हैं कि वह 31 मई तक अपनी दुकानों पर निशुल्क खाद्यान्न का वितरण करें।

नहनूवाला पीएचसी का निरीक्षण करते चिकित्साधीक्षक। ● अमृत विचार

नहनूवाला पीएचसी पर चिकित्साधीक्षक का छापा

संवाददाता, ठाकुरद्वारा

- चिकित्सक व फार्मासिस्ट के अतिरिक्त चार हेल्थ वर्कर भी पाए गए अनुपस्थित

अमृत विचार : सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के चिकित्साधीक्षक डॉ. राजपाल सिंह सैनी ने नहनूवाला पीएचसी पर अचानक छापा मारा। इस दौरान वहां न तो चिकित्सक मिले और न ही फॉर्मिस्ट।

दोनों लोगों को प्रतिकूल प्रविष्टि जारी कर स्पष्टीकरण देने के निर्देश जारी किए। साथ ही एक दिन का वेतन कटौती की भी संस्तुति की गई। इसके बाद लौगीकला व फौलादपुर में स्थित उप केन्द्रों पर छाप मारा तो दोनों जगह मौजूद चार हेल्थ वर्कों में से एक भी मौजूद नहीं पाया गया। जिस पर चिकित्साधीक्षक ने हेल्थ वर्कों को भी प्रतिकूल प्रविष्टि जारी कर एक दिन का वेतन काटने की संस्तुति की है। साथ ही लापरवाही बरतने पर कार्रवाई की चेतावनी दी गई।

श्रीमद् प्रज्ञा पुराण कथा से पूर्व सिहाली लद्दा गांव में निकाली गई कलश यात्रा

संवाददाता ,बिलारी

अमृत विचार : तहसील क्षेत्र के गांव सिहाली लद्दा में अखिल विश्व गायत्री परिवार शांतिकुंज हरिद्वार के तत्वाधान में होने वाली पांच दिवसीय श्रीमद् भागवत प्रज्ञा पुराण कथा का आरंभ कलश यात्रा निकालकर किया गया। जिसमें भारी तादाद में महिलाएं पीले वस्त्र धारण करके सिर पर कलश लिए हुए गांव के प्रमुख मार्गों से होकर गुजरी।

बुधवार को निकाली गई कलश यात्रा गायत्री बालिका विद्यापीठ से शुरू हुई जो गांव के प्रमुख मार्गों से होकर वहीं पर आकर समाप्त हुई। जहां कलश को स्थापित किया गया। कलश यात्रा गांव में घूमी तो लोगों ने पुष्प वर्षा करके कलश यात्रा का स्वागत किया। इस मौके पर प्रेमवती आर्य, बबीता यादव, प्रीति यादव, शीतल यादव, गुड़िया देवी, विमला देवी, मुन्नी देवी, अमरवती, कुमारी शिवानी, कुमारी राधा यादव, सोमपाल सिंह, सुखबीर यादव, चौधरी कुलदीप सिंह, राजवीर सिंह, महावीर सिंह, आचार्य रमेश चंद्र, राय सिंह, भुवनेश यादव, ज्ञानेश यादव, हिमांशु यादव, श्रीराम, ठाकुर नेपाल सिंह, भूरे सिंह, सुरेश पाल सिंह, विजय सिंह, मित्र पाल सिंह, यशपाल सिंह, डॉ. धर्मवीर सिंह, राम सिंह वानप्रस्थी आदि सहित लोग शामिल रहे।

कलश यात्रा में शामिल श्रद्धालु। ● अमृत विचार

- काफी संख्या में पीत वस्त्रधारी महिलाओं ने लिया यात्रा में हिस्सा

तहसील बार एसोसिएशन ने घोषित की एल्डर कमेटी

संवाददाता, बिलारी

अमृत विचार : बार कौंसिल ऑफ़ उत्तर प्रदेश का लेटर आने के बाद में बिलारी तहसील में चुनाव को लेकर सरगर्मियां तेज हो गई हैं। इसको लेकर एल्डर कमेटी की घोषणा की गई है। एल्डर कमेटी के पदाधिकारी की देखरेख में बार काउंसिल आफ उत्तर प्रदेश के बायलाज के मुताबिक ही चुनाव कराया जाएगा।

बिलारी तहसील में एक दिन पूर्व हुई अधिवक्ताओं की बैठक में तहसील बार एसोसिएशन की नई कार्यकारिणी घोषित करने के लिए एल्डर कमेटी के पदाधिकारी चौधरी रामकुवंर सिंह यादव को जिम्मेदारी सौंपी गई थी कि वह एल्डर कमेटी की घोषणा करें ताकि बार काउंसिल आफ उत्तर प्रदेश के निर्देश के मुताबिक चुनाव हो सके। लिहाजा एल्डर कमेटी की घोषणा की गई। जिसमें अध्यक्ष कमाल अकबर एडवोकेट, सचिव रामकुंवर सिंह यादव, सदस्य के तौर पर चैतन्य पाल सिंह एडवोकेट, हलीम जावेद एडवोकेट, उमाशंकर शर्मा को घोषित किया गया।

महिला से छेड़छाड़ मामले में चार के खिलाफ रिपोर्ट

कुंदरकी, अमृत विचार : मैनाठेर पुलिस ने घर में घुसकर महिला के साथ मारपीट, छेड़छाड़ और वीडियो बनाने के चार आरोपियों शादिक, साहिल, शफीक व नसीम शाह के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली है। ग्राम निवासी महिला का आरोप है कि कुछ दिन पहले गांव का ही साहिल जबरदस्ती उसके घर में घुस आया था। उसने विरोध किया तो उसके साथ शादिक, शफीक और नसीम शाह भी उसके घर में घुस आए और छेड़छाड़ की।

खेतों की सिंचाई के लिए नहीं मिल रही पर्याप्त बिजली

कांठ/छजलैट, अमृत विचार : अघोषित बिजली कटौती को लेकर उपभोक्ताओं में नाराजगी व्याप्त है। किसानों को खेतों की सिंचाई करने के लिए पर्याप्त बिजली नहीं मिल पा रही है। किसानों का आरोप है कि महंगा डीजल फूंककर वह अपनी फसलों को नहीं बचा पा रहे हैं। भीषण गर्मी के साथ-साथ बिजली कटौती में भी इजाफा हुआ है। इसमें उपभोक्ताओं को अच्छी-खासी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। किसानों का कहना है कि बिजली कटौती और लौ वोल्टेज होने के कारण नलकूप चलाने में दिक्कत हो रही है। इससे फसलों की सिंचाई का कार्य प्रभावित हो रहा है। क्षेत्र के किसानों ने बिजली कटौती, लो वोल्टेज की समस्या के समाधान करवाने की मांग की है।

बरेली इंटरनेशनल विश्वविद्यालय
प्रवेश प्रारम्भ
सत्र : 2024-25

Accreditations, Affiliations & Approvals

प्रस्तुत पाठ्यक्रम
CUET (UG/PG) स्कोर स्वीकृत और CUET (UG/PG) में सूचीबद्ध

मेडिकल साइसेंज
एमएससी मेडिकल (एनाटॉमी/बायोकेमिस्ट्री/माइक्रोबायोलॉजी/फार्माकोलॉजी/फिजियोलोजी)

डेन्टल साइंसेज
डिप्लोमा - डेंटल हाइजिनिस्ट/डिप्लोमा - डेंटल मैकेनिक्स

नर्सिंग विज्ञान
एएनएम/जीएनएम/बीएससी नर्सिंग/पोस्ट बेसिक बीएससी नर्सिंग/निर्स प्रक्टिशनर इन क्रिटिकल केयर (NPPCC)/ एमएससी नर्सिंग (मेडिकल सर्जिकल/चाइल्ड हेल्थ/मेंटल हेल्थ/अब्स्टेट्रिक्स एवं गायनेकोलॉजिस्ट)

फार्मेसी
डी. फार्मा/बी. फार्मा/एम फार्मा (फार्माकोलॉजी/फार्मास्यूटिक्स)

पैरामेडिकल साइंसेज
डिप्लोमा इन मेडिकल लैब तकनीशियन (DMLT)/डिप्लोमा इन एक्स-रे तकनीशियन/डिप्लोमा इन डायलिसिस तकनीशियन/ डिप्लोमा इन इमरजेंसी और ट्रामाकेयर/डिप्लोमा इन एम आर आई तकनीशियन/बैचलर इन फिजियोथेरेपी (BPT)/ बैचलर इन मेडिकल लेबोरेटरी (BMLT)/बैचलर ऑफ रेडियोलॉजी एंड इमेजिंग टेक्नोलॉजी (BRIT)/बीएससी (ऑप्टोमेट्री)

फोरेंसिक साइंसेज
बीएससी फोरेंसिक विज्ञान

मैनेजमेंट एंड कॉमर्स
बी.कॉम (ऑनर्स)/बीबीए (Finance & Texation)/बीसीए (आईटी और मल्टीमीडिया)/एम.कॉम (ऑनर्स)/मास्टर ऑफ बिजनेस एडमिनिस्ट्रेशन (MBA)/मास्टर ऑफ हॉस्पिटल एडमिनिस्ट्रेशन (MHA)/मास्टर ऑफ पब्लिक हेल्थ (MPH)

ह्यूमैनिटीज एंड जर्नलिज्म
बी.ए (पत्रकारिता)/बी.ए (जनसंचार)/एम.ए (अंग्रेजी)/एम.ए (मनोविज्ञान)/एम.ए (पत्रकारिता)/एमए (जनसंचार)

योगा एंड नेचुरोपैथी
पीजी डिप्लोमा इन योगा एंड नेचुरोपैथी (PGDYN)

अधिक जानकारी के लिए सम्पर्क करें - 9105500202, 9105500404, फोन-0581-2526153, 051, 053
पता : एडमिशन सेल, एडमिनिस्ट्रेटिव ब्लॉक, बरेली इंटरनेशनल यूनिवर्सिटी, रोहिलखंड मेडिकल कॉलेज कैंपस, बरेली, पिन कोड-243006 (उ.प्र.)
E-mail : admission@biu.edu.in

परेशानी सामाजिक संगठन के कार्यकर्ताओं ने सौंपा ज्ञापन, पांच जून तक समस्याओं का समाधान न होने पर दी आंदोलन की चेतावनी

नगर में विद्युत समस्याओं को लेकर लोगों में रोष, समाधान की मांग

संवाददाता, बिलारी

अमृत विचार : नगर में सामाजिक संगठन की ओर से एसडीएम बिलारी को विद्युत विभाग द्वारा डाले जा रहे घटिया बंच केबल को बदलने एवं निर्बाध विद्युत आपूर्ति देने के संबंध में ज्ञापन सौंपा गया। एसडीएम की गैर मौजूदगी में ज्ञापन तहसीलदार को सौंपा गया।

बुधवार को सामाजिक संगठन के कार्यकर्ताओं की ओर से नगर में विद्युत विभाग द्वारा निर्बाध विद्युत आपूर्ति के लिए बंच केबल डाले जा रहे हैं। जिसके लिए बीते दिनों करोड़ों रुपये की राशि स्वीकृत हुई थी। किंतु यह बंच केवल नगर के लिए अभिशाप बन गए हैं। जहां-जहां इन बंच केवल को लगाया जा रहा है वहां-वहां निरंतर फाल्ट हो रहे हैं और आग लग रही है तो कहीं बंच केबल पिघल कर मोम की तरह गिर रहे हैं। जबकि पुराने बंच केबल में ऐसी कोई समस्या नहीं थी। आरोप लगाया कि ये बंच केबल हलके व घटिया क्वालिटी के हैं। वहीं कार्यकर्ताओं में विभाग द्वारा की जा रही अघोषित विद्युत कटौती को लेकर भी रोष जताया। कहा कि विभाग बिना सूचना दिए ही घंटों की कटौती से लोग परेशान हैं।

ज्ञापन के माध्यम से मांग की गई है कि नए बंच केबल की जांच करा कर और अच्छे गुणवत्ता मानक के बंच केबल लगाए जाए जिससे की जनता को राहत मिल सके और नगर की विद्युत आपूर्ति सुचारू कराई जा सके। वहीं कार्यकर्ताओं ने चेतावनी दी कि यदि पांच जून तक समस्याओं का निस्तारण नहीं किया गया तो छह जून के बाद कार्यकर्ता आंदोलन को विवश होंगे। इस दौरान सभासद दानवीर शर्मा, सभासद देवेश शर्मा, सभासद निहाल सिंह लाठर, सुनील आर्य, शमशाद हुसैन, नोमान जमाल, पूर्व नगर अध्यक्ष केके गुप्ता, ध्रुव शर्मा, बबलू मसूदी, शद्ईक अहमद आदि मौजूद रहे।

तहसीलदार बिलारी को ज्ञापन सौंपते सामाजिक संगठन के कार्यकर्ता व अन्य।

- उपजिलाधिकारी बिलारी की अनुपस्थिति में तहसीलदार को सौंपा ज्ञापन

विद्युत विभाग की लापरवाही पर रोष, प्रदर्शन

ठाकुरद्वारा, अमृत विचार : नगर के मोहल्ला रहमानिया में लटके जर्जर विद्युत तारों से मोहल्लेवासियों को खतरा है। कई बार शिकायत के बावजूद भी समस्या का समाधान न होने से लोगों में रोष है। आक्रोशित लोगों ने प्रदर्शन करते हुए लटके और जर्जर तारों को बदलवाने की मांग की गई। नगर के मोहल्ला रहमानिया मस्जिद के निकट वार्ड 7 में विद्युत पोलों पर तार लटके हैं। लोगों को जर्जर लटके तारों से खतरा है। मोहल्लेवालों का कहना है कि कई बार लिखित व मौखिक शिकायत विद्युत विभाग के अधिकारियों से की जा चुकी है। मगर इसके बावजूद जर्जर तार नहीं बदले गए। इस पर गुस्साए लोगों ने विद्युत विभाग पर लापरवाही का आरोप लगाते हुए प्रदर्शन किया। उन्होंने आरोप लगाया कि जगह-जगह विद्युत पोलों पर केबलों का मकड़ जाल बना है। जिस कारण आए दिन हादसे व फाल्ट होना आम बात है। स्थिति यह है कि विद्युत पोलों से तार लटके होने के कारण इनके नीचे से जाना खतरे से खाली नहीं है। प्रदर्शन करने वालों में असलम सलमानी, वाजिद, शाहिद, रमजानी, नफीस, सलीम, फईम, आरिश इस्लाम, रिजवान, इमरान, इस्लाम, अतीक आदि मौजूद रहे।

एक नजर

विदेश में नौकरी के नाम पर ढाई लाख की ठगी

मुरादाबाद, अमृत विचार : शातिर जालसाजों ने दो युवकों को विदेश में नौकरी लगवाने के नाम पर ढाई लाख रुपये की ठगी कर डाली। इतना ही नहीं जब पीड़ितों ने अपने रुपये वापस मांगे तो आरोपियों ने जान से मारने की धमकी दी। पीड़ितों ने बुधवार को एसएसपी से न्याय की गुहार लगाई है। विदेश में नौकरी के नाम पर ठगी का शिकार मोहम्मद दानिश और उसका चचेरा भाई यूनुस कुंदरकी के रहने वाले हैं। दोनों ने एसएसपी हेमराज मीना को दिए गए शिकायत पत्र में बताया कि वह बेरोजगार हैं। इस उनकी मुलाकात भगतपुर निवासी एक युवक से छह माह पूर्व हुई। उसने सउदी अरब में इलेक्ट्रीशियन की नौकरी लगवाने का झांसा दिया। प्रति माह 35 हजार रुपये सेलरी देने की बात तय हुई। युवक की बातों में आकर ढाई लाख रुपये दे दिए। नौकरी नहीं लगी तो उससे रुपयों की डिमांड की। आरोपी युवक ने दोनों को जान से मारने और फर्जी केस में फंसाने की धमकी देनी शुरू कर दी। एसएसपी ने सीओ बिलारी को जांच कर कार्रवाई के निर्देश दिए हैं।

जंगल में तेंदुआ दिखाई देने से किसानों में दहशत

अगवानपुर, अमृत विचार : जंगल में तेंदुआ दिखने से किसानों में दहशत है। किसान अपने खेतों पर जाते हुए भी डर रहे हैं। नगर पंचायत के खादर के जंगल में नवाब साहब के बाग के पास झील है। किसान राशिद पुत्र कलुआ ठेकेदार, नौशाद पुत्र रमज़ानी निवासी मोहल्ला ढाप अपने खेतों पर गए थे। जैसे ही झील के पास पहुंचे तो उन्हें वहां तेंदुआ दिखाई दिया। जिससे दोनों के होश उड़ गए। किसी तरह दोनों दोनों भाग निकले और नगर में आकर जानकारी दी। तेंदुआ देखे जाने से किसानों में दहशत है। अब किसान खेतों पर जाने से भी कतरा रहे हैं।

तहसील के पास एटीएम को शुरू कराने की मांग

ठाकुरद्वारा, अमृत विचार : तहसील मुख्यालय के निकट बने सेंट्रल बैंक का एटीएम एक वर्ष से संचालित नहीं है। जिससे क्षेत्र के एटीएम उपभोक्ताओं को दिक्कत का सामना करना पड़ रहा है। इस संबंध में उच्चाधिकारियों को कई बार लिखित व मौखिक बताया जा चुका है। इसके बावजूद भी शिकायतों का निस्तारण नहीं किया गया। इस संबंध में पालिका के पूर्व सभासद राजेन्द्र पांडे ने उच्चाधिकारियों को पत्र भेजकर कहा है कि प्रचंड गर्मी के चलते शाखा में एसी की कोई व्यवस्था नहीं है।

मंडलायुक्त के नाम से फर्जी आईडी बनाकर मांगे रुपये

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

अमृत विचार: शातिर ठग आप लोगों के साथ अब पुलिस व प्रशासनिक अधिकारियों के नाम पर ठगी करने का प्रयास कर रहे हैं। अब ठगों ने व्हाट्सएप पर मंडलायुक्त की फर्जी आईडी बनाकर लोगों को मैसेज भेजे और उनसे रुपयों की भी डिमांड की। पुलिस की तरफ से सिविल लाइंस थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई गई। पुलिस ने जांच की तो आरोपी दरभंगा बिहार का निकला। पुलिस ने आरोपी की गिरफ्तारी के प्रयास तेज कर दिए हैं।

थाना सिविल लाइंस में तैनात दरोगा अमित कुमार शर्मा द्वारा अज्ञात के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई गई है। उन्होंने बताया कि मंडलायुक्त आंजनेय कुमार सिंह के पीए संजय शर्मा द्वारा स्क्रीन शॉट भेजा गया। जिसमें बताया गया कि मंडलायुक्त के नाम से किसी ने व्हाट्सएप पर फर्जी आईडी बना ली है। मामले को गंभीरता से लेते हुए जांच की गई तो युवक द्वारा डीपी पर भी मंडलायुक्त की फोटो लगाए जाने की पुष्टि हुई।

उक्त नंबर की लोकेशन ट्रेस की गई तो वह दरभंगा बिहार का निकला। यह भी सामने आया कि फर्जी आईडी बनाकर लोगों को मैसेज भेजे गए। उनसे रुपयों की भी डिमांड की गई। थाना सिविल लाइंस प्रभारी निरीक्षक आरपी शर्मा ने बताया कि मामला दर्ज कर लिया गया है। जल्द ही आरोपी को पकड़ने के लिए टीम बिहार भेजी जाएगी।

भीषण गर्मी में ट्रेनों के बिगड़े संचालन से यात्री परेशान, घंटों स्टेशन पर कर रहे इंतजार

कटरा स्पेशल 20 व 14 घंटे की देरी से पहुंची जम्मूतवी समर स्पेशल

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

अमृत विचार: भीषण गर्मी के बीच ट्रेनों के बिगड़े संचालन से यात्रियों का हाल बुरा हाल है। ट्रेनों की लेट लतीफी से यात्रियों को दुश्वारियों भरा सफर करना पड़ रहा है। प्रतिदिन 10 ट्रेनें अपने निर्धारित समय से कई घंटों की देरी से पहुंच रही हैं।

एक तरफ जहां गर्मी अपना सितम दिखा रही है तो वहीं ट्रेनें में सफर करने वाले यात्रियों का बुरा हाल है। पिछले एक महीने से ज्यादा का समय हो गया है कि भीषण गर्मी में ट्रेन में सफर करने वाले यात्री दुश्वारियों झेल रहे हैं। रेलवे प्रशासन द्वारा गर्मी में चलाई गई समर स्पेशल व दैनिक ट्रेनें अपने निर्धारित समय पर मुरादाबाद नहीं पहुंच पा रही हैं।

जिससे यात्री काफी परेशान हैं। पिछले एक महीने की बात करते तो समर स्पेशल व दैनिक ट्रेनों का संचालन बुरी तरह बिगड़ा हुआ है।

जिसके चलते मुरादाबाद से होकर गुजरने वाली ट्रेनें एक से 20 घंटे की देरी से पहुंची रही हैं। ट्रेनें लेट होने के कारण यात्री गर्मी के बीच स्टेशनों पर समय बिताने को मजबूर हैं। बुधवार को भी कई ट्रेनें काफी देरी से पहुंची, जिसके कारण यात्री तपती धूप में परेशान दिखे।

ट्रेन संख्या	नाम	कितनी देरी से पहुंची
05656	जम्मूतवी समर स्पेशल	14 घंटे 57 मिनट
04057	आनंद विहार टर्मिनल	दो घंटे 54 मिनट
12469	जम्मूतवी सुपरफास्ट	दो घंटे तीन मिनट
04682	कोलकाता समर स्पेशल	13 घंटे 14 मिनट
04003	न्यू दिल्ली स्पेशल	दो घंटे 11 मिनट
04679	एसएमवीडी कटरा स्पेशल	20 घंटे 50 मिनट
12237	बेगमपुरा एक्सप्रेस	दो घंटे 56 मिनट
12331	हिमगिरी एक्सप्रेस	आठ घंटे 37 मिनट

चार जोड़ी ट्रेनों में लगेंगे अस्थायी अतिरिक्त कोच

मुरादाबाद, अमृत विचार : रेलवे प्रशासन ने गर्मियों की छुट्टी में ट्रेनों में बढ़ रही यात्रियों की भीड़ को देखते हुए चार जोड़ी ट्रेनों में अस्थाई रूप से अतिरिक्त कोच लगाने का फैसला लिया है। वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक आदित्य गुप्ता ने बताया कि ट्रेन संख्या 19601 उदयपुर सिटी-न्यूजलपाईगुड़ी में एक जून से 29 जून तक वातानुकूलित तृतीय श्रेणी का एक कोच, ट्रेन संख्या 19602 न्यू जलपाईगूड़ी-उदयपुर सिटी में तीन जून से एक जुलाई तक वातानुकूलित तृतीय श्रेणी का एक कोच, ट्रेन संख्या 14717 बीकानेर-हरिद्वार में तीन जून से 28 जून तक वातानुकूलित तृतीय श्रेणी का एक व एक स्लीपर कोच, ट्रेन संख्या 14718 हरिद्वार-बीकानेर में वातानुकूलित तृतीय श्रेणी का एक और एक स्लीपर कोच, ट्रेन संख्या 14888 बाड़मेर-ऋषिकेश में पांच जून से 15 जून तक वातानुकूलित एक व एक स्लीपर कोच, ट्रेन संख्या 14887 ऋषिकेश-बाड़मेर में सात जून से 17 जून तक वातानुकूलित तृतीय श्रेणी एक व एक स्लीपर कोच, ट्रेन संख्या 14816 ऋषिकेश-श्री गंगानगर में छह जून से 16 जून तक एक वातानुकूलित तृतीय श्रेणी व एक स्लीपर कोच और ट्रेन संख्या 14815 में सात जून से 17 जून तक एक वातानुकूलित श्रेणी व एक स्लीपर कोच लगाया जाएगा।

44 डिग्री पर पहुंचा पारा, गर्मी से लोग परेशान

लू के थपेड़ों से लोग बेहाल, जून के प्रथम सप्ताह में छिटपुट बारिश की है संभावना

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

अमृत विचार: भीषण गर्मी से लोग व्याकुल हैं। न दिन को चैन, न रात को नींद आ रही है। गर्मी व दिन में लू से जनजीवन बेहाल है। बुधवार को अधिकतम तापमान 44 डिग्री सेल्सियस रहा। जबकि न्यूनतम तापमान 31 डिग्री रहा। दोपहर में लू के थपेड़ों से लोग झुलसे। मौसम वैज्ञानिक का अनुमान है कि जून के प्रथम सप्ताह में कहीं छिटपुट बारिश हो सकती है।

सोमवार के बाद बुधवार को भी अधिकतम तापमान 44 डिग्री सेल्सियस रहा। आर्द्रता 22 प्रतिशत रहा, जबकि 10 किलोमीटर प्रति घंटा की गति से हवा चली। भीषण गर्मी से लोग सुबह से बेचैन रहे। दोपहर में सूरज की तपिश और लू से लोग व्याकुल रहे। दिन में सड़कों पर आवाजाही कम रही। छांव और पानी की तलाश में लोग भटकते रहे। शिकंजी, नारियल पानी व अन्य शीतल पेय की दुकानों पर लोगों ने अपनी प्यास बुझाई। स्वास्थ्य विभाग की ओर से लू और गर्मी को लेकर अलर्ट जारी है। गोविंद बल्लभ पंत कृषि एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय के पूर्व प्रोफेसर मौसम वैज्ञानिक आरके सिंह ने बताया कि दोपहर में लू से बचने की जरूरत है। जून के प्रथम सप्ताह में कहीं छिटपुट बारिश हो सकती है। लेकिन इसके बाद भी गर्मी बरकरार रहेगी।

गर्मी में अपने चेहरे को कपड़े से ढक कर जातीं स्कूटी सवार।

गर्मी व लू लगने के लक्षण

जिला अस्पताल के वरिष्ठ फिजिशियन डॉ. रामकिशोर ने बताया कि मांसपेशियों में अकड़न, दौरा पड़ना, अधिक पसीना आना, तेज सिरदर्द, मितली या उल्टी होना, गर्मी में निर्जलीकरण से बेहोशी आना गर्मी व लू लगने के लक्षण हैं।

धूप से बचकर कुछ इस तरह जाते स्कूटी सवार बुजुर्ग। ● अमृत विचार

लोनिवि ने एक ही सड़क निर्माण के लिए जारी कर दिए दो टेंडर

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

● पांच महीने पहले हुए 41 लाख के टेंडर से नहीं हुआ निर्माण कार्य

अमृत विचार: लोक निर्माण विभाग ने एक ही मार्ग के निर्माण के लिए दो टेंडर कर दिए हैं। जिसमें एक 500 मीटर का टुकड़ा है तो दूसरा 22 किलोमीटर की स्टेट हाईवे का निर्माण कराना है। हालांकि अभी दोनों में से किसी का भी निर्माण कार्य शुरू नहीं हुआ है। एक ही ठेकेदार को दोनों टेंडर किए गए। हालांकि विभाग के अधिकारी एक टेंडर के लिए प्राप्त हुई धनराशि को वापस करने की बात कह रहे हैं।

लोक निर्माण विभाग को कांठ रोड स्टेट हाईवे की 22 किलोमीटर की सड़क का निर्माण फव्वारा चौक से छजलैट तक करना है। जिसके निर्माण के लिए विभाग द्वारा एमएम बिल्डर्स को 32 करोड़ रुपये का ठेका दिया गया है। हालांकि पांच महीने पहले इसी मार्ग के 500 मीटर सड़क निर्माण का टेंडर भी विभाग द्वारा किया जा चुका है। इसके लिए 41 लाख रुपये की धनराशि विभाग को बहुत पहले ही मिल चुकी है। लेकिन ठेकेदार और विभाग द्वारा उस धनराशि से अभी तक कोई निर्माण कार्य नहीं कराया गया। जबकि बाद में प्राप्त हुई 32 करोड़ की धनराशि से टेंडर के अंतर्गत सड़क के गड्ढों को भरने को कार्य शुरू हो चुका है। विभाग के अधिकारी अब मामले को ठंडा करने में लगे हैं। अधिशासी अभियंता ने फोन नहीं उठाया। वहीं मुख्य अभियंता लोक निर्माण विभाग एक सड़क के दो टेंडर होने की बात को स्वीकार कर रहे हैं। कुछ अधिकारी पहले टेंडर की 41 लाख रुपये की धनराशि को वापस करने की बात कह रहे हैं।

हरथला स्थित कांठ रोड की इसी सड़क के हुए हैं दो टेंडर। ● अमृत विचार

जिला आपदा प्रबंधन प्राधिकरण की ओर से एडवाइजरी जारी

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

अमृत विचार: जिला आपदा प्रबंधन प्राधिकरण की ओर से भीषण गर्मी व लू को लेकर एडवाइजरी जारी की गई है।

जिलाधिकारी मानवेंद्र सिंह ने बताया कि मौसम विभाग द्वारा जारी पूर्वानुमान के अनुसार भीषण गर्मी का प्रकोप अभी जारी रहेगा। वर्तमान में पारा 44 डिग्री सेल्सियस को पार कर चुका है। इसलिए जन सामान्य हीटवेब (लू) से बचाव को लेकर सतर्क रहें। जिलाधिकारी ने गर्म हवा/लू से बचाव के तरीके बताए। कहा कि गर्म हवा से बचने के लिए खिड़की को रिफ्लेक्टर जैसे एलुमिनियम पन्नी, गत्ते इत्यादि से ढककर रखें। जिससे बाहर की गर्मी को अन्दर आने से रोका जा सके। उन खिड़कियों व दरवाजों पर, जिनसे दोपहर के समय गर्म हवा आती हैं, काले परदे लगाकर रखना चाहिए। स्थानीय मौसम के पूर्वानुमान को सुनें और आगामी तापमान में होने वाले परिवर्तन के प्रति सजग रहें। आपात स्थिति से निपटने के लिए प्राथमिक उपचार का प्रशिक्षण लें। बच्चों तथा पालतू जानवरों को कभी भी बन्द वाहन में अकेला न छोड़ें। जहां तक सम्भव हो घर में ही रहें तथा सूर्य के ताप से बचें। सूर्य के ताप से बचने के लिए जहां तक संभव हो घर की निचली मंजिल पर रहें। संतुलित, हल्का व नियमित भोजन करें। मादक पेय पदार्थों का सेवन न करें। घर से बाहर अपने शरीर व सिर को कपड़े या टोपी से ढककर रखें।

उन्होंने कहा कि धूप में खड़े वाहनों में बच्चों या पालतू जानवरों को न छोड़ें। खाना बनाते समय घर के खिड़की दरवाजे आदि खुले रखें। जिससे हवा का आना जाना बना रहे। नशीले पदार्थों, शराब और अल्कोहल से बचें। उच्च प्रोटीनयुक्त खाद्य पदार्थों का अधिक से अधिक सेवन करें। बासी भोजन कतई न इस्तेमाल करें। संतुलित व हल्का आहार लें। दोपहर के समय यदि बहुत आवश्यक हो तभी घर से धूप में बाहर निकलें।

गर्मी में ठंडा पानी पीकर मिली राहत

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

अमृत विचार: मुरादाबाद विकास प्राधिकरण कर्मचारी संयुक्त संगठन की ओर से नया मुरादाबाद स्थित एमडीए कार्यालय के बाहर जल सेवा की शुरू की गई। जिसमें यहां से गुजरने वाले राहगीरों ने पानी पीकर राहत महसूस की।

बुधवार को जल सेवा की शुरूआत मुरादाबाद विकास प्राधिकरण के उपाध्यक्ष शैलेष कुमार व सचिव अंजुलता द्वारा की गई। दोनों ही अधिकारियों ने जल सेवा में अपना सहयोग देकर लोगों को पानी पिलाकर उनकी प्यास बुझाई। मुरादाबाद विकास प्राधिकरण कर्मचारी संयुक्त संगठन के अध्यक्ष संजय सतसंगी ने बताया यह जल सेवा गर्मी के मौसम में लगातार जारी रहेगी। इस मौके पर महामंत्री विजय कुमार दुबे, आरपी सिंह, राधे श्याम, दिलीप प्रेम नारायण, मधु टंडन, अशोक शर्मा, महेश शर्मा, खिम्मी, मयंक, राहुल, खुशबू समेत अन्य लोग शामिल रहे।

लोगों को पानी पिलाते एमडीए के उपाध्यक्ष शैलेश कुमार व मौजूद अन्य अधिकारी।

त्योहारों के चलते 21 जुलाई तक धारा 144 लागू

मुरादाबाद, अमृत विचार: लोकसभा चुनाव की मतगणना 4 जून को मंडी समिति में कराई जाएगी। इसके अलावा आगामी त्योहारों को देखते जिले में 21 जुलाई तक निषेधाज्ञा लागू कर दी गई है। जिला मजिस्ट्रेट मानवेन्द्र सिंह ने बताया कि लोकसभा चुनाव की मतगणना 4 जून को होगी। इसी दौरान ईदुज्जुहा (बकरीद), मोहर्रम व जिले में कई प्रतियोगी परीक्षाएं भी होनी हैं। इसको देखते हुए कानून व शांति व्यवस्था और साम्प्रदायिक सौहार्द प्रभावित न हो इसके लिए जिले में दण्ड प्रक्रिया संहिता की धारा 144 के अन्तर्गत निषेधाज्ञा लागू कर दी है। जो 21 जुलाई तक प्रभावी रहेगी।

अनाड़ी कार चालक ने तीन को रौंदा, गंभीर घायल

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

अमृत विचार: सदर कोतवाली क्षेत्र में अनाड़ी कार चालक ने कोर्ट रोड स्थित पशु अस्पताल के पास सड़क किनारे तीन लोगों को रौंद डाला। बेकाबू कार ने दुकानों के बाहर रखा सामान भी तहस-नहस कर दिया। चीख-पुकार सुनकर आसपास के लोग मौके पर पहुंचे। कोतवाली पुलिस ने घायलों को जिला अस्पताल में भर्ती कराया। पुलिस कार चालक को पकड़कर कोतवाली ले आई। दोपहर में आरोपी चालक के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली गई।

कोतवाली क्षेत्र के कोर्ट रोड स्थित पशु अस्पताल के सामने उदल सिंह की मिट्टी के घड़े और सुराही की दुकान है। उनकी बहन उर्मिला ने बताया कि सुबह लगभग छह बजे भाई दुकान के बाहर बैठे हुए थे। सड़क पर मार्निंग वॉक करने वालों की भी भीड़ थी। इसी बीच अचानक तेज रफ्तार कार ने घर के बाहर बैठे उदल के भाई को टक्कर मार दी। इसके अलावा टहलने निकली किशोरी वैष्णवी समेत पांच लोग को भी टक्कर मार दी। कार से दुकान के बाहर रखे घड़े और सुराही के अलावा कीमती सामान भी क्षतिग्रस्त हो गया। इसके बाद कार मकान की दीवार से टकरा गई।

घायलों की चीख-पुकार सुनकर थोड़ी ही देर में मौके पर बड़ी संख्या में लोग एकत्र हो गए। सूचना पाकर कोतवाली पुलिस भी मौके पर आ गई। पुलिस ने घायलों को जिला अस्पताल भिजवाया। पुलिस कार चालक को कोतवाली ले गई। सदर कोतवाली प्रभारी निरीक्षक ऊषा मलिक ने बताया कि घायल की तहरीर पर आरोपी चालक दीनू प्रभाकर को गिरफ्तार कर लिया गया है।

जिला अस्पताल में भर्ती घायल। ● अमृत विचार

गेहूं खरीद | मंडल में भी मुरादाबाद खरीद में सर्वश्रेष्ठ, शत प्रतिशत लक्ष्य हासिल करने पर जोर

मुरादाबाद प्रदेश में प्रथम, हमीरपुर को दूसरा स्थान

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

अमृत विचार: गेहूं खरीद में भले ही मुरादाबाद जिला अभी शत प्रतिशत लक्ष्य हासिल नहीं कर पाया है। लेकिन अब तक हुई खरीद में वह मंडल व प्रदेश में प्रथम स्थान पर है। जबकि हमीरपुर जिला दूसरे और मऊ खरीद में तीसरे स्थान पर है। मुरादाबाद में अब तक 45.16 प्रतिशत गेहूं खरीद हुई है जो प्रदेश में सर्वाधिक है। हालांकि अधिकारियों का जोर पूरा लक्ष्य हासिल करने पर है।

एक मार्च से इस बार गेहूं खरीद सत्र शुरू हुआ। सरकारी केंद्रों पर 2275 रुपये प्रति क्विंटल समर्थन मूल्य सरकार ने तय किया है। किसानों को बिचौलियों के चंगुल से बचाकर उनकी उपज का सही मूल्य दिलाने के लिए शासन ने जिलेवार लक्ष्य निर्धारित कर दिया। मुरादाबाद जिले को गेहूं खरीद के लिए 78,000 मीट्रिक टन का लक्ष्य दिया गया। जिसमें से अब तक 86 केंद्रों पर 34324.98 मीट्रिक टन गेहूं खरीद हुआ है। जो लक्ष्य का 45.16 प्रतिशत है, यह प्रदेश में सर्वाधिक है। दूसरे स्थान पर हमीरपुर जिले में 62,000 मीट्रिक टन के सापेक्ष 26612.56 मीट्रिक टन अर्थात 42.92 प्रतिशत गेहूं खरीद हुई है। तीसरे स्थान पर मऊ जिला है जहां 35,000 मीट्रिक टन लक्ष्य के अनुपात में अभी तक 14022.93 मीट्रिक टन गेहूं खरीदा गया है। जो लक्ष्य का 40.07 प्रतिशत है। इस प्रकार मुरादाबाद जिला 45.16 प्रतिशत गेहूं खरीद कर प्रदेश में प्रथम स्थान पर है।

मंडल में भी मुरादाबाद टॉप पर

मंडल में भी मुरादाबाद जिला टाप पर है। मंडल में अब तक गेहूं खरीद की स्थिति को देखा जाय तो मुरादाबाद जिले में 45 .16 प्रतिशत, अमरोहा में सबसे कम 10 .34 प्रतिशत, रामपुर में 25 .95 प्रतिशत, बिजनौर में 28 .03 और सम्भल जिले में 29 .06 प्रतिशत गेहूं खरीदा गया है। इस प्रकार मंडल में भी मुरादाबाद जिला टॉप पर है। संभागीय खाद्य नियंत्रक मनोज कुमार ने मुरादाबाद जिले की तरह अन्य जिलों में भी खरीद प्रतिशत बढ़ाने का निर्देश दिया है।

● **मुरादाबाद में 45.16 प्रतिशत, हमीरपुर में 42.92 और मऊ में लक्ष्य के सापेक्ष हुई 40.07 प्रतिशत खरीद**

जिले में गेहूं खरीद में तेजी लाकर शत प्रतिशत लक्ष्य हासिल करना प्राथमिकता है। गेहूं खरीद बढ़ाने के साथ ही इसका अवैध भंडारण व संचरण रोकने के लिए लगातार छापेमारी कर रहे हैं। खरीद में और तेजी लाने के लिए केंद्र प्रभारियों, विपणन निरीक्षकों व एजेंसियों के जिला प्रभारियों को निर्देश दिया है। पूरा प्रयास है कि लक्ष्य शत प्रतिशत हासिल हो।

– **राजेश्वर प्रताप सिंह,** जिला खाद्य विपणन अधिकारी

आंगनबाड़ी केंद्रों पर 15 जून तक अवकाश

मुरादाबाद, अमृत विचार: भीषण गर्मी में जिले के सभी सरकारी प्राथमिक/उच्च प्राथमिक विद्यालयों में 15 जून तक ग्रीष्मकालीन अवकाश है। इसके चलते स्कूल बंद हैं। कई जगह प्राथमिक विद्यालयों/उच्च प्राथमिक विद्यालयों में आंगनबाड़ी केन्द्रों का भी संचालन हो रहा है। जिलाधिकारी मानवेन्द्र सिंह ने बताया कि आंगनबाड़ी केंद्रों पर 3- 6 वर्ष आयु के बच्चों को तेज धूप व लू के प्रकोप से बचाने के लिए सभी आंगनबाड़ी केन्द्रों पर 15 जून तक ग्रीष्मकालीन अवकाश घोषित किया जाता है। लेकिन ग्रीष्मकालीन अवकाश अवधि में सभी आंगनबाड़ी केन्द्र खुले रहेंगे। और आंगनबाड़ी कार्यकत्री, मिनी आंगनबाड़ी कार्यकत्री व सहायिकाओं द्वारा लाभार्थियों को टेक होम राशन का वितरण करते हुए सामुदायिक गतिविधियों और अन्य सरकारी कार्यों को पूर्व की तरह करना होगा।

कार्मिकों को बताई मतगणना की बारीकियां

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

अमृत विचार: जिलाधिकारी मानवेन्द्र सिंह की अध्यक्षता में बुधवार को पंचायत भवन सभागार में लोकसभा चुनाव की मतगणना के लिए कार्मिकों को प्रशिक्षण दिया गया। 4 जून को होने वाली मतगणना की बारीकियों की जानकारी जिलाधिकारी ने कार्मिकों को दी।

जिलाधिकारी ने कहा कि सभी अधिकारी और कर्मचारी निर्वाचन आयोग के निर्देश के अनुसार मतगणना कराएंगे। सभी कार्मिक मतगणना हाल में समय से पहुंचेंगे। देर से आने पर कार्रवाई होगी। मतगणना में पूरी निष्पक्षता बरतनी है। किसी भी असुविधा की स्थिति में अपने उच्चाधिकारी को तुरंत जानकारी दें। जिससे समस्या का त्वरित समाधान हो सके। टेबलवार कार्मिकों की तैनाती होगी। प्रशिक्षण के दौरान मुख्य विकास अधिकारी सुमित यादव, अपर जिलाधिकारी प्रशासन गुलाब चन्द, पीडी डीआरडीए, जिला विकास अधिकारी सहित अन्य अधिकारी व मतगणना ड्यूटी में लगे सभी कार्मिक मौजूद रहे।

जिलाधिकारी ने किया स्ट्रांग रूम का निरीक्षण : जिलाधिकारी मानवेन्द्र सिंह ने मंडी समिति में बने स्ट्रांग रूम/सीसीटीवी कंट्रोल रूम का निरीक्षण किया। जिलाधिकारी ने 4 जून को होने वाली मतगणना से संबंधित तैयारियों के बारे में भी निर्देश दिया।

प्रशिक्षण में कार्मिकों को जानकारी देते जिलाधिकारी मानवेंद्र सिंह। ● अमृत विचार

एक नजर

चौधरी चरण सिंह की 37वीं पुण्यतिथि मनाई

गजरौला, अमृत विचार : पूर्व सांसद देवेंद्र नागपाल के आवास पर भारत रत्न से सम्मानित पूर्व प्रधानमंत्री स्व .चौधरी चरण सिंह की 37वीं पुण्यतिथि मनाई। लोगों ने उनके चित्र के समक्ष पुष्प अर्पित करके श्रद्धांजलि अर्पित की। इस अवसर पर चौधरी सुरेंद्र सिंह व मंडलाध्यक्ष सुनील गुप्ता ने उनकी जीवन पर प्रकाश डाला। इस अवसर पर डॉ. एलसी गहलोत, नवीन गर्ग, प्रमोद अलोना, होशियार दिवाकर, चिंटू गुर्जर, कुलवंत चौधरी, डॉ. सुमेरचंद्र, सलीम सिद्दीकी, अनुज शर्मा, मनमोहन सिंह सेन, नरेंद्र चौधरी, मुकेश, अमित आदि उपस्थित रहे।

संदिग्ध परिस्थितियों में युवक की मौत

मंडी धनौरा, अमृत विचार : बुधवार को मोहल्ला चामुंडा स्थित टावर के पास पेड़ के नीचे संदिग्ध परिस्थितियों में युवक का शव पड़ा मिला। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और शव की शिनाख्त में लग गई। पुलिस ने शव की शिनाख्त थाना क्षेत्र के गाव निवासी सर्वेश पुत्र खचेड़ू 22 के रूप में की। सूचना मिलते ही परिजन मौके पर पहुंचे और शव घर ले गए। नगर चौकी प्रभारी सुभाष चौहान ने बताया कि संदिग्ध परिस्थितियों में युवक का शव मिलने की जानकारी मिली थी। परिजनों ने किसी भी तरह की पुलिस कार्रवाई से इनकार किया है।

दंपति समेत बेटे पर हमला करने वालों पर रिपोर्ट दर्ज

अमरोहा, अमृत विचार : अमरोहा देहात थाना क्षेत्र में दंपती समेत बेटे पर कुछ लोगों ने जानलेवा हमला किया था। मामले में छह लोगों पर रिपोर्ट दर्ज कराई गई है। गांव आरोही में अमरपाल सिंह किसान का परिवार रहता है। उसके बेटे अभिषेक का आरोप है कि गांव निवासी राजपाल और उसके बेटे हिमांशु ने कुछ दिन पहले छोटे भाई आलोक को पीटा था। 27 मई को सुबह अभिषेक के परिजन शिकायत करने गए थे। आरोप है कि बातचीत में राजपाल ने परिवार के लोगों के साथ मिलकर आलोक पर जानलेवा हमला कर दिया। बचाव में आए पिता अमरपाल और मां के साथ मारपीट की। प्रभारी निरीक्षक प्रेमपाल सिंह ने मामले में राजपाल समेत उसकी पत्नी बबली बेटे हिमांशु के अलावा रिश्तेदार मंदीप, संदीप व उमेश पर मारपीट की रिपोर्ट दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी है। घायल पिता-पुत्र का उपचार चल रहा है।

गंगा का जलस्तर बढ़ने से पुल निर्माण की सामग्री बही

गंगा एक्सप्रेस वे योजना के तहत बन रहा है पुल

संवाददाता, हसनपुर

अमृत विचार : गंगा में अचानक से जलस्तर बढ़ने से क्षेत्र में हलचल है। क्योंकि अभी न तो मानसून है और न ही पहाड़ों पर भारी वर्षा हो रही है। ऐसे में फिर जलस्तर बढ़ने से प्रशासन ने गंगा किनारे के गांवों को सतर्क कर दिया है और गंगा के जलस्तर पर नजर रखी जा रही है। वहीं तहसील क्षेत्र के गांव में गंगा किनारे गंगा एक्सप्रेसवे के अंतर्गत बने रहे पुल का कार्य का भी काम रुक गया है, क्योंकि जलस्तर बढ़ने के कारण कुछ निर्माण सामग्री भी गंगा में बह गई है।

केंद्र एवं प्रदेश सरकार की महत्वपूर्ण योजना गंगा एक्सप्रेसवे का निर्माण जनपद के कई गांव में से होकर कराया जा रहा है, इसी के अंतर्गत तहसील क्षेत्र के गांव पिपलौती खुर्द के सामने गंगा पर पुल का निर्माण कराया जा रहा है। लेकिन गंगा का जलस्तर बढ़ने के कारण ठेकेदारों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है, अचानक गंगा का जलस्तर बढ़ने से निर्माण सामग्री गंगा में बह गई और पुल निर्माण कार्य रुक गया। ग्रामीणों का कहना है कि जल स्तर अचानक बढ़ा है। जिसके कारण यह परेशानी सामने आई हैं। ठेकेदार को अब गंगा का जलस्तर कम होने का इंतजार है, तभी निर्माण कार्य शुरू हो सकेगा।

हसनपुर में गंगा का जलस्तर बढ़ने से रुका पुल निर्माण। ● अमृत विचार

परेशानी

- क्षेत्र के गांव पिपलौती खुर्द के सामने गंगा पर बन रहा है पुल
- जलस्तर कम होने पर शुरू हो सकेगा पुल का काम

जेई की मौत मामले में पत्नी पर आत्महत्या को उकसाने की रिपोर्ट

कार्यालय संवाददाता, अमरोहा

- मृतक के भाई ने उसकी पत्नी पर लगाया शोषण का आरोप
- नौ मई को हुई थी शामली निवासी बिजली विभाग के जेई की मौत

अमृत विचार : बिजली विभाग के जेई नरेश चंद की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई थी। मृतक के भाई सुधीर ने उसका शोषण करने का आरोप लगाते हुए उसकी पत्नी कामिनी के खिलाफ आत्महत्या के लिए उकसाने की रिपोर्ट दर्ज कराई है। पुलिस ने मौत की गुत्थी सुलझाने के लिए जांच शुरू कर दी है।

शामली जिले के जीझना थाना क्षेत्र के गांव लपराना निवासी जेई नरेश चंद्र करीब छह साल पहले बड़ौत से ट्रांसफर होकर अमरोहा आए थे। यहां पर उनकी तैनाती जलीलपुर वक्काल व नाजरपुर खुर्द बिजली घर पर थी। बताया जाता है कि नौ मई को जेई नरेश चंद रोजाना की तरह बिजली घर गए थे। उसके बाद दोपहर तीन बजे वह सुबोध नगर स्थित किराए के मकान में लौट आए थे। रात में पत्नी कामिनी व बेटी खुशी के साथ खाना खाने व चाय पीने के बाद नरेश चंद कमरे में जाकर लेट गए थे। लेकिन कुछ समय बाद नरेश की हालत बिगड़ गई और उसको बाद में इलाज के लिए जिला अस्पताल ले आया गया। जहां पर चिकित्सकों ने नरेश को मृत घोषित कर दिया था। 10 मई को पोस्टमार्टम हाउस पर पहुंचे नरेश के छोटे भाई सुधीर कुमार ने तब भी हत्या की आशंका जताई थी। तब चिकित्सक के पैनल से पोस्टमार्टम कराया गया था। हालांकि पोस्टमार्टम में नरेश की मौत का कारण स्पष्ट नहीं हो सका था और विसरा सुरक्षित रख दिया गया था। अब 20 दिन बाद मामले में नरेश के भाई सुधीर कुमार ने भाई की पत्नी कामिनी के खिलाफ आत्महत्या के लिए उकसाने का आरोप लगाते हुए रिपोर्ट दर्ज कराई है। बताया कि पत्नी कामिनी लगातार उनका शोषण कर रही थी, इसी बात को लेकर आए दिन झगड़ा होते रहते थे। प्रभारी निरीक्षक प्रेमपाल सिंह ने मामले में जांच शुरू कर दी है। आगे की कार्रवाई किए जाने की बात कही है।

55 बकायेदारों के घरों के बिजली कनेक्शन काटे, 20 लाख वसूले

कार्यालय संवाददाता, अमरोहा

अमृत विचार : बिजली विभाग ने बकायेदार बिजली उपभोक्ताओं के खिलाफ अभियान चलाकर 55 बिजली उपभोक्ताओं के कनेक्शन काट दिए। इस कार्रवाई से बिजली उपभोक्ताओं में हड़कंप मच गया।

बुधवार को एसडीओ जीडी प्रजापति के नेतृत्व में बिजली विभाग की टीम ने बकायेदार बिजली उपभोक्ताओं के खिलाफ अभियान चलाया। अभियान में बिजली विभाग की टीम ने 55 बिजली उपभोक्ताओं के घरों के कनेक्शन काट दिए। भीषण गर्मी में कनेक्शन के कट जाने पर उपभोक्ता में खलबली मच गई। एसडीओ ने बताया कि इस कार्रवाई में 20 लाख रुपये बकायेदारों से वसूल भी किया है। उन्होंने बताया कि इस कार्रवाई से पहले सभी बिजली उपभोक्ताओं को नोटिस जारी किए थे और चेतावनी दी थी कि वह बकाया बिजली का भुगतान जल्द जमा कर दें। अन्यथा उनके खिलाफ कनेक्शन काटने की कार्रवाई की जाएगी। इसके बाद भी उन्होंने बकाया बिल जमा नहीं किया। उन्होंने बताया कि यह कार्रवाई नगर के डबल लाइन बिजली घर और अहरोई बिजली घर क्षेत्र में की गई है।

अमरोहा में बिजली कनेक्शन चेक करती विद्युत विभाग की टीम। ● अमृत विचार

समय से पूरी करें मतगणना की तैयारी

कार्यालय संवाददाता, अमरोहा

अमृत विचार : एडीएम सुरेंद्र सिंह ने मतगणना स्थल पर पहुंचकर निरीक्षण किया। इस दौरान तैयारियों की धामी गति पर नाराजगी जताई। साथ ही ठेकेदार को फटकार लगाई।

मंडी समिति में चार जून को लोकसभा चुनाव की मतगणना होगी। तैयारियों को लेकर एडीएम सुरेंद्र सिंह ने बुधवार को मंडी स्थल पर पहुंचकर निरीक्षण किया। इस अवसर पर अपर जिलाधिकारी ने मीडिया सेंटर, चारों विधानसभाओं के मतगणना हाल, डाक मत पत्रों के स्कैनिंग हाल और टेबल कंप्यूटर, फीडिंग वरिकेडिंग, स्कैनिंग सहित अन्य व्यवस्थाओं को मौके पर जाकर देखा। कार्य की धीमी प्रगति पर ठेकेदार पर नाराजगी व्यक्त कर फटकार लगाते हुए अधिक से अधिक मजदूर लगाकर तेजी से कार्य कराने के निर्देश दिए। कहा कि बेरिकेडिंग मजबूत लगाई जाए। टेबल जितनी लगाई जानी है वह गुणवत्तापूर्ण हों। मजबूत जाली से से बांधी जाए। इसमें किसी भी प्रकार की लापरवाही नहीं की जानी चाहिए। कहा कि सभी तैयारियां समय से हो जाएं। एडीएम ने कहा कि गर्मी का समय है अधिक से अधिक पंखे और कूलर की व्यवस्था कराई जाए। एडीएम ने ईओ को निर्देशित करते हुए कहा कि पूरे मतगणना स्थल की अभियान चलाकर साफ-सफाई कराई जाए। साथ ही मतगणना के दिन पीने की पानी की व्यवस्था अच्छी होनी चाहिए। अधिक से अधिक वॉटर टैंक भी रखवाया जाए। इस अवसर पर सभी एसडीएम, पीडी, ईओ समेत अन्य अधिकारी मौजूद रहे।

मतगणना स्थल का निरीक्षण करते एडीएम सुरेंद्र सिंह। ● अमृत विचार

वन विभाग ने पांच आरा मशीन संचालकों पर लिखाई रिपोर्ट

कार्यालय संवाददाता, अमरोहा

- वन विभाग की टीम ने अभियान चलाकर अवैध रूप से संचालित पांच आरा मशीनें पकड़ी थीं

अमृत विचार : वन विभाग की टीम ने अभियान चलाकर नौगांवा सादात क्षेत्र में अवैध रूप से चल रही पांच आरा मशीनों को पकड़ लिया। विभाग ने संचालकों के खिलाफ पुलिस में रिपोर्ट दर्ज करा दी है।

डीएफओ एसपी सिंह के निर्देश पर मंगलवार को क्षेत्रीय वन दरोगा केपी सिंह बिलाल इब्राहिम, नेपाल सिंह और मनोज कुमार ने पुलिस बल के साथ क्षेत्र में अभियान चलाया। वन विभाग की टीम ने गांव मखदूमपुर में धर्म कांटे के सामने चल रही आरा मशीन को चलते हुए पकड़ लिया। इसके बाद गांव पीला कुंड में इंडिया गैस गोदाम के सामने गांव अलीपुर निवासी मुनव्वर को अवैध तरीके से आरा मशीन का संचालन करते हुए पकड़ लिया। गांव मखदूमपुर निवासी अली हसन की आरा मशीन को जब्त कर लिया।

इसके बाद वन विभाग की टीम ने गांव गजस्थल मार्ग पर एक और आरा मशीन पकड़ी। यहां संचालन गांव पीला कुंड निवासी करण सिंह द्वारा किया जा रहा था। वन विभाग की टीम ने गांव बादशाहपुर के सामने निजामुद्दीन की अवैध आरा मशीन को पकड़ा और उसको जब्त कर लिया। तिवारी निरीक्षक सुधीर कुमार सिंह ने वन दरोगा केपी सिंह की तहरीर आरा मशीन संचालक लविश कुमार, मुनव्वर अली, हसन, करण सिंह और निजामुद्दीन पर रिपोर्ट दर्ज कराई है।

फैक्ट्री प्रबंधक को दी जान से मारने की धमकी

गजरौला, अमृत विचार : फायरिंग कर फैक्ट्री प्रबंधक को जान से मारने की धमकी दी। घटना फैक्ट्री में लगे सीसीटीवी में कैद हो गई। मामले में पुलिस ने दो नामजद समेत 20 अज्ञात लोगों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की है।

बुलंदशहर जिले के खानपुर थाना क्षेत्र के गांव लडाना निवासी वेदप्रकाश शर्मा गजरौला स्थित कंपनी में प्रबंधक हैं। बताया जाता है कि बुधवार को वह अपने कार्यालय में बैठे थे। आरोप है कि इसी दौरान नवनीत धारीवाल व ऋतिक 20 साथियों के साथ फैक्ट्री के गेटमैन को पिस्टल दिखाते हुए अंदर घुस आए। यहां प्रबंधक कार्यालय में पहुंचकर उन्हें जान से मारने की धमकी देते हुए हवाई फायर किया। फैक्ट्री में काम कर रहे कर्मचारियों के बीच अफरातफरी मच गई। इस दौरान आरोपी मौके से फरार हो गए। प्रभारी निरीक्षक हरीश वर्धन ने बताया कि मामले में तहरीर के आधार पर रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू कर दी गई है।

भाजपा कार्यालय पर चर्चा करते जिलाध्यक्ष व पदाधिकारी। ● अमृत विचार

प्रधानमंत्री के नेतृत्व में देश कर रहा तरक्की : उदयगिरी

कार्यालय संवाददाता, अमरोहा

अमृत विचार : जोया रोड स्थित भारतीय जनता पार्टी के जिला कार्यालय पर 4 जून को होने वाली मतगणना के संबंध में चर्चा की। इस दौरान पार्टी पदाधिकारियों ने केंद्र में फिर से नरेन्द्र मोदी की सरकार बनने का पूरा विश्वास व्यक्त किया।

जिला अध्यक्ष उदयगिरी गोस्वामी ने कहा कि अमरोहा के कार्यकर्ताओं के अथक प्रयास से भाजपा प्रत्याशी चौधरी कंवर सिंह तंवर को मजबूती के साथ चुनाव लड़ाया गया है। कहा कि नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में जो देश में कार्य हुए हैं वह अबतक किसी ने नहीं कराए। इस अवसर पर लोकसभा संयोजक बृजेश चौधरी, चंद्रभान भाटी, पूरन सिंह, जिला मीडिया प्रभारी रमेश कलाल, तिलकराज चौहान, हिमांशु त्यागी आदि रहे।

जिले को मिला 36.68 लाख पौधे लगाने का लक्ष्य

अमरोहा, अमृत विचार : प्रदेश शासन ने जिले को 36 लाख 68 हजार 440 पौधे लगाने का लक्ष्य दिया है। जिले में 25 स्थान पौधे लगाने के लिए चिन्हित भी कर लिए गए हैं।

मुख्य विकास अधिकारी अश्विनी कुमार मिश्रा ने विकास भवन में बैठक में सभी विभागों को लक्ष्य के सापेक्ष पौधरोपण करने का निर्देश दिया है। उन्होंने बताया कि जिले में 36,68,440 पौधे लगाए जाएंगे। ग्राम समाज, नदी किनारे वह अन्य खाली स्थान पर अभियान चलाकर पौधरोपण किया जाए। उन्होंने कहा कि पिछले साल जो पौधे लगाए गए थे। उनकी देखभाल भी अच्छे से की जाए। कोई भी पौधा सूखने न पाए। प्रत्येक न्याय पंचायत में ग्राम वन की स्थापना की जाएगी। उन्होंने कहा कि इसी तरह नंदनवन की स्थापना भी की जाएगी। इसी दौरान संबंधित सभी अधिकारी मौजूद रहे।

स्वास्थ्य | रोजाना सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंच रहे आंखों के 30 से 40 मरीज

तेज धूप व गर्म हवा से बढ़े आंखों के मरीज

संवाददाता, गजरौला

अमृत विचार : चिलचिलाती धूप व गर्म हवाओं से लोग बेहाल हैं। एक तरफ जहां गर्मी से लोग परेशान हैं, वहीं गर्मी में कई बीमारियों की वजह भी बन रही है। हीट स्ट्रोक के बाद गर्मी आंखों के लिए भी परेशानी का सबब बन रही है। सीएचसी में रोजाना 30 से 40 मरीज आंखों में संक्रमण की शिकायत लेकर पहुंच रहे हैं। ज्यादातर मरीजों को आंखों में जलन आंखें लाल होना आंखों में पानी आने की शिकायत बनी है। भीषण गर्मी के बीच उड़ रही धूल आंखों को नुकसान पहुंचा रही है।

बुधवार को भी 30 मरीजों ने नेत्र चिकित्सक से सलाह लेने सीएचसी पहुंचे। सीएचसी में तैनात नेत्र चिकित्सक डॉ. अनिल कुमार ने बताया कि तेज धूप और गर्म हवाओं के कारण लोगों में आंखों की कई परेशानियां देखने को मिल रही हैं। आंखों में जलन, आंखें लाल होना, आंखों से पानी बहना और ऐसी कई समस्याएं लेकर मरीज पहुंच रहे हैं। हीट वेव के कारण आंखों में होने वाली ड्राई आई की समस्या से भी लोग परेशान हैं। उन्होंने बताया कि गर्मी के चलते आंखें ड्राई हो जाती हैं, जिसके चलते कार्निया की एपीथिलियम पर प्रभाव पड़ रहा है। ऐसे में जब हम पलकें झपकाते हैं तो दर्द महसूस होता है। जो लोग अधिकतर समय गर्मी में बाहर बिताते हैं उनमें यह समस्या ज्यादा देखने को मिल रही है। जैसे आंखों में खुजली होना, आंखें लाल होना, आंखें बिल्कुल सूख जाना, देखने में परेशानी होना, आंखों में जलन होना है।

गजरौला सीएचसी में आंखों का परीक्षण करते चिकित्सक। ● अमृत विचार

इन बातों का रखें ध्यान

गजरौला, अमृत विचार : सीधे धूप में निकलने से बचें। आंखों में संक्रमण होने पर दिन में कई बार ठंडे पानी के छीटें मारें। आंखों को राहत देने के लिए खीरे के टुकड़े भी लगा सकते हैं। आंखों पर अच्छी कंपनी का चश्मा पहनें। सिर को ढक कर रखें। जलन होने पर हर आधे घंटे पर साफ पानी से आंखों को धोएं। पहले से आंखों की समस्या से ग्रसित मरीज विशेष सावधानी बरतें। मोतियाबिंद का आपरेशन कराने वाले मरीज धूप में बिल्कुल ना जाएं। ज्यादा परेशानी होने पर अपने नेत्र चिकित्सक से संपर्क करें।

मुसलमानों को नबी पर ईमान लाने की जरूरत : सैयद

संवाददाता, सैदनगली

अमृत विचार : नगर पंचायत सैदनगली के मोहल्ला सादात के दादे वाले इमामबाड़े में मरहूम डॉ. मोहम्मद रजा की पत्नी मरहूमा इफ्तेखार फातिमा उर्फ शमीम जैहरा की बरसी की मजलिस हुई मजलिस में मर्सियाख्वानी डॉ. लईक हैदर व हमनवा ने की।

मजलिस को खिताब हबीबे मिल्लत मौलाना सैयद हबीब हैदर आबिदी ने किया। मौलाना ने कहा कि कुरान ए पाक में अल्लाह का इरशाद है कि ऐ मुसलमानों अगर तुम कामयाब होना चाहते हो तो उसकी चार शर्तें हैं। पहली शर्त ये है कि तुम मेरे नबी पर ईमान ले आओ। दूसरी शर्त है कि नबी पर सिर्फ ईमान लाना ही काफी नहीं है, बल्कि ईमान के साथ साथ नबी की इज्जत भी लाजिम है। तीसरी शर्त है कि ईमान व इज्जत के साथ नबी की नुसरत भी करो। चौथी शर्त है कि नबी के साथ जो नूर है उसकी इब्तेबा करो। ये ही चारों शर्तें हैं जिससे तुम कामयाबी हासिल कर सकते हो। मौलाना ने मजलिस में कहा कुरान में दिए नबियों के मोजिजों व ताकतों के बारे में बताया। मजलिस में इमरान मुर्तजा, डॉ. समर रजा, सदफ रजा, आरिफ हुसैन, जर्रार मेहंदी, फिरोज हैदर, मास्टर अरशद रजा, डॉ. मोहम्मद जाफर, मोहम्मद इमरान, हैदर, डॉ. केसर बाकरी, मौलाना कम्बर अली, जैगम अब्बास, अली रजा आदि लोग मौजूद रहे।

मजलिस में बोलते मौलाना सैयद हबीब।

सार-संक्षेप

प्रतिमा का अनावरण करते पूर्व सांसद चौधरी कंवर सिंह तंवर व साथ में अन्य।

शहीद अंकित गुर्जर की प्रतिमा का अनावरण

रहरा, अमृत विचार : शहीद अंकित गुर्जर पुत्र श्री चंद्रपाल सिंह निवासी ग्राम नवाबपुरा खादर की पुण्यतिथि पर समाजसेवी एवं पूर्व सांसद चौधरी कंवर सिंह तंवर ने उनकी प्रतिमा का अनावरण किया। उन्होंने शहीद की प्रतिमा को अपने खर्चे पर बनवाया है। प्रतिमा के अनावरण के समय सभी की आंखें नम हो गईं। प्रतिमा को देखकर शहीद अंकित फौजी की मां एवं पत्नी सोनम का बुरा हाल था। दोनों सास बहू माल्यार्पण कर प्रतिमा से लिपटकर रोने लगी। इस मौके पर अंकित फौजी की बटालियन से एक साथी महेश खड़गवंशी भी गांव आए। इस दौरान पूर्व ब्लाक प्रमुख के पति अशोक नागर, पूर्व जिला अध्यक्ष ऋषिपाल नागर, रामचंद्र गुर्जर, पिंटू भाटी, अरुण प्रधान मटीपुरा, दिमाग प्रधान, लोकेश प्रधान, सुरेंद्र लोहिया, प्रमोद प्रधान, सोनू नागर, मोनू भडाना, अंकुर फौजी, नकुल नागर आदि लोग मौजूद रहे।

पालिका के कूड़ा स्थल में लगी आग

हसनपुर, अमृत विचार : नगर पालिका परिषद के ग्राम शाहपुर कलां स्थित कचरा घर पर बुधवार दोपहर को आग लग गई। आग लगने से आसपास के क्षेत्र में धुआं फैल गया। पालिका कर्मचारियों ने सूचना नगर पालिका कार्यालय और दमकल विभाग को दी। सूचना पर पहुंची दमकल विभाग की गाड़ियों ने आग पर काबू पाया। ग्राम शाहपुर कलां स्थित कचरा घर पर आग लगने की सूचना मिलते ही दमकल विभाग की गाड़ियां मौके पर पहुंचीं और कर्मचारियों ने आग बुझाने का प्रयास किया। करीब दो घंटे की मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया गया। वहीं खेत मालिकों का कहना है कि कूड़ा स्थल पर कचरे के ढेर के कारण उन्हें परेशानी हो रही है। यहां पर कोई व्यवस्था नहीं है। गर्मी के कारण रोजाना यहां पर आग लगती है और धुआं फैलता है। नगर पालिका कार्यालय में तैनात बाबू मनी कुमार ने बताया कि कचरा घर पर आग लग गई थी, गर्मी से कचरे में आग लग जाती है। दमकल विभाग एवं कर्मचारियों ने आग पर काबू पा लिया है।

शराब की दुकान पर ओवर रेटिंग का वीडियो वायरल

आदमपुर, अमृत विचार : आदमपुर में स्थित अंग्रेजी शराब की दुकान का ओवर रेटिंग का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हुआ था। लेकिन अभी तक सेल्समैन पर कोई कार्रवाई नहीं की गई। जिससे पीड़ित ने आबकारी विभाग के अधिकारियों पर ओवर रेटिंग शराब बेचने में सांठगांठ का आरोप लगाया है। आदमपुर में स्थित अंग्रेजी शराब की दुकान से युवक सेल्समैन से शराब खरीदता है और सेल्समैन को प्रिंट रेट के अनुसार 150 रुपये देता है, लेकिन सेल्समैन और रुपये मांग करता है। जिसके बाद युवक ने सेल्समैन से कहा यह तो 150 रुपये का मिलता है। इसका प्रिंट रेट भी 150 रुपये है, लेकिन सेल्समैन ने युवक की बात नहीं सुनी और वीडियो में सेल्समैन मार्च में रेट बढ़ने की बात कहता है और युवक से 150 रुपये की जगह 160 रुपये लेता है। ओवर रेटिंग का वीडियो वायरल होने के बाद भी सेल्समैन पर कोई कार्रवाई नहीं हुई। आबकारी निरीक्षक रामकुमार यादव का कहना है कि अंग्रेजी शराब ओवर रेटिंग बेचने का वीडियो हमें अभी नहीं मिला है। जैसे ही मिलता है, उचित कार्रवाई की जाएगी।

शिव कुमार भारती को बनाया जिला उपाध्यक्ष

गजरौला,अमृत विचार : ऑल दिव्यांग विकास संगठन की बैठक में संगठन की मजबूती पर जोर दिया गया। राष्ट्रीय अध्यक्ष धर्मेन्द्र यादव ने पाल गांव निवासी शिव कुमार भारती को संगठन का जिला उपाध्यक्ष मनोनीत किया। जिलाध्यक्ष जयचन्द गौतम ने सभी पदाधिकारियों से आह्वान किया कि वे संगठन को मजबूत करें और दिव्यांग समाज के लोगों की परेशानी समझते हुए उनकी समस्याओं को अधिकारियों व शासन के सामने रखकर निस्तारण का प्रयास करें। इस अवसर पर सोनू कुमार, शाहनबाज अली, पप्पू सिंह, आदिल, इरफान मलिक, कमल, चिन्टु, शाबाना, मुशाहिद मलिक आदि मौजूद रहे।

भाजपा कार्यकर्ताओं ने किया जिलाध्यक्ष का स्वागत

सैदनगली, अमृत विचार : भाजपा उझारी मंडल की बैठक मंडल अध्यक्ष हेमराज सैनी के आवास पर हुई। बैठक में जिलाध्यक्ष उदयगिरि गोस्वामी ने चुनाव में लगे सभी कार्यकर्ताओं का आभार व्यक्त किया। जिलाध्यक्ष ने बताया कार्यकर्ताओं की मेहनत और लगन से ही जीत होगी। भाजपा के मंडल अध्यक्ष हेमराज सैनी ने जिला अध्यक्ष उदयगिरि गोस्वामी का शाल ओढ़ाकर सम्मानित किया। इस अवसर पर हिमांशु त्यागी, मंडल महामंत्री भूरे चौधरी, विजय चौधरी, आसाराम पाल, कल्याण सिंह सैनी, नन्हे सागर, सतीश सागर, अच्छन सैफी, अयूब मलिक, अरमान तवर, प्रवेश सैनी, नरेश सैनी, योगेश सैनी, सरदार जगत सिंह, अंकित वर्मा, पवन खटाना, बिलाल अब्बासी, नेम चौधरी, सलीम चौधरी, आजम चौधरी, शेरपाल गुर्जर, चरण सिंह सैनी, कृपाल सैनी, भागवत खड़कवंशी, चेतराम खड़कवंशी, महेश खड़गवंशी, तेजपाल खड़गवंशी, विजय सिंह सैनी, रोहित सैनी, रमेश गिरी, मनीराम पाल, राम सिंह पाल आदि कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

एसआरएस स्कूल में तीसरे समर कैंप का उद्घाटन

गजरौला, अमृत विचार : एसआरएस इंटरनेशनल स्कूल में तीसरे समर कैंप का उद्घाटन बुधवार को हुआ। पांच जून तक चलने वाले कैंप के पहले दिन बुधवार को छात्र-छात्राओं ने योग, स्विमिंग, आर्ट एंड क्राफ्ट, डांस, इंग्लिश स्पीकिंग, पर्सनेलिटी डेवलपमेंट, कम्प्यूटर स्किल आदि सीखा। योग के दौरान वज्रासन, वृक्षासन भुजंगासन आदि का अभ्यास किया। योग से होने वाले मानसिक एवं शारीरिक लाभ की जानकारी दी। प्रतिभागियों ने स्विमिंग का आनंद भी लिया। आर्ट एंड क्राफ्ट एक्टिविटी में फ्लावर पॉट, डॉल्स आदि बनाने का प्रशिक्षण लिया। स्कूल डायरेक्टर पुनीत सिंह ने प्रतिभागियों व ट्रेनर्स का उत्साहवर्धन किया। प्रधानाचार्य धर्मेंद्र चतुर्वेदी ने कहा कि इस कैंप के जरिए छात्र-छात्राओं की प्रतिभा का निखार होगा। इस दौरान स्कूल कोर्डिनेटर साक्षी सिंह, रेखा पांडे, नीतू गुप्ता, प्रदीप सिंह, सुधीर सिंह, दिनेश, स्वाति विश्नोई, नंदिता भारद्वाज आदि मौजूद रहे।

मंडी धनौरा में स्पोर्ट्स स्कूल के लिए चयनित बच्चे। ● अमृत विचार

22 छात्र-छात्राएं मोतीलाल स्पोर्ट्स स्कूल के लिए चयनित

मंडी धनौरा, अमृत विचार : नगर के अमरोहा रोड स्थित बीएसडी अकादमी के छात्र छात्राएं लगातार अपनी अकादमी का नाम रोशन कर रहे हैं। बुधवार को अकादमी के प्रबंधक नितिन धारीवाल ने बताया कि मोतीलाल नेहरू स्पोर्ट्स स्कूल राई सोनीपत की कक्षा पांच के लिए हुई शारीरिक परीक्षा में अकादमी के 22 छात्र छात्राओं ने प्रवेश परीक्षा पास की। जिसमें पूरे भारत से कुल 150 बच्चों का चयन हुआ था। जिसमें बीएसडी अकादमी के अंश सिद्धू, अतुल, अरिहंत, दित्या, चौधरी, नैतिक त्यागी, कुंवर प्रताप, रुद्र तेजा, कार्तिक चौधरी, कर्तव्य सिंह, निक्षित, वैभव,मानव,ऐश्वर्या,आयुषी, कशिश चौधरी,कार्तिक त्यागी,अब्दुल समद,शान,फैरहाल, गर्विक सिद्धू व यशराज मालिक सहित 22 छात्र-छात्राओं का चयन हुआ। परीक्षा उत्तीर्ण करने वाले सभी 22 छात्र- छात्राओं का प्रबंधक नितिन धारीवाल व निर्देशिका सुशीला धारीवाल ने उत्साहवर्धन किया। उन्होंने कहा कि बच्चों की मेहनत से अकेडमी का नाम पूरे प्रदेश में रोशन हो रहा है। इस अवसर पर रामरतन सिंह, सतपाल सिंह, सतवीर सिंह, मंजीत, सुशील कुमार आदि मौजूद रहे।

एक नजर

चाहरदीवारी उखाड़ने के विरोध में मारपीट

धनारी, अमृत विचार : धनारी थाना क्षेत्र के गाँव सुनवर सराय निवासी त्रिलोकी ने बुधवार को थाने पहुंचकर पुलिस को तहरीर दी। कहा कि घर की चाहरदीवारी लगभग पांच फीट ऊंची है। आरोप है कि पड़ोस के रहने वाले व्यक्ति ने बुधवार की सुबह छह बजे चाहरदीवारी को उखाड़कर ईंटें अपने घर में डालने लगा। विरोध किया तो व्यक्ति ने अपने परिजनों के साथ मिलकर गाली गलौज करते हुए त्रिलोकी के साथ मारपीट की। बेटे को बचाने पहुंची त्रिलोकी की मां के साथ भी मारपीट की।

गर्भवती ने ससुराल वालों पर लगाया मारपीट का आरोप

धनारी, अमृत विचार : धनारी थाना क्षेत्र के गांव गढ़ी बिचौला निवासी शफीक की शादी एक वर्ष पहले बहजोई थाना क्षेत्र के गांव आलपुर मैथरा निवासी मुस्कान के साथ हुई थी। मुस्कान इस समय 9 माह की गर्भवती है। आरोप है शादी के बाद से ही मुस्कान के ससुर, सास, जेठ व जेठानी मायके से दहेज में जेवर व बर्तन लाने की मांग करने लगे। मना करने पर मुस्कान के साथ मारपीट करते। जिससे तंग आकर बुधवार को मुस्कान ने सास व ससुर से संपत्ति के बंटवारे को कहा। बताया कि इसी बात को सुनकर संपत्ति में हिस्सा देने से मना करते हुए सास, ससुर, जेठ और जेठानी ने मारपीट करते हुए मुस्कान व शफीक को चोटिल कर दिया।

प्रधानमंत्री आवास में धांधली का आरोप

संभल, अमृत विचार : रजपुरा विकासखंड के गांव इकौना निवासी पोप सिंह ने मुख्यमंत्री को शिकायती पत्र भेजकर कहा कि प्रधानमंत्री आवास निर्माण के लिए दो बार में 1 लाख 20 हजार रुपये की धनराशि बैंक अकाउंट में आई थी। आरोप है कि ग्राम प्रधान व सचिव ने मिलकर पोप सिंह से 50 हजार रुपये ले लिए। बाकी बचे 70 हजार रुपये में पोप सिंह ने प्रधानमंत्री आवास की दीवारें खड़ी कर ली, लेकिन आवास की छत बनने से रह गई। उच्चाधिकारियों से शिकायत पर ग्राम प्रधान व सचिव ने मिलकर आवास पर लेंटर डलवाने की जगह छत बनवाने के बजाय लोहे के गाडर व पत्थर की सिल्ली भेजकर काम शुरु करा दिया। मुख्यमंत्री को भेजे गए शिकायती पत्र में कार्रवाई किए जाने की मांग की गई है।

ग्रिल फांदकर गंगा में जाने के लिए छटपटाता रहा, वन विभाग की टीम ने जल में किया संरक्षित

सड़क पर आया मगरमच्छ गर्मी से हुआ बेहाल, रेलिंग पर चढ़ा

कार्यालय संवाददाता, संभल/गुन्नौर

अमृत विचार : झुलसा देने वाली गर्मी में किसी जलीय जीव को पानी से बाहर निकाल दिया जाये तो जाहिर है कि उसकी जान पर बन आयेगी। नरोरा बैराज पर एक बड़ा मगरमच्छ किसी तरह गंगा नदी से बाहर आ गया तो दोपहर को गर्मी में ऐसा बेहाल हुआ कि लोहे की ग्रिल को फांदकर गंगा में जाने के लिए छटपटाता रहा। ग्रिल पार कर गंगा में जाने का प्रयास करते मगरमच्छ का वीडियो सोशल मीडिया पर खूब वायरल हो रहा है।

नरोरा बैराज का एक सिरा संभल जनपद में है तो दूसरा बुलंदशहर जनपद में है। नरौरा के गंगा बैराज पर बुलंदशहर जनपद की सीमा में करीब 10 फिट लंबा विशालकाय मगरमच्छ नहर से निकलकर सड़क पर घूमता दिखा। लोगों का कहना है कि बुधवार सुबह मगरमच्छ नरौरा बैराज की छोटी गंग नहर से बाहर आकर दोनों नहरों के बीच बनी सड़क पर घूमने लगा। दोपहर को धूप तेज हुई तो मगरमच्छ वापस नहर में जाने के लिए छटपटाने लगा। वह गर्मी से इतना बेहाल था कि लोहे की रेलिंग पर चढ़कर दूसरी तरफ गंगा में जाने का प्रयास करने लगा। इस प्रयास में मगरमच्छ कई बार रेलिंग से नीचे गिरा। मगरमच्छ को रेलिंग पर चढ़ते देख वहां लोगों की भीड़ इकट्ठा हो गई। किसी ने रेलिंग पर चढ़ने का प्रयास करते मगरमच्छ का वीडियो बना लिया। 12 सेकेंड का यह वीडियो अब सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। वहीं सूचना पर पहुंची वन विभाग की टीम ने मादा मगरमच्छ को रेस्क्यू कर वापस गंगनहर में संरक्षित कर दिया।

रेलिंग पर चढ़कर गंगा में जाने का प्रयास करता गर्मी से बेहाल मगरमच्छ।

- **12 सेकेंड का यह वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है**

> मगरमच्छ गंग नहर से बाहर सड़क पर दिखाई देने की बात सामने आई है। गर्मी के साथ ही गंगा में ऑक्सीजन की कमी से कई बार जलीय जीव बाहर निकल आते हैं। मगरमच्छ को वापस गंगनहर में संरक्षित करा दिया गया है।
> **-संजय शर्मा,** सिंचाई विभाग, नरौरा बैराज

गर्मी से नहीं मिल रही निजात, पारा 45 डिग्री पर

संभल/चंदौसी, अमृत विचार : संभल में बुधवार को आसमान से आग बरसी तो पारा 45 डिग्री सेल्सियस तक पहुंच गया। भीषण गर्मी में जनजीवन बेहाल नजर आया। राहत पाने के तमाम जतन नाकाफी साबित हुए। शाम को भी लोगों पसीने से तर-ब-तर नजर आए। बुधवार को दिन बेहद गर्म रहा। सुबह से ही चिलचिलाती धूप के कारण लोग बेहाल रहे। पसीने में तर-ब-तर लोगों ने कामकाज शुरू किया तो तमाम लोग जरूरी काम के लिए पैदल और बाइकों से निकले। बाजारों और मुख्य मार्गों पर सन्नाटे का माहौल रहा। युवाओं और किशोरों ने स्वीमिंग पूल और नलकूपों पर नहाकर थोड़ी देर के लिए राहत महसूस की। लोग राहत पाने के लिए ईश्वर से बारिश की प्रार्थना करते नजर आए। संभल के अलावा सिरसी, हजरतनगर गढ़ी, असमोली, सौंधन, पंवासा, बहजोई, धनारी, बबराला, गुन्नौर, जुनावई, रजपुरा और गवां क्षेत्र में गर्मी से जनजीवन बेहाल रहा। भीषण गर्मी में बौखलाए लोग, गर्म हवा ने घर से निकलना किया दुश्वार बुधवार को सुबह से ही चिलचिलाती धूप खिली तो लोग पंखे व कूलर के आगे से हटते ही पसीना-पसीना होने लगे। लोग दोपहर में घर से निकले तो बाजार में बार-बार गला सूख रहा था। जिससे शीतल पेयजल पीकर लोग गर्मी से राहत पाने का प्रयास करते दिखे। गर्मी का सितम इस कदर है कि पशु पक्षी भी हाल बेहाल हैं। दोपहर के समय गली मोहल्लों में भी पशु पक्षी नजर नहीं आए।

पत्नी को ससुराल में छोड़ कर आए युवक ने दी जान

संवाददाता, संभल/कैलादेवी

- **कमरे की छत में लगे लोहे के हुक में रस्सी के फंदे पर लटककर की आत्महत्या**

अमृत विचारः कैलादेवी थाना क्षेत्र में पत्नी को एक दिन पहले ससुराल छोड़कर आए 25 वर्षीय युवक ने कमरे की छत में लगे लोहे के हुक में रस्सी के फंदे पर लटककर जान दे दी। जिससे परिजनों में कोहराम मच गया। परिजनों ने बिना पुलिस को सूचना दिए युवक के शव का अंतिम संस्कार कर दिया। युवक की शादी डेढ़ वर्ष पहले बनियाठेर थाना क्षेत्र निवासी युवती के साथ हुई थी और किसी बात को लेकर दंपती में विवाद चल रहा था।

थाना क्षेत्र के एक गांव निवासी युवक की शादी डेढ़ वर्ष पहले बनियाठेर थाना क्षेत्र के एक गांव निवासी युवती के साथ हुई थी। शादी के कुछ दिन बाद से ही दंपती के बीच किसी बात को लेकर विवाद चल रहा था। जिसकी जानकारी युवक के परिजनों को भी नहीं थी। मंगलवार की सुबह पत्नी से तैयार होने की बात कहकर युवक ने ससुराल चलने को कहा। जिसके बाद युवक पत्नी को साथ लेकर ससुराल पहुंचा। पत्नी को मायके में छोड़कर युवक देर शाम ससुराल से घर वापस आ गया। रात को खाना खाकर युवक सो गया था।

बुधवार को घर का काम धंधा निपटाकर युवक 12 बजे कमरे में पहुंचा। काफी देर तक युवक बाहर नहीं आया तो परिजनों ने आवाज लगाई। जवाब नहीं मिलने पर परिजनों ने दरवाजा तोड़कर कमरे में देखा तो युवक का शव छत में लगे लोहे के हुक में रस्सी के फंदे पर लटक रहा था। जिससे परिजनों में कोहराम मच गया। फंदा खोलकर परिजनों ने युवक का शव नीचे उतारा और पुलिस को बिना सूचना दिए युवक के शव का अंतिम संस्कार कर दिया।

थाना प्रभारी राजीव कुमार मलिक ने बताया कि इस मामले की जानकारी नहीं है।

फेसबुक पर लिखा-मेरे लास्ट तीन चार घंटे...और जहर खाकर दी जान

बाइक पर जहरीला पदार्थ रखकर बनाये गये वीडियो के साथ पोस्ट की थी स्टोरी

संवाददाता, बहजोई/चंदौसी

अमृत विचार : मेरे लास्ट तीन-चार घंटे.... मुझे माफ कर देना, कुछ ऐसी ही फेसबुक स्टोरी पोस्ट करने के बाद युवक ने जहरीला पदार्थ खाकर जान दे दी। युवक पर एक दिन पहले ही कार में तोड़फोड़ व लूटपाट का आरोप लगाकर कुछ लोगों ने पुलिस में शिकायत दर्ज कराई थी। युवक के शव का पोस्टमार्टम कराने के साथ ही पुलिस ने मामले की पड़ताल शुरु कर दी है।

बहजोई के मुराव टोला निवासी दीपक कश्यप ने मंगलवार की शाम फेसबुक पर स्टोरी लगाते हुए बाइक पर एक जहर का पाउच एक कागज रखकर वीडियो पोस्ट करने के साथ स्टोरी लगाई थी। इस कागज के आखिरी हिस्से में लिखा था-मुझे माफ कर देना। वहीं मेरे लास्ट तीन-चार घंटे भी स्टोरी पोस्ट पर लिखा गया था। एक सुसाइड नोट था जिसको बाइक पर रखकर फोटो खींचा गया था। सुसाइड नोट को कोई न पढ़ पाए उसे एक स्टीकर से ढक कर स्टोरी लगाई गई थी। इसके बाद युवक ने चंदौसी की ग्रीन सिटी मैदान पर जहरीला पदार्थ खा लिया।

हालत बिगड़ी तो खुद पहुंचा अस्पताल, नहीं बची जान

बहजोई। जहर खाने के बाद युवक की हालत बिगड़ी तो वह खुद ही अपनी बाइक से निजी अस्पताल में उपचार के लिए जा पहुंचा। वहां चिकित्सक ने हालत गंभीर बताते हुए युवक को मुरादाबाद रेफर कर दिया। इसके बाद मुरादाबाद के निजी अस्पताल में उपचार के दौरान युवक ने दम तोड़ दिया। मुरादाबाद में युवक का पोस्टमार्टम कराया गया है। अभी तक आत्महत्या करने का कारण स्पष्ट नहीं हो पाया है। हालांकि पुलिस प्रारंभिक जांच करने का दावा कर रही है। बनियाठेर पुलिस ने चंदौसी की ग्रीन सिटी पहुंचकर मामले की जांच पड़ताल की है।

> दो दिन पहले युवक पर मारपीट करने तथा कार में तोड़फोड़ करने का आरोप लगा था। पता लगा है कि उसने जहर खा लिया जिससे उसकी मृत्यु हो गई है। अभी तक सुसाइड नोट नहीं मिला है। युवक के शव का पोस्टमार्टम मुरादाबाद में कराया जा रहा है। परिवार के लोग अभी उसके साथ हैं। इस पूरे मामले की जांच की जाएगी।
> **– दीपक कुमार तिवारी, सीओ, बहजोई**

कार में तोड़फोड़ व सोने की चेन लूटने का लगा था आरोप

बहजोई। सोमवार को इस्लामनगर रोड निवासी तनुज ने दीपक कश्यप पर कार में तोड़फोड़ करने का आरोप लगा था। तनुज ने थाना बहजोई में कार में तोड़फोड़ करने तथा सोने की जंजीर लूटे जाने का आरोप लगाते हुए तहरीर दी थी। इसको लेकर पुलिस को दीपक कश्यप की तलाश थी। पुलिस की माने तो दीपक कश्यप पर पहले भी मारपीट करने व जानलेवा हमले के मामले दर्ज हैं।

तमंचे के बल पर दुष्कर्म का आरोप, कार्रवाई की गुहार

संभल, अमृत विचारः हजरत नगर गढ़ी थाना क्षेत्र में सोमवार की रात खुद को सत्तारूढ़ पार्टी का कार्यकर्ता बताने वाले व्यक्ति ने कमरे में सो रही महिला के साथ तमंचे के बल पर दुष्कर्म की घटना को अंजाम दिया। दुष्कर्म की बात किसी से बताने पर व्यक्ति ने महिला के पति को जेल भिजवाने की धमकी दी।

थाना क्षेत्र के एक गांव निवासी महिला का पति दिल्ली में मेहनत मजदूरी करता है। सोमवार की रात महिला की देवरानी व सास अपने कमरे में सो रही थी। आरोप है कि देर रात एक व्यक्ति तमंचा लेकर घुस आया और धमकी देते हुए महिला से दुष्कर्म किया। दुष्कर्म की बात परिजनों से बताने को कहा तो व्यक्ति महिला के पति को झूठे मुकदमे में फंसाने की धमकी देते हुए भाग गया। महिला ने बताया कि वह पति के साथ थाने में गई थी, लेकिन पुलिस ने फरियाद नहीं सुनी। बुधवार को महिला पति के साथ पुलिस क्षेत्राधिकारी के कार्यालय पहुंची और सीओ को शिकायती पत्र सौंपकर कार्रवाई की मांग की।

सार-संक्षेप

संभल में अधिशासी अधिकारी को ज्ञापन देते समिति पदाधिकारी। ● अमृत विचार

भीषण गर्मी में शोपीस बने वाटर कूलर

संभल, अमृत विचार : जिला संघर्ष समिति के मुहल्ला देहली दरवाजा में स्थित कार्यालय पर हुई बैठक में विभिन्न समस्याओं को लेकर चर्चा की गई। जिसके बाद सदस्यों ने ईओ नगर पालिका आनंद कुमार कटारिया को ज्ञापन सौंपा। कहा कि भीषण गर्मी में चौराहों पर लगे वाटर कूलर शोपीस बने हैं और लोग प्यास बुझाने के लिए भटक रहे हैं। इस समस्या का समाधान कराकर आमजन को राहत दी जाए। वरना धरना प्रदर्शन के लिए बाध्य होना पड़ेगा। सदस्यों ने कहा कि दीपा सराय में ओवरहेड टैंक सफेद हाथी की तरह खड़ा है। लोग मजबूर होकर महंगे सबमरसेबिल लगवा रहे हैं। वहीं लोगों से वाटर टैक्स के नाम पर वसूली हो रही है जो अन्याय है। सदस्यों ने बरसात से पहले नालों की तलीझाड़ सफाई कराने की मांग भी उठाई। इस दौरान डॉ.मुहम्मद नाजिम, यासीन अंसारी, सफदर अली, बिलाल, चौधरी रविराज चाहल एडवोकेट, कमांडर अली, मोहसिन अली, कैलाश सिंह, गजराज सिंह, महावीर सिंह आदि रहे।

अस्पताल में स्टाफ को आग बुझाने के तरीके बताते अग्निशमन कर्मी।

अग्निशमन विभाग ने बताये आग बुझाने के तरीके

गुन्नौर, अमृत विचार : गुजरात में गेम जोन में आग की घटना के बाद से अग्निशमन विभाग हरकत में आ गया है। विभाग के अधिकारियों और कर्मचारियों ने गुन्नौर में अलग-अलग स्थानों पर आग बुझाने के इंतजाम को देखा। इतना ही नहीं, उपकरणों के जरिये आग पर काबू पाने के तरीके भी समझाए। अग्निशमन विभाग की टीम ने गुन्नौर में स्कूल, हॉस्पिटल, नर्सिंग होम, होटल के प्रबंधकों को आग से बचाव से उपाय बताए। साथ ही, आग लगने पर किस तरह काबू पाना है इसकी जानकारी भी दी। कहा कि आग बुझाने के इंतजाम दुरुस्त रहने चाहिए। इसमें किसी तरह की लापरवाही सामने नहीं आनी चाहिए। फायर स्टेशन प्रभारी संतोष चौहान, आकाश माथुर और विकास कुमार ने बताया कि अगर अचानक लग जाए तो कैसे बाहर निकलना है और आग बुझानी है।

झोलाछाप के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज

धनारी। धनारी क्षेत्र के भिरावटी गांव में अवैध रूप से क्लीनिक संचालन पर नोडल अधिकारी ने झोलाछाप के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई है। नोडल अधिकारी डॉ.विरास यादव ने भिरावटी में क्लीनिक संचालन कर रहे डॉ.राजू के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराने के लिए थाना धनारी पर तहरीर दी थी। कहा था कि डा. राजू के अस्पताल का निरीक्षण कर उनसे डिग्री व पंजीकरण मांगा था। झोलाछाप कुछ नहीं दिखा पाया तो उसका क्लीनिक सील कर दिया गया। राजू ने सील तोड़कर फिर से अस्पताल का संचालन शुरू कर दिया। प्रभारी निरीक्षक नरेश कुमार ने बताया कि झोलाछाप राजू के विरुद्ध रिपोर्ट दर्ज कर ली गई है।

कूड़ा उठाने को खरीदे गए ई रिक्शे फांक रहे धूल

कार्यालय संवाददाता, संभल/सौंधन

अमृत विचार : संभल जिले के विकास खंड पंवासा की कई ग्राम पंचायतों में घरों से गीला और सूखा कूड़ा उठाने के लिए खरीदे गए ई रिक्शे ग्राम प्रधानों के घरों में खड़े हैं और धूल फांक रहे हैं। कई रिक्शे कबाड़ का रूप भी लेने लगे हैं। वहीं ग्राम पंचायतों में जगह-जगह कूड़ा पड़ा रहता है। फिर भी जिम्मेदार अधिकारियों का इस तरफ कोई ध्यान नहीं है।

ब्लॉक पंवासा की ग्राम पंचायतों में प्रत्येक घर से सूखा गीला कूड़ा उठाने के लिए लाखों रुपये से ई रिक्शे खरीदे गए थे। इतना बड़ा बजट खर्च करने के बावजूद न तो ई रिक्शों का संचालन हो रहा है और न ही गीला और सूखा कूड़ा उठ रहा है। आलम यह है कि प्रधानों के घरों पर ही ई रिक्शे खड़े रहकर धूल फांक रहे हैं। इनमें ग्राम पंचायत सौंधन मोहम्मदपुर, सिहावली, नूरपुर ततारपुर, चाचू नागल, खानूपुरा, सारंगपुर, भमौरी पट्टी, रुदायन, करछली, निरावली, नारंगपुर आदि हैं। कई ग्राम पंचायतों में भी ई रिक्शे खुद कबाड़ बनने की कगार पर पहुंच गए हैं। गलियों में जगह-जगह कूड़ा पड़ा रहने के नजारे दिख रहे हैं। बहरहाल, साफ है कि सरकार के बजट की बर्बादी किस तरह की जा रही है। सवाल उठता है कि जब ई रिक्शे खरीदे गए तो उनका इस्तेमाल कूड़ा उठाने के लिए क्यों नहीं किया जा रहा?

सौंधन में धूल फांक रहा कूड़ा इकट्ठा करने के लिए खरीदा गया ई रिक्शा।

एमआरएफ सेंटर नहीं हुआ शुरू

संभल/सौंधन अमृत विचार : ग्राम पंचायत सौंधन मोहम्मदपुर में लाखों रुपये से बनाया गया एमआरएफ सेंटर भी शुरू नहीं हुआ है। सेंटर के शुरू नहीं होने से कूड़े से प्लास्टिक, पॉलीथिन, कागज को अलग-अलग करके प्रबंधन का काम भी नहीं हो रहा है। जिसके चलते ग्राम पंचायत में जगह-जगह कूड़े के ढेर लग रहे हैं।

नाली में मिला नवजात का शव, मौके पर जुटी ग्रामीणों की भीड़

संभल/धनारी, अमृत विचार : धनारी थाना क्षेत्र के गांव भिरावटी में बुधवार को नाली में नवजात का शव पड़ा मिला। पुलिस और स्वास्थ्य विभाग के नोडल अधिकारी मौके पर पहुंचे। शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

गांव भिरावटी में बुधवार को सुबह लोग घर व दुकान के आगे सुबह के समय सफाई कर रहे थे। तभी नाली में नवजात का शव दिखाई दिया। कुछ ही देर में मौके पर ग्रामीणों की भीड़ जुट गई। सूचना मिलने पर थाना प्रभारी निरीक्षक नरेश सिंह पुलिस बल के साथ पहुंच गए।

स्वास्थ्य विभाग के नोडल अधिकारी डॉ.विरास यादव भी पहुंचे। नोडल अधिकारी डॉ.विरास यादव का कहना है कि शव को लेकर जांच की जा रही है।

बार एसोसिएशन अध्यक्ष पद के लिए दो और नामांकन दाखिल

कार्यालय संवाददाता, संभल

अमृत विचार : संभल बार एसोसिएशन के चुनाव को लेकर नामांकन प्रक्रिया पूर्ण हो गई। गुरुवार को नामांकन पत्रों की जांच और नाम वापसी होगी।

एल्डर्स कमेटी के चेयरमैन प्रकाशवीर सिंह एडवोकेट ने बताया कि दो दिन चली नामांकन प्रक्रिया में अध्यक्ष पद के लिए प्रदीप कुमार गुप्ता और राजीव कुमार भटनागर ने नामांकन कराया है।

सचिव के लिए अमित उठवाल व चंद्रप्रकाश का नामांकन हुआ। वरिष्ठ उपाध्यक्ष के लिए मोहम्मद रियाज और वसी हसन, उपाध्यक्ष के लिए मोहम्मद जफर हुसैन, कौशल कुमार त्यागी और आदित्य रस्तोगी ने नामांकन कराया। कोषाध्यक्ष के लिए अली सादिक और नीरज कुमार गुप्ता, उप सचिव के लिए अक्षय कुमार कौशिक, रामकिशन सिंह और गुलजार इरशाद ने नामांकन किया।

उन्होंने बताया कि गुरुवार को नामांकन पत्रों की जांच एवं नाम वापसी की प्रक्रिया होगी। इस दौरान एल्डर्स कमेटी के सदस्य देवेंद्र पाल, सत्यवीर शर्मा, मुस्तकीम अहमद मौजूद रहे।

चुनाव

- **नामांकन प्रक्रिया पूरी, नामांकन पत्रों की जांच और नाम वापसी आज होगी**
- **अध्यक्ष पद के लिए प्रदीप कुमार गुप्ता और राजीव कुमार भटनागर ने कराया है नामांकन**

मांग ग्रामीण क्षेत्रों में शेड्यूल के मुताबिक नहीं दी जा रही है विद्युत आपूर्ति

अघोषित विद्युत कटौती को लेकर भाकियू ने सौंपा ज्ञापन

संवाददाता, बहजोई

अमृत विचार : भारतीय किसान यूनियन टिकैत से जुड़े कार्यकर्ताओं ने डीएम को संबोधित ज्ञापन डिप्टी कलेक्टर को सौंपकर ग्रामीण क्षेत्र में हो रही अघोषित विद्युत कटौती का मुद्दा उठाया। वहीं गोशाला में पशुओं को चारा नहीं दिए जाने को लेकर वार्ता की। किसानों की समस्याओं का शीघ्र समाधान किए जाने की मांग उठाई।

जिलाध्यक्ष मनपाल सिंह के नेतृत्व में पदाधिकारी कलेक्ट्रेट पर पहुंचे। जहां उन्होंने डीएम को संबोधित ज्ञापन डिप्टी कलेक्टर दीपक कुमार को सौंपकर कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों में शेड्यूल के मुताबिक विद्युत आपूर्ति नहीं दी जा रही है। जिससे किसानों की फसल सूखकर नष्ट हो रही है। विद्युत विभाग के अधिकारी कोई ध्यान नहीं दे रहे हैं। उन्होंने कहा कि निजी दुकानदारों के द्वारा धान व दवाई को प्रिंट रेट से अधिक पर बेचा जा रहा है। कृषि विभाग के अधिकारियों द्वारा शिकायत करने के बावजूद भी कोई कार्रवाई नहीं की जा रही। किसानों के द्वारा मक्का के सरकारी केंद्रों को लेकर पहले भी मांग की जा रही है। लेकिन प्रशासन द्वारा अभी तक मक्का खरीद के लिए सरकारी केंद्र नहीं खोले गए हैं। इस दौरान मंडल उपाध्यक्ष केपी राणा, संजीव यादव, मानसिंह, पंकज कुमार आदि पदाधिकारी मौजूद रहे।

बहजोई में डिप्टी कलेक्टर को ज्ञापन देते भाकियू पदाधिकारी। ● अमृत विचार

- **गोशाला में पशुओं को चारा नहीं दिए जाने को लेकर वार्ता की**
- **किसानों की समस्याओं का शीघ्र समाधान किए जाने की मांग की**

बिजली ट्रिपिंग के चलते भीषण गर्मी में उबले लोग

संभल, अमृत विचार : संभल तहसील बिजलीघर से जुड़े शंकर इंटर कॉलेज चौराहा के अलावा दूसरे क्षेत्रों में बुधवार को भीषण गर्मी के बीच बिजली ट्रिपिंग से बड़ी दिक्कतें हुईं। ट्रिपिंग के कारण घंटों तक बिजली गायब रही तो लोग उबल गए। बुधवार को दोपहर से ही शंकर इंटर कॉलेज चौराहा और आसपास के क्षेत्र की बिजली व्यवस्था गड़बड़ाई रही। बिजली ट्रिपिंग के कारण लोगों को दिक्कतों का सामना करना पड़ा। आलम यह रहा कि दो से दस मिनट तक बिजली रुकती तो आधा और एक घंटे के लिए बाधित हो जाती। दोपहर से शाम तक करीब दस से पंद्रह बार बिजली ट्रिपिंग हुई और लोग दुश्वारियों से जूझते रहे। एसडीओ तृतीय महेंद्र सिंह ने कहा कि भीषण गर्मी के बीच ओवरलोडिंग की समस्या के कारण बिजली ट्रिपिंग हो रही है।

बेटे ने पिता व भाइयों पर लगाया मारपीट करने का आरोप

संभल, अमृत विचारः सदर कोतवाली क्षेत्र के मुहल्ला आलम सराय निवासी संजय ने बुधवार को कोतवाली पहुंचकर पुलिस को तहरीर दी। कहा कि घर पर बिजली का कनेक्शन पिता महेश के नाम पर है।

एक ही कनेक्शन से संजय व उसके पिता महेश व भाई उमेश और नितिन बिजली के उपकरण व लाइट जलाते है। आरोप है कि मंगलवार की रात महेश ने संजय के कमरे में जाने वाला बिजली का केबिल मीटर से हटा दिया। जिसकी वजह से भीषण गर्मी में संजय के कमरे की बिजली गुल हो गई। बुधवार की सुबह इसी बात को पूछने पर महेश व नितिन, उमेश ने लाठी डंडों से मारपीट कर संजय को घायल कर दिया। तहरीर मिलने पर पुलिस ने संजय का जिला अस्पताल में मेडिकल कराया।

शरबत पिला कर पहुंचाई गर्मी से राहत

संवाददाता, चन्दौसी

अमृत विचार : श्री नारायण सेवा समिति की ओर से बुधवार को तहसील परिसर में गर्मी से निजात दिलाने के लिए शरबत वितरण किया गया। पूर्व बार अध्यक्ष अमर सिंह यादव, पूर्व सचिव महीपाल सिंह व बलराम शर्मा आदि वरिष्ठ अधिवक्ताओं ने संयुक्त रूप से फीता काटकर शरबत प्याऊ का आरंभ किया।

अमर सिंह यादव ने कहा कि इन दिनों तापमान अत्यधिक बढ़ा हुआ है। जिसके कारण समस्त प्राणी प्यास से व्याकुल हैं। ऐसे में सब का गला तर करने के लिए इस प्रकार शरबत वितरण करना पुण्य का काम है। बाबूलाल, अश्वनी उपाध्याय, कार्यक्रम संयोजक हरीश कठेरिया ने विचार व्यक्त किए। करीब एक हजार लोगों को शरबत वितरण किया गया। इस अवसर पर आशीष कुमार, प्रेमपाल सिंह यादव, ओम प्रकाश राव, पुष्पेंद्र सिंह चौहान, रामज़ीमल, अंकित ठाकुर, सूर्यप्रताप सिंह, परवेज अहमद, अजय गुप्ता, नेपाल सिंह, मंसूर वारसी आदि अधिवक्ता मौजूद रहे। संजय कुमार व तुषार का सहयोग रहा।

चन्दौसी तहसील में शरबत वितरण करते नारायण सेवा समिति के पदाधिकारी।

भीषण गर्मी में राहगीरों को बांटा ठंडा शरबत

मनोटा, अमृत विचार : विकास खंड असमोली क्षेत्र में जोया-संभल मार्ग पर मनोटा पुल पर जीएल इलेक्ट्रॉनिक्स की ओर से भीषण गर्मी में शरबत की सबील लगाई गई। मार्ग से गुजरने वाले लोगों को ठंडा शरबत वितरित किया गया। जिससे लोगों ने राहत महसूस की। काफी देर तक शरबत बांटने का काम चला तो लोग भी इस कार्य की सराहना करते हुए नजर आए। कहा गया कि भीषण गर्मी में दूसरे लोगों को भी इस तरह के काम करके आमजन को राहत पहुंचानी चाहिए।

अमृत विचार
www.amritvichar.com

न विश्चसेदविश्चस्ते विश्चस्ते नातिविश्चसेत्।
विश्चासाद् भयमुत्पन्न मुलान्यपि निकृन्तति ॥

जो व्यक्ति भरोसे के लायक नहीं है ,उस पर तो भरोसा न ही करें ,लेकिन जो बहुत भरोसेमंद है, उस पर भी अंधे होकर भरोसा न करें , क्योंकि जब ऐसे लोग भरोसा तोड़ते हैं तो बड़ा अनर्थ होता है।

संपादकीय

घटता मत प्रतिशत

आम चुनाव 2024 समाप्ति की ओर हैं। केवल एक चरण का मतदान बाकी है। अंतिम चरण का मतदान 1 जून को होगा और परिणाम 4 जून को आने हैं। जनादेश का विश्लेषण तो उसके बाद ही किया जा सकता है। परंतु चुनाव में देश भर में मतदाताओं की भागीदारी से पता चलता है कि 2019 और यहां तक कि 2014 की तुलना में चुनावों के मतदान में महत्वपूर्ण गिरावट आई है। मतदाताओं की उदासीनता हमारी व्यवस्था में गहरी अस्वस्थता का लक्षण है। याद रखना चाहिए कि मतदान न केवल हमारा अधिकार है, बल्कि हमारी जिम्मेदारी भी है। इस बार चुनाव की बुनियादी चिंता यह रही कि शहरी मतदाता अपेक्षाकृत उदासीन रहा। उसने मतदान के प्रति दायित्व और मताधिकार के महत्व को कमतर आंका, नतीजतन मतदान के शुरुआती आंकड़े निराश करते रहे। लंबे समय तक मतदाताओं की उदासीनता लोकतांत्रिक प्रक्रिया को ही कमजोर कर सकती है। दरअसल मुंबई से लखनऊ तक का चुनाव शहरी उदासीनता का प्रतीक रहा है। बेशक यह झुलसाती, चिलचिलाती गर्मी और लू का मौसम है। कई जगहों पर 44-45 डिग्री तक तापमान रिकॉर्ड किया गया। गर्मी के कारण मतदान कम हुआ, यह तर्क गले नहीं उतरता। क्योंकि अक्सर आम चुनाव इन्हीं महीनों में कराए जाते रहे हैं। 2009 के आम चुनाव से पहले किए गए नवीनतम परिसीमन के बाद से इतनी बड़ी संख्या में सीटों पर मतदाताओं की भागीदारी में गिरावट अभूतपूर्व है। संख्याओं पर करीब से नजर डालने से पता चलता है कि 2014 में कुल मतदाताओं (18 वर्ष से अधिक आयु के योग्य मतदाता) में उल्लेखनीय वृद्धि हुई थी, और 2019 और 2024 में मामूली वृद्धि हुई थी। लेकिन केवल 2024 में ही मतदान प्रतिशत में नाटकीय रूप से गिरावट आई।

पूर्व, उत्तर-पूर्व और दक्षिण में कई मतदाताओं ने आमतौर पर पश्चिम, मध्य और उत्तर भारत की तुलना में अधिक मतदान किया। फिर भी, तेलंगाना और कर्नाटक जैसे कुछ अपवादों को छोड़कर, जहां मतदान प्रतिशत में 62.8 प्रतिशत से 65.7 और 68.8 प्रतिशत से 70.6 प्रतिशत की मामूली वृद्धि दर्ज की गई, 2024 में राज्यों में मतदान में सामान्य गिरावट आई है। जबकि यह समय लोकतांत्रिक प्रक्रिया के प्रति हमारी प्रतिबद्धता की पुष्टि करने का समय होता है। मतदाता की उदासीनता अन्याय और असमानता को जड़ जमाने के लिए उपजाऊ जमीन तैयार करती है। मतदान न करना भी लोकतंत्र और संविधान की अवमानना है। लिहाजा चुनाव आयोग की ओर से आवश्यक मतदान के लिए कुछ तो प्रावधान किए जाने चाहिएं।

ये कहां आ गए हम

प्रयाग पाण्डे
वरिष्ठ पत्रकार

यदि ऐतिहासिक परिपेक्ष्य में देखें तो भारत में पत्रकारिता की शुरुआत सतयुग से मानी जा सकती है। सतयुग में देवर्षि नारद जी मानव कल्याण के निमित्त समाचार संप्रेषित करते थे। कहा जाता है कि उनके द्वारा संप्रेषित समाचारों का देवलोक में व्यापक असर होता था। यह बात अलग है कि देवर्षि नारद जी को आधुनिक युग के पत्रकारों के मानिंद संवाददाता के रूप में अपनी हैसियत का गुमान होने लगा था।

हिंदी भाषी पत्रकारों के लिए आज हिंदी पत्रकारिता के जनक जुगल किशोर सुकुल जी को श्रद्धा पूर्वक नमन करने और उनके प्रति सम्मान एवं कृतज्ञता प्रकट करने का दिन है। हिंदी पत्रकारिता के गौरवशाली इतिहास को याद करने का मौका है। साथ ही हिंदी पत्रकारिता के बुनियादी चरित्र और उसूलों में आए सकारात्मक एवं नकारात्मक बदलावों का विवेचन का अवसर भी। यदि ऐतिहासिक परिपेक्ष्य में देखें तो भारत में पत्रकारिता की शुरुआत सतयुग से मानी जा सकती है। सतयुग में देवर्षि नारद जी मानव कल्याण के निमित्त समाचार संप्रेषित करते थे। महाभारत काल में संजय ने पत्रकार की भूमिका निभाई। उन्होंने धृतराष्ट को महाभारत के युद्ध के मैदान का आंखों देखा हाल सुनाया था। रामायण काल में कूटनीतिक पत्रकारिता की शुरुआत हुई। उस दौर में मंथरा नामक एक पात्र ने यह भूमिका अदा की। मंथरा की कुटिलता ने भगवान श्री राम के राज्याभिषेक के हर्षोल्लास के अवसर को शोकाकुल वातावरण में तबदील कर दिया। मंथरा के भड़काऊ सूचना के कारण भगवान श्री राम को वनवास हुआ और उनके विरह में राजा दसरथ जी को अपने प्राण त्यागने पड़े थे।

प्रारंभिक काल में संत, फ़क़ीर, भाट और चारण सूचनाओं के प्रसार में सहायक होते थे। प्राचीन काल में समाज की नब्ज टटोलने के लिए भारत में राजाओं द्वारा गुप्तचरों की नियुक्तियां की जाती थीं। मुगलकाल में महत्वपूर्ण नगरों में संवाद लेखकों की नियुक्तियां की जाती थी, इन्हें 'वाकया नवीस' कहा जाता था। वाकया नवीसों के मुखिया को 'वाकया निगार' कहते थे। उस दौर में एक जगह से दूसरी जगह खबरें पहुंचाने का काम हरकारे करते थे। अकबर के शासनकाल में समाचार संकलित करने वालों को 'खबर नवीस' और समाचार लेखकों को 'वाकया नवीस' कहा जाता था। समाचारों को एक स्थान से दूसरे स्थान तक पहुंचाने वालों को 'क़ासिद' या 'हरकारा' कहते थे।

भारत में आधुनिक पत्रकारिता के जनक जेम्स ऑगस्टन हिकी थे। 29 जनवरी,1780 को जेम्स ऑगस्टन हिकी ने कोलकाता से 'बंगाल गजट' या 'कलकत्ता जर्नल एडवाइजर' नामक समाचार -पत्र का प्रकाशन प्रारंभ किया था। 'बंगाल गजट' भारत का पहला आधुनिक समाचार-पत्र था, जो

हिंदी पत्रकारिता दिवस

कि 'हिकीज गजट' के नाम से ख्यात हुआ। जेम्स ऑगस्टन हिकी ने भारत की भावी पत्रकारिता के न्यूनतम आदर्श तय कर दिए थे। उन्होंने निर्भीक पत्रकारिता की उम्दा मिशाल पेश की। सर्वशक्तिमान साम्राज्यवादी सत्ता की तीखी आलोचना से नहीं घबराए। भारतीय भाषाओं की पत्रकारिता के जनक थे- लाला राममोहन राय। उन्होंने 4 दिसंबर 1821 को बंगला साप्ताहिक 'संवाद कौमुदी' का प्रकाशन एवं संपादन प्रारंभ किया था। लाला राममोहन राय ने 12 अप्रैल, 1822 को 'मिरातुल अखबार' नाम से फ़ारसी भाषा का एक और अखबार का प्रकाशन शुरू किया था। 1923 में भारत में उर्दू का पहला अखबार निकला, जिसका नाम 'जामे-जहांनुमा' था। मुंशी सदासुखलाल इसके संपादक और हरिहर दत्त प्रकाशक थे। 30 मई, 1826 को जुगल किशोर सुकुल ने कलकत्ता से हिंदी साप्ताहिक 'उदन्त मार्तण्ड' का प्रकाशन/ संपादन शुरू किया था। 1845 में बनारस से 'बनारस अखबार' प्रकाशित हुआ। गोविंद नाथ थत्ते इसके संपादक थे। 'बनारस अखबार' हिंदी प्रदेश से प्रकाशित होने वाला पहला हिंदी साप्ताहिक था। 1850 में 'सुधाकर' का प्रकाशन शुरू हुआ, यह हिंदी और बांग्ला दोनों भाषाओं में प्रकाशित होता था। इसी वर्ष जुगल किशोर सुकुल ने 'सामदण्ड मार्तण्ड' नाम से एक और अखबार निकाला। यह अखबार भी अधिक दिन नहीं चला। 1854 में श्याम सुंदर सेन ने कलकत्ता से 'समाचार सुधावर्षण' नामक हिंदी और बांग्ला में द्विभाषी दैनिक समाचार-पत्र का प्रकाशन शुरू किया। यह हिंदी का पहला दैनिक अखबार था। 'समाचार सुधावर्षण' 1873 तक प्रकाशित हुआ था। संयोग की बात यह है कि हिंदी पत्रकारिता की शुरुआत गैर हिंदी भाषी कलकत्ता से हुई। हिंदी भाषा का पहला दैनिक समाचार-पत्र भी कलकत्ता से ही प्रकाशित हुआ था। प्रथम स्वाधीनता संग्राम के दौरान 8 फ़रवरी, 1857 में अमीमुल्ला खां ने 'पयामे आजादी' नाम का समाचार - पत्र निकाला। यह भारत में देसी भाषा का पहला राजनीतिक समाचार-पत्र था। 1871 में अल्मोड़ा से 'अल्मोड़ा अखबार' का प्रकाशन शुरू हुआ। बुद्धिबल्लभ पंत इसके संपादक थे। 1900 में काशी से 'सरस्वती' का प्रकाशन प्रारंभ हुआ। 1903 में आचार्य महावीर प्रसाद द्विवेदी ने 'सरस्वती' के संपादक का दायित्व संभाला। 'सरस्वती' ने सही अर्थों में आधुनिक पत्रकारिता को जन्म दिया। जब मराठा दैनिक 'केसरी' के संपादक लोकमान्य बालगंगाधर तिलक 'स्वराज हमारा जन्मसिद्ध अधिकार है और हम इसको लेकर रहेंगे' के उदघोष द्वारा राजनीतिक जड़ता को तोड़कर भारतीय जनमानस को झकझोर रहे थे, ठीक उसी दौर में गणेश शंकर विद्यार्थी के संपादन में नवंबर, 1913 में कानपुर से 'प्रताप' का उदय हुआ।

स्वतंत्रता सेनानियों ने आजादी की लड़ाई में पत्रकारिता को ढाल के रूप में इस्तेमाल किया। 1907 में 'जू उन करनीन' नामक एक अखबार में संपादक की तलाश में छपे विज्ञापन के द्वारा स्वाधीनता संग्राम के दौर की पत्रकारिता के खतरों और पत्रकारों के संघर्ष, त्याग, तपश्चर्या एवं देश और देशवासियों के हितों के प्रति प्रतिबद्धता को बखूबी समझा जा सकता है। शांति भूषण भटनागर इलाहाबाद से 'स्वराज' नामक साप्ताहिक अखबार निकालते थे। उन्हें 'स्वराज' के लिए एक संपादक की आवश्यकता थी। इसके लिए उन्होंने 'जू उन करनीन' में एक विज्ञापन साया करवाया। जिसका मज़मून इस प्रकार थाः- 'एक जौं की रोटी और एक प्याला पानी, यह तनख़्वाह है,जिस पर 'स्वराज' इलाहाबाद के वास्ते एक एडिटर मतलूब है।' आजादी करीब चार दशक के बाद वैश्वीकरण और बाजारवाद का नया दौर शुरू हुआ। इससे पहले जन संचार माध्यम शिक्षा, सूचना और ज्ञान के महत्वपूर्ण माध्यम थे। पत्रकारिता का पहला और अंतिम लक्ष्य बृहत्तर समाज का हित था। संचार माध्यमों को समाज की गतिविधियों का दर्पण माना जाता था। पत्रकार, सामाजिक मूल्यों का नियामक की भूमिका में थे। पत्रकारिता को सनातन विपक्ष और समाज का सशक्त प्रवक्ता माना जाता था। सामाजिक समरसता, समानता, सद्भाव, बंधुत्व, राष्ट्रीय एकता और देशभक्ति की भावनाओं का प्रसार कर समाज में वैज्ञानिक सोच का प्रचार-प्रसार करना पत्रकारिता का पेशेवराना धर्म माना जाता था। जन संचार माध्यम आम जनता की आवाज थे।

1990 के दशक में शुरू हुए वैश्वीकरण और उसके बाद आई नई संचार क्रांति ने टेलीविजन को असीमित विस्तार दिया। न्यूज चैनलों की भरमार हो गई। टीवी ने एक नई किस्म की पत्रकारिता को जन्म दिया। टीवी पत्रकारिता ने पत्रकारिता के बुनियादी चरित्र को बदल दिया है। पत्रकारिता समाजोन्मुखी से बाजारोन्मुखी हो गई। मिशन, प्रोफेशन हो गया। भाषा की मर्यादाएं भी टूट गईं। सामाजिक उत्तरदायित्वों से विमुख बाजारवाद और वैश्वीकरण के दौर की इस संवेदनहीन पत्रकारिता ने इस पेशे की विश्वसनीयता को जबरदस्त आघात पहुंचाया है। मौजूदा दौर की पत्रकारिता के मूल्य, सरोकार, पक्षधरता और वैचारिक एवं पेशेवराना निष्पक्षता पर गंभीर सवाल उठने लगे हैं। आज सूचनाओं का चौतरफा अंबार लगा हुआ है लेकिन इन सूचनाओं में से सत्य तथ्यों को खोजना मुश्किल होता चला जा रहा है। सूचनाओं का प्रवाह स्वार्थपरक एवं एकपक्षीय है। आधुनिक जन संचार माध्यमों से जनहित के मुद्दे नदारत होते जा रहे हैं। टीआरपी की होड़ में पत्रकारिता के आदर्शों को तिलांजलि देने की अघोषित प्रतिस्पर्धा चल रही है।

पंडित जवाहरलाल नेहरू स्वतंत्र और जनपक्षधर प्रेस के प्रबल पैरोकार थे। पंडित नेहरू ने कहा था-'मैं दबी हुई और नियंत्रित प्रेस की तुलना में स्वतंत्रता के दुरुपयोग के तमाम खतरों के बावजूद स्वतंत्र प्रेस ही देखना चाहूंगा।' छायावादी युग की प्रमुख स्तंभ कवयित्री महादेवी वर्मा जी ने पत्रकारों की भूमिका को स्पष्ट करते हुए कहा थाः- 'पत्रकारिता एक रचनाशील विधा है। इसके बगैर समाज को बदलना असंभव है। अतः पत्रकारों को अपने दायित्वों और कर्तव्यों का निर्वाह निष्ठापूर्वक करना चाहिए। क्योंकि उन्हीं के पैरों के छालों से इतिहास लिखा जाएगा।' भविष्य में जब कभी इस दौर की पत्रकारिता और पत्रकारों की भूमिका का इतिहास लिखा जाएगा, वह निश्चित ही कवियत्री महादेवी वर्मा की अपेक्षाओं के बिल्कुल उलट होगा।

प्रसंगवश

चुनावी अतिश्योक्तियां

रघोत्तम शुक्ला
सेवानिवृत्त पीसीएस

हमारे नेतागण भी खूब साहित्यकार हैं। वे पिंगलशास्त्र का सम्यक ज्ञान भले ही न रखते हों किंतु चुनावी सभाओं में अलंकारिक भाषा जरूर प्रयोग करते हैं। उनके प्रयुक्त अलंकारों में भ्रम, संदेह, विरोधाभास और अतिश्योक्ति प्रमुख होते हैं। यहां हम अतिश्योक्ति अलंकार की ही बात करते हैं। इसका प्रयोग तो वे 'गप' की सीमा तक करते हैं। अब देखिए प्रधानमंत्री ने पटियाला की एक रैली में कहा है कि यदि 1971 के बांग्लादेश वाले युद्ध के समय वे पीएम होते, तो आत्म समर्पण करने वाले 93000 युद्धबंदियों को तब देते जब सिख तीर्थ करतारपुर साहब, जो पाकिस्तान में है, को वापस न ले लेते। बताते चलें कि पंजाब की तेरह सीटों का चुनाव 1 जून को होना है। अतः सिख भाइयों को खुश करने को एक डायलाग ही तो मारना है, तो मार दो। वैसे प्रधानमंत्री क्या यह नहीं जानते कि युद्ध बंदियों के बारे में 'जेनेवा कनवेंशन' एक अंतर्राष्ट्रीय समझौता है, जो हर देश को मानना होता है। यह 1949 में अपडेट किया गया था। इसके अंतर्गत युद्ध समाप्त हो जाने पर सामान्यतया बंदी छोड़े ही जाते हैं और जब तक वे बंदी रहते हैं तब तक सही भोजन, चिकित्सा, रखरखाव और उचित सम्मान भी सुनिश्चित करना होता है। तो क्या तत्कालीन सरकार 93000 शत्रुओं की अनिश्चित काल तक खातिर करती और इस तरह देश की आर्थिकी का भट्टा बैठालती! कोई जरूरी था कि पाकिस्तान सरकार करतारपुर वापसी की बात मान लेती? क्या बांग्लादेश युद्ध करतारपुर साहब की वजह से हुआ था? प्रधानमंत्री को पाकिस्तान के दो टुकड़े करने के इंदिरा गांधी की इस बड़ी उपलब्धि की प्रशंसा में भी दो शब्द बोलने चाहिए थे। कुछ बड़े भाजपाई नेता इधर पाक अधिकृत कश्मीर को मोदी के अगले कार्यकाल में लेने की गर्वोक्तियां कर रहे हैं। हालांकि वे यह नहीं बताते कि इन बीते दस सालों में इसे क्यों नहीं ले लिया? इसी तरह करतारपुर साहब को सर्जिकल स्टाइक की तर्ज पर अब तक अपने देश में क्यों नहीं मिला लिया? दस साल तो काफी होते हैं? क्या ये अतिरंजित और लोक लुभावन हवा हवाई, अव्यावहारिक बाते केवल अगले पांच साल का जनादेश पाने के लिए की जा रही हैं?

जहर होता जीवनदायी जल



पंकज चतुर्वेदी
वरिष्ठ पत्रकार

यह भयावह आंकड़े सरकार के ही हैं कि भारत में करीब 1.4 लाख बच्चे हर साल गंदे पानी से उपजी बीमारियों के चलते मर जाते हैं।

गर्मी में पानी धरती के लिए प्राण है लेकिन यदि जल दूषित हो तो यह प्राण हर भी सकता है। हमारे विकास के बड़े बड़े दावे कहीं जल जैसी मूलभूत सुविधा के सामने या कर ठिठक जाते हैं। बहुत सी सरकारी योजनाएं हर घर स्वच्छ जल के वायदे करती रही हैं लेकिन आपूर्ति पर केंद्रित ये योजनाएं हर समय सुरक्षित जल-स्रोत विकसित करने में असफल ही रही हैं।

कितना दुखद है कि पांच साल पहले राजधानी के करीबी पश्चिम उत्तर प्रदेश के सात जिलों में पीने के पानी से कैंसर से मौत का मसला जब गरमाया तो एनजीटी में प्रस्तुत रिपोर्ट के मुताबिक इसका कारण हैंडपंप का पानी पाया गया। अक्तूबर 2016 में ही एनजीटी ने नदी के किनारे के हजारों हैंडपंप बंद कर गांवों में पानी की वैकल्पिक व्यवस्था का आदेश दिए थे। कुछ हैंडपंप तो बंद भी हुए, कुछ पर लाल निशान की औपचारिकता हुई लेकिन सुरक्षित जल का विकल्प ना मिलने से मजबूर ग्रामीण वही जहर पी रहे हैं।

अतीत में झांकें तो केंद्र सरकार की कई योजनाएं, दावे और नारे फाईलों में तैरते मिलेंगे, जिनमें भारत के हर एक नागरिक को सुरक्षित पर्याप्त जल मुहैया करवाने के सपने थे। इन पर अरबों खर्च भी हुए लेकिन आज भी कोई करीब 3.77 करोड़ लोग हर साल दूषित पानी के इस्तेमाल से बीमार पड़ते हैं। लगभग 15 लाख बच्चे दस्त से अकाल मौत मरते हैं। अंदाजा है कि पीने के पानी के कारण बीमार होने वालों से 7.3 करोड़ कार्य-दिवस बर्बाद होते हैं। इन सबसे भारतीय अर्थव्यवस्था को हर साल करीब 39 अरब रूपए का नुकसान होता है।

हर घर जल की केंद्र की योजना इस बात में तो सफल रही है कि गांव-गांव में हर घर तक पाईप बिछ गए, लेकिन आज भी इन पाईपों में आने वाला 75 प्रतिषत जल भूजल है। गौरतलब है कि ग्रामीण भारत की 85 फीसदी आबादी अपनी पानी की जरूरतों के लिए भूजल पर निर्भर है। एक तो भूजल का स्तर लगातार गहराई में जा रहा है, दूसरा भूजल एक ऐसा संसाधन है जो यदि दूषित हो जाए तो उसका निदान बहुत कठिन होता है। यह संसद में बताया गया है कि करीब 6.6 करोड़ लोग अत्यधिक फ्लोराइड वाले पानी के घातक नतीजों से जूझ रहे हैं, इन्हें दांत खराब होने, हाथ पैरे टेड़े होने जैसे रोग झेलने पड़ रहे हैं। जबकि करीब एक करोड़ लोग अत्यधिक आर्सेनिक वाले पानी के शिकार हैं। कई जगहों पर पानी में लोहे (आयरन) की ज्यादा मात्रा भी बड़ी परेशानी का सबब है।

नेशनल सैंपल सर्वे आफिस(एनएसएसओ) की 76वीं रिपोर्ट बताती है कि देश में 82 करोड़ लोगों को उनकी जरूरत के मुताबिक पानी मिल नहीं पा रहा है। देश के महज 21.4 फीसदी लोगों को ही घर तक सुरक्षित जल उपलब्ध है। सबसे दुखद है कि नदी-तालाब जैसे भूतल जल का 70 प्रतिशत बुरी तरह प्रदूशित है। यह सरकार स्वीकार रही है कि 78 फीसदी ग्रामीण और 59 प्रतिषत शहरी घरों तक स्वच्छ जल उपलब्ध नहीं हैं। यह भी विडंबना है कि अब तक हर एक को पानी पहुंचाने की परियोजनाओं पर 89,956 करोड़ रुपये से अधिक खर्च होने के बावजूद, सरकार परियोजना के लाभों को प्राप्त करने में विफल रही है। आज लगभग 19,000 गांव ऐसे भी हैं जहां साफ पीने के पानी का कोई नियमित साधन नहीं है। पूरी दुनिया में, खासकर विकासशील देशों जलजनित रोग एक बड़ी चुनौती हैं। विश्व स्वास्थ्य संगठन (डब्ल्यूएचओ) और यूनिसेफ का अनुमान है कि अकेले भारत में हर रोज 3000 से अधिक लोग दूषित पानी से उपजने वाली बीमारियों का शिकार हो कर जान गंवा रहे हैं। गंदा पानी पीने से दस्त और आंत्रशोथ, पेट में दर्द और ऐंठन, टाइफाइड, हैज़ा, हेपेटाइटिस जैसे रोग अनजाने में शरीर में घर बना लेते हैं।

यह भयावह आंकड़े सरकार के ही हैं कि भारत में करीब 1.4 लाख बच्चे हर साल गंदे पानी से उपजी बीमारियों के चलते मर जाते हैं। देश के 639 में से 158 जिलों के कई हिस्सों में भूजल खारा हो चुका है और उनमें प्रदूषण का स्तर सरकारी सुरक्षा मानकों को पार कर गया है। हमारे देश में ग्रामीण इलाकों में रहने वाले तकरीब 6.3 करोड़ लोगों को पीने का साफ पानी तक मयस्सर नहीं है। इसके कारण हैजा, मलेरिया, डेंगू, ट्रेकोमा जैसी बीमारियों के साथ-साथ कुपोषण के मामले भी बढ़ रहे हैं। देश के पेय जल से जहर के प्रभाव को शुन्य करने के लिए जरूरी है कि पानी के लिए भूजल पर निर्भरता कम हो और नदी-तालाब आदि सतही जल में गंदगी मिलने से रोका जाए।

सोशल फोरम

मानव जीवन की बेहतरी का मूल्य



कमलाकांत त्रिपाठी
पूर्व आईआरएस

भारतीय जनसामान्य ने कभी वैसा दौर नहीं देखा जैसा यूरोपीय राष्ट्रों के जनसामान्य ने दोनों विश्वयुद्धों, ख़ासकर दूसरे विश्वयुद्ध के दौर में देखा और झेला।

इतिहास में कोई भी घटित विच्छिन्न और स्वतंत्र इकाई नहीं होता। उसके पीछे क्रिया-प्रतिक्रिया की एक लंबी और प्रायः अगोचर श्रृंखला अंधेरे में अपना जाल बुनती रहती है। व्यक्तिगत की तरह सामूहिक जीवन भी अतियों के साथ दूर तक निभा नहीं पाता। लेकिन हर अति में एक त्वरा, एक चमक होती है जो आंखों में ऐसी धुंध भर देती है कि वे समय के पार देखने में अक्षम हो जाती हैं। ब्रिटेन में दीर्घकालीन गृहयुद्ध (1642-1651), जिस दौरान राजा चार्ल्स-प्रथम का सर काटा गया (30 जनवरी 1649), के बाद ही जनतंत्र अपनी जड़ें जमाने में सफल हुआ। किंतु राजतंत्र पर उसकी अंतिम विजय और पूर्ण प्रतिष्ठा महिमामय क्रांति (गौरवशाली क्रांति 1688) के बाद ही संभव हुई।

अमेरिका में अश्वेतों को ग़ुलामी से मुक्ति उत्तरी तथा दक्षिणी राज्यों के बीच एक लंबे, संहारक गृहयुद्ध (1861-65) के बाद ही मिल सकी, जिसके अंतिम दौर में मानवतावादी राष्ट्रपति अब्राहम लिंकन को स्वयं की आहुति देनी पड़ी (14 अप्रैल 1865)। यूरोप प्रथम विश्वयुद्ध और द्वितीय विश्वयुद्ध की विभीषिका से गुज़रने के बाद ही मुक्त आकाश में सांस ले सका।

भारतीय जनसामान्य ने कभी वैसा दौर नहीं देखा जैसा यूरोपीय राष्ट्रों के जनसामान्य ने दोनों विश्वयुद्धों, ख़ासकर दूसरे विश्वयुद्ध के दौर में देखा और झेला। इतिहास में हर बेहतरी अपना मूल्य वसूलती रही है। उसके सामने भारत में वर्तमान की चपड़चूं कुछ नहीं है। विश्वास कीजिए, 4 जून को जो भी होगा, हमारी बेहतरी की ओर ही ले जाएगा।

-फेसबुक वॉल से

जोश परिस्थितिजन्य होता है

प्रमोद जौशी
वरिष्ठ पत्रकार

'उदन्त मार्तंड' इसलिए बंद हुआ कि उसे चलाने लायक संसाधन पं जुगल किशोर शुक्ल के पास नहीं थे। आज बहुत से लोग पैसा लगा रहे हैं। यह बड़ा कारोबार बन गया है।

गुरुवार को हिंदी पत्रकारिता दिवस है। 198 साल हो गए। पहली नजर में मुझे लगता है कि हिंदी पत्रकार के मन में अपने कर्म के प्रति जोश कम है। पर यह मैं अपने नजरिए से सोचता हूं। गहराई से विचार करने पर यह भी समझ में आता है कि युवा पत्रकार के जोश में कमी नहीं है, उसके हालात में फर्क हैं। जोश परिस्थितिजन्य होता है। व्यावसायिक-दृष्टि से उसके सामने अस्थिरता और असुरक्षा है। उसे न तो बौद्धिक-संरक्षण प्राप्त है और न आर्थिक-सुरक्षा। समय और तकनीक के साथ चीजें बदल रहीं हैं। पर जिस वजह से पत्रकारिता का कर्म विकसित हुआ वे खत्म नहीं हुईं हैं। पाठक को जानकारी देने और विचार-विनिमय को बढ़ाने की जरूरत आज, पहले की तुलना में कहीं ज्यादा है। पत्रकारिता और लोकतंत्र का विकास, साथ-साथ हुआ है।

'उदन्त मार्तंड' इसलिए बंद हुआ कि उसे चलाने लायक संसाधन पं जुगल किशोर शुक्ल के पास नहीं थे। आज बहुत से लोग पैसा लगा रहे हैं। यह बड़ा कारोबार बन गया है। सूचनाओं का भंडार भी काफी बड़ा हो गया है। एक दौर था जब सूचनाएं नहीं थीं। आज इतनी हैं कि वे शोर की शक्ल ले रही हैं। फिर भी अफवाहें हैं। इसका मतलब है कि पत्रकारिता अपनी जिम्मेदारी पूरी करने में पूरी तरह कामयाब नहीं है। मैं उसे नाकामयाब भी नहीं कहूंगा, क्योंकि जो जानकारी और विचार उपलब्ध हैं वे इसी मीडिया से निकले हैं। आज शोर के बीच संयत और वस्तुनिष्ठ सूचना-विचार की जरूरत है। यह ज्यादा बड़ी चुनौती है। जीवन में चुनौतियां हमेशा बनी रहेंगी। हमें चुनौतियों की तरफ भी ध्यान देना चाहिए।

बाबा साहब के धम्म दीक्षा गुरु चंद्रमणि

सुरेन्द्र सोनकर
सामाजिक चिंतक

बौद्ध अनुयायी कुशीनगर के भिक्षु चंद्रमणि स्थविर को बाबा साहेब के धम्म दीक्षा गुरु के रूप में जानते हैं। 14 अक्टूबर 1956 को जब डॉ.आंबेडकर हिंदू धर्म को त्याग बुद्ध की शरण में गए तब के वयोवृद्ध बौद्ध भिक्षु चंद्रमणि से ही आंबेडकर धम्म दीक्षा ली थी, भिक्खू चंद्रमणि स्थविर का जन्म ज्येष्ठ माह की छठी को 25 मई 1876 को पौ पड़ ग्वाड़ गांव वर्मा में वैशाख पूर्णिमा के छठे दिन हुआ था। इसीलिए उनकी जयंती वैशाख बुद्ध पूर्णिमा के छठे दिन मनाई जाती है। पिता ऊ चौमो माता अवाथ थीं। जिन्होंने अपने बालक का नाम सावाउं रखा था। चाचा भिक्खू चंदिमा के पास अध्ययन हेतु चले गए। उन्होंने 1888 में श्रामफेर की दीक्षा ली परम्परानुसार श्रामनेर चंदा रखा गया।

श्रीलंका के अनारगिक धम्मपाल अपने भिक्खू साथियों के साथ 1891 में भारत आए थे और ऐतिहासिक बौद्ध स्थलों की यात्राएं कीं। पवित्र स्थलों की दुर्दशा देखकर बहुत दुखी हुए। अधिकतर बौद्ध स्थल ब्राह्मण पुरोहितों के कब्जे में थे। तब उन्होंने बौद्ध भिक्खुओं की कमी दूर करने को भारत के पवित्र बौद्ध स्थलों की दुर्दशा का मार्मिक उल्लेख करते हुए पड़ोसी बौद्ध देशों के भिक्खु संगठनों से अपने देश के युवा साहसी और कर्मठ भिक्खुओं को भारत भेजने का आह्वान किया। अनारगिक धम्मपाल की पुकार पर बर्मा के महान भिक्खू ऊ चंदिमा महास्थविर ने तीन श्रामनेर चंदा, सुरिय, और सदाऊ को अध्ययन और बौद्ध धम्म के पुनरोत्थान तथा प्रसार हेतु भारत भेजा। इस तरह सदाऊ भारत आए। श्रामनेर चंदा को जानकारी मिली कुशीनगर में 1876 में तथागत गौतम बुद्ध की निर्वाण की मुद्रा में एक विशाल प्रतिमा खोजी गई थी।

गौतम बुद्ध की महापरिनिर्वाण वाली मुद्रा की प्रतिमा ब्राहमणों के चंगुल से न निकलते देख भिक्खू चन्द्रमणि अकेले ही इंग्लैंड के अधिकारियों से मिलने 1904 में सभी प्रमाणपत्र लेकर इंग्लैंड जा पहुंचे और संबंधित अधिकारियों से संपर्क कर भगवान बुद्ध की प्राचीन प्रतिमा पर बौद्ध अनुयायियों के एक मात्र अधिकार को प्रमाणित कर उक्त प्रतिमा बौद्धों के अधिकार देने के पक्ष आदेश जारी कराकर वापिस लौटे। आज भी वह प्रतिमा कुशीनगर के विहार में लोगों के दर्शनार्थ सरंक्षित है। चंद्रमणि स्थविर ने जनता में बौद्ध धम्म के साथ शिक्षा के प्रचार व प्रसार में बहुत योगदान दिया उन्होंने कुशीनगर में महापरिनिर्वाण स्तूप, मठाकुवर मंदिर, सीमा बुद्ध मंदिर, श्रावस्ती में वर्मी बुद्ध बिहार, लुम्बिनी में बुद्ध विहार, सारनाथ में वर्मी धर्मशाला अनेक बौद्ध स्थल के साथ, स्कूल व जनसुविधाओं के लिए निर्माण कराए आयुर्वेद चिकित्सा व ज्योतिष के जानकार लोगों को निशुल्क सेवा करते रहे।

इतना बड़ा इतिहास समेटे महास्थविर चंद्रमणि को अपने आपको चमकाने की इच्छा नहीं थी। बरेली में डेलापीर गुरुजी मार्बल वाली गली में एक बहुत बड़ा बुद्ध विहार का निर्माण हुआ है, जिसका नाम आपके ही नाम से चंद्रमणि बुद्ध विहार है। इनके नामकरण में इनसे ही जुड़ी एक कड़ी है बुद्ध विहार के पहले भंते व संस्थापक 1972 में दीपांकर जी थे, जो कि भंते ज्ञानेश्वर जी के सानिध्य में रहे ज्ञानेश्वर ने चंद्रमणि के साथ लोककल्याण व बौद्ध पथ में काम किया था। बरेली के चंद्रमणि बौद्ध विहार बहुत विशाल भगवान गौतम बुद्ध की प्रतिमा स्थापित करने के लिए बिल्डिंग का निर्माण हो रहा है, जो कि भारत मे दूसरे नंबर बनने जा रही है। अभी चंद्रमणि बुद्ध विहार के अध्यक्ष जागन सिंह राकेश और उनके साथी जगनलाल भारती, डॉ.जीपी प्रेमी, ओमप्रकाश बौद्ध, मास्टर हरपाल, नेतराम सागर, दीनदयाल गौतम बुद्ध विहार के निर्माण में जुटे हैं।

पहाड़ों पर बढ़ रहा दबाव

संजीव मेहरोत्रा
बरेली

पर्यटकों के साथ पहुंच रहा तरह-तरह का कचरा नदियों, तालों और पर्यावरण को प्रदूषित कर रहा है, जो निसंदेह चिंता का कारण है।

ज्यों ज्यों मैदानों में आसमान से आग बरसनी शुरू हुई है और तापमान बढ़ रहा है पर्यटकों की संख्या पर उतनी ही तेजी से बढ़ रही है। समुचित व्यवस्था न होने और स्थान की कमी से दुश्वारियां भी बढ़ रही है, ट्रैफिक समस्या से तमाम व्यवस्थाएं ध्वस्त हो चुकी है। पर्यटकों के साथ पहुंच रहा तरह तरह का कचरा नदियों, तालों और पर्यावरण को प्रदूषित कर रहा है, जो निसंदेह चिंता का कारण है। शायद इस विषय में लोग सोच ही नहीं रहे। ज्यादा पर्यटकों से पहाड़ों के होटल मालिक और व्यापारी तो गदगद है क्योंकि यही सीजन उनकी आर्थिक स्थिति को मजबूत करने वाला होता है, लेकिन सारी व्यवस्थाएं ध्वस्त होने से स्थानीय लोग परेशानी उठाने को मजबूर दिख रहे हैं। यह कहना गलत न होगा कि शायद पहाड़ इसके लिए तैयार नहीं है। मैदानी इलाकों के मुकाबले पहाड़ों का इको सिस्टम नाजुक होने की वजह से सालाना बढ़ती पर्यटकों की आमद के बहुत दुष्परिणाम वर्तमान में दिखने लगे हैं। यह अनुमान लगाना मुश्किल नहीं है कि निकट भविष्य में यह समस्या विकराल रूप लेने की ओर बढ़ रही है जिसका समाधान समय रहते निकालना बहुत जरूरी है।

वीकेंड पर पहुंचने वाले पर्यटकों से मुख्य सड़कों पर भयकर जाम की स्थिति देखने को मिल रही है। लंबे लंबे जाम से घंटो लाइन में पर्यटक फसे रहते हैं यह सिलसिला जारी है। इससे ध्वनि प्रदूषण और वायु प्रदूषण तेजी से बढ़ रहा है। यह भी एक गंभीर समस्या है जो लगातार बढ़ रही हैं। क्या समस्या का कोई हल समय रहते निकल सकेगा।

एक नजर

ब्लू बर्ड वाटर पार्क का आज उद्घाटन

चन्दौसी/कुढ़फतेहगढ़, अमृत विचार : चन्दौसी से तीन किलोमीटर दूर तहसील रोड से बेरनी मार्ग पर गांव असालतपुर जारई के निकट स्थित नवनिर्मित आकर्षक ब्लू बर्ड वाटर पार्क का उद्घाटन गुरुवार को होगा। श्री श्याम मंदिर मनोना धाम आंवला के महंत ओमेंद्र महाराज प्रात: 9 बजे वाटर पार्क का उद्घाटन करेंगे। ब्लू बर्ड पार्क के प्रबंधक ठाकुर इंद्रेश पाल सिंह ने बताया कि ब्लू बर्ड वाटर पार्क पहुंचने से पहले चन्दौसी स्थित पथरा मोड़ पर एवं जारई मोड़ पर श्याम भक्त महंत जी का स्वागत करेंगे। ये जानकारी ठाकुर वीरेश कुमार ने दी है।

चालान से बचने के लिए बाइक पर ट्रैक्टर की लगाई नंबर प्लेट

बरेली, अमृत विचार : एक बाइक सवार ने चालान से बचने के लिए ट्रैक्टर की नंबर प्लेट लगा ली। ट्रैक्टर बेचने के दौरान जब मालिक को चालान का पता चला तो उसने बुधवार को एसएसपी कार्यालय में मामले की शिकायत की है। उन्होंने सभी चालान निरस्त करने की भी मांग की है। क्यो लड़िया थाना क्षेत्र के गांव विरमपुर निवासी नन्हेलाल ने बताया कि उनके पास ट्रैक्टर है। ट्रैक्टर को बचने के लिए उन्होंने ग्राहक को बुलाया। ग्राहक ने ट्रैक्टर के नंबर को परिवहन विभाग की वेबसाइट पर चेक किया तो पता चला कि तीन हजार रुपये का चालान हुआ। चालान में दिखा कि एक युवक बाइक की नंबर प्लेट पर उनके ट्रैक्टर का नंबर डालकर घूम रहा है, जबकि वह ट्रैक्टर को गांव से शहर ही नहीं ले गए। सभी चालान शहर में हुए थे।

डाक विभाग की छात्रवृत्ति परीक्षा पर तैयारी की चर्चा

बरेली, अमृत विचार : डाक विभाग की दीन दयाल स्पर्श योजना के तहत अगले महीने होने वाली छात्रवृत्ति परीक्षा के संबंध में अफसरों ने बुधवार को प्रधान डाकघर में बैठक की। अधिकारियों के मुताबिक बच्चों में डाक टिकट संग्रहण को बढ़ावा देने और मेधावियों को आर्थिक मदद करने के उद्देश्य से यह योजना चलाई जा रही है। इसमें कक्षा छह से नौ के विद्यार्थी भाग ले सकते हैं। जन संपर्क अधिकारी एसपी शर्मा ने बताया कि परीक्षा में सबसे अधिक अंक पाने वाले बच्चों को एक साल तक प्रत्येक माह पांच सौ रुपये दिए जाएंगे। छात्रवृत्ति पाने के लिए छात्रों को प्रत्येक साल आवेदन करना होगा।

जिम में कूमल लगा कर 35 हजार की नगदी उड़ा ले गए

शिव धाम कॉलोनी के जिम में बीती रात हुई घटना, तहरीर दी

कार्यालय संवाददाता, चन्दौसी

अमृत विचार : कोतवाली क्षेत्र के सीता रोड स्थित शिव धाम कॉलोनी में मंगलवार की रात चोरों ने जिम की दीवार में कूमल लगा लिया। इसके बाद चोर जिम में घुस गए और गल्ले में रखी 35 हजार रुपये की नकदी साफ कर दी। घटना का खुलासा बुधवार की सुबह 5.30 बजे जिम खोलने पर हुआ। जिम के अंदर व बाहर आरोपी घटना के समय सीसीटीवी में कैद हो गया। घटना की तहरीर कोतवाली में दी गई है।

गणेश कालोनी निवासी सोनू पुत्र मुनीश कुमार का सीता रोड स्थित शिव धाम कॉलोनी में जिम है। रोजाना की तरह मंगलवार की रात 9.30 बजे सोनू जिम बंद करके घर चला गया। बुधवार की सुबह 5.30 बजे जिम पहुंचा और जैसे की अंदर घुसा, तो अंदर दीवार में कूमल लगा देख दंग रह गया। घटना की सूचना परिजनों व पुलिस को दी। कुछ देर बाद पुलिस व परिजन भी पहुंच गए। पुलिस ने घटना का जायजा लिया। सोनू ने बताया कि चोर जिम से 35 हजार रुपये की नकदी ले गए। चोर कूमल के रास्ते अंदर घुसा था और जिम में लगे एक अन्य दरवाजे का ताला तोड़ बाहर निकल गया। चोरी के दौरान आरोपी युवक जिम के अंदर व बाहर लगे सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गया।

मंगलवार की रात सीसीटीवी फुटेज में युवक 3.36 बजे कूमल के सहारे जिम में घुसा और 3.42 बाहर पर बाहर चला गया। घटना की तहरीर कोतवाली में दी गई है। कॉलोनी में बने जिम में कूमल लगाकर चोरी होने से आसपास के लोगों में रोष व्याप्त है।

चन्दौसी में चोरी के बाद दीवार में लगा कूमल दिखाता जिम संचालक।

> शिव धाम कॉलोनी में जिम में कूमल लगाकर चोरी होने की जानकारी मिली है। सीसीटीवी फुटेज के आधार पर युवक की पहचान की जा रही है। तहरीर मिलने पर रिपोर्ट दर्ज कर आरोपी को गिरफ्तार किया जाएगा।
> –अतर सिंह, प्रभारी निरीक्षक, कोतवाली

- **घटना के समय सीसीटीवी में कैद हो गया चोर**

दो युवकों की मौत से परिवार में मातम, किया अंतिम संस्कार

संभल/रजपुरा, अमृत विचार : रजपुरा थाना क्षेत्र में ट्रैक्टर ट्राली की टक्कर से बाइक सवार दो युवकों की मौत के बाद बुधवार को रजपुरा के मुहल्ला होली चौक में मातम का माहौल रहा। दोपहर में पोस्टमार्टम के बाद युवकों के शव पहुंचे तो कोहराम मच गया। परिजनों ने राजघाट गंगा घाट पर शवों का अंतिम संस्कार कर दिया।

रजपुरा के मुहल्ला होली चौक निवासी विनय कुमार पुत्र वीरपाल और दोस्त संदीप कुमार पुत्र नरेश की बाइक को मंगलवार को रात गवां-बबराला मार्ग पर ट्रैक्टर ट्राली ने टक्कर मार दी थी।

हादसे में दोनों युवकों की मौत हो गई थी। पुलिस ने शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेजा था। बुधवार को मुहल्ला होली चौक में दो युवकों की मौत से मातम पसरा रहा।

पोस्टमार्टम होने के बाद दोपहर में युवकों के शव पहुंचे तो परिजनों में कोहराम मच गया। ग्रामीणों की आंखें भी नम हो गईं।

वूमेन शिखर के समर कैंप में प्लास्टिक की बोतल से गिफ्ट आइटम बनाते बच्चे।

बच्चों ने प्लास्टिक की बोतल से गिफ्ट आइटम बनाना सीखा

संवाददाता, चन्दौसी

- **जायंट्स ग्रुप वूमेन शिखर की ओर से लगाया गया समर कैंप**

अमृत विचार: जायंट्स ग्रुप वूमेन शिखर की ओर से आवास विकास कालोनी के काली मंदिर पर आयोजित दस दिवसीय समर कैंप में बुधवार को बच्चों को समय का सदुपयोग कैसे किया जाए और बच्चों को अनेक कलाओं से सम्बंधित विषयों पर बताया गया।

डांस, ढोलक, प्लास्टिक की बोतल से अनेक चीजें बनाई गईं और मेहंदी, ताइक्वांडो आदि का प्रशिक्षण भी दिया गया। ग्रुप की फेडरेशन अफसर शिखा शर्मा ने बताया बच्चे मोबाइल फोन के रहते अपने परिवारों से दूर होते जा रहे हैं। पहले बच्चे अपनी नानी नाना दादा दादी के पास समय देते थे और उनसे तरह-तरह की कहानी सुनते थे। आजकल मोबाइल होने की वजह से परिवारों में दूरियां आ गई हैं और सब अपने-अपने घर में रहते हुए भी बड़ों से दूर हैं। उन्होंने बताया जिस तरह हम अपने लिए समय निकालते हैं उसी तरह हमें अपने घर में रह रहे बड़ों को भी समय देना चाहिए। जिससे वह स्वस्थ और प्रसन्न रहें। सभी बच्चों ने इस बात को बड़ी ध्यान से सुना और ये वादा किया कि हम थोड़ा समय अपने दादी दादी जी को अवश्य देंगे। इस अवसर पर ग्रुप अध्यक्ष शालिनी शर्मा, नीतू रस्तोगी, सीमा अग्रवाल, नंदिनी अग्रवाल, शोभा शर्मा, सुमन सैनी, मोना शर्मा, नीरू सिंह आदि मौजूद रहीं।

नगर पंचायत लिपिक को बहाल करने के आदेश

गुन्नौर, अमृत विचार : इलाहाबाद उच्च न्यायालय ने नगर पंचायत के निलंबित लिपिक अशोक कुमार के खिलाफ निलंबन की कार्रवाई को नियम विरुद्ध माना है। कोर्ट ने लिपिक की याचिका पर सुनवाई के बाद 25 मई को आदेश पारित किया।

नगर पंचायत चेयरमैन खुशबू प्रजापति ने 15 मार्च को एक आदेश जारी कर नगर पंचायत लिपिक अशोक कुमार पर कई आरोप लगाते हुए निलंबित कर दिया था। लिपिक के खिलाफ अभिलेखीय छेड़छाड़, नियुक्ति पत्रावली और सेवा पुस्तिका कार्यालय से गायब करने व जालसाजी से नगर पंचायत में नौकरी हासिल करने का आरोप लगाया गया था। अशोक कुमार के शैक्षिक प्रमाणपत्रों पर सवाल उठाने के साथ ही नगर पंचायत के कार्यों में अनियमितता बरतने और पदीय दायित्वों का दुरुपयोग, रिश्वतखोरी और उच्च अधिकारियों के प्रति अभद्र भाषा का प्रयोग करने का आरोप लगाते हुए निलंबित किया गया था। लिपिक ने निलंबन आदेश के विरुद्ध हाईकोर्ट में याचिका दायर की। अदालत ने अशोक कुमार को मूल पद पर बहाल करने के आदेश दिए हैं।

अमरूद व आम के नए बाग रोपण को मिलेगा अनुदान

कार्यालय संवाददाता, चन्दौसी

अमृत विचार : राष्ट्रीय कृषि विकास योजना के अंतर्गत उद्यान रोपण कार्यक्रम में अमरुद व आम के नए बाग रोपण में किसानों को अनुदान मिलेगा। जिला उद्यान अधिकारी ने इच्छुक किसानों के लिए गाइडलाइन जारी की है।

वर्ष 2024-25 में राष्ट्रीय कृषि विकास योजना के अंतर्गत नए अमरुद बाग रोपण में 20 हेक्टेयर, व आम रोपण 10 हैक्टेअर का लक्ष्य जनपद संभल को मिला है। नवीन उद्यान रोपण कार्यक्रम अमरुद प्रथम वर्ष में 11502 रुपये प्रति हेक्टेयर अनुदाय देय है। जबकि द्वितीय व तृतीय वर्ष में 3834-3834 रुपये प्रति हेक्टेयर अनुदान देय है। इस प्रकार नवीन उद्यान रोपण आम प्रथम वर्ष में 7650 रुपये प्रति हेक्टेयर अनुदान देय है। जबकि द्वितीय व तृतीय वर्ष में 2550-2550 रुपये प्रति हेक्टेयर अनुदान दिया जाएगा। अनुदान का भुगतान लाभार्थी किसानों के बैंक खाते में डीबीटी के माध्यम से किया जाएगा।

प्रथम आवक प्रथम पावक के आधार पर होगा चयन

चन्दौसी, अमृत विचार : जिला उद्यान अधिकारी सुघर सिंह ने बताया कि आम और अमरुद बाग रोपण योजना में लाभार्थी किसानों का चयन प्रथम आवक प्रथम पावक के आधार पर किया जाएगा। पंजीकरण कराने के लिए किसानों को खतौनी, बैंक पासबुक, आधार कार्ड की छाया प्रति, दो फोटो व मोबाइल नंबर के साथ कार्यालय में सुबह 10 बजे से शाम पांच बजे तक आकर ऑनलाइन पंजीकरण करा सकते हैं।

किसानों के मसीहा के रूप में याद किए जाते रहेंगे चौधरी चरण सिंह

कार्यालय संवाददाता, संभल

अमृत विचार : देश के पूर्व प्रधानमंत्री किसानों के मसीहा चौधरी चरण सिंह को पुण्यतिथि पर याद किया गया। किसान संगठनों ने उनकी प्रतिमा पर श्रद्धा सुमन अर्पित किए तो हवन यज्ञ का आयोजन भी हुआ। पूर्व प्रधानमंत्री के अधूरे कार्यों को पूर्ण करने का संकल्प लिया गया।

भारतीय किसान यूनियन असली के पदाधिकारी और कार्यकर्ता बुधवार को सुबह संभल में चौधरी चरण सिंह पार्क पर पहुंचे। यहां पूर्व प्रधानमंत्री की प्रतिमा पर श्रद्धासुमन अर्पित कर श्रद्धांजलि दी। वक्ताओं ने कहा कि देश के किसान चौधरी चरण सिंह को किसानों के मसीहा के रूप में याद करते हैं क्योंकि उन्होंने किसानों के लिए मंडी समितियां बनवाईं। जमींदारी उन्मूलन का अंत कराकर किसानों को जमीन पर मालिकाना हक दिलाने का काम किया। वह हमेशा किसानों के मसीहा के रूप में याद किए जाएंगे।

पदाधिकारियों ने पुण्यतिथि पर संकल्प लिया कि चौधरी चरण सिंह के अधूरे पड़े कार्यों को आगे बढ़ाने का प्रयास करेंगे। तन, मन, धन से किसानों की सेवा करते रहेंगे। इस दौरान जिलाध्यक्ष राजपाल सिंह यादव, वरिष्ठ जिला उपाध्यक्ष जयवीर सिंह यादव, युवा जिलाध्यक्ष दिनेश सिरोही, नवाब सिंह यादव, सोमपाल सिंह, राजीव यादव, सतवीर सिंह, हरिओम यादव, संत महीपाल सिंह, कौशल कुमार, वीरपाल, प्रमोद यादव, छोटेलाल, समरपाल सिंह अर्जुन सिंह आदि मौजूद रहे।

संभल में चौधरी चरण सिंह के चित्र पर माल्यार्पण करते भाकियू असली कार्यकर्ता।

- **संभल में किसान संगठनों ने पूर्व प्रधानमंत्री को पुण्यतिथि पर किया याद**

रालोद कार्यकर्ताओं ने किया हवन

संभल, अमृत विचार : राष्ट्रीय लोकदल के कार्यकर्ताओं ने हल्लू सराय में स्थित पार्क में पूर्व प्रधानमंत्री चौधरी चरण सिंह की पुण्यतिथि मनाई। यहां हवन करके आहुतियां दी गईं और फल वितरित किए। पूर्व प्रधानमंत्री द्वारा किसानों के हित में किए कार्यों को याद किया। इस दौरान जिलाध्यक्ष कैसर अब्बास, क्षेत्रीय महासचिव चौधरी अरेंद्र सिंह, जिला उपाध्यक्ष चौधरी जसवंत सिंह, अल्पसंख्यक प्रकोष्ठ उपाध्यक्ष मोअज्जम खान, अनिल कुमार मिश्रा एडवोकेट, विकार हैदर, डॉ. शिवम चौधरी एडवोकेट, मोहित चौधरी, शरीफ अहमद खान, काजी फिरोज हैदर, चरण सिंह सैनी आदि रहे।

किसानों के लिए किये ऐतिहासिक कार्य

संभल। समाजवादी पार्टी कार्यकर्ताओं ने ग्राम बराही में जिला अध्यक्ष असगर अली अंसारी के कैम्प कार्यालय पर पूर्व प्रधानमंत्री चौधरी चरण सिंह की पुण्यतिथि मनाई गई। असगर अली अंसारी ने कहा कि चौधरी साहब ने किसानो के लिए जो कार्य किये वह आज तक किसी ने नहीं किये। उन्होंने हमेशा किसानों, मजदूरों, गरीबों,बेरोजगारों, पिछड़ों व दलितों की लड़ाई को लड़ने का काम किया था। इस दौरान जिला पंचायत सदस्य सुभास चंद्र, हाजी फुरकान खान, हाजी इरशाद सलमानी, चौधरी बिलाल खान, अहसान सैफी, श्याम सिंह जाटव, शमसु खान, शमशाद अंसारी, इमरान अंसारी, सालिम सैफी, ज़ाहिद, प्रेम सिंह, शेर खान, अलीजन सलमानी, डॉ सफ़दर, अतर सिंह आदि मौजूद रहे।

वृद्धजनों की समस्याएं सुनतीं परिवार न्यायालय की काउंसलर। ● अमृत विचार

वृद्धजनों की समस्याएं सुनीं

संवाददाता, चन्दौसी

अमृत विचार : उत्तर प्रदेश राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण के निर्देश पर जनपद न्यायाधीश के आदेश पर जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की ओर से रामबाग रोड स्थित वृद्ध आश्रम में विधिक सहायता जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें वृद्धजनों को उनके विधिक अधिकारों से जागरूक कर केंद्र व राज्य सरकार, राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण, राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण की ओर से उनके लिए चलाई जा रही योजनाओं से अवगत कराया। मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट/जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की प्रभारी सचिव अर्चना सिंह ने बताया कि कार्यक्रम में वृद्धजनों की समस्याओं को भी सुना गया। जिसमें वृद्धजनों ने आधार कार्ड, पेंशन, चिकित्सा आदि समस्याओं से अवगत कराया। कहा कि शीघ्र ही वृद्धजनों की समस्याओं का निदान कराने का प्रयास किया जाएगा। इस दौरान सीएचसी प्रभारी डॉ. हरवेंदर सिंह, विवेक कुमार, संदीप कुमार यादव, परिवार न्यायालय की काउंसलर संगीता भार्गव आदि रहे।

जय भोले सेवा समिति की जिलाध्यक्ष बनीं किरण

चन्दौसी, अमृत विचार: जय भोले सेवा समिति ने समाज सेविका किरण को जनपद संभल का अध्यक्ष नियुक्त किया है। इसकी संस्तुति करते हुए समिति के राष्ट्रीय अध्यक्ष महामंडलेश्वर स्वामी वृंदावन महाराज ने नवनिर्वाचित जिलाध्यक्ष किरण से समिति के नियमों का पालन करने, अपनी जिम्मेदारियों का निर्वाह करते हुए संगठन की गोपनीयता व अखंडता बनाए रखने, धर्म की रक्षा हेतु समर्पित होकर अपने देश तथा हिंदू समाज को एकजुट करने एवं सुरक्षा प्रदान करने में सहयोग का आह्वान किया है। उन्होंने संगठन की मजबूती पर जोर देते हुए कहा कि घर्म की रक्षा करने के लिए जी जान से जुटना होगा।

प्लेटफार्म पर यात्री का मोबाइल लूट कर भाग रहा युवक पकड़ा

कार्यालय संवाददाता, चन्दौसी

अमृत विचार : रेलवे स्टेशन के प्लेटफार्म नंबर 2-3 पर यात्री का मोबाइल लूट कर भाग रहे युवक को जीआरपी के दो सिपाहियों ने दबोच लिया। पीड़ित यात्री की तहरीर पर जीआरपी ने युवक के विरुद्ध रिपोर्ट दर्ज कर कोर्ट के समक्ष पेश किया है।

मंगलवार की रात 23.55 बजे रेलवे स्टेशन के प्लेटफार्म नंबर 2-3 पर यात्री अक्षय पुत्र बंदे निवासी गांव मझुमारी थाना मुरकिया जनपद अम्बारी (नेपाल) हाल निवासी गांव बगरैन थाना बजीरगंज जनपद बदायूं बेंच पर बैठा था। तभी एक युवक पहुंचा और यात्री के हाथ से मोबाइल छीनकर भागने लगा। यात्री के शोर मचाने पर प्लेटफार्म पर ड्यूटी पर तैनात जीआरपी सिपाही सौरभ सिंह व करन यादव ने मोबाइल चोरी कर भाग रहे युवक को दौड़ लगाकर पकड़ लिया और आरोपी व यात्री को थाने ले आए। आरोपी की जेब से चोरी का मोबाइल व 580 रुपये मिले। आरोपी ने अपना नाम दीपक कश्यप पुत्र नत्थू लाल निवासी मोहल्ला रायसत्ती बताया। पूछताछ में बताया कि वह नशे का आदि है, इसलिए शौक पूरा करने के लिए ट्रेनों में यात्रियों के सामान चोरी कर लेता है। मंगलवार की रात भी यात्री का मोबाइल छीन कर भाग रहा था। तब जीआरपी ने पकड़ लिया। आरोपी के विरुद्ध रिपोर्ट दर्ज कर न्यायालय के समक्ष पेश किया गया है।

पुलिस की गिरफ्त में पकड़ा युवक। ● अमृत विचार

- **जीआरपी ने युवक के विरुद्ध रिपोर्ट दर्ज कर कोर्ट में पेश किया**

शिक्षिका का जीना दुश्वार करने वाला सिरफिरा युवक गिरफ्तार

संवाददाता,बहजोई

अमृत विचार : शिक्षिका का पीछा कर घर तक पहुंचकर छेड़छाड़ करने वाले सिर फिरे युवक को आखिरकार पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस ने उसका चालान कर न्यायालय में पेश किया है।

बहजोई के एक मोहल्ला निवासी बहजोई विकासखंड के एक गांव के परिषदीय विद्यालय में तैनात शिक्षिका का सिर फिरे युवक ने लगातार घर तक उसका पीछा किया। तीन दिन तक पीछा करते हुए सिर फिरा युवक शिक्षिका के घर तक पहुंच गया था। उसके साथ छेड़छाड़ की थी। युवक के इस रवैये से शिक्षिका का जीना मुहाल हो गया था। इसकी शिकायत शिक्षिका ने अपर पुलिस अधीक्षक अनुकृति शर्मा से की थी। इसके बाद बहजोई पुलिस ने गांव चितौरा निवासी दयानंद पुत्र कालीचरन के खिलाफ मामला दर्ज किया था। अपर पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर शिक्षिका की सुरक्षा के लिए सशस्त्र पुलिसकर्मी उसके घर पर तैनात किया गया था।

पुलिस ने फरार होने की कोशिश में दयानंद को संभल तिराहे से गिरफ्तार कर लिया। उसका चालान करते हुए न्यायालय में पेश किया है। कोतवाल सतेंद्र पवार ने बताया कि युवक को गिरफ्तार कर लिया गया।

कार्रवाई

- **पुलिस ने फरार होने की कोशिश में दयानंद को संभल तिराहे से गिरफ्तार कर लिया**

अनदेखी मानसून आने में कुछ दिन बाकी, हर साल की तरह जलभराव से जूझेंगे नगरवासी

गंदगी से पटे नाले, बरसात में फिर होगा जलभराव

कार्यालय संवाददाता, चन्दौसी

अमृत विचार : शहर के नाले गंदगी से अटे हुए हैं, जबकि मानसून आने में कुछ ही दिन शेष बचे हैं, मगर पालिका की ओर से नालों की सफाई का कार्य आरंभ नहीं हो सका है। जिससे हर वर्ष की भांति इस बार भी नगरवासियों को जलभराव की समस्या से परेशानी उठानी पड़ेगी। लोगों ने पालिका से शीघ्र ही नालों की सफाई का कार्य आरंभ कराने की मांग की है।

दस मिनट की बारिश में शहर की सड़कों पर जलभराव हो जाता है। जिससे आवागमन में लोगों को परेशानी का सामना करना पड़ता है। सबसे ज्यादा लोगों को स्टेशन रोड पर होने वाले जलभराव से परेशानी होती है। जबकि मानसून आने में कुछ ही दिन शेष बचे हैं, वहीं शहर के नाले गंदगी से पूरी तरह अटे हैं। गंदगी इतनी अधिक है कि जलनिकासी पूरी तरह बंद हो चुकी है। मानसून को देखते हुए नगर पालिका ने नालों की सफाई का कार्य आरंभ नहीं कराया है। जबकि नालों की सफाई का कार्य कई दिन पहले ही आरंभ हो जाना चाहिए था। अगर समय पर नालों की सफाई नहीं कराई जाती है, तो हर वर्ष की भांति इस बार शहर की सड़कों पर जलभराव होना तय है। जिससे आवागमन में लोगों को परेशानी उठानी होगी। बारिश होने पर स्टेशन रोड, कागजी मोहल्ला, एफआर रोड, एवन टेलर वाली गली, संभल गेट, गोशाला रोड, आवास विकास, घटलेश्वर गेट, सीता रोड, मुंसिफ रोड, लायंस कॉलोनी सहित शहर के अन्य हिस्सों में जलभराव हो जाता है। शहरवासियों ने शीघ्र ही नगर पालिका प्रशासन से नालों की सफाई कराने की मांग की है।

कूड़ा करकट से पटा पड़ा सेमर टोला का नाला। ● अमृत विचार

समस्या

- **नगर पालिका से शीघ्र ही नालों की सफाई का कार्य आरंभ कराने की मांग की है**

> बारिश के मौसम में नगरवासियों को सड़कों पर जलभराव की समस्या का सामना नहीं करना पड़ेगा। नालों की सफाई शुरू करा दी गई है। मानसून आने से पहले ही कार्य पूर्ण करा दिया जाएगा। किसी भी हालत में लोगों को परेशानी नहीं होने दी जाएगी।
> –लता वार्ष्णेय, चेयरमैन

शव उठाने के लिए मांगे रुपये तो फार्मासिस्ट ने युवक को पीटा

कार्यालय संवाददाता, बदायूं

अमृत विचार : तकरीबन एक साल से पोस्टमार्टम हाउस के कर्मचारी विवादों के घेरे में रहे हैं। बुधवार को पोस्टमार्टम हाउस पर तैनात एक फार्मासिस्ट और चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी ने लावारिस शवों को उठाने वाले युवक को बेरहमी से पीटा। अधिकारियों से की शिकायत हुई तो सीएमओ और सीओ सिटी पोस्टमार्टम हाउस पहुंचे। मारपीट का आरोप सही मिला। सीएमओ ने फार्मासिस्ट को पोस्टमार्टम हाउस से हटा दिया। पुलिस ने भी जांच शुरू कर दी है।

कोतवाली सिविल लाइन क्षेत्र के मालगोदाम रोड निवासी विक्की उर्फ सुमित कुछ वर्षों से पोस्टमार्टम हाउस पर आने वाले लावारिस शवों को ढोने और अंतिम संस्कार करने का काम करता है। जिसकी वजह से वह सुबह से लेकर शाम तक पोस्टमार्टम हाउस पर ही रुका रहता है। साफ-सफाई भी करता है। बुधवार को भी पोस्टमार्टम हाउस पर बैठा था। आरोप है कि उसने एक क्षत विक्षत शव मोर्चरी में रखवाने में मदद की। विक्की का आरोप है कि चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी ने शव के साथ आए लोगों से पांच सौ रुपये लिए। विक्की ने भी सौ रुपये मांगे। जिसके चलते गाली-गलौज शुरू हो गई। जिसका विरोध करने पर फार्मासिस्ट संजी और चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी सत्यवीर ने विक्की को लात-घूसे और लाठी-डंडों से बुरी तरह से पीटा। उसके चीखने पर पोस्टमार्टम हाउस पर मौजूद पुलिसकर्मी पहुंचे और बचाव कराया। पीड़ित ने कोतवाली जाकर पुलिस से शिकायत की।

- **युवक का आरोप, शव उठाने के लिए चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी ने लिए थे पांच सौ रुपये**

मुसलमानों को लेकर प्रधानमंत्री की नीयत पर शक नहीं: शहाबुद्दीन

बरेली, अमृत विचार : ऑल इंडिया मुस्लिम जमात के राष्ट्रीय अध्यक्ष मौलाना शहाबुद्दीन रजवी ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के बयान पर प्रतिक्रिया दी है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री पांचवें चरण के चुनाव से अपनी सभाओं में मुसलमानों की चर्चा करने लगे हैं। प्रधानमंत्री ने बयान दिया है कि वह नहीं चाहते कि मजबूरी में मुसलमान मोदी को पसंद करें, बल्कि मन से उन्हें पसंद किया जाए। इस बयान पर शहाबुद्दीन ने कहा कि प्रधानमंत्री का यह बयान स्वागत योग्य है। इससे पहले भी उन्होंने मुसलमानों को अपने साथ जोड़ने की बात कही थी।

नाम-परिवर्तन

मैं ANAND SANDHU S/o MR. KASHMIRA MASIH & MRS. KASHMIRO MASIH ने नाम परिवर्तन कर ANAND SANDHU S/o MR. KASHMIR & MRS. KASHMIRO R/o HAMIDNAGAR BILASPUR RAMPUR U.P. रख लिया है। मुझे भविष्य मे नये नाम से जाना पहचाना जाऐगा।

नाम-परिवर्तन

मैंने अपना नाम SALAM से बदलकर ABDUL SALAM S/o NASEER ग्राम सेंटाखेड़ा टांडा रामपुर रख लिया है। अब मुझे इसी नाम से जाना पहचाना जाये।

खोया-पाया

मैं कुलदीप अहरौला पो0 गजरौला जिला अमरोहा ने नव चेतना इन्टर कॉलेज चाकीखेड़ा से हाईस्कूल वर्ष 2019 में उत्तीर्ण की थी। जिसका अनुक्रमांक 0659751 है। जिसकी मार्कशीट वास्तव मे 01.03.2024 को कहीं खो गई काफी तलाश करने पर भी नही मिली। कुलदीप S/o श्री महेन्द्र सिंह अहरौला तेजवन, पो0 गजरौला, अमरोहा। मो0- 7302383918

सूचना:- एक किता बैनामा (मूल) जो कि जगदीश पुत्र धीरा ने बीरवल पुत्र देशी के हक मे दिनांक 18/06/88 वही 1 जिल्द 2405 के पृष्ठ 382 एडी0 बुक 1 जिल्द 2515 के पृष्ठ 383/384 नम्बर 5568 दिनांक 20/06/88 पर रजि0 हुई जिसका रकवा 140 वर्ग मी0 ग्राम मझोली है जो कि वास्तव मे कही खो गया है। जिसका प्रयोग अवैध होगा। उक्त के सम्बन्ध मे प्रकाशन की तिथि के 15 दिवस के अन्दर सम्पर्क स्थापित करे बाद उसकी उक्त के संबध मे कोई विचार नही किया जायेगा।
प्रदीप कुमार गुप्ता (एडवोकेट) चै0 नं0 C-3 सिटी मजिस्ट्रेट कोर्ट के पीछे कचहरी, मुरादाबाद मो0- 9837781229

बेजोड़ बनारस में मोदी महिमा गान

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जो अब खुद को बनारसी कहते हैं, लगातार नई काशी बनाने के अभियान में जुटे हैं। इसी का नतीजा है कि विश्वनाथ धाम कॉरीडोर बनने के बाद 13 करोड़ पर्यटकों के आने से यहां आय और रोजगार के साधन तेजी से बढ़े हैं।

मनोज त्रिपाठी

अमृत विचार। वाराणसी मोदी मय है। गंगा किनारे घाट हों या गलियां चाहे बाजार कहीं भी किसी से पूछ लीजिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की तीसरी जीत पर किसी को कोई संशय नहीं है, बल्कि इस तरह का सवाल करने पर लोग आपको घूरते या अचरज से देखते नजर आएंगे। चर्चा में अगर कुछ है, तो वह यह कि इस बार जीत का अंतर कितना बड़ा होगा, 400 पार होगा या नहीं। गोदौलिया चौक में एक चाय के अड्डे पर सुबह अखबार के पन्नों में झांकते हुए मोदी के विरोधी भी उनकी जीत पर बहस करते और शर्त लगाते मिलते हैं। इसी तरह अंधरापुल चौराहा जिसका नामकरण अब सीता राम द्वार किया जा चुका है, पर भीड़भाड़ के बीच सड़क किनारे एक होटल में छिड़ी चुनावी चर्चा में ज्यादातर लोग मानते हैं कि मोदी के आने के बाद बीते दस साल में शहर की सूरत काफी बदल गई है, बड़े शहरों जैसी भव्यता, सुविधा और चमक-दमक आ गई है। मोदी ने जो किया है, वह और कोई नहीं कर सकता है। हालांकि कुछ लोग इस बात से थोड़ा खिन्न नजर आते हैं कि सब कुछ पर्यटकों की खातिर हो रहा है। इससे बनारस का अपना मिजाज और रिवाज बदल रहा है। काशी वाली संस्कृति की पहचान कम होती जा रही है। विरासत भले सहेजी जा रही हो, लेकिन अध्यात्म और मुक्ति वाली पुरानी बात पीछे छूट रही है। लेकिन बात जैसे ही जीत-हार पर आती है तो सबकी राय एक ही नजर आती है कि अब दस लाख से जीतेंगे कि नहीं यह तो नहीं पता पर इतना तय है कि मोदी पिछली बार से ज्यादा वोटों से जीतेंगे।

भाजपा नेता और संगठन प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को इस बार वाराणसी से चुनावी इतिहास की सबसे बड़ी जीत दिलाने के लिए दिन-रात एक किए है। प्रचार में जुटे लोग पूछने पर कहते हैं कि 10 लाख से ज्यादा वोटों से जिताने के लिए मेहनत कर रहे हैं। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने आगे बढ़कर चुनावी अभियान संभाल रखा है। वह लगातार दौरे, जनसभाएं और रैली कर रहे हैं। आधा दर्जन से ज्यादा केंद्रीय मंत्री, कई राज्यों के मुख्यमंत्री, सांसदों, विधायकों की फौज के साथ संगठन के बड़े पदाधिकारियों की टीम वाराणसी में डेरा डाले हैं। छोटी-छोटी की गलियों में बड़े-बड़े नेता प्रधानमंत्री को वोट देने के लिए लोगों के हाथ जोड़ रहे हैं। अलग-अलग वर्गों को साधने के लिए अलग-अलग नेता लगाए गए हैं। कहा जा रहा है कि अंतिम तीन दिन प्रधानमंत्री भी वाराणसी में मौजूद रहेंगे।

- भाजपा अपने सबसे बड़े नेता और प्रधानमंत्री को इस बार 10 लाख वोटों से जीत दिलाने के मिशन में जुटी
- अधिकतर लोगों का मानना है कि मोदी ने जो किया, वह कोई नहीं कर सकता, बदल गई शहर की तस्वीर

2019 का परिणाम

दल	उम्मीदवार	वोट	चुनाव चिन्ह
भाजपा	नरेंद्र मोदी	6,74,664	
सपा	शालिनी यादव	1,95,159	
कांग्रेस	अजय राय	1,52,548	

2014 का जनादेश

दल	उम्मीदवार	वोट	%
भाजपा	नरेंद्र मोदी	5,81,022	56.37
आप	अरविंद केजरीवाल	2,09,238	20.30
कांग्रेस	अजय राय	75,614	7.34
बसपा	विजय जयसवाल	60,579	5.88
सपा	कैलाश चौरसिया	45,291	4.39

गाय को राष्ट्रीय पशु घोषित करने के लिए मांग रहे समर्थन

- वाराणसी में के. शिव कुमार अपनी युग तुलसी पार्टी से मैदान में हैं। वह आंध्र प्रदेश में तिरुमाला वेंकटेश्वर मंदिर सहित अन्य मंदिरों के प्रबंधन के लिए बने तिरुपति देवस्थानम ट्रस्ट के पूर्व बोर्ड सदस्य हैं। शिव कुमार ने जीवन भर गाय संरक्षण पर काम किया है। वह हैदराबाद में तीन गौशालाओं के मालिक हैं। शिव कुमार का वाराणसी में चुनाव अभियान के दौरान मुख्य मुद्दा यह है कि केंद्र सरकार गाय को भारत का राष्ट्रीय पशु घोषित करे। उनका कहना है कि भाजपा सनातन धर्म के बारे में तो बात करती है, लेकिन वे इस संबंध में कुछ भी लागू नहीं कर रहे हैं।

बसपा प्रत्याशी लड़ चुके दो लोकसभा और दो विस चुनाव

- प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के सामने उतरे बसपा प्रत्याशी अतहर जमाल लारी 1984 में जनता पार्टी के टिकट पर वाराणसी लोकसभा सीट से चुनाव लड़े थे। 1991 में उन्होंने जनता दल से वाराणसी कैंट विधानसभा क्षेत्र से चुनाव लड़ा था, लेकिन भाजपा की ज्योत्सना श्रीवास्तव से 5,000 वोटों से हार गए थे। 1995 में सोनेलाल पटेल के नेतृत्व वाले अपना दल में शामिल हो गए थे। 2004 में अपना दल से वाराणसी से लोकसभा चुनाव लड़कर तीसरे स्थान पर रहे थे। 2012 में लारी ने मुख्तार अंसारी के नेतृत्व वाले कौमी एकता दल से वाराणसी दक्षिण विधानसभा क्षेत्र से चुनाव लड़ा था।

मोदी की जीत की हैट्रिक अजय की हार का चौका !

- 2019 के लोकसभा चुनाव में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने करीब पांच लाख वोटों से जीत दर्ज की थी। इस बार वह जीत की हैट्रिक लगाने के साथ बड़े वोटों के अंतर से जीत का रिकार्ड बनाने की तरफ देख रहे हैं। वहीं उनका मुकाबला करने के लिए चुनावी मैदान में उतरे इंडिया गठबंधन से कांग्रेस प्रत्याशी और पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष अजय राय की हार का हैट्रिक का रिकार्ड पिछले चुनाव में ही बन चुका है, यदि वह इस बार भी चुनाव हारते हैं, तो उनके नाम पर हार का चौका दर्ज हो जाएगा। अजय राय की पिछली तीनों हार में एक और खास बात रही है कि वह तीनों मर्तबा तीसरे नंबर पर ही रहे हैं, यानी थर्ड डिवीजन हार की हैट्रिक। लेकिन उनके लिए इस बार हालात पिछले चुनावों से थोड़े बेहतर नजर आ रहे हैं। हालांकि मुकाबले में बसपा से अतहर लारी भी हैं, लेकिन मोदी के साथ सीधी लड़ाई अजय राय की ही है। 2019 के चुनाव में कांग्रेस प्रत्याशी के रूप में अजय राय को 1,52,548 वोट मिले थे। सपा-बसपा गठबंधन से चुनाव लड़ीं शालिनी यादव 1,95,159 वोट हासिल करके दूसरे नंबर पर रही थीं। इससे पहले 2014 के चुनाव में तीसरे स्थान पर रहने के साथ अजय राय की जमानत भी जब्त हो गई थी। इस चुनाव में दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने मोदी को चुनौती दी थी। दूसरे नंबर पर रहे केजरीवाल को 2,09,238 वोट मिले थे और अजय राय सिर्फ 75,614 वोट ही पा सके थे। 2009 का लोकसभा चुनाव अजय राय सपा के टिकट पर लड़े थे और तीसरे स्थान पर रहते हुए 1,23,874 वोट पाए थे। भाजपा से डॉ. मुरली मनोहर जोशी चुनाव जीते थे। बसपा से मैदान में उतरे माफिया मुख्तार अंसारी दूसरे नंबर पर रहे थे। अजय राय चार बार विधायक रह चुके हैं। वह तीन बार भाजपा और एक बार निर्दलीय चुनाव लड़कर जीते थे। 2009 में भाजपा से लोकसभा का टिकट नहीं मिलने पर सपा से लोकसभा का चुनाव लड़े थे। साल 2012 में वह कांग्रेस में शामिल हो गए थे। इसके बाद 2012 से 2017 तक वाराणसी की पिंडरा विधानसभा सीट से कांग्रेस के विधायक रहे थे।

वाराणसी में पिछले चुनाव का वोट शेयर

मोदी के विरुद्ध ये तीन प्रमुख प्रत्याशी मैदान में


अजय राय।


अतहर जमाल लारी।

के. शिव कुमार।

इस बार सिर्फ छह प्रत्याशी लड़ रहे चुनाव

- साल 2014 के चुनाव में वाराणसी लोकसभा सीट पर 41 प्रत्याशी मैदान में थे। पिछली बार 2019 में कुल 26 प्रत्याशी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को चुनौती दे रहे थे, लेकिन इस बार यह आंकड़ा सिमटकर छह पर आ गया है।

नेहरू और इंदिरा के रिकार्ड की कर लेंगे बराबरी

- प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी इस बार वाराणसी से जीत हासिल करते ही पूर्व प्रधानमंत्री जवाहर लाल नेहरू और इंदिरा गांधी की तरह प्रदेश के एक निर्वाचन क्षेत्र से तीन चुनाव जीतने के रिकार्ड की बराबरी कर लेंगे। बतौर प्रधानमंत्री पं. नेहरू ने फूलपुर लोकसभा सीट से लगातार तीन चुनाव जीते थे, जबकि इंदिरा ने भी रायबरेली से यही रिकार्ड बनाया था। हालांकि वह रायबरेली से जीत की हैट्रिक नहीं लगा सकी थीं।

दो महिला सांसदों का ममता के गढ़ में संघर्ष

- भाजपा ने कोलकाता दक्षिण लोकसभा सीट पर रायगंज की सांसद देबश्री चौधरी के लिए झोंक रखी है ताकत
- इस लोकसभा क्षेत्र से 1952 में पहले सांसद चुने गए थे भारतीय जनसंघ के संस्थापक श्यामा प्रसाद मुखर्जी

अमृत विचार। पश्चिम बंगाल में सातवें और अंतिम चरण में दम दम, बारासात, बशीरहाट, जयनगर, मथुरापुर, डायमंड हार्बर, जादवपुर, कोलकाता दक्षिण और उत्तर सीटों पर मतदान होना है। इनमें भाजपा ने जिन सीटों को जीतने के लिए तगड़ी व्यूह रचना की है, उनमें कोलकाता दक्षिण लोकसभा क्षेत्र प्रमुख है।

इस सीट को पहले कलकत्ता दक्षिण पूर्व नाम से जाना जाता था। वर्ष 1952 में इस सीट से जनसंघ के संस्थापक श्यामा प्रसाद मुखर्जी पहले सांसद बने थे। पिछले कुछ समय से कोलकाता दक्षिण सीट पर टीएमसी का दबदबा है। लेकिन इस बार भाजपा यहां कमल खिलाने को बेताब है। टीएमसी की सांसद माला राय के मुकाबले भाजपा ने रायगंज से सांसद देबश्री चौधरी को मैदान में उतारा है, जो कड़ी टक्कर दे रही हैं। सीपीआई (एम) से सायरा शाह हैं, जो अभिनेता नसीरुद्दीन शाह की भतीजी हैं। कोलकाता दक्षिण को मुख्यमंत्री और टीएमसी सुप्रीमो ममता बनर्जी का गढ़ कहा जाता है। वह छह बार यहां से सांसद चुनी गई थीं। इसकी शुरुआत उन्होंने 1991 में सीपीआई (एम) नेता बिप्लब दास गुप्ता को हराकर की थी। इसके बाद 1996, 1998, 1999, 2004 और 2009 में वह सांसद चुनी गईं। लेकिन 2011 में सांसद पद से इस्तीफा देकर मुख्यमंत्री बन गई थीं, क्योंकि उनकी पार्टी तृणमूल कांग्रेस ने राज्य में जीत हासिल कर ली थी।

दम दम से भाजपा ने ढाई दशक पहले खोला था खाता

दम दम लोकसभा क्षेत्र में इस बार टीएमसी के दिग्गज नेता सांसद सौगत रॉय का मुकाबला भाजपा के सीलभद्र दत्ता और सीपीआई (एम) के सुजन चक्रवर्ती से है। बंगाल में दम दम सीट पर ही सबसे पहले भाजपा ने वर्ष 1998 में खाता खोला था। तपन सिकंदर बंगाल के पहले भाजपाई सांसद बने थे। वह 1999 में दोबारा चुने गए थे। इसके बाद से भाजपा यहां जीत को तरस रही है। 2019 में दम दम में टीएमसी सांसद सौगत राय ने भाजपा के समिक भट्टाचार्य को हराया था। 2014 के चुनाव में सौगत राय ने सीपीआई (एम) के असीम दास गुप्ता को पराजित किया था। भाजपा के तपन सिंकदर तीसरे स्थान पर पिछड़ गए थे। 2009 का चुनाव भी सौगत राय ने ही जीता था। राज्य की बारासात सीट पर डॉ. काकोली घोष दस्तीदार का मुकाबला भाजपा के स्वपन मजूमदार और सीपीआई(एम) के संजीब चटर्जी से है। बशीरहाट में हाजी नुरुल इस्लाम का भाजपा की रेखा पात्रा और सीपीआई (एम) के निरापद सरदार में मुकाबला है। मथुरापुर में बापी हलदर, भाजपा के अशोक पुरकैत और शरत चंद्र हलदर में लड़ाई है। डायमंड हार्बर में टीएमसी नेता अभिषेक बनर्जी का मुकाबला भाजपा के अभिजीत दास से हो रहा है। जादवपुर में टीएमसी की सयोनी घोष का मुकाबला भाजपा के डॉ. अनिर्बान गांगुली से है।

बलिया में बगावत से गड़बड़ाए समीकरण

चुनाव डेस्क

अमृत विचार। पूर्व प्रधानमंत्री चंद्रशेखर के नाम से पहचान रखने वाली बलिया लोकसभा सीट पर इस बार उनके बेटे नीरज शेखर भाजपा से चुनावी मैदान में उतरने के बाद सपा के जातीय समीकरण में फंस गए थे। साल 2019 के चुनाव में सिर्फ 15,000 वोटों से पिछड़ने वाले सपा प्रत्याशी सनातन पांडेय उनके सामने कड़ी चुनौती पेश कर रहे थे। पिछले दो चुनाव से भाजपा यहां जीत रही थी, लेकिन इस बार कांटे की टक्कर मानी जा रही थी। ऐसे में राजनीति के चाणक्य माने जाने वाले गृहमंत्री अमित शाह ने बुधवार को बलिया पहुंचकर एक झटके में समीकरण बदल दिए। उन्होंने सपा नेता और पूर्व मंत्री नारद राय तथा पूर्व विधायक राम इकबाल सिंह को भाजपा में शामिल कराकर माहौल भाजपा की तरफ मोड़ दिया।

बलिया में चुनाव ब्राह्मण बनाम राजपूत के बीच सिमटता नजर आ रहा था। ऐसे में सपा की पिछड़ा वर्ग में पैठ ने भाजपा की मुश्किलें बढ़ा रखी थीं। बलिया से भाजपा प्रत्याशी नीरज शेखर के समर्थन में सभा करने पहुंचे अमित शाह ने मंच पर नारद राय को खास तवज्जो दी। नारद राय भूमिहार समाज के बड़े नेता माने जाते हैं और भूमिहार समाज की पूर्वांचल की बलिया, गाजीपुर, मऊ, देवरिया, मिर्जापुर, चंदौली, भदोही, महाराजगंज, गोरखपुर जैसे जिलों में ठीक-ठाक पैठ है। माना जा रहा है कि अमित शाह ने नारद राय को भाजपा में लाकर बलिया के साथ ही चार और सीटों पर सपा के समीकरण गड़बड़ा दिए हैं। नारद राय की सपा से नाराजगी का कारण सोमवार को बलिया में सनातन पांडे के समर्थन में अखिलेश यादव की रैली से शुरू हुई थी। जब अखिलेश ने मंच से नारद राय का नाम नहीं लिया था। इसी से खफा होकर नारद राय ने बागी तेवर अपनाए और भाजपा का दामन थाम लिया।

जनता ही राजा हिमाचल प्रदेश की हॉट सीट मंडी में कांग्रेस प्रत्याशी विक्रमादित्य सिंह के समर्थन में सभा करने पहुंची प्रियंका गांधी वाड्रा भीड़ देखकर खुशी से उछलती नजर आईं।

दो बार की सांसद किरन खेर की जगह भाजपा ने इस बार उतारा है संजय टंडन को चुनावी मैदान में, मुकाबला कांटे का दिख रहा

चंडीगढ़ में दांव पर लगी है कांग्रेस नेता मनीष तिवारी की साख

कांटे का मुकाबला

चुनाव डेस्क

अमृत विचार। चंडीगढ़ लोकसभा सीट पर बीते 10 साल से भारतीय जनता पार्टी का कब्जा है। फिल्म अभिनेता अनुपम खेर की पत्नी किरन खेर यहां से लगातार 2014 और 2019 के चुनाव जीती थीं। इससे पहले 2009 के चुनाव में कांग्रेस को जीत मिली थी। पवन कुमार बंसल सांसद चुने गए थे। लेकिन 2014 की मोदी लहर में वह भाजपा प्रत्याशी किरन खेर से चुनाव हार गए थे। इस बार यहां भाजपा ने किरन खेर के स्थान पर संजय टंडन को चुनावी मैदान में उतारा है, जिनका मुकाबला कांग्रेस नेता मनीष तिवारी से हो रहा है।

पंजाब और हरियाणा की राजधानी चंडीगढ़ में पले-बढ़े 58 वर्षीय पूर्व केंद्रीय मंत्री मनीष तिवारी कांग्रेस का जाना पहचाना चेहरा हैं। उन्होंने पिछली लोकसभा में आनंदपुर साहिब का प्रतिनिधित्व किया था। इससे पहले वह 2009 से 2014 तक लुधियाना से सांसद रहे थे। मनीष तिवारी पिछले दो चुनावों से अपने गृहनगर चंडीगढ़ से चुनाव लड़ने के इच्छुक थे। उधर, भाजपा नेता बलरामजी दास टंडन के पुत्र संजय टंडन चंडीगढ़ लोकसभा सीट से भाजपा के उम्मीदवार के रूप में अपनी चुनावी राजनीति शुरू कर रहे हैं। वह 1990 के दशक से भाजपा के साथ जुड़े हैं और पार्टी के भीतर व्यापक संगठनात्मक अनुभव रखते हैं। चंडीगढ़ लोकसभा सीट से बसपा ने डॉ. ऋतु सिंह को उतारा है। ऋतु दिल्ली विश्वविद्यालय में प्रोफेसर रही हैं। वहां भी वह दलितों के लिए आवाज उठाने के लिए जानी जाती थीं। उन्हें पद से बर्खास्त कर दिया गया था।

जानकार चंडीगढ़ में मेयर चुनाव को लेकर हुई भाजपा की किरकिरी और मनीष तिवारी को आम आदमी पार्टी का समर्थन मिलने से उनकी स्थिति बेहतर मान रहे हैं। शायद इसी के मद्दे नजर यहां भाजपा ने अंतिम चरण के प्रचार में पूरी ताकत झोंक रखी है। अंतिम दिन केंद्रीय मंत्री अनुराग ठाकुर और सांसद मनोज तिवारी सभाएं करेंगे। दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल मनीष तिवारी के समर्थन में रोड शो करके माहौल बना गए हैं।

संजय टंडन।

मनीष तिवारी।

2019 चुनाव परिणाम

दल	उम्मीदवार	वोट %
भाजपा	किरण अनुपम खेर	50.64
कांग्रेस	पवन कुमार बंसल	40.35
आप	हरमोहन धवन	3.82
बसपा	परवीन कुमार	1.62

2014 का जनादेश

दल	उम्मीदवार	वोट%
भाजपा	किरण अनुपम खेर	42.20
कांग्रेस	पवन कुमार बंसल	26.84
आप	गुलकीरत कौर पनाग	23.97
बसपा	जन्नत जहां-उल-हक	3.51

लुधियाना व आनंदपुर साहिब से चुनाव जीतने के बाद चंडीगढ़ से किस्मत आजमा रहे हैं मनीष तिवारी

बिजली आपूर्ति अनवरत बनाए रखने के निर्देश

लखनऊ, अमृत विचार : राज्य सरकार ने भीषण गर्मी व लू के दौरान प्रदेश में अनवरत बिजली आपूर्ति सुनिश्चित करने के निर्देश दिए हैं। राज्य सरकार ने उत्तर प्रदेश पावर कॉरपोरेशन को स्थानीय समस्यायों का जल्द से जल्द समाधान करने का निर्देश दिया है। प्रदेश में लगभग सभी जिलों में तापमान निरंतर 45 डिग्री सेंटीग्रेड को पार कर रहा है। भीषण गर्मी का कहर प्रदेश के विद्युत तंत्र व उत्पादन कर रही इकाइयों की क्षमता को निरंतर चुनौती दे रही है। प्रदेश में बीते 26 मई को 29,058 मेगावाट बिजली आपूर्ति की गई, जो 2022 व 2023 की अधिकतम दैनिक मांग क्रमशः 22,572 व 21,502 मेगावाट से लगभग 29 प्रतिशत व 35 प्रतिशत अधिक थी।

बिजली आपूर्ति में लापरवाही पर 4 अधिशासी अभियंता निलंबित

मेरठ में तैनात अभियंताओं पर की गई प्रभावी कार्रवाई

वरिष्ठ संवाददाता, लखनऊ

अमृत विचार : प्रदेश में गहराये बिजली संकट के बीच के बिजली आपूर्ति में लापरवाही पर मेरठ पर तैनात चार अधिशासी अभियंताओं को निलंबित कर दिया गया है। इस बीच, उत्तर प्रदेश पावर कॉरपोरेशन के अध्यक्ष आशीष गोयल ने बिजली आपूर्ति व्यवस्था दुरुस्त रखने के निर्देश दिए हैं।

पावर कारपोरेशन के सूत्रों के अनुसार पश्चिमांचल विद्युत वितरण निगम की प्रबंध निदेशक ईशा दुहन ने जिन अभियंताओं पर कार्रवाई की है उसमें अधिशासी अभियंता वितरण खंड-पंचम मेरठ मनोज अग्रवाल, अधिशासी अभियंता वितरण खंड द्वितीय मवाना महेश चंद्र विश्वकर्मा, अधिशासी अभियन्ता विद्युत वितरण खण्ड-द्वितीय बड़ौत कृष्ण पाल व अधिशासी अभियन्ता विद्युत वितरण खण्ड-चंदौसी सुशील कुमार पांडे शामिल हैं। इन अभियंताओं पर बिजली आपूर्ति में लापरवाही के साथ ही अपने कार्य में रुचि न लेने व राजस्व वसूली के लिए सार्थक प्रयास न करने का आरोप है।

अनपरा व पारीछा की इकाइयां ठप

भारी मांग के कारण अनपरा सी की 600 मेगावाट व पारीछा बिजलीघर की 250 मेगावाट क्षमता की इकाइयां ठप हो गईं। इससे प्रदेश में बिजली संकट गहरा गया है। प्रदेश के ग्रामीण इलाकों में करीब 200 मेगावाट आपात बिजली कटौती की गई। पावर कारपोरेशन के सूत्रों के अनुसार इन इकाइयों के अगले दो दिनों के भीतर चालू होने की संभावना है। जबकि पहले से बंद चल रही इकाइयों बारा व जवाहरपुर बिजलीघर की 660 मेगावाट की एक-एक इकाई व पारीछा की 210 मेगावाट क्षमता की एक इकाई को चालू किए जाने के प्रयास जारी रहे। बिजली अभियंता बुधवार की रात तक इन इकाइयों के चालू हो जाने की संभावना जताते रहे। प्रदेश में बुधवार को बिजली की अधिकतम मांग 29,282 मेगावाट दर्ज की गई। कारपोरेशन के सूत्रों के अनुसार एनर्जी एक्सचेंज व अन्य स्रोतों से बिजली आयात कर स्थिति को काबू में करने के प्रयास हो रहे हैं, पर बार-बार उत्पादन इकाइयों के ठप होने के कारण स्थिति संभल नहीं पा रही है। इसके साथ ही स्थानीय खराबियों के कारण प्रदेश के ज्यादातर इलाकों में बिजली संकट लगातार बना हुआ है।

मेरठ का अमीनाबाद यूपी का पहला सैनिटरी पैड मुक्त गांव बना

कानपुर, अमृत विचार : मेरठ के अमीनाबाद गांव को आईआईटी कानपुर, एसआईआईसी-इनक्यूबेटेड स्टार्टअप माइल्डकेयर्स ने मेरठ के अमीनाबाद गांव को यूपी का पहला सैनिटरी पैड मुक्त गांव बना दिया है। स्टार्टअप माइल्डकेयर्स की ओर से पूरे गांव की महिलाओं को मासिक धर्म कप वितरित किया गया था। इस उत्पाद से गांव की सभी महिलाओं को पूरी तरह से डिस्पोजबल सैनिटरी पैड से छुटकारा मिल गया है। विश्व मासिक धर्म स्वच्छता दिवस पर आईआईटी कानपुर के स्टार्टअप इनक्यूबेशन एंड इनोवेशन सेंटर की ओर से इनक्यूबेट किए गए स्टार्टअप माइल्डकेयर्स ने अमीनाबाद उर्फ बड़ागांव गांव में अपने उत्पाद गाइनोकप मासिक धर्म कप का वितरण किया था। इस पहल ने गांव की महिलाओं को मासिक धर्म कप का उपयोग करने में सहायता की। इससे उत्तर प्रदेश के पहले सैनिटरी पैड-मुक्त गांव के रूप में आधिकारिक घोषणा की गई है।

इलाहाबाद हाईकोर्ट से

अनिश्चितकालीन ब्लैकलिस्टिंग आदेश पर डीएम पर लगाया एक लाख का जुर्माना

विधि संवाददाता, प्रयागराज

अमृत विचार : इलाहाबाद हाईकोर्ट ने अनिश्चितकाल के लिए ब्लैक लिस्टेड करने के मामले में जिला मजिस्ट्रेट, झांसी पर एक लाख का जुर्माना लगाते हुए कहा कि निष्पक्ष व्यवहार के मूल सिद्धांतों के अनुसार संबंधित व्यक्ति को काली सूची में डालने से पहले अपना पक्ष रखने का अवसर दिया जाना चाहिए। निषेध की अवधि हमेशा दोषी ठेकेदारों के अपराध की प्रकृति पर निर्भर करती है। कोर्ट ने आगे सुप्रीम कोर्ट के फैसलों का हवाला देते हुए कहा कि ऐसे मामलों में आनुपातिकता का सिद्धांत प्रक्रिया में पारदर्शिता लाने के साथ ही मनमानी को रोकता है।

ब्लैकलिस्टिंग का आदेश वाणिज्यिक व्यक्ति पर एक ऐसा दाग लगाता है, जिसे सिविल मृत्यु की संज्ञा दी जा सकती है। उक्त टिप्पणी न्यायमूर्ति अंजनी कुमार मिश्रा और न्यायमूर्ति जयंत बनर्जी की खंडपीठ ने रामराजा कंस्ट्रक्शन्स की याचिका को स्वीकार करते हुए की। याची के अधिवक्ता ने कोर्ट को बताया कि वर्ष 2020 में बिना कारण बताओ नोटिस जारी किए उसे काली सूची में डाल दिया गया। दरअसल याची सहित संबंधित निविदा प्रक्रिया में शामिल फर्मों के खिलाफ कई अनियमितताओं का आरोप लगाया गया था। अंत में कोर्ट ने माना कि याची को सुनवाई का अवसर दिया जाना चाहिए था, जिससे वह अपनी सफाई प्रस्तुत कर सके। ब्लैकलिस्टिंग का आदेश अपराध के समानुपातिक अवधि के लिए होना चाहिए था।

सिविल वाद में प्राथमिकी दर्ज करने के कारण एसएचओ पर लगाया जुर्माना

प्रयागराज। इलाहाबाद हाईकोर्ट ने गलत कार्यवाही कर सिविल वाद में प्राथमिकी दर्ज करने के मामले में हापुड़ पुलिस स्टेशन के एसएचओ को कारण बताओ नोटिस जारी करते हुए कहा कि मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट और हाईकोर्ट के पूर्व आदेशों का उल्लंघन करते हुए सिविल वाद पर प्राथमिकी दर्ज करने के लिए उनके खिलाफ दंडात्मक कार्रवाई क्यों न की जाए। कोर्ट ने एसएचओ को नोटिस जारी कर न्यायालय के निर्देशों और पुलिस रिपोर्ट को नजरअंदाज करते हुए गलत प्राथमिकी दर्ज करने के कारण 50,000 हजार रुपए का जुर्माना लगाया और मामले को 13 सितंबर 2024 को सूचीबद्ध कर दिया।

सेवानिवृत्ति परिलाभों के लंबित मामलों पर हाईकोर्ट सख्त

प्रयागराज, अमृत विचार : इलाहाबाद हाईकोर्ट ने सेवानिवृत्ति परिलाभों को लंबित रखने के मामले में सख्त रवैया अपनाते हुए कानपुर जोन के अपर पुलिस महानिदेशक आलोक सिंह और फतेहगढ़, फर्रुखाबाद के पुलिस अधीक्षक विकास कुमार को 30 मई को व्यक्तिगत हलफनामों के साथ व्यक्तिगत रूप से कोर्ट में उपस्थित होने का निर्देश दिया है।

कोर्ट ने अधिकारियों से हलफनामों के द्वारा यह जानकारी मांगी है कि याची को किए जाने वाले सेवानिवृत्ति बकाए के भुगतान में देरी क्यों की जा रही है। उक्त आदेश न्यायमूर्ति सलिल कुमार राय की एकलपीठ ने गोपाल सिंह की याचिका पर सुनवाई के दौरान पारित किया। मालूम हो कि याची 31 दिसंबर 2022 को उत्तर प्रदेश पुलिस विभाग से हेड कांस्टेबल के पद से सेवानिवृत्त हुए, लेकिन सेवानिवृत्ति के लगभग डेढ़ साल बाद भी उन्हें पेंशन का भुगतान नहीं किया जा रहा है। अतः याची ने उनकी पेंशन और अन्य सेवानिवृत्ति बकायों के लिए वर्तमान याचिका दाखिल की है।

नियोक्ता के विशेष क्षेत्राधिकार में कोर्ट का हस्तक्षेप अनुचित

विधि संवाददाता, प्रयागराज

अमृत विचार : इलाहाबाद हाईकोर्ट ने कार्यकारी अभियंता के पद के लिए आईआईटी, कानपुर द्वारा अपनाई गई भर्ती प्रक्रिया को बरकरार रखते हुए कहा कि नियोक्ता होने के नाते आईआईटी, कानपुर अपने कर्मचारियों की भर्ती के लिए नियम बनाने हेतु अधिकृत है, क्योंकि यह उसकी विशेषज्ञता के दायरे में आता है। कोर्ट ने अपने आदेश में आगे कहा कि आईटी अधिनियम, 1961 की धारा 13 आईआईटी, कानपुर के बोर्ड को संस्थान के मामलों में सामान्य अधीक्षण, निर्देशन और नियंत्रण की शक्तियों तथा जिम्मेदारियों के साथ-साथ अन्य सभी शक्तियां सौंपती हैं। बोर्ड को भर्ती के लिए सभी नियमों या विनियमों को तैयार करने, अनुमोदित करने या संस्थान के शैक्षणिक तथा गैर- शैक्षणिक कर्मचारियों के लिए पात्रता मानदंड निर्धारित करने का पूर्ण अधिकार है। उक्त आदेश न्यायमूर्ति महेश चंद्र त्रिपाठी और न्यायमूर्ति अनीश कुमार गुप्ता की खंडपीठ ने राम प्रताप सिंह की विशेष अपील खारिज करते हुए पारित किया। आईआईटी, कानपुर के भर्ती नियमों को लेकर एकल न्यायाधीश के आदेश को चुनौती देते हुए वर्तमान विशेष अपील दाखिल की गई थी, जिसे कोर्ट द्वारा खारिज कर दिया गया।

सार-संक्षेप

आयकर विभाग ने जब्त की 82 एकड़ जमीन

लखनऊ, अमृत विचार : आयकर विभाग ने राजधानी के सुल्तानपुर रोड स्थित बक्कास गांव में 82 एकड़ जमीन जब्त की है। आरोप है कि यह जमीन विभिन्न कंपनियों के नाम से खरीदी गई थी। जब्तीकरण की कार्रवाई के बाद कुर्की की नोटिस भी चस्पा की गई है। सूत्रों के मुताबिक जांच में सामने आया कि जमीनें तिलिचो इन्फ्राडेवलपर, इंडिया प्राइवेट लिमिटेड, ट्रेपेजियम इन्फ्रा इंडिया प्राइवेट लिमिटेड, टेरे नार्मस इंडिया प्राइवेट लिमिटेड, पानटियक इन्फ्रा इंटरनेशनल प्राइवेट लिमिटेड, एम्ब्लाजान प्रापर्टीज, एवलिन इन्फ्राकान व साईंस्तुति वेंचर के नाम पर खरीदी गई थीं। जमीनों को जब्त करने के बाद कुर्की की नोटिस चस्पा की गई है। आयकर विभाग ने फरवरी माह में बेनामी कंपनियों के जरिए काले धन को रियल एस्टेट में खपाए जाने के मामले में लखनऊ, गौतमबुद्धनगर व गाजियाबाद समेत छह शहरों में स्थित 25 ठिकानों पर छापेमारी की थी। इनमें हवाला कारोबारी नंद किशोर चतुर्वेदी की कंपनी हमसफर डीलर्स व उसकी सहयोगी कंपनियों के ठिकानों पर छानबीन हुई थी। लखनऊ में सुलतानपुर रोड पर लगभग 200 एकड़ की कालोनी विकसित करने के लिए जमीनें खरीदे जाने का तथ्य सामने आया था। इससे पूर्व अन्य रियल एस्टेट कंपनियों के ठिकानों पर भी छापेमारी हुई थी।

लक्ष्मण टीला मंदिर-मस्जिद विवाद पर आपत्ति खारिज

विधि संवाददाता, लखनऊ : लक्ष्मण टीला स्थित शेष नागेश टीलेश्वर महादेव मंदिर में पूजा करने की माँग वाली अर्जी पर सिविल जज, साउथ अभिषेक गुप्ता ने मुस्लिम पक्ष की आपत्ति को ख़ारिज कर दिया है। कोर्ट ने कहा है कि दीवानी न्यायालय को मामले को सुनने का पूर्ण क्षेत्राधिकार प्राप्त है। अदालत ने मामले में अगली सुनवाई के लिए 11 जुलाई की तारीख़ नियत की है। सेंट्रल बार एसोसिएशन के पूर्व महासचिव एवं अधिवक्ता नृपेंद्र पांडे की ओर से दाखिल इस मामले की सुनवाई के दौरान ही सुन्नी सेंट्रल वक़्फ़ बोर्ड की ओर से आपत्ति दाखिल की गई थी, जिसमें दावा किया गया था कि विवादित स्थान टीले वाली मस्जिद है और वह जगह वक़्फ़ बोर्ड की है, जो वक़्फ़ के रिकॉर्ड में 21 जनवरी 1975 से दर्ज है। सुन्नी सेंट्रल वक़्फ़ बोर्ड की ओर से कहा गया था कि यदि किसी वक़्फ़ की संपत्ति का विवाद होता है तो उसकी सुनवाई और निर्णय केवल वक़्फ़ बोर्ड में ही हो सकता है लिहाज़ा इस मामले को भी सुनवाई के लिए वक़्फ़ न्यायाधिकरण भेज दिया जाए। वहीं वादी नृपेंद्र पांडेय की ओर से सिविल जज की कोर्ट में दायर वाद मे कहा गया है कि औरंगज़ेब के कार्यकाल में हिंदू धार्मिक स्थान के रूप में स्थापित लक्ष्मण टीला को ध्वस्त कर दिया गया था और वहाँ मस्जिद बना दी गई थी।

चौरी-चौरा एक्सप्रेस में लगी आग, कोई हताहत नहीं

कौशांबी, एजेंसी : जिले में दिल्ली-हावड़ा रेल खंड पर गोरखपुर से कानपुर जा रही चौरी-चौरा एक्सप्रेस ट्रेन की एक बोगी के पहियों में बुधवार को अचानक आग लग गई हालांकि इस घटना में किसी के हताहत होने की सूचना नहीं है। रेलवे के अधिकारियों के मुताबिक, दिल्ली-हावड़ा रेल खंड के भरवारी रेलवे स्टेशन पर यह दुर्घटना हुई। रेलवे कर्मचारियों ने अग्निशामक यंत्रों का प्रयोग कर बोगी के पहियों में लगी आग को बुझाया। इस दौरान करीब 50 मिनट तक खड़ी रहने के बाद ट्रेन भरवारी रेलवे स्टेशन से अपने गंतव्य के लिए रवाना हो गई। भरवारी स्टेशन पर तैनात रेलवे सुरक्षा बल के प्रभारी सुरेंद्र राम पासवान ने बताया कि गोरखपुर से कानपुर की ओर जा रही 15004 चौरी-चौरा एक्सप्रेस भरवारी स्टेशन पर पूर्वाह्न नौ बजकर 20 पर रुकी, तो चौथे डिब्बे के पहियों से धुआं निकलता हुआ दिखाई। उन्होंने बताया कि यात्रियों ने जब शोर मचाया तो स्टेशन पर मौजूद रेल कर्मियों ने आग बुझाई।

पांच जिला न्यायालयों में तैनात होगी यूपीएसएसएफ

लखनऊ, अमृत विचार : प्रदेश के जिला न्यायालयों की सुरक्षा को लेकर गृह विभाग ने बड़ा फैसला लिया है। अब जिला न्यायालयों पर पुलिस के स्थान पर उत्तर प्रदेश विशेष सुरक्षा बल (यूपीएसएसएफ) की तैनाती की जाएगी। काफी समय से यह मांग भी की जा रही थी। हालांकि प्रथम चरण में अभी सिर्फ पांच जनपदों में विशेष सुरक्षा बल की तैनाती का फैसला लिया गया है। बाकी जनपद न्यायालयों में सुरक्षा बलों की तैनाती कब की जाएगी यह फैसला अगले चरण के तहत लिया जाएगा। जिन जिलों के न्यायालयों में यूपीएसएसएफ तैनात करने का निर्णय लिया गया है, वह जिले कानपुर नगर, अलीगढ़, गोरखपुर, आगरा और मथुरा हैं। गृह विभाग ने बुधवार को तैनाती करने की संस्तुति प्रदान कर दी है।

मथुरा में पुलिस पार्टी पर हमले के चार आरोपी गिरफ्तार

मथुरा, एजेंसी : झगड़े की सूचना पर मथुरा जिले के हाईवे थाना क्षेत्र. के अन्तर्गत बालाजीपुरम चौराहे पर पहुंची पुलिस से दबंगों ने जम कर अभद्रता एवं मारपीट कर दी। मंगलवार की देर शाम की घटना में दरोगा का कालर पकड़ा गया और उसे तभी छोड़ा गया जब पुलिस पर हमले की सूचना पर अतिरिक्त पुलिस बल मौके पर पहुंच गया। एसपी सिटी डा. अरविन्द कुमार ने बताया कि चार अभियुक्तों को गिरफ्तार किया गया है जब कि उनके अन्य साथियों की तलाश जारी है। एसपी सिटी के अनुसार मंगलवार की देर शाम उक्त स्थल पर झगड़े की सूचना पर पुलिस मौके पर गई थी। मामला निपटाने के दौरान पुलिस की कुछ लोगों से कहा सुनी हो गई तथा एक दबंग ने दरोगा का गिरेबान पकड़ लिया और पिटाई भी की।

अजीम प्रेमजी के खिलाफ निचली अदालत का तलबी आदेश निरस्त

विधि संवाददाता, लखनऊ

- प्रेमजी का कार्य गीता के कर्म योग के सिद्धांत के अनुरूप: न्यायमूर्ति

अमृत विचार : हाईकोर्ट की लखनऊ बेंच ने मशहूर उद्योगपति व विप्रो के चेयरमैन/एमडी अजीम प्रेमजी के खिलाफ श्रम प्रवर्तन अधिकारी, लखनऊ द्वारा स्थानीय अदालत में दाखिल परिवाद की पूरी प्रक्रिया को खारिज कर दिया है, साथ ही निचली अदालत द्वारा अजीम प्रेमजी को तलब किए जाने सम्बंधी आदेश को भी निरस्त कर दिया है।

इसी के साथ न्यायालय ने अपने निर्णय में अजीम प्रेमजी के लोकहित के कार्यों की प्रशंसा करते हुए कहा है कि उनका कार्य श्रीमद्भागवद गीता के कर्म योग के सिद्धांत के अनुरूप है, जिसका आशय है निःस्वार्थ भाव से कार्य करते हुए, आध्यात्मिकता को प्राप्त करना। यह निर्णय न्यायमूर्ति शमीम अहमद की एकल पीठ ने अजीम प्रेमजी की याचिका पर पारित किया है। याची की ओर से दलील दी गई कि श्रम प्रवर्तन अधिकारी ने श्रम कानूनों के उल्लंघन के आरोप में प्रेमजी व अन्य के खिलाफ मुख्य मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट, लखनऊ की अदालत में परिवाद दाखिल किया जिस पर अदालत ने प्रेमजी के खिलाफ तलबी आदेश पारित किया और बाद में 13 मई 2017 को वारंट भी जारी कर दिया था। दलील दी गई कि प्रेमजी की कम्पनी विप्रो ने एक सर्विस प्रोवाइडर कम्पनी मेसर्स जीफॉरएस सिक्योर सल्युशंस इंडिया प्राइवेट कम्पनी से मैन पावर सप्लाई करने का करार किया था।

बरेली व मुरादाबाद सहित 25 जिलों के 137 गांवों की होगी चकबंदी

संवाददाता, लखनऊ

अमृत विचार : शासन ने 25 जिलों के 137 गांवों की प्रथम चरण एवं द्वितीय चरण की चकबंदी कराने की अनुमति दे दी है। यह अनुमति उप्र. जोत चकबंदी अधिनियम-1953 की धारा 4 के अंतर्गत प्रदान की गई है। इसमें कई जिलों में एक-दो तो कई में आठ से दस ग्राम शामिल हैं। इनमें बरेली, मुरादाबाद, कानपुर देहात, सुल्तानपुर, बस्ती जैसे जिलों के अधिक ग्राम शामिल हैं।

बरेली व मुरादाबाद के ये गांव शामिल : बरेली की मीरगंज तहसील क्षेत्र के करौरा भगवंतपुर, ठिरिया बुजुर्ग, बफरी अब्दुल नवीबुर, अंबरपुर, जैतपुरा, बिहारीपुर, गोरालोकनाथपुर मुस्तकिल, गोरालोकनाथपुर एहतमाली तथा बहेड़ी तहसील के गांव पनवरिया एवं फरीदपुर तहसील के गांव गोविंदपुर शामिल हैं। उधर, मुरादाबाद की बिलारी तहसील के गांव अलीरजापुर माफी, राधौपुर विरान, जैतिया फिरोजपुर शामिल हैं। मुरादाबाद तहसील के गांव रफातपुर को शामिल किया गया है, जबकि ठाकुरद्वारा तहसील के गांव टांडा अफजल ऐहतमाली, पीपलसाना एहतमाली और कोहनकू गांव को भी शामिल किया गया है। बिजनौर की नगीना तहसील के गांव मुर्तजाबाद, शंकरपुर व धामपुर तहसील के ताजगंज और शाहजहांपुर को शामिल किया गया है।

मथुरा पुलिस ने पकड़ा हथियारों का सौदागर

मथुरा, एजेंसी : जिले की राया थाने की पुलिस एवं स्वाट टीम ने एक हथियार तस्कर को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से हथियार एवं गोली बारुद बरामद किया गया। तस्कर सुनील कुमार (25) को बुधवार को मथुरा अलीगढ़ मार्ग पर ग्राम अयेरा के पास से उस समय गिरफ्तार किया गया जब वह हथियारों को ठिकाने लगाने जा रहा था।

पैरोल जंप कर फरार अपराधी मुंबई से गिरफ्तार

लखनऊ, अमृत विचार : एसटीएफ ने 50 हजार के इनामी अभियुक्त को मुंबई से गिरफ्तार किया है। अभियुक्त पर गाजियाबाद के दो थानों में सात मुकदमे दर्ज हैं। कोरोना के दौरान अदालत से दो महीने का पैरोल मिलने के बाद अभियुक्त फरार हो गया था। एसटीएफ ने अभियुक्त को तीन दिन के ट्रांजिट रिमांड पर गाजियाबाद ला रही है। एसटीएफ के एएसपी राजकुमार मिश्रा ने बताया कि शब्बीर पुत्र हसमुद्दीन किशनगंज बिहार का निवासी है। जरी का काम सीखने के लिए दिल्ली आया था। इसी बीच इसकी मुलाकात दिल्ली में रह रहे कुछ आपराधिक तत्वों से हुई, जिसके बाद शब्बीर गाजियाबाद में चोरी और लूट जैसी घटनाओं को अंजाम देने लगा। गाजियाबाद कोतवाली और विजयनगर थाने में शब्बीर के खिलाफ सात मुकदमे दर्ज हैं।

वर्ग पहेली-85

बाएं से दाएं

1. किसी को छीनने की क्रिया में प्रवृत्त करना, छीनने का काम दूसरे से कराना।
3. 1. छाला, झलका 2. जलने आदि से शरीर पर होने वाला उभार
5. 1. परिचारक, परिचारी, सेवक 2. भ्रमण करने वाला, टहलुआ 3. देवमंदिर का प्रबंधक 4. रोगी की सेवा करने वाला व्यक्ति।
8. (साहित्य) नायक या नायिका की विरहावस्था के दुख का वर्णन।

ऊपर से नीचे

2. किसी बड़े बरतन से तेल आदि निकालने का डंडीदार पात्र, बड़ी पली।
3. 1. नीचे-ऊपर या इधर-उधर इस प्रकार हिलना कि 'फड़-फड़' की ध्वनि हो 2. शरीर के किसी हिस्से का रुक-रुक कर या अचानक चलायमान होना
4. साढ़े चार गुना करते हुए पढ़ा जाने वाला पहाड़ा।
6. सेवा से अवकाश प्राप्त।
7. 1. अच्छी तरह दहन, अच्छी तरह जलना या जलाना 2. जलन, दाह 3. ईर्ष्या, डाह 4. आहत करना 5. निंदा करना 6. श्मशान।



वर्ग पहेली -84 का हल

	1 आ		2 कू			3 मे
4 फ़े	लो	शि	प			ह
	ड़		मं		5 चु	र
	न		डू			बा
		6 ने	क	च	7 ल	न
8 पौ			ता		ति	
9 आ	रा	म		10 म	का	म

सुडोकू-164

सुडोकू एक तरह का तर्क वाला खेल है, जो एक वर्ग पहेली की तरह होता है। जब आप इस खेल को खेलना सीख जाते हैं तो यह बहुत ही सरलता से खेला जा सकता है। सुडोकू खेल में बॉक्स में 1 नंबर से 9 नंबर तक आने वाले अंक दिए हैं। इसमें कुछ बॉक्स खाली हैं, जिन्हें आपको भरना है। कोई भी अंक दोबारा नहीं आना चाहिए। एक सीधी लाइन और एक खड़ी लाइन तथा बॉक्स में नंबर रिपीट नहीं होना चाहिए।

					1		3	
		4						
				7				
								1
2								
					2			
			7					
							6	
	5							

सुडोकू-163 का हल

9	7	1	2	3	4	8	5	6
6	3	5	1	9	8	2	4	7
2	8	4	6	5	7	9	3	1
1	2	3	4	6	9	5	7	8
4	9	7	5	8	1	6	2	3
8	5	6	3	7	2	1	9	4
7	1	2	9	4	6	3	8	5
5	6	8	7	2	3	4	1	9
3	4	9	8	1	5	7	6	2

आज का भविष्यफल

-पं.डॉ. ज्ञानेन्द्र शर्मा

आज की ग्रह स्थिति : 30 मई गुरुवार 2024 संवत-2081, शक संवत 1946 मास-ज्येष्ठ, पक्ष-कृष्ण पक्ष, तिथि-सप्तमी 11.43 तक तत्पश्चात अष्टमी।

आज का पंचांग



दिशाशूल-दक्षिण। ऋतु-ग्रीष्म। चन्द्रबल-मेष, वृषभ, सिंह, कन्या, धनु, कुम्भ। ताराबल-भरणी, रोहिणी, मृगशिरा, आर्द्रा, पुनर्वसु, आश्लेषा, पूर्वा फाल्गुनी, हस्त, चित्रा, स्वाति, विशाखा, ज्येष्ठा, पूर्वाषाढ़ा, श्रवण, धनिष्ठा, शतभिषा, पूर्वाभाद्रपद, रेवती। नक्षत्र-धनिष्ठा 07.31 तक तत्पश्चात शतभिषा।

मेष — आज आपके लिए समय अनुकूलता भरा रहेगा। विदेश यात्रा की इच्छा रख रहे लोगों की आकान्क्षा पूरी हो सकती है। वैवाहिक जीवन के लिए आपको काफी समय निकालना होगा। ऐश्वर्य के संसाधनों पर धन खर्च कर सकते हैं। अपने सिद्धान्तों के साथ समझौता न करें।

वृष — आज व्यवसाय में आप काफी अच्छा प्रदर्शन करेंगे। आपकी आय में अचानक वृद्धि होने के योग बन रहे हैं। प्रेम संबंधों को लेकर ज्यादा भावुक होना उचित नहीं है। मित्रों के साथ अच्छा समय बिता सकते हैं। अपनी आत्मप्रशन्सा करने से आपको बचना चाहिए।

मिथुन — आज कार्यक्षेत्र में कई नकारात्मक लोगों को झेलना पड़ सकता है। वैवाहिक जीवन से जुड़े मामलों में बाहर वाले लोगों की राय न लें। प्रतिष्ठित लोगों को अपने मान-सम्मान के खोने का भय रहेगा। दिनचर्या का क्रम बिगड़ सकता है।

कर्क — आज आप कुछ तनाव में हो सकते हैं। बड़े अधिकारियों के साथ अपने संबंध अच्छे रखें। विवादों से आपको पूरी तरह दूरी बनाकर रखना होगा। यदि किसी रोग से पीड़ित हैं तो दवाइयों का विशेष ध्यान रखें। बजट से अधिक धन खर्च करना हानिकारक हो सकता है।

सिंह — आज सामाजिक कार्यक्रमों में आप काफी व्यस्त हो सकते हैं। ससुराल पक्ष के लोगों से मिलना हो सकता है। किसी के भी बारे में नकारात्मक राय न रखें। इससे आपके विषय में भी लोग गलत राय बना सकते हैं। जीवनसाथी की भावनाओं का सम्मान करें।

कन्या — आज आप कई सारे कार्यों में एक साथ उलझ सकते हैं। अपनी सीमा से ज्यादा काम न करें। व्यवसाय को लेकर लुभावने अवसर मिलने के योग बन रहे हैं। कानूनी मामलों में लापरवाही महंगी पड़ सकती है। जीवनसाथी के प्रति प्रेम भाव बढ़ेगा।

तुला — आज आप अपने विरोधियों के ऊपर काफी नाराज रहेंगे। विद्यार्थी पढ़ाई को लेकर लापरवाह हो सकते है। भावुक होकर कोई भी निर्णय न लें। कला से जुड़े लोगों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ेगा। लोग आपकी भावनाओं का शायद मान न रखें।

वृश्चिक — आज आप भविष्य को लेकर काफी चिन्तित हो सकते हैं, लेकिन इसके बावजूद आप पीछे नहीं हटेंगे। आप अपनी परिस्थितियों को लेकर उदास हो सकते हैं। लोग आपकी बातों का गलत मतलब निकालने का प्रयास करेंगे।

धनु — आज आपकी बातों से लोग काफी प्रभावित रहेंगे, लेकिन इसका आपको गलत लाभ नहीं उठाना चाहिए। भाई-बहनों को लेकर आप काफी परेशान हो सकते हैं। राजनीति से जुड़े लोगों से आपकी मित्रता होगी। किसी वेबसीरीज या सिनेमा का आनन्द उठा सकते हैं।

मकर — आज आप धन को लेकर कुछ परेशान हो सकते हैं। उत्तम भोजन का आनन्द लेंगे। इन्टरव्यू आदि में जा रहे हैं तो आपको झूठ बोलने से बचना चाहिए। शरीर में दर्द की शिकायत हो सकती है। यदि संभव हो तो आज कोई महत्वपूर्ण निर्णय न लें।

कुंभ — आज लोग आपकी बातों से काफी प्रभावित रहेंगे। किन्तु किसी से अनावश्यक चर्चा में समय बर्बाद न करें। आपके गुप्त शत्रु आज सक्रिय हो सकते हैं। ऐसे में कार्यक्षेत्र में आपको अपनी गुप्त बातें लोगों से शेयर नहीं करनी चाहिये। नशे की सामग्रियों का उपभोग न करें।

मीन — आज आप किसी बात को लेकर निराश हो सकते हैं। शेयर मार्केट में सम्भलकर निवश करें। आपका धन आज फंस सकता है। वैवाहिक जीवन में कुछ अशान्ति रहेगी। फिलहाल यथास्थिति में बदलाव करने का विशेष प्रयास न करें।

आज की फिल्में

B4U MOVIES
रेस 3
सुबह : 11.50
खलनायक
रात : 09.54
दंबग 2
सुबह : 11.02
नोटबुक
रात : 08.00

SONY PIX
द मास्क
दोपहर : 12.42
जस्टिस लीग
शाम : 06.54

&pictures

ZEE CINEMA
घायल
सुबह : 07.20
मिस्टर एंड मिसेज खिलाड़ी
शाम : 06.00

colors CINEPLEX
फिर हेरा फेरी
सुबह : 08.06
दिवाने हुए पागल
शाम : 05.58

आज की सुपरहिट फिल्म

एंड पिक्चर्स पर रात : 08.00 बजे

जोक्स ऑफ द डे

लड़की (टीटी)-अमृतसर जाने वाली गाड़ी कब आएंगी?
टीटी-6 बजे
लड़की-और लोकल?
टीटी-09 बजे
लड़की तो फिर मालगाड़ी
टीटी-अरे, क्यों परेशान कर रह हो,
लड़की-बताओ ना, प्लीज
टीटी-बाबा 1 बजे आएगी।
पर आपको कहां जाना है?
लड़की-कही नहीं सर जी,
बस पटरी पर लेट कर एक सेल्फी लेनी थी।
टीटी बेहोश...।

मैंथा बाजार भाव

रामपुर-शिवालिक 970 फ्लैग 1085 डीएमओ 855 बोल्ड 1145, **सम्भल-चन्दौसी**-शिवालिक 970 फ्लैग 1085 बोल्ड 1135 डीएमओ 850।

मुरादाबाद मंडी

दालों का भाव-दाल चना : 75 से 78 रुपये मसूर : 60 से 68 रुपये मलका : 62 से 68 रुपये अरहर : 140 से 150 रुपये उड़द : 100 से 110 रुपये धोआ उड़द : 110 से 130 रुपये मूंग धोआ : 104 - 106 रुपये मूंग छिलका : 95 से105 रुपये मूंग साबुत : 90से105 चना देसी : 60से 70 चना कावली : 90 से 130 राजमा लाल : 130 से 140 राजमा चित्ता : 125 से 130 लोबिया लाल : 90 से 110 लोबिया सफेद : 80 से 100 रुपये।

एक नजर

वित्तीय सेवाओं को अपनाने में पूर्वोत्तर राज्य आगे

नई दिल्ली। पूर्वोत्तर राज्य और जम्मू-कश्मीर आधार से जुड़ी वित्तीय सेवाओं को तेजी से अपना रहे हैं। एक रिपोर्ट में यह दावा किया गया है। वित्तीय-प्रौद्योगिकी कंपनी पेनियरबाय की रिपोर्ट कहती है कि आधार-सक्षम भुगतान प्रणाली (एईपीएस) के लेनदेन मूल्य में 1,000 प्रतिशत की उच्च वृद्धि और लेनदेन की संख्या में 712 प्रतिशत की वृद्धि के साथ मेघालय शीर्ष पर है। उसके बाद नगालैंड एवं असम का स्थान आता है।

एचएसबीसी पर लगा 36.38 लाख का जुर्माना

मुंबई। आरबीआई ने बुधवार को विदेशी मुद्रा प्रबंधन अधिनियम (फेमा) के उल्लंघन के लिए विदेशी ऋणदाता एचएसबीसी पर 36.38 लाख रुपये का जुर्माना लगाया है। आरबीआई ने कहा एचएसबीसी ने धनप्रेषण योजना के तहत जरूरी सूचनाएं देने के प्रावधान का पालन नहीं किया है।

एसएंडपी ने भारत की रेटिंग को सुधारा

स्थिर से बढ़ाकर किया सकारात्मक और दो साल में सुधार की जताई है उम्मीद

नई दिल्ली, एजेंसी

एसएंडपी ग्लोबल रेटिंग ने भारत के साख (रेटिंग) परिदृश्य को स्थिर से बढ़ाकर सकारात्मक कर दिया है। मजबूत वृद्धि, पिछले पांच वर्षों में सार्वजनिक व्यय की बेहतर गुणवत्ता तथा सुधारों और राजकोषीय नीतियों में व्यापक निरंतरता की उम्मीद के बीच 10 साल के अंतराल के बाद भारत के रेटिंग परिदृश्य में यह बदलाव संभव हुआ है। एसएंडपी ने हालांकि, भारत की सॉवरेन रेटिंग को निम्नतम निवेश ग्रेड 'बीबीबी-' पर बरकरार रखा है। 'बीबीबी-' सबसे निचली निवेश श्रेणी रेटिंग है। एजेंसी ने पिछली बार 2014 में रेटिंग परिदृश्य को नकारात्मक से बढ़ाकर स्थिर किया था।

अमेरिका की एजेंसी ने बुधवार को बयान में कहा कि यदि भारत सतर्क राजकोषीय और मौद्रिक नीति अपनाता है जिससे सरकार के बढ़े हुए कर्ज तथा ब्याज के बोझ में कमी आती है और आर्थिक मोर्चे पर जुझारूपन बढ़ता है तो वह अगले 24 महीने में भारत की साख को बढ़ा सकती है। एसएंडपी की रेटिंग भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) द्वारा सरकार को 2.10 लाख करोड़ रुपये का रिकॉर्ड लाभांश हस्तांतरित करने के एक सप्ताह के भीतर आई है। इस राशि का इस्तेमाल केंद्र के राजकोषीय घाटे को कम करने के लिए किया जा सकता है। एसएंडपी ने कहा-बढ़ती गुणवत्ता के दम पर भारत का परिदृश्य संशोधित कर सकारात्मक किया गया। साथ ही 'बीबीबी-' दीर्घकालिक की पुष्टि की जाती है।

रेटिंग परिदृश्य में संशोधन ठोस वृद्धि का सूचक

वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने बुधवार को कहा कि रेटिंग एजेंसी एसएंडपी का भारत के रेटिंग परिदृश्य में सकारात्मक संशोधन करना आने वाले वर्षों के लिए मजबूत वृद्धि और आशाजनक दृष्टिकोण को दर्शाता है। सीतारमण ने सोशल मीडिया मंच एक्स पर पोस्ट में कहा कि भारत नरेन्द्र मोदी सरकार के तीसरे कार्यकाल में तीसरी बड़ी अर्थव्यवस्था बनने और वर्ष 2047 तक विकसित राष्ट्र बनने की राह पर अग्रसर है। एसएंडपी ग्लोबल रेटिंग्स ने भारत के आर्थिक परिदृश्य को स्थिर से बढ़ाकर सकारात्मक कर दिया। यह पहली बार है जब एसएंडपी ने भारत की रेटिंग को लेकर सकारात्मक परिदृश्य दिया है। हालांकि, रेटिंग एजेंसी ने भारत की रेटिंग को बीबीबी- के सबसे निचले निवेश स्तर पर बरकरार रखा है। सीतारमण ने इस बारे में कहा-एसएंडपी ग्लोबल रेटिंग्स का भारत के लिए अपने दृष्टिकोण को स्थिर से सकारात्मक में संशोधित करना एक स्वागत-योग्य घटनाक्रम है। यह भारत के ठोस वृद्धि प्रदर्शन और आने वाले वर्षों के लिए एक आशाजनक आर्थिक दृष्टिकोण को दर्शाता है।

बाजार में भारी गिरावट, सेंसेक्स 668 अंक लुढ़का

मुंबई, एजेंसी

- निवेशकों की मुनाफावसूली से निफ्टी भी 183 अंक गिरा

स्थानीय शेयर बाजारों में बुधवार को लगातार चौथे दिन भारी गिरावट आई और बीएसई सेंसेक्स 667 अंक से अधिक लुढ़क गया। लोकसभा चुनाव के नतीजे आने से पहले सतर्क निवेशकों की मुनाफावसूली से बाजार नीचे आया। तीस शेयरों पर आधारित बीएसई सेंसेक्स 667.55 अंक यानी 0.89 प्रतिशत की गिरावट के साथ 75,000 अंक के नीचे 74,502.90 अंक पर बंद हुआ। यह कारोबार के दौरान 715.9 अंक टूटकर 74,454.55 अंक के निचले स्तर तक आ गया था। बीएसई सेंसेक्स 27 मई को अपने अबतक के उच्चतम स्तर 76,009.68 अंक तक गया था। नेशनल स्टॉक एक्सचेंज निफ्टी भी 183.45 अंक यानी 0.80 प्रतिशत की गिरावट के साथ 22,704.70 अंक पर बंद हुआ। निफ्टी सोमवार को अपने अब तक के उच्चतम स्तर 23,110.80 अंक पर बंद हुआ था।

सेंसेक्स के शेयरों में टेक महिंद्रा, आईसीआईसीआई बैंक, बजाज फिनसर्व, एचडीएफसी बैंक, अल्ट्राटेक सीमेंट, एक्सिस बैंक, रिलायंस इंडस्ट्रीज और इन्फोसिस प्रमुख रूप से नुकसान में रहे। दूसरी तरफ पावर ग्रिड, सन फार्मा, नेस्ले, आईटीसी और भारती एयरटेल के शेयर चढ़ गए।

जियोजीत फाइनेंशियल सर्विसेज के शोध प्रमुख विनोद नायर ने कहा-वैश्विक स्तर पर कमजोर रुख को देखते हुए निवेशकों ने अमेरिका में कोर पीसीई (व्यक्तिगत उपभोग व्यय) आंकड़े जारी होने से पहले मुनाफावसूली की। यह आंकड़ा मुद्रास्फीति के बारे में संकेत देता है। मुद्रास्फीति में वृद्धि की संभावना है।

निवेशकों की संपत्ति 5.12 लाख करोड़ घटी

नई दिल्ली। शेयर बाजार में लगातार चार कारोबारी सत्रों की गिरावट से निवेशकों की पूंजी 5.12 लाख करोड़ रुपये घट गई है। लोकसभा चुनाव के नतीजों से पहले निवेशकों की सतर्कता के बीच शेयर बाजार में इससे पहले रिकॉर्ड बढ़त दर्ज हो रही थी। बैंक शेयरों में बिकवाली और कमजोर वैश्विक रुझानों के बीच सूचकांक में गिरावट आई है। बीएसई सेंसेक्स 24 मई से चार कारोबारी सत्रों में 915.14 अंक गिर चुका है। हालांकि 27 मई को सेंसेक्स 76,009.68 अंक के रिकॉर्ड स्तर पर बंद हुआ था।

सर्राफा

कानपुर	
चॉदी 999 (प्रति किलो)	97,300
चांदी सिक्का (प्रति सैकड़ा)	95,000
चांदी सिक्का (सैकड़ा) बिकवाल	100000
सोना बिस्कुट (दस ग्राम)	74,450
गिन्नी (प्रति नग)	55,500-55,700
लखनऊ	
सोना स्टैंडड (प्रति 10 ग्राम)	72,850
सोना रवा (प्रति 10 ग्राम)	72,700
गिन्नी (प्रति 10 नग)	42, 500
चांदी (999)	92,000
चांदी तैयार	92,100
चांदी का सिक्का (प्रति सैकड़ा)	80, 000
बरेली	
सोना जेवरात पक्के	73,000
सोना जेवरात गिन्नी	72,000
चांदी पक्की	908 (अनुमानित)
मुरादाबाद	
सोना 24 कैरेट	73,325
चांदी आभूषण	92,300।

पेटीएम-अडाणी समूह ने हिस्सेदारी बिक्री संबंधी बातचीत से किया इनकार

नई दिल्ली। वन97 कम्युनिकेशंस लिमिटेड ने बुधवार को कहा कि वह अडाणी समूह को हिस्सेदारी बेचने के लिए कोई बातचीत नहीं कर रही है। अडाणी समूह ने भी ऐसी खबरों को गलत और असत्य करार दिया है। वन97 कम्युनिकेशंस लिमिटेड के पास पेटीएम का स्वामित्व है। उद्योगपति गौतम अडाणी के पेटीएम में संभावित हिस्सेदारी खरीदने के लिए मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) विजय शेखर शर्मा के साथ बातचीत करने संबंधी खबरों पर वन97 कम्युनिकेशंस ने कहा-यह केवल अटकलें हैं। कंपनी इस संबंध में कोई बातचीत नहीं कर रही है।

एडीबी ने विकास के लिए 2023 में भारत को दिए 2.6 अरब डॉलर के ऋण

नई दिल्ली एजेंसी

एशियाई विकास बैंक (एडीबी) ने 2023 में भारत को 2.6 अरब डॉलर का ऋण दिया जिसका उद्देश्य शहरी विकास को मजबूत करना, औद्योगिक गलियारे के विकास का समर्थन करना, बिजली क्षेत्र के सुधारों को बढ़ावा देना, भारत की जलवायु लचीलापन बनाना, बागवानी का समर्थन करना और कनेक्टिविटी को बढ़ाना है।

एडीबी ने सॉवरेन पोर्टफोलियो के तहत 2.353 करोड़ डॉलर की तकनीकी सहायता और 41 लाख डॉलर का अनुदान भी दिया। इसके अलावा, उसने वर्ष के दौरान निजी क्षेत्र की परियोजनाओं के लिए एक अरब डॉलर से अधिक की प्रतिबद्धता जताई।

एडीबी के भारत के कंट्री निदेशक मियो ओका ने कहा-वर्ष 2023 में एडीबी के पोर्टफोलियो ने सरकार के प्राथमिकता वाले एजेंडे का समर्थन किया। हम उन परियोजनाओं और कार्यक्रमों पर ध्यान केंद्रित करना जारी रखेंगे जो भारत के संरचनात्मक परिवर्तन को गति देते हैं, रोजगार पैदा करते हैं, बुनियादी ढांचे की कमियों को दूर करते हैं, हरित विकास को बढ़ावा देते हैं।

स्पाइसजेट के खिलाफ एनसीएलटी में दिवाला याचिका दाखिल

नई दिल्ली। विमानों का इंजन मुहैया कराने वाली कंपनी इंजन लीज फाइनेंस (ईएलएफ) ने करीब 100 करोड़ रुपये की देनदारी के मामले में कर्ज संकट में फंसी एयरलाइन स्पाइसजेट के खिलाफ दिवाला अर्जी दाखिल की है। ईएलएफ ने स्पाइसजेट को आठ विमान इंजन पट्टे पर दिए हुए हैं। उसने दावा किया है कि स्पाइसजेट पर किराये एवं ब्याज समेत करीब 1.6 करोड़ डॉलर की देनदारी बनती है। राष्ट्रीय कंपनी विधि न्यायाधिकरण (एनसीएलटी) की दिल्ली पीठ ने बुधवार को इस याचिका पर संक्षिप्त सुनवाई की।

डिजाइन, प्रोग्रामिंग प्रवेश स्तर की नौकरियों के लिए शीर्ष कौशल

नई दिल्ली, एजेंसी

नए स्नातकों के लिए डिजाइन, एनालिटिक्स और प्रोग्रामिंग जैसे कौशल करियर में ढेरों अवसर खोल सकते हैं। अग्रणी पेशवर नेटवर्क लिंक्डइन के अनुसार, सॉफ्टवेयर इंजीनियर, सिस्टम इंजीनियर और प्रोग्रामिंग विश्लेषक में स्नातक डिग्री धारकों के लिए रोजगार के प्रमुख अवसर हैं।

लिंक्डइन की करियर स्टार्टर 2024 रिपोर्ट के अनुसार, स्नातक डिग्री वाले युवा पेशेवरों के लिए यूटिलिटी सबसे तेजी से बढ़ने वाला उद्योग है। नए स्नातकों को नियुक्त करने वाले अन्य शीर्ष उद्योगों में तेल, गैस व खनन, रियल एस्टेट, उपकरण किराया सेवाएं और उपभोक्ता सेवाएं शामिल हैं। रिपोर्ट में कहा गया, शैक्षिक पृष्ठभूमि से परे विभिन्न नौकरियां तेजी से बढ़ रही हैं। सामुदायिक व सामाजिक सेवा, कानूनी, विपणन और मीडिया व संचार जैसे क्षेत्रों में स्नातक डिग्री धारकों के लिए पर्याप्त अवसर उपलब्ध हैं। लिंक्डइन करियर विशेषज्ञ एवं भारत की वरिष्ठ प्रबंध संपादक निराजिता बनर्जी ने कहा-नौकरी बाजार में प्रवेश करना कठिन हो सकता है...खासकर करियर की शुरुआत में।

राष्ट्रीय

एक नजर

आदेश के खिलाफ याचिका पर जामिया विवि से जवाब-तलब

नई दिल्ली। दिल्ली उच्च न्यायालय ने बुधवार को जामिया मिल्लिया इस्लामिया (जेएमआई) के प्रोफेसर इकबाल हुसैन की याचिका पर विश्वविद्यालय से बुधवार को जवाब तलब किया। हुसैन ने अपनी याचिका में एकल न्यायाधीश के उस आदेश को चुनौती दी है, जिसके जरिये विश्वविद्यालय के प्रतिकुलपति और इसके बाद कार्यवाहक कुलपति के तौर पर उनकी नियुक्ति रद्द कर दी गयी थी। न्यायमूर्ति विभु बाखरू की अध्यक्षता वाली पीठ ने एकल न्यायाधीश के फैसले के खिलाफ हुसैन की अपील पर जेएमआई को नोटिस जारी किया और मामले की अगली सुनवाई की तिथि 12 अगस्त तय की।

फैक्ट्री में लगी आग, दो महिलाओं की मौत

रायपुर। छत्तीसगढ़ की राजधानी रायपुर स्थित गोदवारा के फोम फैक्ट्री में बुधवार को भीषण आग लग गई। इस घटना में दो महिलाओं की जिन्दा जलकर मौत हो गई। घटना के बाद मौके पर पहुंची फायर ब्रिगेड की टीम आग पर काबू पाने की कोशिश में लगी हुई है। आग इतना भयानक है कि दूर दूर तक केवल धुंएं का गुबार नजर आ रहा है। मौके पर पहुंचे अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक ने बताया कि ये जो फैक्ट्री है वो थाना खमतराई के बसंत नगर में स्थित है। उन्होंने बताया कि यहां सात कर्मचारी काम कर रहे थे। तभी अचानक फैक्ट्री में आग लगी और पांच कर्मचारियों ने यहां से भागकर अपनी जान बचाई है।

अमृतसर में हेरोइन के साथ दो ड्रोन बरामद

जालंधर। सीमा सुरक्षा बल (बीएसएफ) ने पंजाब के अमृतसर जिले के सीमावर्ती क्षेत्र में दो अलग-अलग स्थानों से एक किलो 90 ग्राम हेरोइन के साथ दो ड्रोन बरामद किये हैं। बीएसएफ के प्रवक्ता ने बुधवार को बताया कि सुबह के समय ड्यूटी पर तैनात बीएसएफ के सतर्क जवानों ने अमृतसर जिले के सीमावर्ती क्षेत्र में दो अलग-अलग स्थानों पर ड्रोन की आवाजाही को रोका। प्रोटोकॉल के अनुसार, बीएसएफ के जवानों ने ड्रोन की हरकतों पर तुरंत नज़र रखी और उन्हें बेअसर करने का प्रयास किया गया है।

पश्चिम बंगाल के सीमावर्ती इलाकों में घुसपैठ के कारण बदल रही है जनसांख्यिकी: मोदी

रैली में प्रधानमंत्री ने लगाया आरोप, टीएमसी सरकार जारी कर रही फर्जी जाति प्रमाण पत्र

काकद्वीप (पश्चिम बंगाल), एजेंसी

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पश्चिम बंगाल के मथुरापुर में लोकसभा चुनाव के लिए रैली के दौरान जनता का अभिवादन करते हुए। ● एजेंसी

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने बुधवार को आरोप लगाया कि पश्चिम बंगाल के सीमावर्ती इलाकों में घुसपैठ के कारण जनसांख्यिकी बदल रही है तथा अवैध तरीके से प्रवेश करने वाले लोग स्थानीय युवाओं के लिए उपलब्ध अवसरों को छीन रहे हैं।

मोदी ने यह भी दावा किया कि राज्य की तृणमूल कांग्रेस सरकार फर्जी जाति प्रमाण पत्र जारी कर मूल ओबीसी (अन्य पिछड़ा वर्ग) के अधिकार मुसलमानों को दे रही है। उन्होंने कहा-बंगाल के सीमावर्ती क्षेत्रों में जनसांख्यिकी को बदला जा रहा है। टीएमसी धार्मिक रूप से प्रताड़ित अल्पसंख्यकों को नागरिकता देने के खिलाफ है। वे सीएए का इतना विरोध क्यों कर रहे हैं? ये लोग (तृणमूल नेता) सीएए के बारे में झूठ क्यों बोल रहे हैं।

भाजपा सत्ता में आई तो संविधान खत्म कर देगी

चंडीगढ़। कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी ने बुधवार को आरोप लगाया कि अगर भारतीय जनता पार्टी सत्ता में वापस आई तो संविधान को खत्म कर देगी। कांग्रेस नेता ने पंजाब में मादक पदार्थों की समस्या का मुद्दा भी उठाया और कहा कि यह समस्या बढ़ती जा रही है। उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि इस खतरे को खत्म करने के लिए सख्त कार्रवाई की जरूरत है।

भाजपा नेता ने मुख्यमंत्री विजयन की बेटी के खिलाफ न्यायालय का किया रुख

कोच्चि। भाजपा नेता शोन जॉर्ज ने केरल उच्च न्यायालय में एक अर्जी दायर कर आरोप लगाया है कि मुख्यमंत्री पिनराई विजयन की बेटी की अब बंद हो चुकी कंपनी 'एक्सलॉजिक' ने अबू धाबी के एक खाते में भारी रकम जमा की और कनाडाई कंपनी एसएनसी लवलीन ने इसके माध्यम से धन को अमेरिका स्थानांतरित कर दिया। विजयन पर 1996 में केरल के ऊर्जा मंत्री रहने के दौरान कनाडाई कंपनी एसएनसी लवलीन को ठेका देने में हुए कथित भ्रष्टाचार में शामिल होने का आरोप है, जिससे सरकारी खजाने को कथित तौर पर नुकसान हुआ था। तिरुवनंतपुरम स्थित एक विशेष अदालत ने 2013 में विजयन और दो अन्य को इस मामले में बरी कर दिया था।

दिल्ली के उपराज्यपाल ने स्वास्थ्य मंत्री के ओएसडी को किया निलंबित

नई दिल्ली, एजेंसी

- चिकित्सा उपकरणों की खरीद में अनियमितताओं के चलते की गई कार्रवाई

दिल्ली के उपराज्यपाल वी के सक्सेना ने चिकित्सा उपकरणों की खरीद में कथित अनियमितताओं के सिलसिले में स्वास्थ्य मंत्री सौरभ भारद्वाज के विशेष कार्याधिकारी (ओएसडी) आर एन दास को बुधवार को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया। एक आधिकारिक आदेश में यह जानकारी दी गई।

दास को 2021 में कोविड-19 महामारी के दौरान 60 करोड़ रुपये मूल्य के व्यक्तिगत सुरक्षा उपकरण (पीपीई) किट, दस्ताने, मास्क और रैपिड एंटीजन टेस्ट (आरएटी) किट जैसे विभिन्न चिकित्सा उपकरणों की खरीद में कथित अनियमितताओं के संबंध में अप्रैल में सतर्कता निदेशालय द्वारा कारण बताओ नोटिस जारी किया गया था। सतर्कता निदेशालय ने बुधवार को एक आदेश में कहा- दिल्ली के माननीय उपराज्यपाल ने सीसीएस (सीसीए) नियम, 1965 के नियम-10 के उप-नियम (1) द्वारा प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र सरकार के स्वास्थ्य मंत्री के विशेष कार्याधिकारी (ओएसडी) को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया है। भारतीय जनता पार्टी ने दिल्ली के विवेक विहार इलाके में बच्चों के अस्पताल की पंजीकरण प्रक्रिया में भी दास की भूमिका होने का आरोप लगाया है। इस अस्पताल में शनिवार रात आग लगने की घटना में छह नवजात की मौत हो गई थी।

उच्च न्यायालय ने राजद्रोह के मामले में छात्र शरजील इमाम को दी जमानत

नई दिल्ली। दिल्ली उच्च न्यायालय ने छात्र कार्यकर्ता शरजील इमाम को राजद्रोह और गैरकानूनी गतिविधियों के आरोप संबंधी 2020 के सांप्रदायिक दंगों से जुड़े एक मामले में बुधवार को जमानत दी। इमाम ने सुनवाई अदालत के उस आदेश को चुनौती दी थी जिसमें उसे जमानत देने से इनकार किया गया जबकि दोषसिद्धि की स्थिति में उसे दी जाने वाली अधिकतम सजा की आधी से अधिक अवधि वह काट चुका है। न्यायमूर्ति सुरेश कुमार कैत और न्यायमूर्ति मनोज जैन की पीठ ने इमाम और दिल्ली पुलिस के वकील की दलीलें सुनने के बाद कहा-अपील स्वीकार की जाती है। अभियोजन के अनुसार इमाम ने 13 दिसंबर 2019 को जामिया मिल्लिया इस्लामिया में और 16 दिसंबर 2019 को अलीगढ़ मुस्लिम विश्वविद्यालय में देश के खिलाफ भाषण दिया था।

पालघर रेलवे स्टेशन पर पटरी से उतरी मालगाड़ी

मुंबई, एजेंसी

- घटना से कई ट्रेन रद और कई का बदला गया समय

महाराष्ट्र के पालघर रेलवे स्टेशन पर एक मालगाड़ी के पटरी से उतरने के कारण पश्चिमी रेलवे को कई ट्रेनों का परिचालन रद्द करने के साथ ही कई ट्रेनों का समय बदलना पड़ा। अधिकारियों ने बुधवार को यह जानकारी देते हुए बताया कि घटनास्थल पर मरम्मत का काम जारी है।

पश्चिमी रेलवे के अधिकारियों ने बताया कि बुधवार दोपहर तक 41 रेलगाड़ियां रद्द कर दी गईं, 28 आंशिक रूप से रद्द कर दी गईं, 12 के मार्ग में परिवर्तन किया गया और 22 रेलगाड़ियों के समय में परिवर्तन किया गया। दोपहर को जारी बुलेटिन में पश्चिमी रेलवे ने कहा कि दहानु रोड (पालघर जिले में) और मुंबई के बीच लोकल ट्रेन सेवाएं (आने-जाने के लिए) शाम तक फिर से शुरू हो जाएंगी। रेलवे के एक प्रवक्ता ने पहले बताया था कि मंगलवार शाम 5.08 बजे मुंबई से करीब 100 किलोमीटर दूर पालघर में मालगाड़ी के सात डिब्बे पटरी से उतर गए, जिससे गुजरात से मुंबई आने वाली रेलगाड़ियों का यातायात प्रभावित हुआ। अधिकारियों के मुताबिक दुर्घटना के 15 घंटे बाद भी रेल मार्ग बहाल करने का कार्य जारी है।

दिल्ली उच्च न्यायालय में लोगों के लिए मुफ्त वाई-फाई सुविधा शुरू

नई दिल्ली। दिल्ली उच्च न्यायालय ने अधिवक्ताओं, वादियों-प्रतिवादियों और आम लोगों के लिए अपने परिसर में मुफ्त वाई-फाई सुविधा बुधवार को शुरू की, ताकि उन्हें मुकदमे और अन्य डेटा की महत्वपूर्ण जानकारी जैसे कानूनी संसाधनों तक पहुंच आसान बनाने में मदद मिल सके। न्यायालय के अधिकारियों ने बताया कि इस सुविधा का शुरू होना न्यायिक बुनियादी ढांचे के आधुनिकीकरण की दिशा में एक बड़ा कदम है, जिससे इसका उपयोग करने वाले लोगों को एक नया अनुभव मिलेगा। इस पहल के पहले चरण के तहत ओटीपी-आधारित मुफ्त वाई-फाई सुविधा खंड-ए, खंड-बी, खंड-सी, विस्तारित खंड, मध्यस्थता केंद्र और अधिवक्ताओं के लिए जलपान स्थल में होगी।

पंजाब में अवैध खनन स्थलों पर ईडी का छापा, 3.5 करोड़ जब्त

चंडीगढ़, एजेंसी

ईडी की ओर से जब्त किए गए रुपये।

प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने मादक पदार्थ से जुड़े धन शोधन के मामले की जांच के सिलसिले में बुधवार को पंजाब के कई स्थानों पर छापेमारी की। आधिकारिक सूत्रों ने बताया कि इस मामले में जगदीश सिंह उर्फ भोला मुख्य आरोपी है। एजेंसी ने इस छापेमारी के दौरान साढ़े तीन करोड़ की नकदी जब्त की है।

सूत्रों के मुताबिक, रूपनगर जिले में कुल 13 परिसरों पर छापेमारी की गई। ईडी ने अपनी जांच में पाया था कि भोला मामले में एजेंसी द्वारा कुर्क की गई जमीन पर 'अवैध' खनन किया जा रहा था, जिसके बाद यह कार्रवाई की गई है। इस कथित अवैध खनन मामले के कुछ आरोपियों में 'नसीबचंद व श्रीराम क्रशर' और अन्य शामिल हैं। पंजाब में मादक पदार्थ से जुड़े धन शोधन का यह मामला करोड़ों रुपये के मादक पदार्थ गिरोह से जुड़ा है, जिसका पुलिस ने 2013-14 के दौरान पर्दाफाश किया था।

बदमाशों ने ट्रक में लगाई आग, एक व्यक्ति की जिंदा जलकर मौत

रांची। झारखंड के रांची में अज्ञात हथियारबंद लोगों ने एक ट्रक में आग लगा दी, जिसमें एक व्यक्ति की जिंदा जलकर मौत हो गई। पुलिस ने बुधवार को यह जानकारी दी। पुलिस ने बताया कि यह घटना यहां से करीब 65 किलोमीटर दूर मैक्लुस्कीगंज-चामा रोड पर मंगलवार को हुई। खलारी के डीएसपी राम नारायण चौधरी ने बताया कि शुरु में संदेह था कि इस घटना को माओवादियों ने अंजाम दिया है। उन्होंने कहा-अब ऐसा लग रहा है कि अपराध को स्थानीय गिरोह ने अंजाम दिया है। डीएसपी के मुताबिक, ड्राइवर से पैसे मांगने को लेकर विवाद हुआ था।

आप विधायक को जमानत देने से न्यायालय का इनकार

नई दिल्ली, एजेंसी

- बैंक धोखाधड़ी से जुड़े धनशोधन मामले में ईडी ने किया गिरफ्तार

उच्चतम न्यायालय ने पंजाब से आप विधायक जसवंत सिंह गज्जन माजरा को अंतरिम जमानत देने से बुधवार को इनकार कर दिया। माजरा को बैंक धोखाधड़ी से जुड़े धनशोधन मामले में जांच के सिलसिले में प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने गिरफ्तार किया था।

न्यायमूर्ति संजय करोल और न्यायमूर्ति अरविंद कुमार की अवकाशकालीन पीठ ने ईडी को नोटिस जारी किया और माजरा द्वारा मौजूदा लोकसभा चुनाव के वास्ते प्रचार करने के लिए अंतरिम जमानत के अनुरोध संबंधी याचिका पर जवाब मांगा। विधायक की ओर से पेश वकील ने चुनाव प्रचार के लिए चार जून तक अंतरिम जमानत दिये जाने का अनुरोध किया है। उच्चतम न्यायालय ने कहा कि वह सभी पक्षों की बात सुने बिना अमरगढ़ से 'आप' विधायक को राहत देने के लिए इच्छुक नहीं है। पंजाब में एक जून को अंतिम चरण में मतदान होगा। पंजाब एवं हरियाणा उच्च न्यायालय ने इससे पहले उनकी गिरफ्तारी को चुनौती देने संबंधी उनकी याचिका को यह कहते हुए खारिज कर दिया था कि इसमें कुछ भी अवैध नहीं है। केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) ने पिछले साल मई में 40 करोड़ रुपये की कथित बैंक धोखाधड़ी के सिलसिले में गज्जन माजरा से जुड़े परिसरों पर छापेमारी की थी। ईडी ने सितंबर, 2022 में कथित बैंक ऋण धोखाधड़ी से जुड़े धनशोधन मामले की जांच के तहत उनसे जुड़े कई परिसरों पर छापेमारी की थी।

गिरफ्तारी के खिलाफ केजरीवाल के करीबी बिभव कुमार की याचिका पर शुक्रवार को होगी सुनवाई

दिल्ली उच्च न्यायालय आप की राज्यसभा सदस्य स्वाति मालीवाल से मारपीट मामले में गिरफ्तारी के खिलाफ मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल के करीबी सहयोगी बिभव कुमार की एक याचिका पर शुक्रवार को सुनवाई करेगा। कार्यवाहक मुख्य न्यायाधीश मनमोहन और न्यायमूर्ति मनमीत पी एस अरोड़ा की पीठ के समक्ष याचिका को तत्काल सुनवाई के लिए प्रस्तुत किया गया जिसने इस पर 31 मई को सुनवाई करने पर सहमति व्यक्त की। कुमार ने अधिवक्ता रजत भारद्वाज के माध्यम से अपनी याचिका में गिरफ्तारी को अवैध घोषित करने का अनुरोध किया है। उन्होंने अपनी गिरफ्तारी को दंड प्रक्रिया संहिता की धारा 41ए के प्रावधानों का घोर उल्लंघन तथा कानून के विरुद्ध बताया है।

खेल डायरी

आईडब्ल्यूएल के दूसरे सत्र में खेलेंगी श्रीभूमि एफसी और नीता फुटबॉल अकादमी

नई दिल्ली। श्रीभूमि एफसी और नीता फुटबॉल अकादमी को इंडियन वुमैन्स लीग आईडब्ल्यूएल 2 में क्रमशः पहला और दूसरा स्थान हासिल करने के बाद आईडब्ल्यूएल में प्रोमोट कर दिया गया। श्रीभूमि ने गोवा के मापुसा में दुलेर स्टेडियम में पुधुवाई यूनिकॉर्न्स पर 2-0 की जीत से आईडब्ल्यूएल 2 खिताब अपने नाम किया। पांच टीम श्रीभूमि एफसी, नीता फुटबॉल अकादमी, गढ़वाल यूनाईटेड एफसी, पुधुवाई यूनिकॉर्न्स और एफसी टूएम अंतिम दिन लीग जीतने की दौड़ में बनी हुई थी, लेकिन लीग के अंतिम दौर में श्रीभूमि और नीता फुटबॉल अकादमी ने 10-10 अंक हासिल किए। बेहतर रिकॉर्ड की बदौलत श्रीभूमि को विजेता घोषित किया गया। नीता एफए ने अंतिम दिन एसएजी फुटबॉल अकादमी को हराया।

एआईएफएफ फुटसाल क्लब चैंपियनशिप 22 से

नई दिल्ली। अखिल भारतीय फुटबॉल महासंघ (एआईएफएफ) की फुटसाल क्लब चैंपियनशिप 2023-24 का आयोजन गुजरात में 22 जून से पांच जुलाई तक स्वर्णिम गुजरात खेल विश्वविद्यालय में किया जाएगा। टूर्नामेंट का ड्रॉ बुधवार को यहां फुटबॉल हाउस में हुआ। टूर्नामेंट में कुल मिलाकर 18 टीम हिस्सा लेंगी। संबंधित राज्य संघों ने 14 टीमों को नामित किया है जबकि पिछले सत्र में फुटसाल क्लब चैंपियनशिप के सेमीफाइनल में जगह बनाने वाले दिल्ली फुटबॉल क्लब, मोहम्मडन स्पोर्टिंग क्लब, मिनर्वा अकादमी एफसी और इलेक्ट्रिक वेंग फुटसाल क्लब को टूर्नामेंट में सीधे प्रवेश दिया गया है। टूर्नामेंट का आयोजन लीग सह नॉकआउट प्रारूप में किया जाएगा जहां सभी चार ग्रुप के विजेता सेमीफाइनल में जगह बनाएंगे।

नॉर्वे शतरंजः प्रगनानंद हारे, वैशाली को मिली जीत

स्टवान्गर (नॉर्वे)। नॉर्वे शतरंज के दूसरे दौर में भारतीय ग्रैंडमास्टर प्रगनानंद को मौजूदा विश्व चैंपियन डिंग लिरेन से शिकस्त का सामना करना पड़ा। स्पेयरबैंक 1 एसआर-बैंक में मैग्नस कार्लसन, अलीरेजा फिरोजा और डिंग लिरेन ने आर्मागेडन (सडन डेथ) खेलों में सफेद रंग के मोहरों से जीत हासिल की और प्रत्येक ने 1.5 अंक हासिल किए। विश्व चैंपियन डिंग लिरेन के खिलाफ 2-0 की बढ़त के साथ आगे बढ़ने वाले भारत के विलक्षण प्रगनानंद ने नॉर्वे शतरंज के मुख्य दौर में अपना पहला क्लासिकल पहला मैच ड्रॉ खेला। उधर, वैशाली ने कोनेरू को हराकर महिला टूर्नामेंट में बढ़त बना ली है। वैशाली आर ने नॉर्वे शतरंज महिला टूर्नामेंट में अपनी पहली क्लासिकल जीत दर्ज करने के लिए साथी भारतीय कोनेरू हम्पी को हराया।

अपने खेल और टीम का ऋणी रहूंगा : छेत्री

कोलकाता। अंतर्राष्ट्रीय फुटबॉल को अलविदा कहने की दहलीज पर खड़े भारत के करिश्माई कप्तान सुनील छेत्री ने कहा कि वह अपने साथी खिलाड़ियों और खेल के हमेशा ऋणी रहेंगे जिन्होंने हमेशा उनकी मदद करके इस मुकाम तक पहुंचाया। भारतीय टीम छह जून को कुवैत के खिलाफ 2026 फीफा विश्व कप क्वालीफायर खेलने यहां पहुंच गई है। छेत्री का यह आखिरी अंतर्राष्ट्रीय मैच होगा। छेत्री ने कहा ये आखिरी कुछ दिन है जो मेरे लिये दुविधा से भरे हैं। अब राष्ट्रीय टीम में मेरे कुछ ही दिन रह गए हैं। भारत के लिए 150 मैचों में 94 गोल करने वाले छेत्री ने कहा मैने अपने सत्र गिनने का फैसला किया है लेकिन कृतज्ञता के भाव से। मैं अपनी टीम और इस खेल के प्रति सदैव ऋणी रहूंगा। अगर भारत जीतता है तो पहली बार फीफा विश्व कप क्वालीफायर के तीसरे दौर में पहुंच जाएगा। साथ ही एएफसी एशियाई कप सउदी अरब 2027 के लिए स्वतः क्वालीफाई करने की दिशा में अगला कदम बढ़ाएगा।

एएसी की नियुक्ति पर रोक, समिति को सौंपी जिम्मेदारी

नई दिल्ली। दिल्ली उच्च न्यायालय की खंड पीठ ने बुधवार को भारतीय घुड़सवारी महासंघ (ईएफआई) के दैनिक मामलों की देखरेख के लिए तदर्थ प्रशासनिक समिति (एएसी) की नियुक्ति पर रोक लगाकर खेल संस्था का नियंत्रण 2019 को चुनी गयी कार्यकारी समिति को वापस दे दिया। दिल्ली उच्च न्यायालय ने राजस्थान घुड़सवारी संघ (आरईए) द्वारा दायर याचिका की सुनवाई करते हुए 24 मई को ईएफआई का रोजमर्रा का कामकाज देखने के लिए न्यायमूर्ति (सेवानिवृत्त) नज्मी वजीरी की अध्यक्षता वाले तदर्थ पैनल की नियुक्ति का आदेश दिया था। महासंघ ने एकल पीठ के इस आदेश के खिलाफ पेटेंट अपील दायर की थी और उसे मनमुताबिक फैसला भी मिला। भारत ने अभी तक ड्रेसज स्पर्धा में पेरिस ओलंपिक का एक कोटा हासिल किया है जो एशियाई खेलों के कांस्य पदक विजेता अनुष अगरवाला ने दिलाया था।

कोहली-रोहित के लिए खिताब का आखिरी मौका

2007 और 2011 विश्वकप विजेता टीम का हिस्सा रहे हैं दिग्गज, 13 साल बाद फिर जीतना चाहेंगे ट्रॉफी

बेंगलुरू, एजेंसी

ऐसे दो क्रिकेटर मिलना मुश्किल है जो एक-दूसरे से इतने अलग हों लेकिन फिर भी भाग्य के धागे से इतने करीब से जुड़े हों जैसे विराट कोहली और रोहित शर्मा। रोहित ने शीर्ष स्तर के क्रिकेट में शुरुआत 2007 में बेलफास्ट में की जबकि कोहली ने इससे एक साल बाद दांबुला में अपना पहला अंतर्राष्ट्रीय मैच खेला। एक साथ चले इस सफर का एक और दिलचस्प अध्याय संभवतः अगले महीने कैरेबियाई द्वीपों में समाप्त हो जाएगा।

अगला टी-20 विश्व कप 2026 में है जिसकी मेजबानी भारत और श्रीलंका संयुक्त रूप से करेंगे लेकिन तब रोहित 40 साल के होने वाले होगे और कोहली 38 वर्ष के होंगे। एकदिवसीय प्रारूप का विश्व कप इसके एक और साल बाद होगा। इन दोनों को इनमें से किसी में भी खेलते हुए देखना मुश्किल है। इसलिए रोहित और कोहली दोनों अगले महीने विजेता का पदक अपने गले में लटकाए मंच से विदा लेना चाहेंगे। अगर वे ऐसा कर पाते हैं तो यह 2007 टी-20 विश्व कप रोहित और 2011 में 50 ओवर के विश्व कप विराट का दूसरा विश्व खिताब होगा और यह उन दो खिलाड़ियों के लिए एक बेहतरीन विदाई होगी जिन्होंने पिछले 17 वर्षों में भारत के सीमित ओवरों के क्रिकेट में काफी प्रभाव डाला।

2026 में होगा अगला टी-20 विश्व कप तब रोहित 40 साल के होने वाले होगे और 38 वर्ष के होंगे कोहली

2007 बेलफास्ट में रोहित ने जबकि कोहली ने 2008 दांबुला में खेला था अपना पहला अंतर्राष्ट्रीय मैच

खास हैं रोहित और विराट की बल्लेबाजी के अंदाज

रोहित में बड़े शॉट खेलने की क्षमता है जिससे उन्हें मदद मिलेगी, लेकिन कोहली का खेल थोड़ा अलग है। वह कभी-कभार बड़ी हिट लगा सकते हैं लेकिन उन्हें अक्सर स्पिन के खिलाफ जूझना पड़ता है, विशेषकर बाएं हाथ के स्पिनरों के खिलाफ। टी-20 में धीमे गेंदबाजों के खिलाफ उनका करियर स्ट्राइक रेट 120 के आसपास रहता है। बीच के ओवरों में उनकी प्रगति में बाधा डाली लेकिन इस साल के आईपीएल के दौरान उन्हें इसका समाधान मिल गया। उन्होंने स्पिनरों के खिलाफ स्लॉग स्वीप का इस्तेमाल किया। इसका उनके स्ट्राइक रेट पर अच्छा असर पड़ा क्योंकि कोहली ने 188 गेंदों पर 260 रन बनाए और स्पिनरों के खिलाफ 15 छक्के लगाए। स्पिन के खिलाफ उनका स्ट्राइक रेट 139 तक पहुंच गया जो उनके आईपीएल के 124 के समग्र स्ट्राइक रेट से काफी बेहतर है। यह कोहली के लिए टी-20 विश्व कप में काम आ सकता है जहां पिचों के टूर्नामेंट आगे बढ़ने के साथ धीमा होने की उम्मीद है जिससे स्पिनरों की अहमियत बढ़ती है। क्रिकेट के दायरे से परे दोनों दिग्गजों का आईसीसी ट्रॉफी जीतने का अंतिम प्रयास करना व्यक्तिगत रूप से और टीम के लिए एक आकर्षक दृश्य होगा।

कोहली-रोहित की कहानी आपसी सम्मान और इस जागरूकता पर आधारित है कि उन्हें एक-दूसरे के काम मे दखल नहीं देनी। कोहली ने अपने करियर की शुरुआत से ही रोहित के लिए उनके मन में जो प्रशंसा है, उसके बारे में बात की है। विराट ने क्रिकेट की दुनिया में हर जगह रन बनाए हैं जो सचिन तेंदुलकर के सुनहरे दिनों के बाद शायद ही कभी देखा गया हो। रोहित ने सफेद गेंद के प्रारूपों में अपनी अलग पहचान बनाई लेकिन मुंबई का यह बल्लेबाज अपने करियर में अधिकांश समय टेस्ट क्रिकेट में वह सफलता हासिल नहीं कर पाया। करियर के दूसरे हाफ में सलामी बल्लेबाज की भूमिका में हालांकि रोहित ने टेस्ट क्रिकेट में बेहतर प्रदर्शन किया, लेकिन अभी के लिए कोहली और रोहित को टी-20 विश्व कप में भारत के अभियान को आगे बढ़ाने के लिए इस प्रारूप में अपने विशाल अनुभव पर निर्भर रहना होगा।

ठंड से सांमजस्य बिठाने में जुटी भारतीय टीम

न्यूयॉर्क, एजेंसी

दूधिया रोशनी में दो महीने तक आईपीएल में प्रतिस्पर्धी क्रिकेट खेलने के बाद भारतीय क्रिकेट टीम ने विराट कोहली के बिना टी-20 विश्व कप के लिए सुबह ट्रेनिंग सत्र के साथ अपनी तैयारियां शुरू कर दी हैं। टी-20 विश्व कप में भारत के सभी शुरूआती मैच सुबह साढ़े 10 बजे शुरू होंगे इसलिए सुबह के ट्रेनिंग सत्र को तवज्जो दी गई।

आईपीएल में आरसीबी के बाहर होने के बाद कोहली ने व्यक्तिगत काम के लिए ब्रेक लिया है और उनके शुक्रवार को टीम से जुड़ने की संभावना है, लेकिन यह स्पष्ट नहीं है कि वह लंबी यात्रा के बाद शनिवार को बांग्लादेश के खिलाफ होने वाले भारत के एकमात्र अभ्यास मैच में हिस्सा लेंगे या नहीं। भारत में तेज गर्मी में 90 प्रतिशत मैच खेलने के बाद खिलाड़ी यहां सुबह के खुशनुमा मौसम के अनुरूप ढलने पर ध्यान लगाएंगे क्योंकि यहां तापमान 25 से 27 डिग्री सेल्सियस रहता है जिसमें बहुत कम आद्रता होती है। सुबह हल्की हवा में सफेद कूकाबूरा गेंद का सामना करना चुनौतीपूर्ण हो सकता है और इसके लिए पूरी तरह से तैयार रहना होगा। यात्रा की थकान के बाद खिलाड़ियो को सुबह की इन परिस्थितियों के अनुरूप ढलना होगा। सहयोगी स्टाफ ने नासाऊ काउंटी मैदान पर अभ्यास पिचों पर नेट सत्र में कौशल ट्रेनिंग शुरू करने से पहले खिलाड़ियां को परिस्थितियों के हिसाब से सांमजस्य बिठाने में मदद करने का फैसला किया। टीम के 14 खिलाड़ियों ने शुरूआत हल्की जांगिग से की, इसके बाद शटल रन लगाई और कुछ फुट वॉली भी की।

नासाऊ काउंटी मैदान पर ट्रेनिंग सत्र में दौड़ते भारतीय खिलाड़ी। ● एजेंसी

कदमों पर तो खड़ा हो गया, इंडिया के लिए खड़ा होना बाकी : पंत

मुबंई। आईसीसी टी-20 विश्व कप 2024 के आधिकारिक प्रसारणकर्ता स्टार स्पोर्ट्स ने स्टार विकेटकीपर बल्लेबाज ऋषभ पंत के साथ एक प्रोमो लॉन्च किया है। स्टार स्पोर्टस ने बुधवार को ट्वीट कर प्रोमो का वीडियो शेयर किया है जिसमें पंत के साथ बैकग्राउंड म्यूजिक के साथ कहा जा रहा है दिल में एक कसक अभी बाकी है, दिल में एक धड़क अभी बाकी है, अपने कदमों पर तो खड़ा हो गया, अभी इंडिया के लिये खड़ा होना बाकी है। वीडियो में ऋषभ पंत देश को गर्व, खुशी और आशा के साझा बैनर के तहत एकजुट करने की कोशिश कर रहे हैं। टीम टी-20 विश्व कप में सबसे बड़े क्रिकेट गौरव के लिए तैयार है। यह देश और दुनिया के हर कोने में रहने वाले प्रत्येक भारतीय के लिए एक भारत के रूप में खड़े होने का समय है।

ऑस्ट्रेलिया ने अभ्यास मैच में नामीबिया को हराया

पोर्ट ऑफ स्पेन, एजेंसी

ऑस्ट्रेलिया ने टी-20 विश्वकप से पहले अभ्यास मैचों में नामीबिया को वॉर्नर की 21 गेंदों में नाबाद (54) रनों की पारी की बदौलत 10 ओवर में लक्ष्य को हासिल कर सात विकेट से जीत दर्ज की।

ऑस्ट्रेलिया ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी करने का फैसला किया। बल्लेबाजी करने उतरी नामीबिया की संघर्षपूर्ण शुरुआत हुई। नामीबिया की ओर से जेन ग्रीन ने 30 गेंदों में सर्वाधिक 38 रन बनाए। निर्धारित 20 ओवर में नौ विकेट पर 119 का स्कोर खड़ा किया। जवाब में ऑस्ट्रेलिया के डेविड वॉर्नर ने नाबाद 54 रनों की पारी खेली और 10 ओवर में तीन विकेट के नुकसान पर 123 रन बनाकर मुकाबला सात विकेट से जीत लिया।

चयनकर्ता और कोच के साथ खेली ऑस्ट्रेलिया

पोर्ट ऑफ स्पेन। खिलाड़ियों की कमी के कारण ऑस्ट्रेलिया को नामीबिया के खिलाफ अभ्यास मैच में मुख्य चयनकर्ता और मुख्य कोच सहित सहयोगी स्टाफ के चार सदस्यों को मैदान पर उतराना पड़ा लेकिन इसके बावजूद टीम ने आसान जीत दर्ज की। आईपीएल में हिस्सा लेने के बाद पैट कमिंस, ट्रेविस हेड, मिशेल स्टार्क, कैमरन ग्रीन, स्टोइनिस और मैक्सवेल को स्वदेश में ब्रेक दिया गया है और ऐसे में मुख्य चयनकर्ता और पूर्व कप्तान जॉर्ज बैली तथा मुख्य कोच एंड्रयू मैकडोनाल्ड को क्षेत्ररक्षण के लिए मैदान पर उतरना पड़ा। बैली और मैकडोनाल्ड के अलावा 46 साल के क्षेत्ररक्षण कोच आंद्रे बोरोवेच को भी क्षेत्ररक्षण के लिए आना पड़ा। मार्श और हेजलवुड जब ड्रेसिंग रूम में लौटे तो मैकडोनाल्ड और 49 साल के बल्लेबाजी कोच ब्रेड हॉज को मैदान पर आना पड़ा।

अरूंधति प्री क्वार्टर फाइनल में, नरेंदर बाहर

बैंकॉक, एजेंसी

ओलंपिक क्वालीफायर

गत राष्ट्रीय चैंपियन अरूंधति चौधरी ने बुधवार को दूसरे मुक्केबाजी विश्व ओलंपिक क्वालीफायर में आसान जीत के साथ 66 किग्रा वर्ग के प्री क्वार्टर फाइनल में जगह बनाई जबकि एशियाई खेलों के कांस्य पदक विजेता नरेंदर बेरवाल (92 किग्रा) हारकर प्रतियोगिता से बाहर हो गए।

अरूंधति ने पुएर्टो रिको की स्टेफनी पाइनेइरो को 5-0 से हराया जबकि नरेंदर को इक्वाडोर के गेरलोन गिलमार कॉन्गो चाला के खिलाफ 2-3 से शिकस्त का सामना करना पड़ा। अरूंधति ने पहले राउंड में अपनी प्रतिद्वंद्वी के खिलाफ शानदार शुरुआत की जबकि दूसरे राउंड में उन्होंने थोड़ा सतर्क रवैया अपनाते हुए स्थिति मजबूत की। अरूंधति ने तीसरे राउंड में आसान जीत दर्ज की। नरेंदर ने भी विरोधी को कड़ी टक्कर दी लेकिन यह अगले दौर में जगह बनाने के लिए पर्याप्त नहीं था।

पदक विजेताओं को पुरस्कार देगा आईबीए

जिनेवा। अंतर्राष्ट्रीय मुक्केबाजी महासंघ (आईबीए) ने बुधवार को कहा कि पेरिस ओलंपिक में हर स्वर्ण पदक विजेता को वह 50000 डॉलर नकद पुरस्कार देगा। आईओसी ने आईबीए पर प्रतिबंध लगा रखा है और ओलंपिक पदक विजेताओं को नकद पुरस्कार देने के उसके फैसले को भी मंजूरी नहीं दी है। उसके पास 13 भारवर्गों में क्वार्टर फाइनल पहुंचने वाले पुरूष और महिला मुक्केबाजों, उनके कोचों और राष्ट्रीय टीमों के लिए 21 लाख डॉलर ईनामी राशि है। हर ओलंपिक मुक्केबाजी चैंपियन को 25000 और क्वार्टर फाइनल में पहुंचने वाले को 10000 डॉलर दिये जाएंगे।

नियमों में बदलाव के कारण सिंहराज ने छोड़ा पेरिस कोटा

नई दिल्ली, एजेंसी

पैरा निशानेबाज

दो बार के पैरालंपिक पदक विजेता निशानेबाज सिंहराज अधाना पेरिस के लिए भारतीय दल का हिस्सा नहीं हो पायेंगे क्योंकि 2021 तोक्यो चरण के बाद अंतरराष्ट्रीय पैरालिंपिक समिति (आईपीसी) द्वारा प्रतियोगिता नियमों में बदलाव किया गया है।

42 वर्षीय सिंहराज ने मिश्रित 50 मीटर पिस्टल एसएच1 में रजत और 10 मीटर एयर पिस्टल एसएचआई श्रेणी में कांस्य जीता था। भारतीय पैरालंपिक समिति के निशानेबाजी के लिए चयन पैनल ने बैठक की और फैसला किया कि केवल आठ ही पैरा निशानेबाज पेरिस के लिए उड़ान भरेंगे। देश के पैरा निशानेबाजों ने नौ पेरिस कोटा स्थान हासिल किए हैं। पीसीआई चयन समिति की बैठक के मिनटस के अनुसार हालांकि हमने पेरिस पैरालंपिक के लिए नौ कोटा स्थान हासिल किए, लेकिन हमारी पीसीआई चयन नीति और विश्व शूटिंग पैरा स्पोर्ट्स दिशानिर्देशों के अनुसार केवल आठ निशानेबाज ही भाग ले पाएंगे इसलिए हमें सिंहराज का एक कोटा छोड़ना होगा।

फ्रेंच ओपन में हर्बर्ट को हराकर दूसरे दौर में पहुंचे जोकोविच

पेरिस। सार्बिया के दिग्गज खिलाड़ी नोवाक जोकोविच फ्रांस के पियरे ह्यूजेस हर्बर्ट को हराकर फ्रेंच ओपन टेनिस टूर्नामेंट के दूसरे दौर में पहुंच गए है। दुनिया के नंबर वन टेनिस खिलाड़ी जोकोविच ने दो घंटे 33 मिनट तक चले मुकाबले में ह्यूजेस हर्बर्ट पर 6-4, 7-6, 6-4 से जीत दर्ज की। जोकोविच की 93वीं जीत है। जोकोविच रोलां गैरो पर तीन बार के विजेता हैं और अपनी नंबर एक रैंकिंग बचाने के लिए उन्हें एक बार फिर फाइनल में जगह बनानी होगी। दूसरे दौर में जोकोविच का मुकाबला स्पेन के खिलाड़ी रॉबर्टो कारबेलास बेइना से होगा।

2 घंटे 33 मिनट तक चले मुकाबले में ह्यूजेस हर्बर्ट पर 6-4, 7-6, 6-4 से दर्ज जीत की जोकोविच की यह 93वीं जीत है।

लावेर कप में टीम यूरोप के कप्तान होंगे यानिक

पेरिस। फ्रेंच ओपन 1983 चैंपियन यानिक नोआह लावेर कप 2025 में ब्योर्न बोर्ग की जगह यूरोपीय टेनिस टीम के कप्तान होंगे। पिछले सप्ताह आंद्रे अगासी को विश्व टीम का कप्तान चुना गया जो जॉन मैकेनरो की जगह लेंगे। नोआह ग्रैंडस्लैम जीतने वाले फ्रांस के आखिरी खिलाड़ी थे जो 1986 में एटीपी रैंकिंग में तीसरे स्थान तक पहुंचे। अगला लावेर कप सेन फ्रांसिस्को में होगा।

बॉलीवुड हलचल

पुष्पा 2 के पोस्टर में दिखा रश्मिका का अलग अंदाज

मुंबई। दक्षिण भारतीय फिल्मों के जानेमाने अभिनेता अल्लू अर्जुन और अभिनेत्री रश्मिका मंदाना की आने वाली फिल्म पुष्पा 2 द रूल का नया पोस्टर रिलीज हो गया है। अल्लू अर्जन की फिल्म पुष्पा 2 द रूल इस साल की बहुप्रतीक्षित फिल्मों में से एक है। मेकर्स ने अल्लू अर्जुन और रश्मिका मंदाना अभिनीत इस फिल्म का नया पोस्टर जारी किया है। पोस्टर में अल्लू और रश्मिका का रोमांटिक अंदाज नजर आ रहा है। इस नए पोस्टर में पीछे का बैकग्राउंट काफी कलरफुल नजर आ रहा है। साथ ही इसमें अल्लू बिल्कुल शाहरुख खान की तरह बाहें फैलाए नजर आ रहे हैं। रश्मिका के चेहरे पर प्यारी सी मुस्कान दिखाई दे रही है। मेकर्स ने फिल्म का नया पोस्टर एक्स अकाउंट पर जारी किया है। मेकर्स ने एक्स अकाउंट पर लिखा, इंडिया की सबसे पसंदीदा जोड़ी जल्द ही कपल सॉन्ग को लेकर आ रही है। पुष्पा 2 द रूल 15 अगस्त 2024 को रिलीज होगी।

भानुशाली ने सुपर्ण के साथ साइन की तीन फिल्मों की डील

मुबई। भानुशाली स्टूडियोज लिमिटेड के विनोद भानुशाली ने सफल फिल्म सिर्फ एक बंदा काफी है के बाद सुपर्ण एस वर्मा के साथ तीन फिल्मों की डील साइन की है। भानुशाली स्टूडियोज लिमिटेड ने तीन फिल्मों की एक शानदार डील क्रैक की है। इस स्टूडियो ने क्रिटिकली अक्लेम्ड निर्देशक सुपर्ण एस वर्मा को एक अपकमिंग फिल्म का निर्देशन करने और दो और फिल्मों का रचनात्मक निर्माण करने के लिए साइन किया है। हाल में भानुशाली स्टूडियोज लिमिटेड ने इसकी घोषणा की है। अपनी दूरदर्शी स्टोरीटेलिंग और इनोवेटिव फिल्ममेकिंग अपरोच के लिए जाने जाने वाले, सुपर्ण एस वर्मा अपना अनूठा दृष्टिकोण और रचनात्मक विशेषज्ञता भानुशाली स्टूडियोज लिमिटेड में लाएंगे। इसके तहत निर्देशक एक आगामी फिल्म की बागडोर संभालेंगे, जिसमें वे अपनी विशिष्ट शैली और रचनात्मकता का समावेश करने का वादा करेंगे। यह फिल्म अभी प्री-प्रोडक्शन फेज में है और अगले साल की शुरुआत में इसकी शूटिंग शुरू होने वाली है। वहीं कास्ट और क्रू के बारे में ज्यादा जानकारी जल्द ही घोषित की जाएगी। निर्देशन के अलावा, वह दो और फिल्मों के लिए क्रिएटिव प्रोड्यूसर के रूप में भी काम करेंगे।

भारतीय जूनियर पुरुष हॉकी टीम जर्मनी से हारी

मोनशेनग्लाबाख (जर्मनी)। भारतीय जूनियर पुरुष हॉकी टीम को यूरोप दौरे पर जर्मनी के खिलाफ करीबी मुकाबले में 2-3 से शिकस्त का सामना करना पड़ा। मंगलवार को हुए इस मुकाबले में भारत के लिए योगेंबर रावत और गुरजोत सिंह ने गोल दागे।

पहले क्वार्टर में कड़ा मुकाबला देखने को मिला। दोनों टीमों के पास पेनल्टी कार्नर के जरिए बढ़त बनाने का मौका था लेकिन दोनों टीमों को नाकामी हाथ लगी जिससे पहला क्वार्टर गोल रहित रहा। दूसरे क्वार्टर में जर्मनी ने बढ़त बना ली। भारत ने हालांकि मध्यांतर से पहले डिफेंडर योगेंबर के पेनल्टी कॉर्नर पर दागे गोल की मदद से स्कोर 1-1 कर दिया। तीसरे क्वार्टर की शुरुआत में ही भारत को एक और पेनल्टी कॉर्नर मिला और गुरजोत ने इसे गोल में बदलकर टीम को 2-1 से आगे कर दिया। जर्मनी ने भी पेनल्टी कॉर्नर पर गोल दागकर स्कोर 2-2 कर दिया। मैच के अंतिम लम्हों में जर्मनी को एक और पेनल्टी कॉर्नर मिला और उसने इसका फायदा उठाते हुए 3-2 की बढ़त बना ली जो निर्णायक स्कोर साबित हुआ। भारत यूरोप दौरे पर अपना अंतिम मैच बुधवार को नीदरलैंड के ब्रेडा में जर्मनी के खिलाफ खेलेगा।

पीवी सिंधू सिंगापुर ओपन के दूसरे दौर में, लक्ष्य हारे

सिंगापुर, एजेंसी

पूर्व चैंपियन पीवी सिंधू ने सिंगापुर ओपन सुपर 750 बैडमिंटन टूर्नामेंट के महिला एकल के दूसरे दौर में प्रवेश किया लेकिन लक्ष्य सेन दुनिया के नंबर एक विक्टर एक्सेलसेन से हारकर बाहर हो गए। सिंधू ने दो साल पहले सिंगापुर में बीडब्ल्यूएफ खिताब जीता था और वह पिछले हफ्ते थाईलैंड ओपन में उप विजेता रही थीं।

सिंधू ने दुनिया की 21वें नंबर की खिलाड़ी डेनमार्क की लिने होजमार्क जार्सफेल्ट पर 44 मिनट तक चले शुरूआती दौर के मुकाबले में 21-12 22-20 से जीत हासिल की। अब दूसरे दौर में उनकी भिड़ंत रियो ओलंपिक चैम्पियन स्पेन की कैरोलिना मारिन से होगी। दुनिया की तीसरे नंबर की खिलाड़ी मारिन का सिंधू के खिलाफ जीत का रिकॉर्ड 11-5 का है। वहीं लक्ष्य ने एक्लेसेन के सामने कड़ी चुनौती पेश की, लेकिन 62 मिनट में पराजित हो गए। एक्लेसन ने पिछले हफ्ते थाईलैंड ओपन में सत्र का पहला खिताब जीता था। किदाम्बी श्रीकांत को पहले दौर के मुकाबले में जापान के कोडाई नाराओका के खिलाफ पिछड़ने के बाद रिटायर होना पड़ा। बी सुमित रेड्डी और एन सिक्की रेड्डी को मिश्रित युगल मैच में मलेशिया के गोह सून हुआत और लाई शेवोन जेमी की जोड़ी से 18-21 19-21 से शिकस्त झेलनी पड़ी।

स्वामी-रुहेलखंड इंटरप्राइजेज के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक राज सागर द्वारा अमृत विचार प्रकाशन, नवादा जोगियान, चक रोड, रोहिलखंड मेडिकल कॉलेज के सामने, बरेली (उत्तर प्रदेश) से मुद्रित एवं एलआईजी 23, प्रथम तल, आशियाना फेस-1, कांठ रोड मुरादाबाद (उत्तर प्रदेश) से प्रकाशित।
संपादक-शंभू दयाल वाजपेयी, 0591-3551286(कार्यालय), ईमेल-amritvichar.moradabad@gmail.com आर.एन.आई नं0-UPHIN/2020/79034 (नोट-सभी विवादों का न्याय क्षेत्र मुरादाबाद होगा)।

किशोर न्याय बोर्ड के आचरण की जांच को समिति गठित

पुणे (महाराष्ट्र), एजेंसी

पुणे कार दुर्घटना

- 19 मई को पोर्श कार की टक्कर से बाइक सवार दो सॉफ्टवेयर इंजीनियर की हो गई थी मौत

महाराष्ट्र सरकार ने पुणे कार दुर्घटना मामले में एक समिति गठित की है जो किशोर न्याय बोर्ड (जेजेबी) के सदस्यों के आचरण की जांच करेगी और यह देखेगी कि क्या मामले में आदेश जारी करते हुए नियमों का पूर्णतः पालन किया गया था।

एक अधिकारी ने बुधवार को बताया कि राज्य महिला एवं बाल विकास विभाग (डब्ल्यूसीडी) ने पिछले सप्ताह पांच सदस्यीय समिति गठित की है। उन्होंने बताया कि इसका नेतृत्व विभाग का उपायुक्त पद का एक अधिकारी कर रहा है और इसके अगले सप्ताह तक अपनी रिपोर्ट सौंपने की संभावना है। पुणे के कल्याणी नगर में 19 मई को पोर्श कार चला रहे नाबालिग आरोपी ने एक मोटरसाइकिल पर सवार दो सॉफ्टवेयर इंजीनियर को कथित तौर पर टक्कर मार दी थी, जिससे उनकी मौत हो गयी थी। पुलिस ने दावा किया कि 17 वर्षीय आरोपी नशे की हालत में कार चला रहा था। जेजेबी ने घटना के कुछ घंटों बाद नाबालिग को जमानत दे दी थी। उसने नाबालिग से सड़क दुर्घटनाओं पर 300 शब्दों का एक निबंध लिखने को कहा था जिसकी काफी आलोचना हुई थी। डब्ल्यूसीडी आयुक्त प्रशांत नारनवरे ने बताया कि जेजेबी में न्यायपालिका का एक सदस्य और राज्य सरकार द्वारा नियुक्त दो लोग होते हैं। उन्होंने कहा, हमने एक समिति गठित की है जो राज्य सरकार द्वारा नियुक्त जेजेबी सदस्यों के आचरण की जांच करेगी और यह देखेगी कि कार दुर्घटना मामले में आदेश जारी करते हुए नियमों का पूरी तरह पालन किया गया या नहीं। नारनवरे ने कहा, एक और तीन सदस्यीय समिति नाबालिग आरोपी के रक्त नमूनों को कथित तौर पर बदलने की जांच कर रही है।

पाकिस्तान में जासूसी में गिरफ्तार दो भारतीयों से मिले उच्चायोग के अधिकारी

इस्लामाबाद। पाकिस्तान में भारतीय उच्चायोग के अधिकारियों ने रावलपिंडी की अदियाला जेल में उन दो भारतीयों से मुलाकात की, जिन्हें चार साल पहले जासूसी के आरोप में गिरफ्तार किया गया था। एक्सप्रेस ट्रिब्यून ने सूत्रों के हवाले से अपनी खबर में कहा कि जम्मू-कश्मीर में बांदीहुराह शहर के गोरेज इलाके के फिरोज अहमद लोन और नूर मोहम्मद वानी नामक दो युवकों को 2020 में पाकिस्तान के कब्जे वाले कश्मीर (पीओके) के गिलगित-बाल्टिस्तान में गिरफ्तार किया गया था।

खबर में कहा गया है कि दोनों भारतीयों को हाल में गिलगित-बाल्टिस्तान की जेल से रावलपिंडी की अदियाला जेल में भेजा गया था। सूत्रों के अनुसार भारत सरकार के अनुरोध पर राजनयिक पहुंच प्रदान की गई। यहां भारतीय उच्चायोग या पाकिस्तान विदेश कार्यालय की ओर से इस पर कोई प्रतिक्रिया नहीं मिली। राजनयिक सूत्रों के हवाले से खबर में कहा गया है, इस्लामाबाद स्थित भारतीय उच्चायोग के तीन सदस्यीय प्रतिनिधिमंडल ने अदियाला जेल में बंद दो कैदियों से मुलाकात की। सोमवार को हुई इस मुलाकात के दौरान गृह मंत्रालय के अधिकारी भी मौजूद थे। खबर के अनुसार, दोनों व्यक्ति नवंबर, 2018 से पीओके से लापता थे और सूत्रों ने संकेत दिया था कि उन्होंने अवैध रूप से सीमा पार की थी और बाद में उन्हें जासूसी के आरोप में गिरफ्तार किया गया था।

नाइट्रोजन गैस का पाइप मुंह में लगाकर युवक ने दी जान

- सुसाइड नोट में लिखा था खुदकुशी का तरीका, लखनऊ का था युवक

भोपाल। आत्महत्या के लिए युवक ने पॉलीथिन से सिर-चेहरे को कवर किया और नाइट्रोजन गैस सिलेंडर का पाइप मुंह में डालकर चालू कर दिया। दर्द रहित मौत के लिए उसने चार पन्नों में फॉर्मूला भी लिखा था।

मिसरोद पुलिस ने मंगलवार रात जाटखेड़ी के निरूपम रॉयल इमारत के फ्लैट से युवक की दो-तीन दिन पुरानी लाश बरामद की। जांच में पता चला कि युवक ने आत्महत्या की है। पुलिस के अनुसार सिद्धार्थ खुराना लखनऊ का निवासी था। सिद्धार्थ पहले आईटी कंपनी में था, लेकिन छह महीने से वह घर पर था। उसके फ्लैट के सामने केदार कदम रहता था जो ट्रेवल्स एजेंसी में काम करता है। दोनों में पहचान थी। मंगलवार रात नौ बजे दरवाजा न खुलने पर केदार ने पुलिस बुलाई। पुलिस ने दरवाजा तोड़ा तो अंदर सिद्धार्थ मृत पड़ा था।

हाय गर्मी को ऐसे करें बाय- बाय...

गर्मी के मौसम में स्वास्थ्य संबंधी समस्याओं से बचने के लिए सावधानी बरतनी काफी जरूरी है। इस दौरान गर्मी से संबंधित बीमारियों जैसे हीट स्ट्रोक, डिहाइड्रेशन, और हीट एक्सॉशन से बचने के साथ ही अपने खान पान का भी विशेष ध्यान देने की जरूरत हैं ताकि शरीर को ठंडक मिल सके इसके लिए कुछ संबंधित बिन्दुओं पर आईए करते हैं चर्चा...

गर्मी में ये न खाए

- **तला-भुना और मसालेदार भोजन** : तले हुए और मसालेदार भोजन से बचें क्योंकि ये शरीर में गर्मी बढ़ा सकते हैं ।

हीट स्ट्रोक के उपचार

- प्रभावित व्यक्ति को छायादार या ठंडे स्थान पर ले जाएं।
- ठंडे पानी से स्पंज करें या ठंडे पानी से स्नान कराएं।
- यदि व्यक्ति होश में है तो उसे ठंडे पानी, नींबू पानी, या इलेक्ट्रोलाइट्स दें।
- गर्मी के मौसम में इन उपायों का पालन करने से हीट स्ट्रेस और अन्य गर्मी से संबंधित समस्याओं से बचा जा सकता है और स्वस्थ रहा जा सकता है।

हीट स्ट्रोक के लक्षण

- अत्यधिक पसीना आना या बिल्कुल पसीना न आना
- उल्टी या मितली महसूस होना
- तेज सिरदर्द
- तेज धड़कन
- कमजोरी या चक्कर आना

गर्मी से बचाव के उपाय

- **पर्याप्त पानी पिएं** : दिनभर में पर्याप्त मात्रा में पानी पिएं ताकि शरीर में पानी की कमी न हो। नींबू पानी, नारियल पानी, छाछ, और फलों का रस पीने से भी शरीर में इलेक्ट्रोलाइट्स की पूर्ति होती है।
- **हल्का और ढीला कपड़ा पहनें** : सूती कपड़े पहनें जो शरीर को ठंडा रखें। हल्के रंग के कपड़े पहनने से सूरज की किरणों का असर कम होता है।
- **धूप से बचें** : सुबह 10 से शाम 4 बजे के बीच जब सूरज की किरणें सबसे तेज होती हैं तो धूप में जाने से बचें। यदि बाहर जाना पड़े तो छतरी या टोपी का उपयोग करें और सनस्क्रीन लगाएं।

एक नजर

छत्तीसगढ़ के बीजापुर में हुई मुठभेड़ में दो नक्सली ढेर

बीजापुर। छत्तीसगढ़ के बीजापुर जिले में सुरक्षाबलों ने मुठभेड़ में दो नक्सलियों को मार गिराया है। पुलिस अधिकारियों ने बुधवार को बताया कि जिले के मद्देड थाना क्षेत्र के अंतर्गत बद्देपारा इलाके में सुरक्षाबलों ने मुठभेड़ में दो नक्सलियों को मार गिराया है। मद्देड थाना क्षेत्र में नक्सलियों की उपस्थिति की सूचना मिलने पर सुरक्षाबलों को गश्त के लिए रवाना किया गया था। बद्देपारा के करीब नक्सलियों ने सुरक्षाबलों पर गोलीबारी शुरू कर दी। सुरक्षाबलों ने भी जवाबी कार्रवाई की।

चीन में पूर्व बैंकर को रिश्वत लेने के जुर्म में मौत की सजा

बीजिंग। चीन की अदालत ने 15.1 करोड़ डॉलर की घूस लेने के जुर्म में पूर्व बैंकर को मौत की सजा सुनाई है। चीन की सरकारी समाचार एजेंसी 'शिन्हुआ' ने बुधवार को बताया कि चाइना हुआरोंग इंटरनेशनल होल्डिंग्स (सीएचआईएच) के पूर्व महाप्रबंधक बाई तिआनहुई को मंगलवार को तिआनजिन की अदालत ने मौत की सजा सुनाई। अदालत के फैसले के अनुसार, उसके आजीवन राजनीतिक अधिकार भी छीन लिए गए और उसकी सारी संपत्ति जब्त कर ली गई है।

छात्राओं के स्कूल में बदमाशों ने लगाई आग

मीरानशाह। पाकिस्तान के उत्तरी वजीरिस्तान में छात्राओं के विद्यालय में आग लगा दी गई। पुलिस ने बताया कि रजमक उपमंडल के शाखिमर गांव स्थित गोल्डन एरो पब्लिक स्कूल में अज्ञात बदमाशों ने आग लगा दी। आग तेजी से फैली और पूरी इमारत इसकी चपेट में आ गयी। आग से इमारत में रखे फर्नीचर और कंप्यूटर जलकर राख हो गए। स्थानीय लोगों ने घटना की निंदा की और स्कूल के तत्काल पुनर्निर्माण की मांग की है।

न्यू मैक्सिको में एफ-35 विमान दुर्घटनाग्रस्त

सैन फ्रांसिस्को। अमेरिका के न्यू मैक्सिको प्रांत में अल्बुकर्क इंटरनेशनल सनपोर्ट के हवाई क्षेत्र के पास एफ-35 विमान दुर्घटनाग्रस्त हो गया। लॉकहीड मार्टिन के अधिकारियों ने कहा कि एफ-35 विमान टेक्सास से कैलिफोर्निया के एडवर्ड्स एयर फोर्स बेस जा रहा था। यह न्यू मैक्सिको के कीर्टलैंड एयर फोर्स बेस में ईंधन भरने के बाद दुर्घटनाग्रस्त हो गया।

साइबर ठगी में चीनी नागरिक समेत पांच लोग गिरफ्तार

नोएडा। गौतमबुद्धनगर जिला पुलिस ने निवेश अवसरों का झांसा देकर लोगों से ठगी करने में लिप्त साइबर अपराधियों के गिरोह के पांच सदस्यों को पकड़ा है। आरोपियों में एक चीनी नागरिक भी है। पुलिस उपायुक्त (जोन प्रथम) विद्यासागर मिश्रा ने बताया कि थाना एक्सप्रेसवे पुलिस ने सेक्टर 134 स्थित सोसाइटी के पास से तेनजिंग कालसंग, कृष्ण मुरारी, शोभित तिवारी, त्सेरिंग धोन्दुप और चीनी नागरिक झु जुन्काई को गिरफ्तार किया है। इनके पास से पुलिस ने मोबाइल फोन के 223 सिम कार्ड, दो लैपटॉप, 19 मोबाइल फोन, विदेशी मुद्रा, भारतीय मुद्रा, आधार कार्ड, पैन कार्ड और डेबिट कार्ड समेत अन्य सामान बरामद किया है।

ब्रिटेन की पहली अश्वेत महिला सांसद के चुनाव पर विवाद

लंदन। ब्रिटेन की विपक्षी लेबर पार्टी में बुधवार को तब विवाद खड़ा हो गया जब आंतरिक अनुशासनात्मक प्रक्रिया के बाद देश की पहली अश्वेत महिला सांसद के चुनाव पर परस्पर विरोधी बातें सामने आईं। पूर्वी लंदन के हैकनी नॉर्थ और स्टोक न्यूइंगटन के लिए 1987 में पहली बार सांसद चुनी गईं डायने एबॉट ने दावा किया कि उन्हें लेबर उम्मीदवार के रूप में सीट से फिर से चुनाव लड़ने से रोक दिया गया है। यह घटनाक्रम विभिन्न समुदायों के नस्लवाद का सामना करने के बारे में उनकी टिप्पणियों की जांच के बाद उनका निलंबन रद किए जाने के पश्चात हुआ।

इजराइली कार्रवाई पर नीतियों में कोई बदलाव नहीं : अमेरिका

कहा- राफा में हुए हमले में जानमाल के नुकसान दिल दहला देने वाले और भयावह

वाशिंगटन, एजेंसी

- इजरायल ने हथियारों को पाने के लिए निर्धारित दायरे को नहीं किया है पार : अमेरिकी प्रवक्ता
- अमेरिका को लगता है, शहर में व्यापक पैमाने पर जमीनी आक्रमण नहीं करेगा इजराइल

अमेरिकी राष्ट्रपति कार्यालय एवं आवास व्हाइट हाउस ने गाजा के शहर राफा पर इजराइल के हवाई हमले में लोगों के मारे जाने की घटना की निंदा की लेकिन कहा कि वह इजराइल की कार्रवाइयों को लेकर नीतियों में बदलाव नहीं करेगा।

अमेरिका के राष्ट्रीय सुरक्षा परिषद के प्रवक्ता जॉन किर्बी ने कहा कि इजरायल ने भविष्य में हथियारों को पाने के लिए राष्ट्रपति जो बाइडन के निर्धारित दायरे को पार नहीं किया है और अमेरिका को लगता है कि वह शहर में व्यापक पैमाने पर जमीनी आक्रमण नहीं करेगा। ऐसा लगता है कि वह राफा के आबादी वाले इलाके में कोई जमीनी अभियान नहीं चला रहे हैं। उन्होंने राफा में हवाई हमले में हुए जानमाल के नुकसान को दिल दहला देने वाला और भयावह करार दिया और कहा कि अमेरिका इजराइल द्वारा की जा रही जांच के परिणामों को देख रहा है, जिसमें कहा गया है कि हमास के दो लड़ाकों पर हमले के बाद हुए दूसरे धमाके में आम नागरिक मारे गए। किर्बी ने कहा कि इस हमले में हमास के दो सरगना मारे गए, जो हमलों के लिए जिम्मेदार हैं।

इजराइल ने किया फिर हमला : इजराइल ने बुधवार को राफा पर फिर हमला किया। हमास पर युद्ध में नागरिकों की मौत पर चिंता के बावजूद इजराइल ने बदलाव का संकेत नहीं दिया है, जिससे युद्धविराम के हो रहे प्रयासों में रुकावट आ रही है।

इजरायल ने राफा शिविर पर बमबारी में शामिल होने से किया इनकार

गाजा। इजरायल डिफेंस फोर्सेज (आईडीएफ) ने राफा के पास अल-मवासी इलाके में शिविर पर हुए बम विस्फोट में अपनी संलिप्तता से इनकार किया। आईडीएफ ने कहा कि कुछ घंटों की रिपोर्टों के विपरीत, अल-मवासी में मानवीय क्षेत्र में हमला नहीं किया गया।

एर्दोगन ने संयुक्त राष्ट्र पर लगाया गाजा में हिंसा रोकने में विफल होने का आरोप

अंकारा। तुर्की के राष्ट्रपति रेसेप तैयप एर्दोगन ने गाजा के राफा में रक्तपात रोकने में विफल होने के लिए संयुक्त राष्ट्र पर बुधवार को हमला बोला और कहा कि संयुक्त राष्ट्र की आत्मा मर चुकी है। एर्दोगन ने कहा कि अगर आप नरसंहार को नहीं रोक सकते तो संयुक्त राष्ट्र का क्या उपयोग है? अगर दुनिया का भाग्य पांच देशों के हाथों में है, तो इन इमारतों का क्या उपयोग है? संयुक्त राष्ट्र अपने कर्मचारियों की भी सुरक्षा नहीं कर सकता।

आलिया, प्रियंका सहित कई हस्तियों ने फिलिस्तीन के साथ दिखाई एकजुटता

नयी दिल्ली। अभिनेत्री प्रियंका चोपड़ा जोनस, आलिया भट्ट और करीना कपूर खान सहित कई भारतीय हस्तियों ने राफा में एक शिविर पर इज़राइली हमले के बाद फिलिस्तीन के प्रति समर्थन जाहिर की है। इज़राइल के हमले में 45 लोगों की मौत हुई है। इज़राइली हमले की कड़ी निंदा हो रही है हालांकि इज़राइली सेना का दावा है कि शिविर में आग फिलिस्तीनी आतंकियों के हथियारों से हुए विस्फोटों से लगी होगी। वहीं सोनम कपूर, सामंथा रुथ प्रभु, कोंकणा सेन शर्मा, एटली, वीर दास, दीया मिर्जा, तृप्ती डिमरी, शिल्पा राव, भूमि पेडनेकर, रकुल प्रीत सिंह सहित कई हस्तियों ने राफा की वह तस्वीर साझा की जिस पर लिखा है, सबकी निगाहें राफा पर हैं।

ब्राजील ने इजराइल से राजदूत बुलाया

रियो डी जेनेरियो। ब्राजील के राष्ट्रपति लुइज इनासियो लूला डा सिल्वा ने गाजा में युद्ध को लेकर अपने देश और इजराइल के बीच महीनों से जारी तनाव के बाद बुधवार को अपने राजदूत को बुला लिया। ब्राजील के राजपत्र में इसकी जानकारी दी गई है। लूला कई बार गाजा में इजराइल के आक्रमण की आलोचना कर चुके हैं। शुरुआत में उन्होंने गाजा युद्ध की तुलना यहूदियों के नरसंहार से की थी। इजराइल के विदेश मंत्री काट्स ने ब्राजील के राजदूत को यरूशलम स्थित राष्ट्रीय होलोकॉस्ट संग्रहालय में बुलाकर सार्वजनिक रूप से नाराजगी जाहिर की थी।

रूसी हस्तक्षेप की आशंका में यूरोपीय संसद की ली तलाशी

ब्रसेल्स। बेल्जियम के संघीय अभियोजक कार्यालय ने बुधवार को कहा कि पुलिस ने रूसी हस्तक्षेप को लेकर यूरोपीय संसद के एक कर्मचारी के आवास और ब्रसेल्स में संसद भवन में उसके कार्यालय की तलाशी ली।

अभियोजकों ने कहा कि फ्रांस के स्ट्रासबर्ग में संदिग्ध के कार्यालय की न्यायिक सहयोग एजेंसी यूरोजस्ट और फ्रांसीसी अधिकारियों के सहयोग से तलाशी ली गई। स्ट्रासबर्ग में यूरोपीय संघ की संसद का मुख्यालय है। यह तलाशी यूरोपीय संसद के चुनाव के लिए होने वाले मतदान से पहले ली गई। जांच की घोषणा पिछले महीने बेल्जियम के प्रधानमंत्री अलेक्जेंडर डी क्रू ने की थी। प्रधानमंत्री ने कहा था कि बेल्जियम की खुफिया सेवा ने एक ऐसे नेटवर्क का पता लगाया है, जो यूक्रेन के समर्थन को कमजोर करने की कोशिश कर रहा है। अभियोजकों ने कहा कि यह तलाशी हस्तक्षेप, भ्रष्टाचार और आपराधिक संगठन की सदस्यता के मामले का हिस्सा है और रूसी हस्तक्षेप के संकेतों से संबंधित है, जिस पर यूरोपीय संसद के सदस्यों से संपर्क किया गया और वॉयस ऑफ यूरोप समाचार वेबसाइट के माध्यम से रूसी हित वाले प्रचार को बढ़ावा देने के लिए उन्हें भुगतान किया गया।

राजकोट के गेम जोन में आग

एसआईटी को शीर्ष अधिकारियों से पूछताछ की मिली अनुमति

अहमदाबाद, एजेंसी

- गृह राज्य मंत्री ने दी अनुमति, 7 सरकारी और दो पुलिस कर्मियों की भूमिका की हो रही जांच

गुजरात के राजकोट में 'गेम जोन' में लगी आग की जांच के लिए गठित विशेष जांच दल (एसआईटी) के प्रमुख ने बुधवार को कहा कि जांच में जरूरत के अनुरूप उन्हें भारतीय प्रशासनिक सेवा (आईएएस) और भारतीय पुलिस सेवा (आईपीएस) के वरिष्ठ अधिकारियों से भी पूछताछ करने की अनुमति मिल गई है।

संबंधित घटनाक्रम में राजकोट के जिलाधिकारी ने कहा कि सभी मृतकों के डीएनए नमूने उनके रिश्तेदारों से मेल खा गए हैं। गुजरात के गृह राज्य मंत्री हर्ष सांघवी द्वारा गांधीनगर में एसआईटी सदस्यों से मुलाकात करने और जांच में प्रगति की समीक्षा करने के बाद विशेष जांच दल के प्रमुख सुभाष त्रिवेदी ने मीडिया से बात की। त्रिवेदी ने कहा कि हमें राजकोट नगर निगम, अग्निशमन विभाग, पुलिस और बिजली कंपनी से जुड़े अधिकारियों की भूमिका की जांच करने और दोषी पर कार्रवाई करने का निर्देश दिया गया है।

एसआईटी में तकनीकी शिक्षा आयुक्त बीएन पाणि, गांधीनगर स्थित फॉरेंसिक विज्ञान प्रयोगशाला के निदेशक एचपी सांघवी, अहमदाबाद के मुख्य अग्निशमन अधिकारी जेएन खड़िया और सड़क एवं भवन विभाग के अधीक्षण अभियंता एमबी देसाई शामिल हैं।

त्रिवेदी ने कहा कि गृह राज्य मंत्री (सांघवी) ने कहा है कि यदि आवश्यक हो तो आईएएस और आईपीएस अधिकारियों सहित वरिष्ठ सरकारी कर्मचारियों से भी पूछताछ की जाए। एसआईटी दो पुलिसकर्मियों समेत उन सात सरकारी कर्मचारियों में से प्रत्येक की भूमिका की भी जांच कर रही है, जिन्हें पहले ही निलंबित कर दिया गया था। त्रिवेदी ने कहा कि गेम जोन संचालकों ने सीमा से अधिक 30 लीटर से ज्यादा पेट्रोल संग्रहित किया था, इसलिए पेट्रोलियम अधिनियम के तहत प्राथमिकी में धाराएं जोड़ी जाएंगी। मंत्री ने हमें जांच करने को कहा है ताकि इस त्रासदी के लिए जिम्मेदार लोगों के खिलाफ कार्रवाई की जा सके।

गुप्त धन मामले में ट्रंप चुनाव कानून उल्लंघन के दोषी

वाशिंगटन, एजेंसी

- वयस्क फिल्म स्टार स्टॉर्मी को किए गए भुगतान से जुड़ा मामला

अमेरिकी अभियोजक जोशुआ स्टीनग्लास ने जूरी से कहा है कि पूर्व राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के गुप्त धन मामले में अभियोजन पक्ष ने साबित कर दिया है कि ट्रंप चुनाव कानूनों के उल्लंघन के दोषी हैं। ट्रंप पर आरोप है कि उन्होंने वयस्क फिल्म स्टार स्टॉर्मी डेनियल्स को 2006 में उनके बीच हुए यौन संबंध के बारे में सार्वजनिक रूप से बताने से चुप कराने के लिए कथित गुप्त धन भुगतान से संबंधित व्यावसायिक रिकॉर्ड में हेराफेरी की। ट्रंप पर यह भी आरोप है कि 2016 के चुनाव से पहले उन्होंने चुप्पी साध ली। सीएनएन की रिपोर्ट में कहा गया है कि ट्रंप ने आरोपों और डेनियल्स के साथ कोई संपर्क होने से इनकार किया है। मंगलवार को अंतिम दलील देते हुए अभियोजक ने कहा कि यह साबित हो गया है कि ट्रंप ने चुनाव कानून का उल्लंघन करने, सहायता करने या छिपाने का प्रयास किया था। अभियोजक ने बताया कि बहुत सारे सबूत हैं कि यह भुगतान डेनियल्स को किया गया था। जूरी बुधवार को न्यायाधीश जुआन मर्चन के 12-सदस्यीय जूरी को निर्देश देने के बाद इस पर विचार करेगी कि ट्रंप को दोषी ठहराए या नहीं।

इन्हें भी चाहिए गर्मी से राहत

चिलचिलाती गर्मी का कहर जारी है। देश की राजधानी दिल्ली में बुधवार को तापमान 52.3 डिग्री सेल्सियस रिकार्ड किया गया। गर्मी से राहत पाने के लिए विजय चौक पर लगे फव्वारे के पानी में बंदर अठखेलियां करते नजर आए। ● एजेंसी

मेक्सिको में इज़रायली दूतावास के बाहर पुलिस-प्रदर्शनकारियों में झड़प

मेक्सिको सिटी, एजेंसी

- 80 लोगों ने दूतावास घेरने का किया प्रयास, इनमें ज्यादातर महिलाएं रहीं शामिल

मेक्सिको सिटी में इजरायली दूतावास के बाहर विरोध प्रदर्शन पुलिस के साथ हिंसक झड़प में बदल गया और पत्रकारों समेत कई घायल हो गए। मैक्सिकों के प्रसारक टेलीडियारियो ने रिपोर्ट में यह जानकारी दी।

रिपोर्ट के मुताबिक इजराइली दूतावास के बाहर मंगलवार रात 80 लोग एकत्र हुए तथा पुलिस घेरा और अवरोधकों को तोड़ने का प्रयास किया। पुलिस के सहयोग से दूतावास के गार्डों ने भीड़ को तितर-बितर करने के लिए आंसू गैस छोड़ी लेकिन उन पर पत्थरों और पेट्रोल बमों से हमला किया गया। प्रदर्शन और झड़पें जिनमें कथित तौर पर ज्यादातर महिलाएं शामिल थीं, दो घंटे तक चली और बिना किसी गिरफ्तारी के समाप्त हो गई। घटनाओं को कवर करने के लिए मौजूद कई पत्रकार भी झड़प के दौरान घायल हो गए। रिपोर्ट में पुलिस का हवाला देते हुए कहा गया है कि झड़प के दौरान चार पुलिस अधिकारियों और दो महिलाओं को चोटें आईं, जिनमें से ज्यादातर के शरीर के विभिन्न हिस्से जल गए और डॉक्टरों द्वारा उनका इलाज किया जा रहा है। मीडिया की रिपोर्ट के अनुसार यह विरोध प्रदर्शन दक्षिणी गाजा पट्टी में एक शरणार्थी शिविर पर हाल ही में हुए इजरायली हमलों को लेकर था।

बुशरा बीबी के पूर्व पति पर इमरान खान के वकील ने किया हमला

इस्लामाबाद। इमरान खान की तीसरी पत्नी बुशरा बीबी के पूर्व पति पर इस्लामाबाद की अदालत के बाहर खान के वकील ने हमला कर दिया। यह हमला तब हुआ जब वह गैर-इस्लामिक विवाह मामले में दंपती की सजा के खिलाफ अपील पर सुनवाई के लिए उपस्थित हुए थे।

इमरान खान और बुशरा बीबी को तीन फरवरी को एक निचली अदालत ने शादी के लिए सात-सात साल जेल की सजा सुनाई थी। बुशरा के पूर्व पति खावर ने 2023 में दंपती के खिलाफ मामला दर्ज कराया था, जिसमें आरोप लगाया गया था कि उन्होंने बुशरा द्वारा इद्दत की अनिवार्य प्रतीक्षा अवधि का पालन किए बिना शादी कर ली थी।

उत्तर कोरिया ने दक्षिण की ओर उड़ाए कचरे से भरे गुब्बारे

सियोल। उत्तर कोरिया ने अपने प्रतिद्वंद्वी दक्षिण कोरिया की ओर कचरे से भरे सैकड़ों गुब्बारे उड़ाए जिससे दक्षिण की सेना को देश के विभिन्न हिस्सों में कचरे और मलबे को इकट्ठा करने के लिए रासायनिक तथा विस्फोटक प्रतिक्रिया टीमों को तैनात करना पड़ा।

उत्तर कोरिया द्वारा कचरे के गुब्बारे उड़ाया जाना हाल के वर्षों में दक्षिण कोरिया के प्रति सबसे विचित्र उकसावे वाला कदम है। उत्तर कोरियाई नेता किम जोंग उन ने सैन्य वैज्ञानिकों से उपग्रह प्रक्षेपण में मिली असफलता से उबरने और अंतरिक्ष में अपनी टोही क्षमताओं को विकसित करने को कहा था, जिसके बाद ये गुब्बारे उड़ाए गए। किम ने अंतरिक्ष परियोजना को अमेरिका और दक्षिण कोरियाई सैन्य गतिविधियों का मुकाबला करने में बेहद महत्वपूर्ण करार दिया। उत्तर कोरिया का उपग्रह प्रक्षेपण मिशन सोमवार को असफल हो गया था। कुछ घंटे पहले दक्षिण कोरिया ने अंतर-कोरियाई सीमा के पास 20 लड़ाकू विमानों के साथ अभ्यास किया था। किम ने प्रक्षेपण असफल होने के बाद पहली टिप्पणी करते हुए दक्षिण कोरिया के सैन्य अभ्यास के खिलाफ कार्रवाई की चेतावनी भी दी। उत्तर कोरिया की समाचार एजेंसी 'कोरियन सेंट्रल न्यूज एजेंसी' की खबर के मुताबिक, किम ने मंगलवार को अपने भाषण में दक्षिण कोरिया के सैन्य अभ्यास को उन्मादी पागलपन और नजरअंदाज नहीं करने योग्य खतरनाक उकसावे वाला कदम करार दिया था।

खगोलीय घटना | मैगलन मिशन से प्राप्त आंकड़ों से इस रहस्य का हुआ खुलासा

लावा उगल रही है खूबसूरत वीनस की सतह

संवाददाता, नैनीताल

अमृत विचार : हमारे सौर मंडल का सबसे खूबसूरत ग्रह वीनस यानी शुक्र ग्रह की सतह पर ज्वालामुखी सक्रिय हैं, जो बड़े पैमाने पर लावा उगल रही है। मैगलन मिशन से प्राप्त आंकड़ों से इस रहस्य का खुलासा हुआ है।

शुक्र ग्रह की सतह पर माट मॉन्स नामक स्थान पर यह ज्वालामुखी काफी सक्रिय है। 3-डी कंप्यूटर मॉडल से लावा उगलते ज्वालामुखी का स्पष्ट पता लगाया जा सका है। नासा के मैगलन मिशन ने शुक्र ग्रह की कक्षा में पहुंचकर इसकी तस्वीरें ली हैं। इन तस्वीरों का कई वर्षों तक अध्ययन किया गया। तब जाकर इस रहस्य का खुलासा हो पाया। वीनस पर सक्रिय ज्वालामुखी की यह दूसरी खोज है। मैगेलन अंतरिक्ष यान 1990 से 1992 तक शुक्र ग्रह की सतह का 98 फीसद मानचित्रण किया था और इटली के वैज्ञानिकों ने इसका विश्लेषण किया।

पेस्कारा डी अन्नुंजियो विश्वविद्यालय के वैज्ञानिक डेविड सुल्केनीज़ ने अपने बयान में कहा कि सक्रिय ज्वालामुखी के लिहाज से पृथ्वी और शुक्र ग्रह में एक जैसी समानता है और शुक्र पर यह नवीनतम खोज मैगलन के सिंथेटिक एपर्चर रडार से छवियों की ऐतिहासिक 2023 खोज पर आधारित है। विज्ञान पत्रिका नेचर एस्ट्रोनॉमी में यह खोज प्रकाशित हुई है।

शुक्र ग्रह की सतह पर बने ज्वालामुखी की तस्वीर।

- नासा के मैगलन मिशन ने शुक्र की कक्षा में पहुंचकर ली तस्वीर, कई वर्षों तक किया गया अध्ययन

3 से 20 मीटर ऊंचे ज्वालामुखी

नैनीताल : शुक्र के दोनों ज्वालामुखी 3 से 20 मीटर ऊंची हैं, जो ज्वालामुखी लगभग 30 वर्ग किलोमीटर में फैले हुए हैं। संभव है कि और भी ज्वालामुखी हो सकते हैं। जिनकी जानकारी भी जुटाई जा रही है। इसके अलावा शुक्र की भूगर्भीय स्थिति का पता भी लगाया जा रहा है। इस खोज से शुक्र की पृथ्वी की तुलना में भूगर्भीय स्थिति की सही जानकारी मिल पाएगी।

पाकिस्तान में बस के खड्ड में गिरने से 28 लोगों की मौत

कराची। पाकिस्तान के बलूचिस्तान प्रांत में एक तेज रफ्तार यात्री बस के पलट कर खड्ड में गिर जाने से बच्चों और महिलाओं सहित 28 लोगों की मौत हो गई। मीडिया की खबरों में यह जानकारी दी गई। यह बस तुर्बत से बलूचिस्तान प्रांत की राजधानी क्वेटा जा रही थी और क्वेटा से लगभग 700 किलोमीटर दूर वाशुक शहर के पास खड्ड में गिर गई। रिपोर्ट के अनुसार तेज रफ्तार के कारण यह दुर्घटना हुई।

जियो न्यूज ने बचाव अधिकारियों के हवाले से बताया कि यात्री बस का टायर फटने से यह दुर्घटना हुई। हादसे में 28 लोगों की मौत हो गई और करीब 22 लोग घायल हो गए और उन्हें बसिमा के सिविल अस्पताल भेजा गया। पाकिस्तान में सड़क दुर्घटनाएं आम हैं, यहां यातायात नियमों और सुरक्षा मानकों का पालन नहीं किया जाता। पंजाब के खुशाब जिले में 18 मई को एक ट्रक के खाई में गिरने से एक ही परिवार के कम से कम 13 लोगों की मौत हो गई थी और नौ अन्य घायल हो गए थे। इससे पहले तीन मई को गिलगित बाल्टिस्तान में एक यात्री बस के एक संकरी सड़क से फिसलकर खड्ड में गिर जाने से कम से कम 20 लोगों की जान चली गई थीं, जबकि 21 अन्य घायल हो गए थे।